सूर्योदय : 6:51
सूर्यास्त : 5:18
अधिकतम तापमान : 26
न्यूनतम : 10

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-184 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, बुधवार, 24 दिसम्बर 2025
03 रजब 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
अवधनामा
www.avadhnama.com

24 वैज्ञानिकों को राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार

■ मरणोपरांत जयंत नार्लीकर को मिला विज्ञान रत्न



नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में आयोजित एक कार्यक्रम में देश के प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों को राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार प्रदान किए। इस दौरान प्रसिद्ध खगोल भौतिक विज्ञानी डॉ. जयंत नार्लीकर को उनके विज्ञान के क्षेत्र में अहम योगदान के लिए मरणोपरांत 'विज्ञान रत्न पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान ब्रह्मांड विज्ञान (कॉस्मोलॉजी) के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक योगदान के लिए दिया गया।

यह पुरस्कार पुणे स्थित इंटर-यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स (IUCAA) के निदेशक आर. श्रीआनंद ने प्राप्त किया। यह संस्थान डॉ. जयंत नार्लीकर ने ही स्थापित किया था। प्रो. नार्लीकर ने ब्रह्मांड की संरचना को समझने के लिए अहम शोध किए। उन्होंने हॉयल-नार्लीकर सिद्धांत विकसित किया, जिसका उद्देश्य गुरुत्वाकर्षण और पदार्थ निर्माण को एक साथ समझाना था। इस सिद्धांत ने स्थिर ब्रह्मांड (स्टेडी-स्टेट यूनिवर्स) की अवधारणा को वैज्ञानिक आधार प्रदान किया।

बता दें कि इस समारोह में कुल चार श्रेणियों में 24 वैज्ञानिकों और टीमों को सम्मानित किया गया। इनमें विज्ञान रत्न, विज्ञान श्री, विज्ञान युवा और विज्ञान टीम जैसे पुरस्कार शामिल है। सरकार के अनुसार, इन पुरस्कारों का उद्देश्य उन वैज्ञानिकों, तकनीकी विशेषज्ञों और नवाचार करने वालों को सम्मान देना है, जिन्होंने विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में देश के लिए उल्लेखनीय काम किया है।

इस दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश के चार प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों को विज्ञान श्री पुरस्कार प्रदान किया। यह सम्मान विज्ञान के अलग-अलग क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया। डॉ. ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह को कृषि विज्ञान के क्षेत्र में उनके अहम शोध कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। वहीं डॉ. यूसुफ मोहम्मद शेख को परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में योगदान के लिए यह पुरस्कार मिला। डॉ. कुमारसामी थंगराज को जैविक विज्ञान में उनके महत्वपूर्ण कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। वहीं प्रो. थलप्पिल प्रदीप को रसायन विज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए विज्ञान श्री पुरस्कार दिया गया। वहीं बात अगर विज्ञान युवा पुरस्कार की करें तो ये पुरस्कार युवा वैज्ञानिकों को दिया गया, जिनमें कृषि, जैव विज्ञान, रसायन, भौतिकी, अंतरिक्ष विज्ञान और चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े कई नाम शामिल हैं। इसके अलावा, सीएसआईआर अरोमा मिशन टीम को विज्ञान टीम पुरस्कार दिया गया। इस टीम ने जम्मू-कश्मीर में लैवेंडर मिशन को सफल बनाकर किसानों की आय बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई। समारोह भारतीय विज्ञान व अनुसंधान के क्षेत्र में काम कर रहे वैज्ञानिकों के योगदान को सम्मान देने का एक बड़ा अवसर रहा।

युवा वैज्ञानिकों को मिला सम्मान

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दो युवा वैज्ञानिकों को विज्ञान युवा-शांति स्वरुप भटनागर पुरस्कार प्रदान किया। यह पुरस्कार विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया जाता है। अंकुर गर्ग को अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। प्रोफेसर मोहनशंकर शिवप्रकाशम को तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में योगदान के लिए यह पुरस्कार मिला।

ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने पीएम नरेंद्र मोदी से की मुलाकात

■ पत्नी हिमानी मोर भी रहीं मौजूद

नई दिल्ली। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके आधिकारिक आवास पर मुलाकात की। नीरज के साथ इस दौरान पत्नी हिमानी मोर भी मौजूद रहीं। नीरज ने इस साल पूर्व टेनिस खिलाड़ी हिमानी से शादी की थी और वह फिलहाल ब्रेक पर चल रहे हैं।

पीएम मोदी ने एक्स पर नीरज के साथ मुलाकात की तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने लिखा, नीरज चोपड़ा और उनकी पत्नी हिमानी मोरी के साथ आज सात, लोक कल्याण मार्ग पर मुलाकात की। हमने इस दौरान खेल सहित विभिन्न मुद्दों पर बात की।

भारत के स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा इस साल आखिरकार 90 मीटर की बाधा पार करने में सफल रहे, लेकिन वह विश्व चैंपियनशिप में अपने खिताब का बचाव नहीं कर सके थे। नीरज ने दोहा डायमंड लीग में भाला फेंक में मानक माने जाने वाले 90 मीटर की दूरी हासिल की। नीरज ने अपना भाला 90.23 मीटर तक फेंका और ऐसा करने वाले एशिया के तीसरे और कुल मिलाकर 25वें खिलाड़ी बन गए। लेकिन इसी वर्ष टोक्यो में विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में पदक जीतने में नाकाम रहने से उन्हें निराशा भी हाथ लगी।

नीरज ने जीते तीन बड़े खिताब : नीरज ने पेरिस डायमंड लीग, गोल्डन स्पाइक मीट और एनसी क्लासिक के रूप में इस साल तीन बड़े खिताब जीते। उन्होंने घरेलू दर्शकों और परिवार के सदस्यों के सामने एनसी क्लासिक के रूप में विश्व स्तरीय प्रतियोगिता की मेजबानी करने का अपना सपना साकार किया। इस स्टार खिलाड़ी को हालांकि डायमंड लीग फाइनल में निराशा हाथ लगी और वह जर्मनी के जूलियन वेबर के बाद दूसरे स्थान पर रहे। सबसे अप्रत्याशित परिणाम सितंबर में टोक्यो विश्व चैंपियनशिप में देखने को मिला। इस प्रतियोगिता में चोपड़ा 84.03 मीटर ही भाला फेंक सके और कुल मिलाकर आठवें स्थान पर रहे।

2012 में आजम खान वरिष्ठ नेता थे लेकिन अखिलेश मुख्यमंत्री बने

■ भाजपा कार्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने की प्रेसवार्ता

लखनऊ। यूपी बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने मंगलवार को लखनऊ के भाजपा कार्यालय पर प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा, यूपी का अध्यक्ष होना गौरव का विषय है। पूरे देश की राजनीति का केंद्र उत्तर प्रदेश है। मेरे काम करने का तरीका, 35 साल का अनुभव है कि सबको लेकर मैं चलता हूं। मेरी टीम के सभी सदस्यों को साथ लेकर चलने का प्रयास करूंगा।

मेरे लिए कार्यकर्ता सर्वोपरि है और उनके मान सम्मान के लिए काम करना ही मेरा लक्ष्य है। 25 दिसंबर को अटल जी का जन्मदिन मनेगा, 25 से 31 दिसंबर तक सुशासन दिवस मनाएंगे। आज पीएम उनके विकास को आगे बढ़ा रहे हैं। इसी दौरान पार्टी कार्यक्रम करेगी। पीएम मोदी 25 दिसंबर को आ रहे हैं राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर। पंकज चौधरी ने कहा, वीर बाल दिवस, 26 तारीख को साहबजादे ने जो शहादत दी थी उसे समाज में नीचे तक ले जाने के लिए हम कार्यक्रम करेंगे। एसआईआर चुनाव आयोग कर रहा है, हम राजनीतिक दल के नाते उसमें गलत का नाम हटाने और सही का नाम जुड़वाने में लगे हैं।

2014 में पहली बार किसान सरकार के एजेंडे का हिस्सा बना : सीएम योगी

■ किसान जब ऊर्जा का प्रवाह करता है तो धरती सोना उगलती है : मुख्यमंत्री

लखनऊ। किसान सम्मान दिवस पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने किसानों का उत्साह बढ़ाते हुए उनकी मेहनत को प्रणाम किया। सीएम ने किसान समृद्धि योजना के तहत ट्रैक्टर पाने वाले किसानों के चेहरे की चमक का जिक्र किया। बोले-कोई किसान अपनी मां तो कोई पत्नी को ट्रैक्टर में बिठाकर ले जा रहा है। यही किसान की ताकत होती है, सर्दी, गर्मी की परवाह किए बिना जब वह पसीना बहाता है व सर्दी को अपनी अस्थियों में समाहित कर ऊर्जा का प्रवाह धरती मां के साथ करता है तो खेती अन्न उत्पादन के रूप में सोना उगलती है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह के जन्मदिवस पर विधान भवन प्रांगण स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। सीएम ने 'किसान सम्मान दिवस' पर किसानों को ट्रैक्टर की चाबी दी। साथ ही किसानों, वैज्ञानिकों, एफपीओ आदि को सम्मानित भी किया। मुख्यमंत्री ने चौधरी चरण सिंह सीड पार्क अटारी लखनऊ के प्लॉट आवंटन प्रक्रिया का बटन दबाकर शुभारंभ किया।

सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अपनी मेहनत से किसानों ने प्रगति की है। 2014 में जब नरेंद्र मोदी ने देश की बागडोर संभाली, तब पहली बार किसान भी सरकार के एजेंडे का हिस्सा बना। धरती हमारी मां और हम सभी इसके पुत्र हैं, इसलिए पुत्र का दायित्व है कि जब मां बीमार या संकट में हो तो पुत्र उसे संकट से उबारने में योगदान देता है। पहली बार स्वायल हेल्थ कार्ड के माध्यम से पीएम मोदी ने 2014 में धरती मां की सेहत के बारे में हर किसी को जागरूक किया। अन्नदाता किसानों को प्रधानमंत्री कृषि बीमा योजना से जोड़ा, फिर एक-एक करके प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना से लेकर पीएम किसान सम्मान निधि, एमएसपी की गारंटी हो या बीज से लेकर बाजार तक किसानों की सुविधाओं को बढ़ाया गया।

सीएम योगी ने चौधरी चरण सिंह के वक्तव्य का जिक्र किया। वे हमेशा देश, गांव व किसान के हित में काम करते थे। वे कहते थे कि जब तक किसान गरीब रहेगा, भारत अमीर नहीं हो सकता। ग्रामीण भारत ही असली भारत है। भारत की समृद्धि का मार्ग देश के खेत व खलिहान से होकर गुजरता है। जागरूक जनशक्ति ही सफल लोकतंत्र का आधार है।

यूपी सरकार में उन्हें जब मौका मिला तो भूमि सुधार कार्यक्रम लागू किया। जमींदारी उन्मूलन, भूमि सुधार अधिनियम के माध्यम से उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। बिचौलियों द्वारा किसानों का शोषण बंद करने के लिए मंडी अधिनियम पारित कराया। पटवारी व्यवस्था का भी उन्मूलन किया। लघु-सीमांत किसानों के साढ़े तीन एकड़ तक के भूखंड को भूराजस्व के भुगतान में छूट भी दिलाई। उर्वरकों को बिक्री कर से मुक्त कराया। काम के बदले अनाज कार्यक्रम की शुरूआत भी की। कृषि व ग्रामीण विकास योजना के लिए ऋण उपलब्ध कराने हेतु राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। सीएम योगी ने कहा कि 1996 से 2017 (21-22 वर्ष) में किसानों को जितना गन्ना मूल्य का भुगतान नहीं हुआ था, उससे 75 हजार करोड़ रुपये अधिक धनराशि 8 वर्ष में किसानों के खाते में डाली है। अभी हाल में ही गन्ना मूल्य का दाम बढ़ाया है। पेराई सत्र 2025-26 में अगेती गन्ना 400 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है।

किसानों को मिलता है शासन की हर योजना का लाभ

सीएम ने कहाकि प्रधानमंत्री मोदी ने किसानों के मसीहा, पूर्व प्रधानमंत्री व यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी चरण सिंह को 'भारत रत्न' देकर किसानों का मान बढ़ाया। लघु व सीमांत किसानों के लिए कृषि ऋण मोचन कार्यक्रम लागू किया। पहले किसान शासन की किसी भी योजना का अंग नहीं था, लेकिन आज किसान को शासन की हर योजना का लाभ प्राप्त हो रहा है। आज बिचौलिया किसानों की फसल का दाम नहीं तय करता। यदि किसान को बाजार में फसल का अच्छा दाम मिला तो ठीक वरना सरकार उसे खरीदेगी। यूपी के अंदर धान, गेहूं, चना, सरसो, बाजरा, मक्का आदि फसलों का उत्पादन कई गुना बढ़ा है।

प्रदूषण से एयर प्यूरिफायर की बिक्री पांच गुना बढ़ी

नई दिल्ली। वायु प्रदूषण से लोगों का हाल बेहाल है। लोगों को सांस लेने की बीमारियों के साथ-साथ अन्य कई परेशानियों से निपटना पड़ रहा है, लेकिन इस आपदा के समय में भी एक वर्ग को इससे खूब फायदा हो रहा है। प्रदूषण की स्थिति गंभीर होने के कारण बाजार में एयर प्यूरीफायर की बिक्री पांच गुना तक बढ़ गई है। लोग साफ हवा पाने के लिए अपने घर-कार्यालय में एयर प्यूरीफायर लगवा रहे हैं। इससे बिक्री में बढ़ोतरी देखी जा रही है।

बाजार में विभिन्न कंपनियों के एयर प्यूरीफायर अपनी क्षमता के अनुसार आठ हजार रुपए से 25 हजार रुपए में मिल रहे हैं। इस पर लोगों को 18 प्रतिशत की जीएसटी भी देनी पड़ रही है। व्यापारियों की मांग है कि प्रदूषण के बीच एयर प्यूरीफायर की उपयोगिता को देखते हुए आवश्यक वस्तुओं की श्रेणी में रखा जाना चाहिए।

प्रियंका गांधी ने पीएम के साथ चाय पी तो भड़की सीपीएम

■ प्रियंका के जाने से गलत संदेश गया

नई दिल्ली। हाल ही में संसद के शीतकालीन सत्र खत्म होने पर एक शिष्टाचार बैठक में कांग्रेस एमपी प्रियंका गांधी वाड्रा अन्य विपक्षी सांसदों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ चाय पर चर्चा में शामिल हुईं। स्पीकर ओम बिरला के बुलावे पर हुई इस बैठक में सत्ता पक्ष और विपक्ष के सांसदों ने बहुत ही हल्के-फुल्के अंदाज में मुलाकात की, जिसमें जोरदार ठहाके भी लगे। लेकिन, इंडी गठबंधन में कांग्रेस की सहयोगी सीपीएम को प्रियंका का यह रवैया बिल्कुल पसंद नहीं आया और पार्टी सांसद जॉन ब्रिटास ने आरोप लगाया है कि इससे गलत संदेश गया है।

सीपीएम सांसद जॉन ब्रिटास ने संसद के शीतकालीन सत्र से लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के गायब रहने और पार्टी सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पीएम मोदी के साथ चाय पे चर्चा की कड़ी आलोचना की है। न्यूज एजेंसी एएनआई से बात करते हुए ब्रिटास ने कहा कि सत्र के तुरंत बाद प्रियंका का लोकसभा स्पीकर ओम बिरला की ओर से बुलाई गई बैठक में जाने से लोगों में गलत संदेश गया है,क्योंकि कुछ ही घंटे पहले बीजेपी ने मनरेगा पर बुलडोजर चलाया था।

उन्होंने कहा है कि पिछले सत्रों में विपक्षी एकता के लिए ऐसी बैठकों को जानबूझकर नजरअंदाज किया गया। उनका कहना है कि मैं ऐसी मित्रता को नहीं मानता जो विपक्ष की एकता और इस देश के गरीबों की भलाई के लिए नुकसानदायक हो। उन्होंने राहुल गांधी के शीत सत्र से गायब रहने पर भी सवाल उठाया है। एक न्यूज एजेंसी से उन्होंने कहा, जब संसद सत्र होता है, विदेश क्यों चले जाते हैं? हमने पहले से ही तय किया था कि जब संसद में तीन जन-विरोधी बिल पेश किए जाएंगे, तो विपक्ष के साथ राहुल गांधी वहां मौजूद होने चाहिए। हालांकि, यह उन्हें और उनकी पार्टी को तय करना है। संसद सत्र के दौरान राहुल पांच दिनों की जर्मनी यात्रा पर चले गए थे।

विपक्ष के लिए अच्छा सीन नहीं था

सीपीएम एमपी का कहना है कि हमारे जैसे लोगों के लिए यह चिंता का मामला है...प्रियंका और अन्य लोगों को प्रधानमंत्री के साथ चाय पार्टी में बैठे देखना हमारे लिए अच्छा सीन नहीं था। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद थी कि उनमें बेहतर समझदारी होगी। मैं आपको यह भी बता दूं कि तुलनात्मक रूप से मामूली मुद्दों के लिए, हम ऐसी चाय पार्टियों से दूर रहे।

चीनी वीजा घोटाले में कार्ति चिदंबरम के खिलाफ आरोप तय

नई दिल्ली। राउज़ एवेन्यू कोर्ट ने मंगलवार को कांग्रेस नेता कार्ति चिदंबरम और उनके चार्टर्ड अकाउंटेंट एस. भास्कररामन के खिलाफ सीबीआई द्वारा जांच किए जा रहे कथित चीनी वीज़ा रैकेट मामले में आरोप तय किए। अदालत ने भास्कररामन पर मामले के महत्वपूर्ण सबूतों को नष्ट करने का आरोप लगाया। दोनों आरोपियों ने खुद को निर्दोष बताया, अदालत ने अगली सुनवाई 16 जनवरी तय की। सीबीआई ने विकास मखारिया को सरकारी गवाह का दर्जा दे दिया है। एफआईआर के अनुसार पंजाब के मानसा स्थित एक निजी कंपनी ने चीनी नागरिकों के लिए वीजा जारी करवाने में मदद के लिए बिचौलियों के माध्यम से 50 लाख रुपए का भुगतान किया।

नर्सरी के बच्चों की 27 तक छुट्टी, 10 बजे से खुलेंगे 1 से 8 तक के स्कूल

लखनऊ में ठंड का कहर

■ सभी बोर्ड के स्कूलों में लागू होगा आदेश

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में कड़ाके की ठंड का सितम जारी है। साथ ही घने कोहरे ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। इस समय रात और सुबह के समय जबरदस्त ठंड और कोहरा पड़ रहा है। इसके कारण स्कूल जाने वाले बच्चे और उनके माता-पिता को बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसे देखते हुए लखनऊ जिला प्रशासन ने प्री-प्राइमरी से नर्सरी तक के स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी है।

सोमवार को कई दिन बाद दिन में धूप में दीदार हुए थे। मंगलवार को भी सुबह के बाद धूप निकली है। इसे देखते हुए लखनऊ के जिलाधिकारी विशाख जी. ने स्कूलों को लेकर आदेश जारी कर दिया है। आदेश के मुताबिक, सभी बोर्ड के सभी विद्यालयों के प्री-प्राइमरी से नर्सरी तक के स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई है। इन स्कूलों में 24 दिसंबर से 27 दिसंबर तक छुट्टी रहेगी। इसी तरह कक्षा 1 से कक्षा 8 तक के विद्यालयों का समय बदल दिया गया है। लखनऊ में सभी बोर्ड के स्कूलों में कक्षा 1 से कक्षा 8 तक के स्कूल सुबह 10 बजे खुलेंगे। पढ़ाई दोपहर 3 बजे तक चलेगी। यह आदेश 24 दिसंबर से लागू हो जाएगा। डीएम ने इस आदेश का पालन कड़ाई से कराने का निर्देश दिया है। बताया गया कि ये निर्णय घने कोहरे के पूर्वानुमान को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

तनाव

शेख हसीना के प्रत्यर्पण की मांग, हादी की हत्या और हिंदू युवक की लिंचिंग

भारत-बांग्लादेश के रिश्तों में लगातार बढ़ रही कड़वाहट

■ एक दूसरे के राजदूतों को किया तलब

नई दिल्ली। बांग्लादेश में हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं। पिछले कुछ समय से भारत के साथ बांग्लादेश के द्विपक्षीय संबंध भी ठीक नहीं चल रहे है। बीते कुछ समय में बांग्लादेश में भारत के दूतावास को भी निशाना बनाने और भारत विरोधी नारा लगाने की कई घटनाएं सामने आई। इसके साथ ही लगातार हिंदू अल्पसंख्यकों के साथ हो रही हिंसा को लेकर भी भारत में काफी नाराजगी है। हाल ही में छात्र नेता शरीफ ओसमान हादी की हत्या के बाद बांग्लादेश को हिंसा की आग में झोंक दिया है। इसके बाद हिंदू को पीट-पीटकर मारे जाने की घटना का असर भारत में भी देखने को मिल रहा है। इन घटनाओं का संबंध बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री के भारत निर्वासन से सीधे या अप्रत्यक्ष रूप से जुड़ा हुआ है।

पिछले कुछ दिनों में, दोनों देशों ने एक-दूसरे के राजदूतों को तलब किया है। बांग्लादेश और भारत में हाई कमीशन के सामने लोग विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। ऐसे में सुरक्षा कारणों से वीजा सेंटर को बंद करने का फैसला लिया गया है। ये बिगड़ते रिश्ते ऐसे समय सामने आए हैं जब बांग्लादेश एक प्रमुख छात्र नेता शरीफ उस्मान हादी की हत्या के बाद भड़की हिंसा से जूझ रहा है। हाल ही में दीपू चंद्र दास नाम के एक व्यक्ति की लिंचिंग की घटना भी हुई है। इसके बाद बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर सवाल उठ रहे हैं। बांग्लादेश में पिछले महीने शेख हसीना को 2024 में छात्रों के नेतृत्व वाले विद्रोह में हुई जानलेवा हिंसा में शामिल होने के लिए बांग्लादेश की एक अदालत ने मौत की सजा सुनाई है। इसके बाद बांग्लादेश भारत से फरार पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को सौंपने की मांग कर रहा है। वहीं, भारत ने जवाब देते हुए कहा कि वह बांग्लादेश में शांति, लोकतंत्र, समावेश और स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध है। इसके बाद प्रमुख छात्र नेत शरीफ उस्मान हादी को ढाका की एक मस्जिद से निकलते समय नकाबपोश बंदूकधारियों ने गोली मार दी। घटना के बाद देश में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। हादी की मौत के बाद प्रदर्शनों के बीच प्रदर्शनकारियों ने एक हिंदू मजदूर को पीट-पीटकर मार डाला। भीड़ ने उसके शरीर को एक पेड़ से बांध दिया और आग लगा दी। यह घटना ढाका-मयमनसिंह हाईवे पर जमीरदिया डुबालियापारा इलाके में हुई।

पूर्वोत्तर को लेकर विवादित बयान

इस महीने की बांग्लादेशी नेता हसनात अब्दुल्ला ने एक विवादित बयान दिया। अब्दुल्ला ने कहा कि बांग्लादेश भारत से अलगाववादी ताकतों को पनाह दे सकता है और सात उत्तर-पूर्वी राज्यों - जिन्हें सात बहनें भी कहा जाता है - को बाकी देश से अलग कर सकता है। अब्दुल्ला, जो हसीना के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों का नेतृत्व करने वाले प्रमुख छात्र नेताओं में से एक थे, ढाका में इंकलाब मंच की तरफ से आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। अब्दुल्ला की टिप्पणी के बाद भारत ने बांग्लादेश के हाई कमिश्नर रियाज हामिदुल्लाह को तलब किया था। साथ ही, पड़ोसी देश में बिगड़ते सुरक्षा माहौल और चरमपंथी तत्वों की योजनाओं पर विरोध दर्ज कराया।

रिपब्लिक डे की स्टाइल में होगी आर्मी डे परेड

■ भैरव बटालियन भी होगी शामिल

नई दिल्ली। इस बार इंडियन आर्मी डे परेड रिपब्लिक डे की स्टाइल में होगी। पहली बार परेड किसी ग्राउंड में न होकर हाइवे पर होगी, जिस तरह रिपब्लिक डे परेड कर्तव्य पथ पर होती है। 15 जनवरी को आर्मी डे परेड इस बार जयपुर में होगी। जयपुर के सीतापुर के इलाके में हाईवे के दोनों तरफ करीब 25 हजार लोगों के बैठने का इंतजाम किया जा रहा है। परेड करीब डेढ़ किलोमीटर तक होगी। अनुमान है कि करीब डेढ़ लाख लोग इस परेड को देखेंगे। आर्मी डे परेड में ऑपरेशन सिंदूर की पूरी झलक दिखाई देगी।

परेड में कुल 9 मार्चिंग दस्ते होंगे। जिसमें दो भैरव बटालियन के दस्ते भी होंगे। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारतीय सेना में भैरव बटालियन बनाई गई। ये लाइट कमांडो बटालियन हैं। भैरव बटालियन को तेज और घातक कार्रवाई के लिए तैयार किया गया है ताकि चीन और पाकिस्तान की सीमाओं पर त्वरित ऑपरेशन करने के लिए ये बटालियन हमेशा तैयार रहें। भैरव बटालियन सामान्य पैदल सेना जैसी नहीं हैं बल्कि इनमें एयर डिफेंस, तोपखाना और सिग्नल जैसी आर्म्स के सैनिक शामिल हैं। नेपाल आर्मी का बैंड भी परेड में शामिल होगा।

ऑपरेशन सिंदूर के वीर भी रहेंगे मौजूद

अब तक आर्मी डे परेड में परमवीर चक्र और अशोक चक्र विजेता ही शामिल होते थे। लेकिन इस बार ऑपरेशन सिंदूर में अहम योगदान के लिए जिन सैनिकों को चक्र सीरीज के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है वह भी परेड में शामिल हो सकते हैं। परेड में ऑपरेशन सिंदूर पर एक झांकी भी शामिल करने की योजना है। इसके साथ ही 7 मिलिट्री बैंड होंगे।

डीएम ने गन्ना वाहनों में शत प्रतिशत लाल कपड़ा और रिट्रोरिफ़्रेक्टिव टेप अनिवार्य करने के दिए निर्देश

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाएं जाने, यातायात नियमों के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से मंगलवार को विकास भवन स्थित स्वामी विवेकानंद सभागार में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी संकल्प शर्मा ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। बैठक का संयोजन, संचालन पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड (तृतीय) के अधिशाषी अभियंता अनिल कुमार यादव ने किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने सड़क सुरक्षा के मद्देनज़र ओवरस्पीडिंग, ओवरलोडिंग, ओवरहाइटिंग, सीटबेल्ट, हेलमेट की नियमित निगरानी करने पर ज़ोर दिया। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर चालान किए जाएं। बैठक में अब तक किए गए चालानों की प्रगति की समीक्षा भी की गई। ए आर टी ओ शांति भूषण पांडेय ने बताया की प्रवर्तन की कार्यवाही निरंतर की जा रही है जिले में जहां पर घुमावदार स्थान तथा ब्लाइंड स्पॉट है, वहां से सौ मीटर पूर्व में साइनेज लगाने के दिशा निर्देश दिया। चीनी मिलो पर वाहन प्रबंधन हेतु गन्ना अधिकारी एवं चीनी मिल प्रबंधन को निर्देशित किया डीएम ने सभी चीनी मिल प्रबंधन को निर्देशित किया कि गन्ना वाहनों पर शत प्रतिशत लाल कपड़ा और टेप लगवाए जाएं। उन्होंने कहा कि मिलें ग्राम स्तर पर किसानों को जागरूक करें और सामग्री का वितरण सुनिश्चित करें। इसके लिए माइको प्लानिंग बनाकर जमीन पर क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए सड़कों की सुरक्षा और विजिबिलिटी बनाए रखने के लिए डीएम ने जिले भर की सड़क किनारे उगने वाली घास साफ करने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही विद्युत विभाग को सैगिंग केबल की मरम्मत के लिए भी सक्रिय रहने को कहा गया। अधिकारियों ने बताया कि शिकायत मिलने पर तुरंत कार्रवाई की जा रही है। डीएम ने स्कूलों में रोड सेफ्टी क्लब के क्रियान्वयन, एनसीसी और स्काउट गाइड के जागरूकता अभियानों और ◦नो हेलमेट नो फ्यूल◦ के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी जोर दिया। उन्होंने संबंधित विभागों से एक्शन टेकन रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा बैठक में सड़क दुर्घटना विश्लेषण, दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की पहचान, स्कूली वाहनों के मानक, सड़क मरम्मत, ड्रेनेज वर्क, पुल-तटबंध की सुरक्षा, वाहन प्रबंधन, शहरी चौराहों पर अतिक्रमण और सड़क सुरक्षा मित्र एवं राजवीर योजना के प्रचार-प्रसार की पर भी विस्तृत चर्चा हुई मुख्य चिकित्साधिकारी को प्रशासनिक प्राइवेट पार्टिसिपेशन से ट्रामा की व्यवस्था सुदृढ़ करने, वल्नरेबल पॉइंट से हॉस्पिटल्स को मैप करने हेतु निर्देशित किया। एम्बुलेंस के रिस्पांस टाइम इम्प्रूव करने हेतु कहा गया।

इनकी रही मौजूदगी

बैठक में एआरटीओ शांति भूषण पांडे, ईई पीडब्ल्यूडी अनिल कुमार यादव, तरुणेन्द्र त्रिपाठी, केके झा, शुभ नारायण, सीएमओ संतोष गुप्ता, एआरएम रोडवेज लखीमपुर, एनएचएआई के इंजीनियर डीआईओएस सहित जिला सड़क सुरक्षा समिति के सम्मानित सदस्य मौजूद रहे।

समाजवादियों ने भारत रत्न श्रद्धेय चैधरी चरण सिंह की मनाई जयंती राष्ट्रीय किसान दिवस के रूप में मनाया जन्म दिन

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। समाजवादियों ने किसानों के मसीहा और देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय चौधरी चरण सिंह की जयंती पर उन्हें नमन किया तथा उनका जन्म दिन राष्ट्रीय किसान दिवस के रूप में मनाया गया। चौधरी साहब की जयंती पर समाजवादी पार्टी के कार्यालय लोहिया भवन पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष रामपाल सिंह यादव ने की और चौधरी साहब को याद करते हुए रामपाल यादव ने कहा कि चौधरी साहब दो बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री व देश के प्रधानमंत्री रहे चौधरी साहब ने विभिन्न पदों पर रहते हुए देश की सेवा की उन्होंने अपने प्रशासन में अक्षमता, भाई-भतीजावाद एवं भ्रष्टाचार को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया। उत्तर प्रदेश में भूमि सुधार का पूरा श्रेय उन्हें ही जाता है। चौधरी साहब की मुख्यमंत्री के रूप में जोत अधिनियम 1960 को लाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका थी यह अधिनियम जमीन रखने की अधिकतम सीमा को कम करने के उद्देश से लाया गया था ताकि राज्य भर में इसे एक समान बनाया जा सके। देश में कुछ ही राजनेता ऐसे हुए हैं जिन्होंने लोगों के बीच रहकर सरलता से कार्य करते हुए इतनी लोकप्रियता हासिल की हो चौधरी साहब ने अत्यंत साधारण जीवन व्यतीत किया। चौधरी साहब ईमानदारी की मिसाल थे उनके निधन के समय उनके खाते में मात्र 470 रुपए ही थे। चौधरी साहब के किसान हित में किए गए कार्य हमेशा याद रखे जाएंगे।गोष्ठी का संचालन जिला महासचिव अंसार महलूद ने किया। गोष्ठी को पूर्व एमएलसी शशांक यादव, पूर्वविधायक रामसरन,पूर्व जिलाध्यक्ष कयूम खान, मिर्जा शेखू, रियाजुल्ला खां ने भी अपने अपने विचार रखे इस अवसर पर प्रमुख रूप से आनन्द पटेल, शिवराज वाल्मीकि, प्रख्यात खरे, अमित वर्मा, दीपक रस्तोगी, संजीव वर्मा, आरती सिंह जनवार, रविशंकर वर्मा, फैसल खान, मजिस्टर यादव, पिंकी सक्सेना, शौर्य वर्धन गुप्ता, तारिक अहमद, धर्मदत्त तिवारी उर्फ कुनाल, रामनिवास निषाद, मनोज कुमार, कल्लू खां सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

रातों-रात बदला डंपर पुलिस कप्तान की गिरी गाज, एसआई और सिपाही सस्पेंड

नजीबाबाद। (अवधनामा संवाददाता) अभी बीते रविवार की रात सड़क हादसे में की दर्दनाक मौत हो गई थी कर और डंपर की टक्कर में कार में सवार सभी लोगों की मौके पर मौत हो गई, एसपी साहब के आदेश पर डंपर और चालक की पकड़ के सख्त आदेश दिए गए थे, जिस पर कार्रवाई करते हुए नांगल क्षेत्र थाने की पुलिस ने डंपर को अपने कब्जे में ले लिया था, परंतु मिट्टी से भरे डंपर को बदलने मे नपे नांगल थानाप्रभारी सतेन्द्र मलिक और सिपाही अंकित सैनी रातों-रात ही डंपर को बदल दिया और हाथ से वाले डंपर को छिपा कर दूसरा दिखा दिया, यानी कुल मिलाकर दोनों ने लाशों का भी सौदा कर दिया। एसपी अभिषेक झा ने कड़ी कार्रवाई करते हुए तत्काल दोनों को सस्पेंड कर दिया।

क्षेत्राधिकारी ने किया पटाखा फैक्ट्री का निरीक्षण

नजीबाबाद। (अवधनामा संवाददाता) अभी बीते कुछ सप्ताह पहले ही नजीबाबाद की एक पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट होने से एक की मौत और कई कामगार घायल हो गए थे। जिसके चलते क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप सिंह नजीबाबाद द्वारा सर्किल नजीबाबाद क्षेत्रान्तर्गत पटाखा गोदामों का फायर सर्विस टीम के साथ संयुक्त रूप से सुरक्षा दृष्टिकोण से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए सर्व संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मदरसा बोर्ड परीक्षा के लिए 26 तक कर सकते हैं आवेदन

बदायूं। (अवधनामा संवाददाता) ज़िला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी प्रणव कुमार पाठक ने बताया है कि उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद,लखनऊ द्वारा संचालित मुन्शी/मौलवी (सैकेण्ड्री) तथा आलिम(सीनियर सैकेण्ड्री) परीक्षा वर्ष के ऑनलाइन आवेदन-पत्र की अन्तिम तिथियों में संशोधन किया गया है। उन्होंने कहा कि संशोधन के बाद अब चालान के माध्यम से राजकोष में परीक्षा शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि 24 एवं आवेदन-पत्र 26 दिसम्बर तक ऑनलाइन भरें जा सकेंगे।

उन्होंने बतायाकि मदरसे के प्रधानाचार्य, प्रधानाचार्या द्वारा छात्र व छात्राओं के आवेदन पत्रों को नियमानुसार मदरसा पोर्टल पर लॉक करने की अन्तिम तिथि 29 दिसम्बर है। ज़िला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी द्वारा परीक्षा आवेदन पत्रों को ऑनलाइन मदरसा पोर्टल पर सन्देहास्पद डाटा को सम्मिलित करते हुये लॉक करने की अन्तिम तिथि 31 दिसम्बर है। मदरसे के प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या आवेदन-पत्र लॉक कर 30 दिसम्बर तक चालान की छायाप्रति,मान्यता प्रमाण-पत्र की छायाप्रति, छात्र व छात्राओं का कक्षा(कक्षा-10 एव 12) संचालित होते समय का फ़ोटो, मदरसा मुख्य भवन का फ़ोटो एवं लिस्ट ज़िला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कार्यालय में अनिवार्य रूप से जमा कर दें जिससे आवेदन-पत्र समय से अग्रसारित किया जाना सम्भव हो सके। परीक्षा शुल्क का विवरण एवं विस्तृत दिशा-निर्देश परिषद की वेबसाइट पर उपलब्ध है।परीक्षा वर्ष 2026 में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के प्रवेश-पत्र,उपस्थिति पत्रक एवं डेस्क-स्लिप जारी किये जाने की तिथि 15 जनवरी है।मदरसा परीक्षा माह फ़रवरी के प्रथम सप्ताह में होना प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि यदि किसी मदरसे द्वारा परीक्षा वर्ष-2026 के परीक्षा आवेदन पत्र नहीं भरवाये जाते हैं तो उनके विरूद्ध उ0प्र0 अशासकीय अरबी और फ़ारसी मदरसा मान्यता प्रशासन एवं सेवा विनियमावली 2016 में निहित व्यवस्थान्तर्गत कार्यवाही की जायेगी जिसके लिए सम्बन्धित मदरसा प्रबन्धक एवं प्रधानाचार्य स्वयं उत्तरदायी होंगे।

पंचायत निर्वाचन नामावली तैयार, 30 तक कर सकते हैं दावे-आपत्तियां प्रस्तुत

बदायूं। (अवधनामा संवाददाता) निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने जनपद की समस्त तहसीलों,विकास एवं समस्त ग्राम पंचायतों के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचकगण को सूचित करते हुए बताया है कि उत्तर प्रदेश पंचायत राज (निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण) नियमावली, 1994 के अनुसार निर्वाचक नामावली तैयार हो गई है और उसकी एक प्रति निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय, उपजिलाधिकारी/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय, विकास खण्ड कार्यालय एवं समस्त ग्राम पंचायत कार्यालय में बी0एल0ओ0 के माध्यम से में निरीक्षण के लिए उपलब्ध है। कोई भी व्यक्ति इस निर्वाचक नामावली का कार्यालय समय में निरीक्षण कर सकता है। उन्होंने बताया कि यदि नामावली में किसी नाम के सम्मिलित किये जाने के लिए कोई दावा अथवा किसी प्रकार के अन्य विवरणों के सम्बन्ध में कोई संशोधन अपेक्षित हो अथवा सम्मिलित किसी नाम के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो उसे 30 दिसम्बर को या उससे पूर्व प्रपत्र 2, 3 या 4 में, जो भी उपयुक्त हो, दाखिल किया जाए।प्रत्येक ऐसा दावा या आपत्ति उनके कार्यालय, उपजिलाधिकारी अथवा सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय, विकास खण्ड कार्यालय एवं सम्बन्धित बी0एल0ओ को दी गई तिथि तक प्रस्तुत किया जा सकता है।

एंटी करप्शन टीम ने मौके पर दबोचा रिश्वतखोर लेखपाल, ना भागने का मौका ने सफाई की गुंजाइश

आखिरी कितने और रिश्वतखोर छुपे हैं सिस्टम में

अवधनामा संवाददाता

बिजनौर। सदर तहसील मंगलवार सुबह उस वक्त भ्रष्टाचार के अखाड़े में तब्दील हो गई, जब एंटी करप्शन टीम ने रिश्वतखोर लेखपाल को नोट जेब में डालते ही रंगे हाथों दबोच लिया। कुछ ही मिनटों में पूरे तहसील परिसर में हड़कंप मच गया। सरकारी गलियारों में खामोशी और चेहरों पर डर साफ नजर आने लगा। लेखपाल का कहना है कि काम तभी होगा जब खर्चा मिलेगा! आरोप है कि सदर तहसील में तैनात लेखपाल रविंद्र शर्मा तहसील से जुड़े एक जरूरी काम के बदले हिमपुर दीपा निवासी धर्मेंद्र से लगातार 5 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा था। पीड़ित का कहना है कि पहले भी वह मजबूरी में पैसे दे चुका था, लेकिन

इसके बाद लेखपाल की मांग और बढ़ती चली गई, पीड़ित ने थक-हार चुप्पी तोड़ी और सीधे एंटी करप्शन विभाग से शिकायत कर दी।

शिकायत मिलते ही बरेली से पहुंची टी करप्शन की बरेली यूनिट हरकत में आई, पूरी प्लानिंग के साथ ट्रैप तैयार किया गया। पीड़ित को केमिकल लगे 5 हजार रुपये सौंपे गए और तय समय पर लेखपाल के पास भेजा गया। जैसे ही आरोपी लेखपाल ने नोट जेब में रखे, चारों तरफ से टीम ने घेर लिया ना भागने का मौका ना सफाई की गुंजाइश और धरे गये लेखपाल। तहसील परिसर में अफरा-तफरी, कर्मचारी बने मूकदर्शक गिरफ्तारी की खबर फैलते ही तहसील परिसर में अफरा-तफरी मच गई। कर्मचारी एक-दूसरे से नजरें चुराते दिखे। बताया जा रहा है कि आरोपी लेखपाल वर्तमान में ब्लॉक हल्दौर के गांव कुड़ा भगवान क्षेत्र में तैनात था। इस एक कार्रवाई ने पूरे राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। गिरफ्तारी के बाद एंटी करप्शन टीम आरोपी को लेकर थाना कोतवाली शहर पहुंची, जहां उससे गहन पूछताछ की गई। सूत्रों के मुताबिक आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

समारोह पूर्वक मनाया जाएगा 25 दिसंबर का दिनः सीडीओ

बदायूं। (अवधनामा संवाददाता) पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जन्म शताब्दी वर्ष के समापन अवसर पर 25 दिसंबर के दिन को समारोह पूर्वक मनाने के निर्देश शासन द्वारा दिए गए हैं। मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन स्तर से भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयन्ती/जन्म शताब्दी वर्ष के समापन के अवसर पर 25 दिसम्बर, 2025 को समारोह पूर्वक कार्यक्रम मनाये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

उन्होंने बताया कि आगामी 25 दिसम्बर को राजकीय महाविद्यालय आवास विकास,में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाने हेतु सम्बंधित अधिकारीगण को दायित्व सौंपे गए हैं।

कृष्णा टॉकीज से डीएस कॉलेज तक लगा लंबा जाम

लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता) ट्रैफिक व्यवस्था बदहाल, शहर के कृष्णा टॉकीज से डीएस कॉलेज तक लगा लंबा जाम, राहगीर परेशान।

मुख्यमंत्री योगी एवं भगवान राम के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी करने का मामला आया प्रकाश में

लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता) मैलानी कस्बे के आईटीआई कॉलेज के एक छात्र द्वारा मुख्यमंत्री योगी एवं भगवान राम के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी करने का मामला प्रकाश में आया है।हिन्दू संगठन की तहरीर पर मैलानी पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर,छात्र को हिरासत में ले लिया है और उसके विरुद्ध जांच शुरू कर दी है।

कुंभी चीनी मिल से गन्ने की खोई भरकर ले जा रहे ओवर हाइट ट्रक चालक ने ट्रक का खोया नियंत्रण बाल बाल बच गए दुकानदार और राहगीर

लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता) नेशनल हाईवे पर कस्बा अमीर नगर में कुंभी चीनी मिल से गन्ने की खोई भरकर ले जा रहे ओवर हाइट ट्रक चालक ने नियंत्रण खो दिया। जिससे वह पलट गया। दुकानदार और राहगीर बाल बाल बच गए। लंबे समय तक यातायात बाधित रहने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर व्यवस्था बहाल कराई है। मंगलवार को अलग सुबह कुंभी चीनी मिल से ट्रक में ओवर हाइट गन्ने की खोई भरकर ट्रक चालक निकला कस्बा में पहुंचते ही उसने नियंत्रण खो दिया। जिससे अनियंत्रित होकर ट्रक पलट गया और दुकानदार, यात्री समेत तमाम लोग बाल-बाल बच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बमुश्किल यातायात बहाल कराया है।

हिजाब प्रकरण में सपा महिला सभा ने सौंपा ज्ञापन

सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता) सपा महिला सभा की कार्यकर्ताओं ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार के द्वारा एक महिला का हिजाब खीचे जाने के विरोध में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर श्वेता पांडे को सौंपकर उन्हें मुख्यमंत्री पद से बर्खास्त किए जाने की मांग की। सपा महिला सभा की कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष महजबी खान के नेतृत्व में एकत्र होकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंची, जहां उन्होंने जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में मौजूद डिप्टी कलेक्टर श्वेता को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। इस दौरान महजबी खान ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार ने एक महिला का हिजाब खींचने की घटना दुर्भाग्य पूर्ण है। उन्होंने कहा कि भारत में संविधान द्वारा सभी नागरिकों को अपना धर्म मानने के साथ ही अपनी वेशभूषा धारण करने का अधिकार प्राप्त है। इसके बावजूद नीतिश कुमार ने नियुक्ति पत्र हासिल करने आयी एक महिला का हिजाब खींचकर अपनी दूषित मानसिकता का परिचय दिया है, जो आपसी भाईचारे व सौहार्द के प्रति ठीक नहीं है। उन्होंने राष्ट्रपति से देश में महिलाओं के अधिकारों व निजता की सुरक्षा के लिए कठोर से कठोर कानून बनाने की मांग की है, ताकि इस तरह की घटना की पुनर्रावृत्ति न हो सकें। ज्ञापन सौंपने वालो में नाजिया, गुलशन, अजरा, मनीषा, बानो, मुर्शिदा, सोनिया,आसमां, साबरीन, रेशमा, इसरत जहां, हसीना, शबाना, रजिया, रिहाना, महक समेत भारी संख्या कार्यकर्ता मौजूद रही।

जनसुनवाई में आयी छह समस्याओं में से दो का हुआ निस्तारण

अतिक्रमण, पाइप लाइन, साफ-सफाई व लाईट सम्बंधी आयी समस्याएं

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। आज जनसुनवाई के दौरान आयी आधा दर्जन समस्याओं में अतिक्रमण हटवाने, पाइप लाइन ठीक कराने, साफ सफ ई व लाईट ठीक कराने की समस्याएं रही। जिनमें से सफाई सम्बंधी दो समस्याओं का नगरायुक्त शिपू गिरि द्वारा तत्काल समाधान कराया गया। मेला गुघाल क्षेत्र के लकड़ी व्यापारियों ने भी अपनी आढ़ते शुक्रवार के बजाए मंगलवार को खोलने की मांग करते हुए नगरायुक्त को एक प्रार्थना पत्र दिया। नगरायुक्त ने लकड़ी आढ़तियों को बताया कि श्रम विभाग के निर्देशों के तहत ही मंगलवार को बंदी के आदेश है, श्रम विभाग व जिला प्रशासन द्वारा ही बाजार बंदी का दिवस निर्धारित किया जायेगा।

वार्ड 21 टैगोर गार्डन पेपर मिल रोड निवासी ऋषिपाल ने टैगोर गार्डन में बने पार्क में साफ सफाई कराने तथा वार्ड 4 जे जे पुरम कॉलोनी निवासी राजेंद्र शर्मा ने कॉलोनी में साफ सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिए जिस पर नगरायुक्त ने तत्काल क्षेत्रीय सफाई निरीक्षकों व सफाई मित्रों को भेजकर सफाई कराते हुए समस्या का समाधान कराया।

इसके अतिरिक्त काशीराम कॉलोनी दिल्ली रोड की रेनू ने कॉलोनी में चौक हुयी पाइप लाइन खुलवाने, वार्ड 23 शहीद गंज निवासी लव पचनंदा ने शहीद गंज में दोनों साइड से अतिक्रमण हटवाने, वार्ड 35 बंदरोवाला बाग निवासी दीप चंद ने बंदरों वाला बाग वाल्मिकी बस्ती में खराब पड़ी लाईट ठीक कराने तथा वार्ड 13 नानकपुरम जनता रोड निवासी प्रवीण कुमार ने भी नानकपुरम में पाइप लाईन ठीक कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर नगरायुक्त ने सम्बंधित अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अपर नगरायुक्त प्रदीप कुमार यादव, मृत्युंजय, सहायक नगरायुक्त जे पी यादव सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

वार्षिकोत्सव में स्कूली बच्चों ने दी मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। महानगर की प्रमुख शिक्षण संस्था सैंट मैरीज स्कूल के वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन करते हुए सामाजिक एकता का संदेश दिया। चिलकाना रोड स्थित सैंट मैरीज स्कूल के वार्षिक उत्सव का शुभारंभ कमिश्नर डॉ.रुपेश कुमार, मेयर डॉक्टर अजय कुमार सिंह, डिप्टी कमांडेंट कर्नल राजेन्द्र सिंह यादव ने सरस्वती माता के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में बच्चों ने सामाजिक संदेश, देश भक्ति व योग से जुड़े हुए कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इसके बाद बायोग्राफी एपीजे अब्दुल कलाम, पद्मावत एक्ट, चक दे इंडिया, झांसी की रानी ने दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों द्वारा मेधावी बच्चों का भी सम्मान किया गया। कमिश्नर डॉ रुपेश कुमार ने कहा कि आज के समय में बच्चों सम्मान के जरिये मनोबल बढ़ाना बहुत आवश्यक है और इस तरह के कार्यक्रमों के जरिए सामाजिक संदेश देकर लोगों को जागरूक करना भी जरूरी है। मेयर डॉक्टर अजय कुमार सिंह ने कहा कि बच्चों द्वारा जो मंच पर अद्भुत प्रदर्शन किया गया है वह काबिले तारीफ है इससे अन्य बच्चों को भी प्रेरणा मिलती है।

चौ.चरण सिंह की जयंती पर हवन कर की गोष्ठियां आयोजित

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। किसानों के मसीहा व पूर्व प्रधानमंत्री चौ.चरण सिंह की 123वीं जयंती जनपद में विभिन्न सामाजिक व राजनैतिक संगठनों द्वारा किसान सम्मान दिवस के रूप में मनायी गयी तथा गोष्ठियों का आयोजन कर उनके आदर्शों व सिद्धान्तों के अनुसरण करने का आह्वान किया गया। आर्य जाट कल्याण समिति द्वारा जाट भवन में आयोजित कार्यक्रम में विपिन शास्त्री द्वारा यजामान अशोक सिंह एवं रेनू सिंह द्वारा यज्ञ संपन्न कराया गया। तत्पश्चात संगोष्ठी को संबोधित करते हुए आर्य जाट कल्याण समिति के जिलाध्यक्ष चौ.बख्तावर सिंह ने कहा कि समाज के बच्चों को चौधरी साहब के विचारों से अवगत कराकर जीवन में उच्च शिक्षा तथा समाज को आगे बढ़ाने की सोच विकसित करनी होगी। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि बिजेंद्र सिंह प्रमुख ने चौधरी साहब के जीवन से सादगी, ईमानदारी तथा सच्चाई धारण करनी चाहिए। इस अवसर पर समाज की विभिन्न बिरादरियों को एकजुट करने के लिए गुर्जर समाज के जिलाध्यक्ष नवाब सिंह गुर्जर ने कहा कि चौधरी चरण सिंह सभी किसानों, मजलूमों के नेता थे, उन्होंने किसान, गरीबों के उत्थान के लिए जीवन भर कार्य किए। चौधरी रामदास गुर्जर के पौत्र हिमांशु ने भी चौधरी साहब को पुष्प अर्पित करते हुए उनके सिद्धान्तों पर चलने का आवाहन किया। इस अवसर पर अशोक सिंह, रणबीर सिंह, रविन्द्र मलिक, पुष्पेंद्र चौधरी, सतेंद्र सोलंकी, रामवीर सिंह, धीरज सिंह, चंद्रपाल सिंह, नरेंद्र सिंह, स्वतंत्र चौधरी, भगत सिंह, धीर सिंह, रामकुमार, वीर सैन सिद्धू आदि मौजूद रहे। इसके अलावा राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ताओं ने अस्पताल चौक स्थित चौधरी साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के पश्चात जिला कार्यालय पर हवन यज्ञ किया। तत्पश्चात विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष शाह जमा खान एवं प्रदेश महासचिव चौधरी धीर सिंह ने कहा कि चौधरी साहब ईमानदारी एवं सादगी की जिंदा मिसाल थे उन्होंने जीवन भर गांव गरीब देहात किसान मजदूर के उत्थान के लिए अनेकों योजनाएं एवं कानून बनाए। इस दौरान प्रदेश सचिव चौधरी अयूब हसन, रमेश चौहान, महावीर सैनी, मनोज वर्मा, प्रधान जसमेर सिंह, चौधरी गजेंद्र सिंह, चौधरी यशवीर सिंह, ठाकुर मूलचंद सिंह, विशाल काम्बोज, पंडित दिनेश शर्मा, पार्षद पति भूरा मलिक, मंजुल चावला, राव इरफान, प्रवेश कश्यप, शहजाद मलिक आदि उपस्थित रहे। उधर, हकीकत नगर स्थित आर्य समाज मंदिर में चौधरी चरण सिंह विचार मंच द्वारा आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने चौ.साहब द्वारा देश व जनता के हित में कार्यो का बखान करते हुए उनके आदर्शों व सिद्धान्तों से प्रेरणा लेने की अपील की। गोष्ठी को प्रदेश संयोजक रजनीश चौहान, पूर्व प्रधानाचार्य नाथी राम काम्बोज व पूर्व विधायक वीरेंद्र ठाकुर ने भी संबोधित किया। विचार गोष्ठी में आचार्य चौधरी अर्जुन सिंह, वीरेंद्र शास्त्री, सत्यपाल सिंह चौहान, सतीश कुमार गर्ग, प्रवक्ता सचिन चौधरी, अंजुम, विनोद पुंडीर, कुलभूषण जैन, पुष्पेंद्र प्रधान अभिषेक चौहान अमरीश, महिपाल सिंह ताजपुर एडवोकेट सत्येंद्र सिंह तोमर, अमरपाल सिंह तोमर, नरेश कुमार राकेश कुमार, रानी इरफान, धनवीर आदि उपस्थित रहे।

कफ सिरप कांड : 50 हजार के इनामी शुभम समेत चार के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी

- शुभम के अलावा अब तक 50 गिरफ्तारी हो चुकी है
- शुभम के अलावा 3 अन्य आरोपियों के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी हुआ

अवधनामा ब्यूरो

वाराणसी। कोडीनयुक्त कफ सिरप मामले में कमिश्नरेट पुलिस की अब तक की सबसे बड़ी हुई है। मास्टरमाइंड 50 हजार के इनामी शुभम जायसवाल समेत इस केस के बाकी अभियुक्त आकाश पाठक, दिवेश जायसवाल और अमित जायसवाल के खिलाप सोमवार को लुकआउट नोटिस जारी किया है।

डीसीपी काशी जोन गौरव वंसवाल ने बताया कि 50 हजार के इनामी शुभम समेत चारों के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी किया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए भी टीमें दबिश दे रही हैं।पुलिस के अनुसार खरीद बिक्री में शामिल आरोपियों के बारे में ड्रग विभाग से जानकारियां जुटाई जा रही हैं। वित्तीय धोखाधड़ी और आपराधिक मामलों में भी इन चारों की गिरफ्तारी के लिए लुक आउट सर्कुलर जारी किया जा चुका है।

डीसीपी ने बताया कि कोतवाली थाने में आकाश पाठक, देवेश और अमित जायसवाल के बारे में टीम को जानकारी मिली है, कि यह तीनों शुभम के लिए काम करते थे। शुभम के साथ ही रहते थे।शुभम के साथ दिन भर रहना,खाना-पीना और उसके हर वित्तीय मामलों में इनकी सीधी दखल थी। आकाश को बैंकिंग संबंधित कागजात और फर्जी फर्जी फार्म खुलवाने की जिम्मेदारी दी गई थी। शुभम का सबसे करीबी गोलघर मैदागिन निवासी आकाश पाठक है। जो शुभम के लिए फर्म का पंजीकरण कराने का जिम्मा संभालने वाला देवेश जायसवाल और अमित जायसवाल फरार है। यह लोग शहर के कई नए युवकों के नाम से फर्म और खाता खुलवाते थे। यह जानकारियां देवेश और अमित अपने पास रखते थे। इसके एवज में इन युवकों को हर महीने 40 से 50 हजार का भुगतान भी होता था।

पुलिस जांच में यह सामने आया है, कि झारखंड, रांची की फर्म शैली ट्रेडर्स के कर्ताधर्ता शुभम जायसवाल,देवेश जायसवाल,अमित जायसवाल और आकाश पाठक इसमें शामिल हैं। सभी आरोपी अभी फरार हैं। वही आदमपुर के प्रहलाद घाट के कायस्थ टोला निवासी आरोपी शुभम जायसवाल की गिरफ्तारी को लेकर कमिश्नरेट की एसआईटी,यूपी एसटीएफ और एंटी नारकोटिक्स की टीम ने जगह-जगह दबिश दी। पुलिस शुभम को दुबई, कोलकाता, दिल्ली, उत्तराखंड में ठिकाना बनाए जाने की चर्चाएं हैं। झारखंड रांची की शैली ट्रेडर्स के प्रोपराइटर भोला प्रसाद और शुभम जायसवाल समेत 38 फर्मों के खिलाफ कोतवाली थाने में एनडीपीएस, धोखाधड़ी समेत अन्य आरोपों में प्राथमिकी दर्ज है। इस कांड में वाराणसी के अलावा सोनभद्र, जौनपुर, चंदौली के अलावा गाजियाबाद में शुभम के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज है। अब देश के सभी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट और बंदरगाहों पर आरोपियों की गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी।

शुभम ने रेल मंत्री से शिष्टाचार भेंट की

वाराणसी। हरिश्चंद्र डिग्री कॉलेज के छात्रसंघ के पूर्व महामंत्री एवं अधिवक्ता डॉ.शुभम कुमार सेठ ने दिल्ली स्थित रेल भवन में रविवार को केंद्रीय जल एवं रेल राज्यमंत्री श्री वी. सोमन्ना से शिष्टाचार भेंट की इस अवसर डॉ.शुभम ने वाराणसी की महान आध्यात्मिक परंपरा का प्रतीक बाबा श्री काशी विश्वनाथ जी का पवित्र अंगवस्त्र और स्मृति-चिह्न भेंट की। वही रेल मंत्री ने भारतीय रेल में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों,आधुनिक सुविधाओं के विस्तार,सुरक्षा उपायों की मजबूती तथा आने वाली बड़ी परियोजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की। शुभम कुमार सेठ ने वाराणसी सहित पूर्वांचल क्षेत्र की रेल आवश्यकताओं, यात्रियों की समस्याओं, कनेक्टिविटी,स्टेशन उन्नयन और नई सेवाओं से जुड़े जनसरोकारों को मंत्री महोदय के समक्ष रखा। मंत्री श्री सोमन्ना जी ने सभी मुद्दों को गंभीरता से सुनते हुए आवश्यक कदम उठाने और सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया।

महागिरजा में तीन दिनों तक लगेगा क्रिसमस मेला, 25 दिसंबर से शुरुआत

अवधनामा ब्यूरो

- चर्च परिसर में कठपुतली नृत्य, बाइबिल प्रदर्शनी, क्रिसमस ट्री, सेल्फी पॉइंट रहेंगे मुख्य आकर्षण

वाराणसी। प्रभु यीशु के जन्मदिवस को क्रिश्चियन समुदाय के लोग धूमधाम से मनाने की तैयारी में जुटे हैं। इस बार मसीही विश्व शांति के संदेश के साथ क्रिसमस की खुशियां बांटेंगे। काशी धर्म प्रांत के महागिरजा कैंटोनमेंट में तीन दिनों तक क्रिसमस मेला लगेगा।

25 दिसंबर को दोपहर एक बजे मेले की शुरुआत होगी। बता दे की 24 दिसंबर की रात से महागिरजा में प्रार्थना शुरू हो जाएगी। जो रात 10:30 बजे से लेकर देर रात एक बजे तक प्रभु यीशु की आराधना की जाएगी। ये जानकारी बिशप फादर यूजीन जोसेफ, पुरोहित फॉदर जान अब्राहम और फादर थॉमस ने बिशप हाउस में रविवार को पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि क्रिसमस पर महागिरजा में तीन दिनों तक मेला लगेगा। 25 दिसंबर को सुबह आठ बजे से प्रार्थना सभा होगी। दोपहर एक बजे से मेले का शुभारंभ होगा। चर्च परिसर में प्रभु यीशु के जीवन पर आधारित झांकियां सजी हैं,जो सभी को लुभाएंगी। बच्चों के लिए पपेट शो व नौटंकी होगी जिसमें प्रभु यीशु के जीवन दर्शन का संदेश होगा। चर्च परिसर में कठपुतली नृत्य,बाइबिल प्रदर्शनी, क्रिसमस ट्री, सेल्फी पॉइंट व क्रिसमस गांव की झांकी सजाई गई है। क्रिसमस उत्सव का समापन दो जनवरी को सेंट जॉन स्कूल बरेका में विकलांगों के विविध कार्यक्रमों के साथ होगा।

अन्ना पशुओं से दुर्घटना पर किसान को दिया जाए 25 लाख रुपये : ब्रजभूषण

महोबा। चरखारी विधायक डा. ब्रजभूषण राजपूत ने किसानों के हित में एक बड़ा मामला सदन में उठाया है जिसमें अन्ना पशुओं से कारण दुर्घटना में मृतक होने वाले किसानों को 25 लाख तक का मुआवजा दिलाए जाने की सिफारिश की है तथा सदन के समक्ष प्रश्न रखते हुए अनुदान राशि पर विचार किए जाने का सवाल रखा है।

किसानों की लड़ाई मजबूती के साथ लड़ने वाले पूर्व सांसद गंगाचरण राजपूत द्वारा किसानों की फसलों के बीमा कराने से लेकर बीमा की राशि दिलाए जाने तक की लड़ाई लड़ी और किसानों को उनका हक दिलाया। वहीं वर्तमान में पूर्व सांसद एवं चरखारी विधायक डॉ. बृजभूषण राजपूत द्वारा प्रधनमन्त्री फसल बीमा योजना में हुए घोटाला का पर्दाफाश करते हुए प्रशासन पर दबाव बनाते हुए करीब 280 लोगों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करायी गयी है। उन्होंने सदन मे सवाल रखा क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में अपने खेतों की रखवाली कर रहे किसानों की अन्ना पशुओं से दुर्घटना में मृत्यु पर मृतक किसान परिवार के सदस्यों को 25 लाख रुपए तक तथा परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने पर सरकार विचार करेगी?

पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह के जन्मदिवस पर सेवा योजन कार्यालय में कृषि मेला व प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

- पूर्व प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर किसानों को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता

महोबा। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह के जन्मदिवस पर मंगलवार सेवा योजन कार्यालय परिसर में कृषि मेला और प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। पूर्व प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर किसानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। परिसर में लगाई गई कृषि प्रदर्शनी का भ्रमण कर जिलाधिकारी गजल भारद्वाज और मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष संतोष चौरसिया ने जायजा लिया साथ ही प्रदर्शनी में लगाए गए उपकरणों के बावत जानकारी भी ली।

कृषि विभाग के तत्वावधान में आत्मा योजना एवं एनएमईओओएस योजनान्तर्गत आयोजित कृषि मेला, कृषि प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मेले का शुभारम्भ मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष डा. संतोष चौरसिया, जिलाधिकारी गज़ल भारद्वाज, मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम के मौके पर उपकृषि निदेशक राम सजीवन ने विभागीय योजनाओं की प्रगति प्रेषित करते हुए संचालित योजनाओं की जानकारी दी। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम में जनपद में विभिन्न फसलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अधिक उत्पादन लेने वाले कृषकों को प्रशस्ति पत्र एवं अंग वस्त्र देकर कृषकों को सम्मानित किया गया। जिला परीक्षण प्रयोगशाला के प्रभारी जितेन्द्र कुमार शुक्ला ने कृषकों को मृदा परीक्षण की जानकारी उपलब्ध करायी गयी। डॉ. हरी प्रकाश नामदेव विभाग में संचालित सोलर पम्प योजना और अन्य योजनाओं की जानकारी दी गयी। बृम्हा कुमारी बहिन सुधा जी द्वारा कृषकों को शास्वत योगिक खेती की जानाकरी दी गयी। कृषक बालेन्द्र कुमार ने किसानों को गौ-आधारित प्राकृतिक खेती योजना की जानकारी दी।

सड़क पर टहलता दिखा लकड़बग्घा, वन विभाग ने पिंजरे में किया कैद

अवधनामा संवाददाता

महोबा। ग्रामीण क्षेत्रों में आतंक का पर्याय बने एक जंगली लकड़बग्घे (हायना) को वन विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद पिंजरे में कैद कर लिया। इस हिंसक जानवर के पकड़े जाने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। वन विभाग अब इसे घने जंगल में छोड़ने की तैयारी कर रहा है।

कबरई विकासखंड के सिरसी कलां, गहरा और कहरा सहित आसपास के गांवों में यह लकड़बग्घा मुख्य सड़कों, खेतों और रिहायशी इलाकों के पास घूमता देखा जा रहा था। बीच सड़क पर टहलते लकड़बग्घे का एक वीडियो भी सामने आया था, जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल बन गया था। दहशत के कारण किसान अपनी फसलों की सुरक्षा नहीं कर पा रहे थे। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही रेंज ऑफिसर राजू श्रीवास के नेतृत्व में वन कर्मियों की एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने सिरसी कलां और आसपास के गांवों में घेराबंदी कर लगातार निगरानी रखी। आखिरकार, दो दिन के भीतर इस खतरनाक जानवर को पिंजरे में कैद कर लिया गया। वन विभाग के रेंजर ने बताया कि सिरसी कलां से एक हिंसक जंगली जानवर के गांव की सड़क पर दिखने की सूचना मिली थी। उन्होंने मुख्यमंत्री के निर्देशों का हवाला दिया, जिसमें मानव जीवन के लिए खतरा बन रहे जंगली जानवरों को तत्काल पकड़ने के आदेश दिए गए हैं।

यूरिया खाद की अधिक मूल्य पर बिक्री किए जाने से नाराज़ किसानों ने डीएम को सौंपा शिकायती पत्र

- जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर किसानों ने यूरिया खाद की कालाबाजारी रोके जाने की उठाई मांग

अवधनामा संवाददाता

महोबा। यूरिया खाद की कालाबाजारी और निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर बिक्री किए जाने से नाराज दर्जनों किसानों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर विरोध जताया, बाद में जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर यूनिया खाद की कालाबाजारी रोके जाने की मांग की साथ ही कालाबाजारी करने वाले दुकानदारों के खिलाफ जांच कर कार्रवाई किए जाने की बात कही। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही कार्रवाई नहीं की गई तो किसान आंदोलन करने को मजबूर हो जाएंगे, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

विकासखंड जैतपुर क्षेत्र में यूरिया खाद की खुलेआम कालाबाजारी हो रही है। किसानों को दो से तीन गुना कीमत पर खाद खरीदनी पड़ रही है, इससे किसानों में आक्रोश पनप रहा है। बुधवारा गांव के दो दर्जन से ज्यादा किसानों ने यूरिया खाद की किल्लत को लेकर जिला मुख्यालय में कलेक्ट्रेट परिसर में नारेबाजी कर जोरदार तरीके से प्रदर्शन किया बाद में जिलाधिकारी से मुलाकात कर यूरिया खाद की कालाबाजारी को रोके जाने के साथ दोषियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि शिकायत के बाद भी प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो किसान आंदोलन के लिए मजबूर हो जाएंगे। यूरिया खाद की कालाबाजारी से किसानों में खासा गुस्सा दिखाई दिया। किसानों का कहना है कि पहले डीएपी खाद के लिए किसान जूझता रहा अब यूरिया खाद की भी मारामारी मच गई है। शिकायती पत्र देने वालों में प्रमोद, परमेश्वरी दयाल, अजय सिंह, पप्पू अहिरवार, अजेंद्र, चरन सिंह, किशन सहित तमाम किसान शामिल हैं।

सपा ने किसान दिवस के रूप में मनाई चौधरी चरण सिंह की जयंती

अवधनामा संवाददाता

फर्रुखाबाद। आज समाजवादी पार्टी फर्रुखाबाद के जिला कार्यालय में आज भूतपूर्व प्रधानमंत्री और गांव गरीब तथा किसानों के नेता के रूप में विख्यात चौधरी चरण सिंह जी की जयंती के अवसर पर किसान दिवस के रूप में मनाई गई इस दौरान पार्टी जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में उपस्थित वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर देश तथा समाज में उनके द्वारा किए गए योगदान पर चर्चा की, इस दौरान किसान दिवस कार्यक्रम के प्रभारी एवं जिला उपाध्यक्ष अजीत यादव ने पार्टी कार्यालय में पांच किसानों को सम्मानित कर सर्दी के मौसम को देखते हुए गरीब महिलाओं को कंबल वितरण किए।

इस दौरान जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि श्रद्धेय नेताजी चौधरी साहब को अपना गुरु मानते थे और उन्हीं के मार्गदर्शन में उन्होंने इस प्रदेश में पहचान बनाई थी चौधरी साहब के बताए हुए रास्ते पर चलकर ही नेताजी जीवन भर किसने की बात करते रहे और इसी वजह से नेताजी को धरती पुत्र कहा गया नेताजी सदैव यह कहा करते थे, देश की खुशहाली का रास्ता किसान की झोपड़ी से तय होगा, जब तक किसान खुशहाल नहीं होगा तब तक देश खुशहाल नहीं हो सकता। उर्मिला राजपूत ने कहा कि चौधरी साहब किसानों के नेता थे और उन्होंने पूरे जीवन किसानों की आवाज को बुलंद किया, एक समय था जब सरकारें जय जवान जय किसान का नारा लगाया करती थीं, आज का समय है जब किसान समस्याओं को लेकर जिम्मेदारों के पास जाने की कोशिश करता है तो उनके रास्ते में रुकावट पैदा करने के लिए जवानों को खड़ा कर दिया जाता है।

महिला सम्मान से किसी भी तरह का समझौता मंजूर नहीं : उर्मिला राजपूत

अवधनामा संवाददाता, फर्रुखाबाद। विगत दिनों डॉक्टरों के नियुक्ति-पत्र वितरण कार्यक्रम में बिहार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा एक मुस्लिम महिला का नकाब खींचा गया था, उस विवादास्पद इस स्थिति को भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह और उत्तर प्रदेश में मंत्री संजय निषाद ने अभद्र बयान देकर और बढ़ावा दिया, इस बात को लेकर समाजवादी महिला सभा का गुस्सा आज सड़कों पर दिखाई दिया उत्तर प्रदेश महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव के आवाहन पर आज प्रदेश भर में प्रत्येक जिले में महिला सभा द्वारा महिला सम्मान मार्च निकाल संबंधित जिले के जिलाधिकारी को ज्ञापन देने के कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई थी इसी क्रम में फर्रुखाबाद जिले की सपा महिला सभा की पदाधिकारी महिलाएं पूर्व विधायिका उर्मिला राजपूत एवं महिला सभा की जिलाध्यक्ष सुलक्षणा सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाएं सड़क पर उतरीं एवं जिलाधिकारी फर्रुखाबाद को ज्ञापन सौंपा।

वाहिद खान इमाम हुसैन हसन साहव व बड़े पीर साहब अली शेरे खुदा की जियारत के लिए रवाना हुए



समीउल्लाह खान ब्यूरो चीफ

फर्रुखाबाद। उद्योग व्यापार मंडल कम्पिल नगरध्यक्ष नोहिल खान पापा एवं पत्र का समीउल्लाह खान के मामा प्रमुख समाजसेवी वाहिद खान आज 10 दिन की जियारत के लिए रवाना हुए जिनको फूल मालाएं पहना कर विदा किया गया 24 दिसंबर की रात में दिल्ली इंदिरा गांधी एयरपोर्ट से रवाना होंगे और 25 दिसंबर को सुबह बगदाद शरीफ बड़े पीर साहब की मजार की जियारत करेंगे और वहां 5 दिन रुकने के बाद 3 दिन के लिए कर्बला शरीफ में इमाम हुसैन साहब इमाम हसन साहव के मजार व शहीदो के मजारो की जियारत करने के बाद दो दिन अली शेरे खुदा के रोजे मुबारक पर की जियारत करेंगे जियारत करने के बाद 5 जनवरी को फ्लाइट से वापस आएंगे

विदाई समारोह के मौके पर पूर्व सपा नगर अध्यक्ष कबीर खान आजम खान पत्रकार समीउल्लाह खान भाजपा नेता किशनू चतुर्वेदी नोहेल खान फतेह खान आदम जया उल्लाह खान उल्लाह खान अकमल खान सहरोज खान आहिल खान ताहिर खान शाहिद खान हमजा खान सहित सैकडो लोग मौजूद रहे।

कंटेनर ने मारी बाइक में टक्कर, चाचा की मौत, भतीजा घायल

अवधनामा ब्यूरो, कुशीनगर। घर से बाजार जा रहे बाइक सवार चाचा भतीजा को कसया से तमकुहीराज की ओर जा रहे तेज रफ्तार कंटेनर ने टक्कर मार दिया। दुर्घटना में पीछे बैठे 80 वर्षीय चाचा की मृत्यु हो गई तो बाइक चला रहे भतीजे को हल्की चोट आई। कंटेनर छोड़ कर चालक मौके से फरार हो गया, पुलिस नंबर के आधार पर चालक व वाहन स्वामी के बारे में पता कर रही है।

फोरलेन के बघौचघाट चौराहे के समीप मंगलवार की दोपहर दो बजे हुई इस दुर्घटना के चलते कुछ देर के लिए जाम लग गया। तुर्कपट्टी के बेलवा तीरमासाहुन निवासी 80 वर्षीय गौरी शंकर ठाकुर अपने भतीजा धनंजय के साथ घर से फाजिलनगर बाजार किसी कार्य से आ रहे थे। दोनों फोरलेन के बघौचघाट चौराहे के समीप सड़क पार कर रहे थे कि तेज रफ्तार कंटेनर ने बाइक में टक्कर मार दी। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस कंटेनर को कब्जे में ले लिया। चौकी प्रभारी मनोज कुमार वर्मा ने बताया कि तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

हिंदू महा सम्मेलन को लेकर निकाली गई बाईक रैली

अवधनामा संवाददाता, गोरखपुर। नगर पंचायत घघसरा मे आगामी 25 दिसंबर को होने वाले हिंदू महा सम्मेलन को सफल बनाने के लिए विशाल बाईक रैली निकाली गई। यह बाईक रैली तिलौरा से प्रारंभ होकर नेउसा, थरुआपार, जेठू नगर, जयराज नगर, घघसरा बाजार, डुमरी, हासपाटी, पनिका, नचनी, कुसम्हा होते हुए घघसरा कार्यक्रम स्थल पर पहुची। रैली के दौरान लोगो से बड़ी संख्या मे हिंदू महा सम्मेलन मे पहुँचने की अपील की गई। प्रचारक पवन त्रिपाठी ने बताया की इस सम्मेलन के मुख्य अतिथि आरएसएस के गोरक्ष प्रांत के प्रांत प्रचारक रमेश जी रहेंगे। रैली के दौरान चेयरमैन प्रभाकर दुबे, राजेश पांडे, जितेंद्र तिवारी, राघवेंद्र सिंह, रमेश मद्धेशिया, पिंटू सिंह ,कृष्ण मोहन, पद्मनाभ त्रिपाठी, अमरेंद्र त्रिपाठी, गोविंद, राना, अनिल, राजन मिश्र, दिलीप सैनी, हरिकेश सहित बड़ी संख्या मे लोग मौजूद रहे।

ठंड में मानवता की मिसाल बने थाना प्रभारी सहजनवा

गोरखपुर । सहजनवा थाना प्रभारी महेश चौबे ने कहा कि ठंड के मौसम में कोई भी व्यक्ति असहाय अवस्था में सड़क पर न सोए, इसके लिए पुलिस प्रशासन लगातार प्रयासरत है। जरूरतमंदों की मदद आगे भी जारी रहेगी। पुलिस की इस सराहनीय पहल से क्षेत्र में सकारात्मक संदेश गया है और स्थानीय लोगों ने थाना प्रभारी व पुलिस टीम के इस कार्य की सराहना की है।

मतदाता सूची में नाम बढ़ाने के लिए शिकायत

गोरखपुर । सहजनवा तहसील क्षेत्र ग्राम पंचायत बनौड़ा में बीएलओ के लापरवाही से 150 मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में नाम दर्ज नहीं हो सका है। जिसको लेकर बनौड़ा निवासी कुंदन सिंह पुत्र रामेश्वर सिंह ने उपजिलाधिकारी सहजनवा से शिकायत कर नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने की मांग किया है। आरोप है कि ग्राम पंचायत में तैनात बीएलओ को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए 150 लोगों का फार्म जमा कराया गया था। लेकिन अभी तक बीएलओ की लापरवाही से नाम सूची में दर्ज नहीं हो पाया है। इस संदर्भ में उपजिलाधिकारी सहजनवा केशरी नंदन तिवारी ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है बीएलओ से बात कर छूटे नाम को सूची में दर्ज कराया जायेगा।

सकलडीहा डिग्री कॉलेज का चुनाव स्थगित

अवधनामा ब्यूरो, वाराणसी। सकलडीहा डिग्री कॉलेज समिति सकलडीहा चंदौली के प्रबंध समिति की एक आवश्यक बैठक पूर्व प्रबंधक कैंप कार्यालय पर संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मत से निर्णय लिया गया कि दिसंबर माह में होने वाले प्रबंध समिति का चुनाव अगली सूचना तक अथवा तीन माह बाद करने का निर्णय लिया गया। उपस्थित सदस्यों ने यह भी निर्णय लिया कि इस सूचना से अन्य सदस्यों को अवगत कर दिया जाए ताकि परेशानी न हो।बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने किया।

पांच वाहन चालक शराब के नशे में वाहन चलाते पाए गए

वाराणसी। परिवहन विभाग एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से नशे में वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इसका मुख्य उद्देश्य यातायात सुरक्षा को सुदृढ़ करने एवं दुर्घटनाओं में कमी लाना,इस संयुक्त चेकिंग अभियान का नेतृत्व सुधांशु रंजन,ए.आर.टी.ओ. प्रवर्तन तथा सोमवीर सिंह,ए.सी.पी. ट्रैफिक द्वारा किया गया। अभियान के दौरान कुल 50 से अधिक वाहनों की जाँच की गई, जिसमें चालकों का ब्रीथ एनालाइज़र के माध्यम से परीक्षण किया गया। जाँच के दौरान 5 वाहन चालकों को शराब के नशे में वाहन चलाते हुए पाए जाने पर उनके विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम की धारा 185 के अंतर्गत चालान की कार्रवाई की गई।

109 रनों से वाराणसी को शिकस्त देकर फाइनल में पहुंची अयोध्या की टीम

- स्व. कृष्णा साहा व स्व. विमलेश मल्ल की स्मृति में 18वें वर्ष आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का तीसरा दिन

खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते डॉ. कमलेश वर्मा, सपा नेता विजेंद्र पाल यादव, भाजपा नेता कृष्ण मुरारी जायसवाल व अन्य

अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। पडरौना शहर के उदित नारायण पीजी कॉलेज के खेल मैदान में पडरौना क्रिकेट क्लब द्वारा स्व.कृष्णा साहा और स्व. विमलेश मल्ल की स्मृति में 18वें वर्ष आयोजित ऑल इंडिया क्वालिटी टीवीएस कप क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दिन मंगलवार को ग्रुप-ए का सेमीफाइनल मैच अयोध्या और वाराणसी के बीच खेला गया। इसमें अयोध्या की टीम ने वाराणसी को 109 रनों के बड़े अंतर से पराजित कर फाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया। अयोध्या की तरफ से गेंदबाजी करते हुए चार विकेट हासिल करने वाले आशुतोष को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

अयोध्या के कप्तान आशुतोष ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। सलामी बल्लेबाजों के बीच शुरुआती ओवरों में 39 रनों की साझेदारी भी हुई। लेकिन, जब 39 के स्कोर पर विकास के रूप में पहला विकेट गिरा तो वैभव तिवारी ने पारी को संभाल लिया। 53 रन के स्कोर पर अयोध्या का दूसरा विकेट वैभव के रूप में गिरा। इसके बाद खेलने आये गौतम और शुभम पांडेय के बीच हुई अच्छी साझेदारी ने टीम को मजबूत स्थिति में लाकर खड़ा कर दिया। निर्धारित 25 ओवर के मैच में 23वें ओवर की गेंदबाजी के दौरान अयोध्या की टीम 183 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। इसमें शुभम ने 38 गेंद पर 59 रन, विजय साहनी ने 25 गेंद पर 29 रन, गौतम ने 12 गेंद पर 23 रन और विकास ने 19 गेंद पर 20 रनों का सर्वाधिक योगदान दिया। वहीं, वाराणसी की तरफ से गेंदबाजी करते हुए शौजाब और आदित्य ने तीन-तीन, आनंद और गौरव ने दो-दो विकेट चटकाएं। लक्ष्य का पीछा करने उतरी वाराणसी टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और पहले ओवर की गेंदबाजी में ही शून्य के स्कोर पर दो विकेट गिर गए। इसके बाद पूरी टीम दबाव में आ गई। 24 के स्कोर पर वाराणसी की ओर से मध्य क्रम में आने वाले बल्लेबाज भी आउट होकर पवेलियन में लौट गए। 15वें ओवर की गेंदबाजी में वाराणसी की टीम महज 74 रन के स्कोर पर ऑल आउट हो गई। इसमें शौजाब हुसैन ने 15 गेंदों में 19 रन और महंथ ने 14 गेंदों में 17 रन का योगदान दिया। इनके अलावा कोई भी बल्लेबाज दहाई के अंक को भी हासिल नहीं कर सका। दूसरी तरफ, अयोध्या की ओर से गेंदबाजी करते हुए आशुतोष ने चार, अभिषेक और वैभव ने दो-दो, मोहम्मद आमिर और धनंजय ने एक-एक विकेट हासिल किया। चार विकेट लेने वाले अयोध्या के कप्तान आशुतोष को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। अंपायर अफरोज राजू और अतुल राव रहे। कमेंट्री प्रिंस तिवारी व अरशद राज ने की। स्कोरिंग बंटी कुशवाहा, अभिषेक गैरी व डिजिटल स्कोरिंग जीतू ने किया। इससे पूर्व मैच का शुभारंभ भाजपा नेता कृष्ण मुरारी जायसवाल, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. कमलेश वर्मा, आलोक श्रीवास्तव, उग्रेस कुमार, प्रोमिल कुमार, शुभांकर सिंह, अमन कुमार व विक्रम अग्रवाल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस दौरान पूर्व ब्लॉक प्रमुख मन्नू सिंह चंदेल, सतीश साहा, समशेर मल्ल, पाली चौरसिया, मोंटी सालूजा, सज्जाद अली, आजाद अली, वसीम खान, राजन जायसवाल, समीर अग्रवाल, अजय साहा, लिंकन सिंह, अभय प्रताप सिंह, गोल्डी जायसवाल, पिंटू शाह, मुन्ना अली, गोविंद जायसवाल, राजीव मिश्रा, टुनटुन शुक्ला आदि मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री से मिले हाटा विधायक, क्षेत्रीय विकास के मुद्दों पर किए चर्चा

अवधनामा संवाददाता

हाटा, कुशीनगर। हाटा विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक मोहन वर्मा मंगलवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। इस महत्वपूर्ण मुलाकात के दौरान विधायक मोहन वर्मा ने अपने विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं और चल रहे विकास कार्यों के बारे में मुख्यमंत्री जी को विस्तार से अवगत कराया।

प्रमुख विकास कार्यों पर मंथन के दौरान हाटा के चहुंमुखी विकास को लेकर चर्चा हुई। विधायक ने मुख्यमंत्री जी के समक्ष क्षेत्र की सड़कों, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को और सुदृढ़ करने के प्रस्ताव रखे। मुख्यमंत्री जी ने सभी मुद्दों को गंभीरता से सुना और क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

विकसित भारत-2047 की ओर बढ़ते कदम मुलाकात के बाद विधायक मोहन वर्मा ने सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री का मार्गदर्शन पाकर मैं अभिभूत हूं। उनके आशीर्वाद से हाटा विधानसभा क्षेत्र में विकास की गति तेज हुई है। मुख्यमंत्री जी के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आज विकसित भारत-2047 की संकल्पना को साकार करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

पत्रकारिता की गिरती साख पर इंडियन कौंसिल ऑफ प्रेस की हुई बैठक

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। इंडियन कौंसिल ऑफ प्रेस की एक महत्वपूर्ण बैठक सहादतगंज स्थित स्टार सिटी होटल में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रूपेश श्रीवास्तव ने की जबकि संचालन राजेंद्र कुमार दूबे (राजू) ने किया।बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश सचिव सुबोध श्रीवास्तव ने पत्रकारिता की गिरती साख पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि आज समाज में पत्रकारों को लेकर गलत संदेश जा रहा है, जिसे बदलने की आवश्यकता है। राकेश यादव ने भी इसी मुद्दे पर बोलते हुए कहा कि पत्रकारों की छवि को बेहतर बनाने के लिए संगठित प्रयास जरूरी हैं।आकाश सोनी ने कहा कि आज पत्रकारिता प्रीपेड-पोस्टपेड सिम कार्ड जैसी हो गई है, इस सोच को बदलना होगा। उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एसोसिएशन गठित करने का प्रस्ताव रखा, जिस पर बैठक में सर्वसम्मति से मुहर लगाई गई।ब्रजेश सिंह ने कहा कि पत्रकारों को जागरूक होना चाहिए। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार कानपुर में फर्जी पत्रकारों के खिलाफ अभियान चलाया गया, उसी तरह अयोध्या में भी कार्रवाई होनी चाहिए। धर्मेंद्र सिंह ने सभी पत्रकारों से एकजुट रहने की अपील की।जिलाध्यक्ष रूपेश श्रीवास्तव ने कहा कि बैठक में लिए गए हर निर्णय पर अमल होना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि जनपद में होने वाली प्रत्येक प्रेसवार्ता को तीन श्रेणियों रखा जाए प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और सोशल मीडिया में विभाजित किया जाए।

जिलाधिकारी ने ईवीएम और वीवीपैट वेयरहाउस का किया निरीक्षण

अयोध्या। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने आज कलेक्ट्रेट स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कंट्रोल रूम, स्ट्रांग रूम, रिजेक्टेड यूनिट कक्ष, वीवीपैट कक्ष, सीसीटीवी कैमरा और सुरक्षा व्यवस्था का अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने कहा कि वेयरहाउस में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की ईवीएम और वीवीपैट मशीनें लॉक के भीतर संरक्षित हैं। उन्होंने सुरक्षा के दृष्टिगत स्ट्रांग रूम की सभी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

किसानों का विकास है देश का विकास वंदना उपाध्याय

अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता) श्री परमहंस शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय विद्याकुंड अयोध्या में कृषि मेला का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रामाय ट्रस्ट की अध्यक्ष ,महाविद्यालय की प्रबंधिका श्रीमती वंदना उपाध्याय थी। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने स्टाल लगाकर आयोजन का महत्व बढ़ाया। मुख्य अतिथि ने स्टाल पर जाकर बच्चों से संवाद किया और कृषि कार्यों के लिए विशेष ध्यान देने की जरूरत बताई ।उन्होंने कहा यह दिवस भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और किसान नेता चौधरी चरण सिंह जी की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है। उन्होंने अपने जीवन का अधिकांश समय किसानों के अधिकारों, कृषि सुधारों और ग्रामीण विकास को समर्पित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर सुनील कुमार तिवारी ने कृषि प्रदर्शनी के अवलोकन के दौरान बताया कि इस प्रदर्शनी का उद्देश्य उन्नत फ़सल उत्पादन विधियों और नवीनतम कृषि तकनीक का प्रसार करना, किसानों को परिशुद्ध खेती और फ़सल प्रबंधन जैसी नवीन तकनीकों के बारे में शिक्षित करना है ताकि आधुनिक कृषि पद्धतियों के प्रति उनकी समझ और अपनाने में वृद्धि हो। कृषि विभाग के विभागाध्यक्ष डॉक्टर आर.आर.यादव ने प्रदर्शनी के अवलोकन के दौरान कहा कृषि प्रदर्शनी में बच्चों के स्टाल कृषि के प्रति युवा पीढ़ी की रुचि जगाते हैं, जहाँ वे मिट्टी, बीज, स्थानीय फसलें, जैविक खाद, और छोटे कृषि उपकरण प्रदर्शित कर सकते हैं, पारंपरिक कृषि विधियों और आधुनिक तकनीकों के बीच अंतर समझा सकते हैं, और अपनी छोटी सब्जियों या पौधों के मॉडल के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हैं।

बरोज़ हश्र इलाही मेरा भरम रखना: अजीम

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। बज़्म-ए-अज़ीज़ का मासिक तरही मुशायरा शहर के नबीगंज में बज़्म अध्यक्ष अलहाज नसीर अंसारी के आवास पर आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता जनाब अक़ील ग़ाज़ी पुरी ने की। संचालन का दायित्व हुज़ैल लालपुरी ने बखूबी निभाया। मोहसिन किदवई और लतीफ़ बाराबंकवी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सत्र में उपस्थित सभी कवियों ने बज़्म द्वारा दिया गया मिसरा तरह÷तेरी निगाहे करम का है इंतज़ार मुझे÷ पर एक से बढ़कर एक कविताएं प्रस्तुत कीं। प्रिय कविताएं पाठकों की सेवा भेंट हैं। बहुत अज़ीज़ रहा है तेरा दयार मुझे। यही बनाएगा इक रोज़ बा वक़ार मुझे।। अकील ग़ाज़ीपुरी तवाफ़े दर करूं या रब हवा में उड़-उड़ कर। बना दे कूच-ए महबूब का गुबार मुझे।। हाजी नसीर अंसारी सुपुर्द-ए-ख़ाक किया और हो गए रुख़सत। मोहब्बतें का सिला दे के जां निसार मुझे।। मोहसिन किदवई वो एक लम्हा जो गुज़रा तेरी जुदाई में। तमाम बार किया उसने अश्क बार मुझे।।लतीफ़ बाराबंकवी उठी ही बात चमन में जो हिस्सेदारी की। हमेशा गुल के बजाए मिले हैं ख़ार मुझे।। अज़ीम मशायख़ी बरोज़ हश्र इलाही मेरा भरम रखना। समझ रही है ये दुनिया परहेज़गार मुझे।। हुज़ैल लालपुरी मैं डर रहा हूं कि मग़रुर हो ना जाऊं कहीं। मेरे ख़ुदा तू बुलंदी से दे उतार मुझे।। डॉक्टर रेहान अलवी फ़िदा है मुझ पे दिलो जां से अब मेरे दुश्मन गुलों से बढ़ के मज़ा दे रहे हैं ख़ार मुझे।। तुफ़ैल ज़ैदपुरी क़दम-कदम पे नयी मुश्किलें मक़ाबिल हैं। के वक्त अब नहीं लगता है साज़गार मुझे।। मास्टर शोएब कामिल ख़ुदा के वास्ते खाया ना कीजिए क़स्में तुम्हारी बातों पर यूं भी है ऐतबार मुझे।। सरवर किन्तूरी बिठा के पलकों पर ऐसे ना तू उतार मुझे। तुझे क़सम है ना कर इतना शर्मसार मुझे।। आरिफ़ शहाबपुरी लगे बहार का मौसम तेरे बगैर ख़ज़िां। जो तू हो साथ ख़ज़िां भी लगे बहार मुझे।। बशर मसौलवी मेरी कमाई में इतनी ख़ुदा करे बरकत। किसी से कुछ भी न लेना पड़े उधार मुझे। नज़र मसौलवी मिला है जब से किसी अजनबी का प्यार मुझे। ख़ज़िां भी लगने लगी अब नयी बहार मुझे।।

ग्रामीणों को बिजली बिल राहत न मिलने पर भाकियू ने पावर हाउस घेरा

अवधनामा संवाददाता

मसौली बाराबंकी। बिजली बिल राहत योजना में एक समान उपभोक्ताओं को लाभ न मिलने पर भाकियू ने घेरा पावर हाउस। आपको बता दे पूरा मामला उपकेंद्र मसौली जनपद बाराबंकी का है जिसमें 1दिसंबर माह 2025 से 28 फरवरी 2026 तक बिजली बिल राहत योजना तहत उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देने की बात कहीं जा रही है जबकि धरातल पर लगभग 50त्न उपभोक्ता को बिजली बिल में छूट ना मिल पाने के कारण उपभोक्ताओं में काफी आक्रोश देखने को मिला एक तरफ शासन द्वारा लागू राहत योजना व बेहद फायदेमंद बढ़कर उपभोक्ताओं के साथ छलावा किया जा रहा जो सिर्फ कागजों पर दिखाकर लुभाने का कार्य हो रहा है जिसमें सुबह से उपभोक्ता उपखंड कार्यालय मसौली में छूट को लेकर भीड़ जमा हो जाती है और छूट न मिलने पर निरसा ही लौटना पड़ता है इन्हीं मामलों को लेकर भारतीय किसान यूनियन भानू के ब्लॉक अध्यक्ष राहुल गुप्ता अपने कार्यकर्ताओं के साथ बिजली पावर हाउस का घेराव किया आक्रोशित किसानों ने लगभग 2 घंटे पावर हाउस पर हंगामा कांटा जिसके बाद उपखंड अधिकारी मसौली व सहायक अभियंता लाल जी मौके पर पहुंचकर समस्या को हल करने हेतु अनुरोध किया और बताया कि समस्या शासन प्रशासन तक पहुंचाई जाएगी और शीघ्र ही समस्या का हाल होने की संभावना है।

ठिठुरन में अपना कपड़ा बैंक गरीबों का बनेगा सहारा : आशीष सिंह

अपना कपड़ा बैंक ने जरूरतमंदों में बांटे कपड़े और खाद्य सामग्री

अवधनामा संवाददाता

रामसनेहीघाट बाराबंकी। तहसील रामसनेहीघाट क्षेत्र के ग्राम पंचायत छंदवल के ग्राम पूरे कोट में मंगलवार को अपना कपड़ा बैंक के लोगों ने जरूरतमंदों में गर्म कपड़े सहित खाद्य सामग्री का वितरण किया। रक्तमित्र के नाम से चर्चित, पर्यावरण प्रेमी व संस्था के अध्यक्ष आशीष सिंह ने बताया कि विगत 5 वर्षों से अपना कपड़ा बैंक द्वारा सर्दी के मौसम में यह कार्य किया जाता है। इसमें लोगों के सहयोग से उपलब्ध कराए गए नये और पुराने कपड़े व कंबल संस्था द्वारा जरूरतमंदों में वितरित किए जाते है। आशीष सिंह ने कहा कि अपना कपड़ा बैंक इस कड़कती ठंड के ठिठुरन में कोई गरीब का तन खुला न रहे इसके लिए लोगों से सहयोग की अपील भी की गई। अपना कपड़ा बैंक अहमदपुर टोल प्लाजा के आसपास व नगर पंचायत रामसनेही घाट के क्षेत्रों में गर्म कपड़े व कंबल उपलब्ध करा रही है। सामाजिक कार्यकर्ता आशीष सिंह ने यह भी बताया कि कोई भी जरूरतमंद उनसे ब्लड की व्यवस्था न होने पर संपर्क कर सकता है। संस्था द्वारा लगभग 50 परिवारों में कपड़े उपलब्ध कराए गए। समाजसेवी अनिल कुमार ने कहा कि आप सभी से अपील है कि कोई भी परिवार या व्यक्ति इस ठंडी में जिसके पास गर्म कपड़े या कंबल उपलब्ध नहीं है उन्हें चिन्हित कर संस्था के मोबाइल नं 9026652679 पर सूचित कर सकते है, संस्था द्वारा उनकी मदद जरूर की जाएगी। इस अवसर पर समाजसेवी अनिल कुमार , सुनील कुमार वर्मा, सुरेंद्र कुमार, मुन्नू, रामकुमार, हीरालाल, जयसिंह व तमाम ग्रामीणजन मौजूद रहे।

अवैध स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता) थाना कुर्सी पुलिस ने अवैध स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार कर जेल भेजा। जानकारी के मुताबिक थाना कुर्सी पुलिस इलाके का भर्मण कर रही थी की तभी मुखबिर द्वारा सूचना मिली की एक व्यक्ति अवैध स्मैक लेकर आने वाला है। जिसके बाद पुलिस ने तस्कर छोटू पुत्र स्व सीताराम रावत निवासी चौहान पुरवा अगासण्ड को 30 ग्राम अवैध स्मैक के साथ धर दबोचा। पुलिस ने अभियुक्त छोटू के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है।

सड़क हादसे मे पत्रकार फरहान खां का निधन, शोक सभा आयोजित

बाराबंकी। युवा तेज तर्रार पत्रकार फरहान खां की सडक हादसे मे दर्दनाक मौत हुई थी। उनके निधन से पत्रकारिता जगत मे कोहराम मंच गया। स्व फरहान खा विकास भवन कर्मचारी अध्यक्ष मुस्तफा खा के भांजे थे। आज मगलवार को मुस्तफा खा के आवास पर एक शोक सभा आयोजित किया। जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों के बुद्धिजीवी वर्ग के लोगों ने हिस्सा लिया शोक सभा में मुस्तफा खां अध्यक्ष विकास भवन कर्मचारी परिषद ने कहा कि फरहान के सड़क हादसे मे निधन होने से समाज के हर वर्ग को गहरा आघात लगा है दिवंगत फरहान बहुत मिलनसार थे वह हमेशा सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे पत्रकारिता जगत से भी उनका गहरा नाता था दैनिक जागरण से उन्होंने पत्रकारिता में कदम रखा था उनकी मिट्टी कब्रिस्तान सिपहिया ग्राम पंचायत मैं हुई मिट्टी में फरहान के चाहने वाले हजारों लोगों ने शिरकत कर दिवंगत फरहान को श्रद्धा सुमन अर्पित किया,शोक सभा में चौधरी शोएब शिबू, इरफान कुरैशी, सगीर नूरी, गौरव वर्मा, सर्व देव श्रीवास्तव, अनिल कुमार श्रीवास्तव लल्लू अकील अहमद अंसारी, संतोष सिंह, बंटी सिंह, मोहम्मद शोएब, अफजाल अहमद हसीब खान, अलीम अहमद आदि शामिल थे।

कोर्ट के आदेश पर दो आरोपितों पर केस

मिठौरा महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता) सिंदुरिया थाना क्षेत्र में झाड़-फूंक व तंत्र-मंत्र के नाम पर कथित ठगी, जेवर लेने और मारपीट का मामला सामने आया है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने दो व्यक्तियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। अरनहवा गांव निवासी बृजेश की शिकायत के अनुसार, आरोप है कि साधु के वेश में आए दो व्यक्तियों ने उसकी पत्नी पर भूत-प्रेत का साया होने का दावा करते हुए झाड़-फूंक के नाम पर कुल 30 हजार रुपये लिए तथा पूजा-पाठ के दौरान मंगलसूत्र व कान की बाली भी साथ ले गए। बाद में रुपये और जेवर मांगने पर गाली-गलौज, मारपीट और धमकी देने का आरोप है। पुलिस के अनुसार, यह मामला न्यायालय के निर्देश पर दर्ज किया गया है और वर्तमान में इसकी विवेचना की जा रही है। जांच के बाद ही तथ्य स्पष्ट होंगे

गन्ना प्रतियोगिता में महाराजगंज के किसान रामअवध चौरसिया अव्वल

सिसवा बाजार (महराजगंज)। (अवधनामा संवाददाता) गन्ना विकास विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित क्षेत्रीय गन्ना प्रतियोगिता समिति, परिक्षेत्र गोरखपुर (सत्र 2024-25) में जनपद महराजगंज के सबया गांव निवासी किसान रामअवध चौरसिया ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम पुरस्कार हासिल किया है। प्रतियोगिता में किसान द्वारा गन्ना की उन्नत प्रजाति -14201 की खेती प्रस्तुत की गई, जिसमें 1138 क्विंटल प्रति हेक्टेयर की उल्लेखनीय उपज दर्ज की गई। इस शानदार उपलब्धि के लिए किसान को ?5000 (पाँच हजार रुपये) का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। गन्ना विभाग के अधिकारियों ने इस सफलता को उन्नत प्रजातियों के प्रयोग, वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों एवं बेहतर कृषक प्रबंधन का परिणाम बताया। साथ ही अन्य किसानों से भी आधुनिक तकनीक अपनाकर उत्पादन बढ़ाने की अपील की गई।

बरेली मे रामकाव्य की गूंज से गूंज उठा चंद्रलोक संस्थान

अवधनामा संवाददाता

बरेली। फरीदपुर रोड स्थित चंद्रलोक इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़ परिसर में श्रीराम भक्ति, काव्य और संस्कारों का अनूठा संगम देखने को मिला। श्रीमती उषा रानी मेमोरियल ट्रस्ट के सहयोग से आयोजित श्रीराम काव्य पाठ प्रतियोगिता में बरेली के 14 प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर प्रभु श्रीराम के आदर्श, त्याग और मर्यादा को शब्दों में जीवंत कर दिया। प्रतियोगिता के दौरान मंच से गूंजते छंदों और कविताओं ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। विद्यार्थियों ने श्रीराम के जीवन, कर्तव्य, पितृभक्ति और संघर्ष को काव्य के माध्यम से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में शामिल प्रमुख विद्यालय एसएसवी इंटर कॉलेज, महाराजा अग्रसेन डिग्री कॉलेज, बरेली कॉलेज, कस्तूरी लाल इंटर कॉलेज फरीदपुर, साहू राम डिग्री कॉलेज, साहू गोपीनाथ इंटर कॉलेज, किशोर चंद इंटर कॉलेज, शांति अग्रवाल इंटर कॉलेज, गुलाब राय इंटर कॉलेज, जय नारायण इंटर कॉलेज सहित अन्य विद्यालयों के प्रतिभागियों ने मंच संभाला।

26 सितंबर हिंसा की आंच तेज़! तौकीर रजा के करीबी वाजिद बेग के मैरिज हॉल पर चला बुल्डोजर

बरेली। (अवधनामा संवाददाता) शहर में प्रशासन ने एक बार फिर सख्त रुख अपनाते हुए अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई की है। बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) की टीम ने भारी पुलिस बल की मौजूदगी में इज्जतनगर थाना क्षेत्र के फरीदापुर चौधरी गांव में स्थित एक अवैध बारात घर पर बुल्डोजर चलाया। यह कार्रवाई मौलाना तौकीर रजा के करीबी बताए जा रहे वाजिद बेग के बैग मैरिज हाल पर की गई। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार यह बारात घर बिना वैध मानचित्र और आवश्यक अनुमति के बनाया गया था। पहले भी संबंधित पक्ष को नोटिस जारी कर अवैध निर्माण हटाने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन आदेशों का पालन नहीं किया गया। इसके बाद बीडीए ने कानून के तहत कार्रवाई करते हुए ढांचे को ध्वस्त करने का निर्णय लिया।

बताया गया है कि 25 सितंबर से पहले इसी मैरिज हाल में बड़ी संख्या में लोगों को जुटाने के लिए बैठक आयोजित की गई थी। इसके बाद 26 सितंबर को शहर में हुई हिंसा के मामलों में कई लोगों के खिलाफ मुकदमे दर्ज किए गए थे। प्रशासन का कहना है कि हिंसा के आरोपियों और उनसे जुड़े लोगों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है, चाहे मामला अवैध निर्माण का हो या कानून व्यवस्था से जुड़ा कोई अन्य विषय।

कार्रवाई के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस और पीएसी के जवान तैनात रहे। पूरे इलाके को अस्थायी रूप से सील कर दिया गया था ताकि आम लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो। बुल्डोजर की कार्रवाई को लेकर क्षेत्र में दिनभर चर्चा का माहौल बना रहा।

बरेली में संपन्न हुई 10वीं यूपी राज्य पैरा पावरलिफ्टिंग व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप

अवधनामा संवाददाता

बरेली। बीएल एग्रो स्टेडियम में आयोजित 10वीं उत्तर प्रदेश राज्य पैरा पावरलिफ्टिंग एवं पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025-26 का रविवार को भव्य समापन हो गया। दो दिवसीय इस राज्य स्तरीय आयोजन में खेल प्रतिभा, शारीरिक दृढ़ता और समावेशी खेल भावना का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। यू.पी. पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के मार्गदर्शन में बरेली पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित तथा बीएल एग्रो इंडस्ट्रीज के सहयोग से आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रदेश के 40 से अधिक जिलों के पैरा खिलाड़ियों ने भाग लिया। बरेली, लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी, मेरठ, आगरा, गोरखपुर, बागपत समेत कई जिलों के एथलीट्स ने पैरा पावरलिफ्टिंग और पैरा एथलेटिक्स की विभिन्न स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समापन समारोह के दौरान यू.पी. पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं बीएल एग्रो के प्रबंध निदेशक श्री आशीष खंडेलवाल ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पैरा खेलों को मजबूत आधार देने के लिए निरंतर प्रतियोगिताएं और प्रशिक्षण मंच उपलब्ध कराना आवश्यक है। उन्होंने विश्वास जताया कि सही मार्गदर्शन और संसाधन मिलने पर प्रदेश के पैरा खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर सकते हैं।

चैंपियनशिप के अंतिम दिन पदक वितरण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें विजेता खिलाड़ियों के साथ-साथ कोच, तकनीकी अधिकारियों और आयोजन से जुड़े स्वयंसेवकों को सम्मानित किया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में रेफरी, खेल प्रशासक और खेल प्रेमियों की मौजूदगी ने बरेली को पैरा खेलों के एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में स्थापित किया।

पुण्यतिथि पर याद की गई राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षिका डॉ. मालती श्रीवास्तव

महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता) नगर क्षेत्र के एक परिषदीय विद्यालय में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित, शिक्षा जगत की प्रेरणास्रोत रहीं दिवंगत शिक्षिका डॉ. मालती श्रीवास्तव की पुण्यतिथि श्रद्धा, सम्मान और सेवा भाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षकों जनप्रतिनिधियों परिजनों और बच्चों की उपस्थिति ने वातावरण को भावुक और प्रेरणादायी बना दिया। डॉ. मालती श्रीवास्तव ने अपने लंबे सेवाकाल के दौरान परिषदीय विद्यालय में रहते हुए शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने, बच्चों के बौद्धिक व नैतिक विकास तथा अनुशासन के लिए उल्लेखनीय योगदान दिया। वे न केवल एक कुशल शिक्षिका थीं, बल्कि बच्चों की समस्याओं को समझने वाली, उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने वाली एक संवेदनशील मार्गदर्शक भी थीं।

भिटौली में उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की मॉडर्न शाखा का उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज। भिटौली क्षेत्र में उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की नव-विकसित मॉडर्न शाखा का भव्य उद्घाटन संपन्न हुआ। शाखा को आधुनिक तकनीक से सुसज्जित किया गया है, जिससे ग्राहकों को तेज, सुरक्षित और सुविधाजनक बैंकिंग सेवाएं मिलेंगी। उद्घाटन समारोह में बैंक के चेयरमैन यादव एस. ठाकुर विशेष मुख्य अतिथि तथा आर.एम. मुकेश कुमार जैन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाखा प्रबंधक आलोक कुमार गुप्ता ने की। पूजा-अर्चना के उपरांत फीता काटकर शाखा का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर शिकारपुर शाखा के शाखा प्रबंधक संदीप कुमार, फील्ड ऑफिसर लक्की सिंह, भिटौली शाखा के फील्ड ऑफिसर अंकित कुमार, सुमित कुमार एवं अखिलेश कुमार शुक्ला सहित बैंक के कई अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में खाताधारक मौजूद रहे। अतिथियों ने कहा कि मॉडर्न शाखा से डिजिटल बैंकिंग, ऋण, बीमा और सरकारी योजनाओं से जुड़ी सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी, जिससे भिटौली और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी।

पंचायत इंटर कॉलेज में 2 जनवरी से होगा प्रतियोगिता

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज परतावल (अवधनामा संवाददाता) आगामी 2 से 5 जनवरी 2026 तक आयोजित होने वाली पीआईसी गोल्ड कप फुटबॉल प्रतियोगिता की तैयारियाँ तेज़ी से चल रही हैं। प्रतियोगिता का आयोजन पंचायत इंटर कॉलेज के खेल मैदान में किया जाएगा, जिसे प्रतियोगिता योग्य बनाने का कार्य जारी है। सोमवार को मैदान की साफ-सफाई हेतु घास काटने वाली मशीन का शुभारंभ प्रधानाचार्य डॉ. दीनबंधु शुक्ल ने तिलक कर किया। इससे पूर्व सौरव पाठक द्वारा विधि-विधान से पूजा संपन्न कराई गई। आयोजन समिति ने बताया कि मैदान को समतल, सुरक्षित और आकर्षक स्वरूप देने के लिए सभी कार्य समयबद्ध रूप से पूरे किए जाएंगे। प्रतियोगिता को लेकर क्षेत्र के खेल प्रेमियों में उत्साह है। इस अवसर पर आयोजन समिति के सचिव अजय कुमार सैनी, महामंत्री मिथिलेश मद्धेशिया, एस.एन. सिंह, उपाध्यक्ष प्रदीप मोदनवाल, धनंजय सिंह, परवेंद्र वर्मा, राममिलन गुप्ता, अविनाश बारी, मीडिया प्रभारी रतन पाण्डेय, दीपू रावत व सतीश मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

आरक्षी का असामयिक निधन, पुलिस अधीक्षक ने नम आंखों से दी विदाई

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज। जनपद के थाना बृजमनगंज में तैनात मुख्य आरक्षी रामनयन मौर्य का दिनांक 22 दिसंबर को ड्यूटी के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ने से असामयिक निधन हो गया। इस दुखद घटना से संपूर्ण जनपदीय पुलिस परिवार शोकाकुल है और इसे अपूरणीय क्षति माना जा रहा है। मुख्य आरक्षी रामनयन मौर्य एक कर्तव्यनिष्ठ, अनुशासित और मिलनसार पुलिसकर्मी के रूप में जाने जाते थे। अपने सेवाकाल में उन्होंने जनसेवा और कानून-व्यवस्था के दायित्वों का निष्ठा व समर्पण के साथ निर्वहन किया। उनकी ईमानदारी और कर्मठता सहकर्मियों के लिए प्रेरणास्त्रोत रही। दुखद समाचार मिलते ही पुलिस अधीक्षक महराजगंज ने गहन शोक व्यक्त किया। वे स्वयं पुलिस लाइन महराजगंज पहुंचे, जहां दिवंगत मुख्य आरक्षी को श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके पार्थिव शरीर को कंधा देकर भावभीनी विदाई दी। इस दौरान पुलिस के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे और शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की। पुलिस अधीक्षक ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा परिजनों को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

सकल हिंदू समाज सम्मेलन के तहत निकली भव्य बाइक रैली

महराजगंज परतावल। (अवधनामा संवाददाता) जनपद के परतावल में सकल हिंदू समाज सम्मेलन के तहत निकली भव्य जन-जागरण बाइक रैली जो पंचायत इंटर कॉलेज के प्रांगण से निकली सकल हिंदू समाज सम्मेलन के अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन के उपरांत समाज में जन-जागरण एवं एकता का संदेश देने के उद्देश्य से एक वृहद बाइक रैली का आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं सहित नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक बढ़-चढ़कर भाग लिया। रैली की शुरुआत पंचायत इंटर कॉलेज परिसर से हुई।

स्व. चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस पर किसान सम्मान दिवस का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। पूर्व प्रधानमंत्री भारत सरकार स्व. चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस पर किसान सम्मान दिवस का आयोजन अम्बेडकर सभागार में मंगलवार को मुख्य अतिथि सांसद जगदम्बिका पाल, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह द्वारा स्व. चौधरी चरण सिंह जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने सांसद को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। उपकृषि निदेशक ने जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, सांसद प्रतिनिधि को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया।

मुख्य अतिथि सांसद जगदम्बिका पाल ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह जी की जयन्ती/किसान सम्मान दिवस के अवसर पर जनपद के अन्नदाता किसानों को बधाई दिया। स्व. चौधरी चरण सिंह किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए लड़ाई लड़ी थी उन्होने किसानों के लिए कोई समझौता नहीं किया, पूरा जीवन किसानों के लिए कार्य किया, जिसके कारण उनकों किसानों का मसीहा के नाम से जानते हैं। मुख्यमंत्री उप्र ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 चौधरी चरण सिंह जी जयन्ती को सभी जनपदों में किसान सम्मान दिवस के रूप में मनाये जाने का निर्णय लिया हैं। हमारा देश कृषि प्रधान देश है। पहले जनपद के किसानों के पास सिंचाई व भण्डारण करने की व्यवस्था नहीं थी जिससे उनके फसल का उचित मूल्य नहीं मिल पाता था। किसानों द्वारा दलहनी, तिलहनी फसलों में रिकार्ड उत्पादन करने पर बधाई दिया गया। आकांक्षी जिले में विकास खण्ड खेसरहा की अल्का सिंह द्वारा कालानमक की खेती करके 20 से 25 टन प्रतिवर्ष उत्पादन कर अन्तर्राष्ट्रीय बाजारों में भेजा जा रहा है। जनपद का पहचान कालानमक की खुश्बू से देश विदेश में है। जिला प्रशासन किसानों को सहयोग प्रदान करने के लिए कटिबद्ध है। मुख्यमंत्री जी की अर्थव्यवस्था को 1 ट्रिलियन डालर बनाने का संकल्प लिया है, अकेले जनपद सिद्धार्थनगर 1 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाने का कार्य करेगा। जनपद के सभी विकास खण्डों में कालानमक की खेती हो। कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से कृषि उपकरण, बीज आदि पर सब्सिडी देकर किसानों की आय दोगुना करने का कार्य कर रही है।

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 चौधरी चरण सिंह द्वारा किसानो के लिए महत्वपूर्ण कार्य किया गया। जिसके कारण उनके जन्मदिवस के अवसर पर किसान सम्मान दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। उनको भारत रत्न से नवाजा गया। भारत सरकार एवं उप्र सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित कर किसानों की आय दोगुनी करने का कार्य कर रही है। किसानों का गोल्डेन कार्ड बनाया जा रहा है जिनका नहीं बना है वह अवश्य बनवा लें। किसान सम्मान निधि के लिए फार्मर रजिस्ट्रीअवश्य करा लें जिससें किसान सम्मान निधि की धनराशि प्राप्त होगी। जनपद में मछली पालन भी अधिक मात्रा में किया जा रहा है। किसानों की जो भी समस्यायें होंगी उसको जिला प्रशासन द्वारा निराकरण कराया जायेगा।

मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह ने कहा कि स्व0 चौधरी चरण सिंह द्वारा गरीबी उन्मूलन विधेयक व उप्र जोत अधिनियम लाया गया। कृषि विभाग लगातार प्रयास कर रहा है कि किसानों को प्रमाणिक बीज व उर्वरक मिले। विभिन्न योजनाओं के माध्यम से कृषि यन्त्रों पर अनुदान दिया जा रहा है जिससे वैज्ञानिक विधि से खेती करके अच्छी पैदावार प्राप्त हो। सांसद प्रतिनिधि एसपी अग्रवाल व उप कृषि निदेशक ने भी अपना विचार व्यक्त किया गया। इस दौरान कृषि विभाग द्वारा विभिन्न फसलों में अच्छी पैदावार करने वाले किसान, उद्यान विभाग द्वारा सब्जी में केला, फूलगोभी, टमाटर, पत्तागोभी आदि में अच्छी पैदावार करने वाले किसान, मछली पालन में अच्छी पैदावार करने वाले लाभार्थी, अधिक गन्ना पैदा करने वाले, कृषि विभाग धान, गेहॅं, सरसों, चना बाजार आदि में अच्छी पैदावार करने कुल 28 किसानो को माला पहनाकर, अंगवस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपकृषि निदेशक राजेश कुमार, जिला कृषि अधिकारी मु0 मुजम्मिल, जिला भूमि संरक्षण अधिकारी, सहायक निदेशक मत्स्य, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी व किसान आदि उपस्थित रहे।

कलेक्ट्रेट सभागार में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता

गोण्डा। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी गोण्डा श्रीमती प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग से संबंधित एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभाग के कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा की गई तथा जनहित से जुड़े विषयों पर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन ने कहा कि आम जनता को सुरक्षित, शुद्ध एवं मानक के अनुरूप खाद्य पदार्थ एवं औषधियां उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की भूमिका जनस्वास्थ्य की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए इस विभाग से जुड़े सभी अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, पारदर्शिता एवं जिम्मेदारी के साथ करें।जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनपद में खाद्य प्रतिष्ठानों, होटल, ढाबों, मिठाई की दुकानों, दुग्ध उत्पाद विक्रेताओं एवं अन्य खाद्य कारोबारकर्ताओं की नियमित जांच की जाए। खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच हेतु नमूनों का समय-समय पर संग्रहण कर उन्हें मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं में परीक्षण हेतु भेजा जाए। मानकों के विपरीत पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।औषधि प्रशासन से संबंधित विषयों पर चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि मेडिकल स्टोरों, दवा विक्रेताओं एवं थोक दवा व्यापारियों की नियमित निरीक्षण प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाया जाए। नकली, एक्सपायरी अथवा बिना लाइसेंस की दवाओं के क्रय-विक्रय पर पूर्ण प्रतिबंध सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि औषधि लाइसेंस के नवीनीकरण, निरीक्षण एवं प्रवर्तन की कार्यवाही को समयबद्ध ढंग से पूर्ण किया जाए।बैठक में अधिकारियों को जन शिकायतों के निस्तारण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि खाद्य एवं औषधि से संबंधित शिकायतों का त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए, जिससे आम जनता का विभाग पर विश्वास बना रहे।

शैक्षिक भ्रमण में छात्रों ने नेपाल के कोइलाबास व तुलसीपुर का किया अवलोकन

अवधनामा संवाददाता

शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर। ब्लॉक संसाधन केंद्र शोहरतगढ़ क्षेत्र के अंतर्गत कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय लेदवा के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने शैक्षिक भ्रमण के तहत नेपाल के कोइलाबास व तुलसीपुर क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान बच्चों ने नेपाल के मनोरम पहाड़ों, प्राकृतिक दृश्यों और प्रसिद्ध झूला पुल का अवलोकन कर भरपूर आनंद लिया।

भ्रमण के दौरान शिक्षकों ने छात्रों को क्षेत्र की भौगोलिक संरचना, प्राकृतिक संसाधनों तथा सीमा क्षेत्र की सांस्कृतिक विशेषताओं की जानकारी दी। झूला पुल पार करते समय बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। यह भ्रमण छात्रों के लिए न केवल मनोरंजन का माध्यम बना, बल्कि उनके ज्ञान और अनुभव में भी वृद्धि हुई। विद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षिक भ्रमण छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं, जिससे वे पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव भी प्राप्त करते हैं। भ्रमण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा गया। शैक्षिक भ्रमण से लौटते समय छात्र-छात्राओं के चेहरे पर खुशी और उत्साह साफ झलक रहा था। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक अमरेश कुमार, एसएमसी अध्यक्ष दीनदयाल, शिक्षक राकेश राज, पवन चौरसिया, राकेश नायक, मनमोहन, शशि कुमार यादव, राकेश जायसवाल, सिद्धार्थ कुमार, राहुल कुमार आदि मौजूद रहे।

खजुरिया शर्की गौशाले में पशुओं को ठंडक से बचाव हेतु जलवाया जा रहा अलाव

बढ़नी सिद्धार्थनगर। विकास खंड बढ़नी क्षेत्र के ग्राम पंचायत खजुरिया शर्की में स्थित गौशाले में पशुओं को ठंड से बचाने के लिए अलाव जलवाया जा रहा है। यह व्यवस्था ग्राम प्रधान के दिशा निर्देश पर गौरक्षकों द्वारा किया जा रहा है। बढ़नी क्षेत्र में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है, साथ ही कोहरे और शीतलहर का प्रकोप जारी है। तापमान लगातार गिर रहा है, जिससे मनुष्य और पशु दोनों प्रभावित हो रहे हैं। वहीं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शारिक खान ने कहा कि इस गौशाला में गौरक्षकों को पशुओं को ठंड से बचाने के निर्देश दिए गए हैं। तिरपाल लगाने और सुबह-शाम अधिक ठंड होने पर अलाव की व्यवस्था करने को कहा गया है, ताकि पशुओं को राहत मिल सके। हरे चारे, भूसा, पुआल व स्वच्छ जल सहित बिजली पंखा आदि का भी पूरा इंतजाम किया गया है। इससे किसी भी मौसम में गौशाला में मौजूद पशुओं को ठंडी और गर्मी से काफी राहत मिलने की उम्मीद है।

एडीओ पंचायत कार्यालय में भ्रष्टाचार का बोलबाला

- परिवार रजिस्टर में फेरबदल करने में माहिर अधिकारी कर्मचारी : सूत्र

अवधनामा संवाददाता

बढ़नी सिद्धार्थनगर। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार सिद्धार्थ नगर जनपद के विकास खंड बढ़नी ब्लाक मुख्यालय पर स्थित पंचायती राज विभाग के एडीओ पंचायत कार्यालय में भ्रष्टाचार का बोलबाला चल रहा है। जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, परिवार रजिस्टर नकल में जिम्मेदार अधिकारियों कर्मचारियों की लापरवाही या मिली भगत से फेरबदल करना कुछ भी असम्भव नही है।

एक तरफ जहां जिम्मेदार अधिकारियों की मनमर्जी से सफाई कर्मियों के कार्य क्षेत्र में फेरबदल कर सफाई कर्मियों का शोषण करने का कार्य किया जा रहा है। वहीं कुछ सफाई कर्मी पंचायत कार्यालय में कंप्यूटर आपरेटर व बड़े बाबू बने फिर रहे हैं ,तो कुछ साहब की संरक्षण में प्रधान प्रतिनिधि बनकर अपना नेतागीरी चमका रहे हैं। जिससे गांव की सफाई व्यवस्था चौपट हो रही है। गांवों में जगह जगह गंदगी के अंबार व नालियां जाम होने से सड़कों पर जल जमाव हो रहा है और तमाम तरह की बीमारियां फैल रही है। कुछ सफाई कर्मी सिर्फ तनख्वाह लेकर नाम के रह गये है, और अपनी जगह पर किसी प्राइवेट आदमी को रखकर सफाई के नाम पर खानापूर्ति कर रहे हैं। उन्हें सफाई कर्मी बनकर कार्य करने में शर्म आ रही है लेकिन फ्री में तनख्वाह लेने में जरा सी भी शर्म नही आ रही है। जबकि सरकार गांवों में स्वच्छ भारत मिशन के तहत,स्वच्छता के नाम पर लाखों करोड़ों खर्च कर रही है। फिर भी ज्यादातर गांवों में आम जनता को मजबूर होकर खुद नालियां साफ करनी पड़ती है।

कुछ ग्राम प्रधानों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि जिम्मेदार अधिकारी अपनी मर्ज़ी से सफाई कर्मियों को हटाकर इधर से उधर कब कर दिया जाता है किसी को भी मालूम नही पड़ता है। वहीं कुछ सफाई कर्मियों का दबी जुबान से कहना है कि जो लोग गांव में अच्छा कार्य करते हैं, उन्ही लोगों को फेरबदल कर शोषण किया जाता है। डीपी आरओ व मुख्य विकास अधिकारी के सीयूजी नंबर 9454464749 पर सम्पर्क किया गया तो फोन रिसीव नहीं होने के कारण कोई बात नही हो पाई थी।

श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं से लेकर कंस वध तक का हुआ वर्णन

- डुमरियागंज क्षेत्र के चौखड़ा में चल रहा श्रीमद्भागवत कथा

अवधनामा संवाददाता

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। क्षेत्र के चौखड़ा में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति में कथा वाचक प्रेम शरण जी महराज ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का मनोहारी वर्णन किया।

प्रेम शरण जी महराज ने नंदगांव और वृंदावन में श्रीकृष्ण द्वारा की गई लीलाओं की कथा में पूतना वध, शकटासुर, तृणावर्त, कालिया नाग पर विजय, गोवर्धन पूजा और ग्वाल-बालों संग बाल्यकाल की चंचल घटनाओं को विस्तारपूर्वक सुनाया। कथा वाचक ने बताया कि कैसे भगवान ने बाल रूप में ही अधर्म के प्रतीक कंस का अंत कर धर्म की स्थापना की। कंस वध की कथा को लोगों ने काफी प्रेम से सुना । कथावाचक ने कहा कि जब भी पृथ्वी पर अधर्म होता है अत्याचार बढ़ता है नारायण अवतार लेकर धर्म की स्थापना करते हैं। उन्होंने कहा कि कलयुग में भगवान के नाम का स्मरण कर मनुष्य भवसागर पार कर लेते हैं। इस दौरान मुख्य यजमान कंचना सिंह,अनिल कुमार सिंह, गोपाल जी सिंह, हरि सिंह, अरुण कुमार सिंह ,मनोज कुमार सिंह, संजीव सिंह, पप्पू सिंह, राजन दुबे, विनोद मिश्रौलिया, शिव मुकुंद सिंह, रामेंद्र सिंह, विजय विश्वकर्मा, उमेश सिंह,शिवराम सिंह, रविंद्र सिंह, , बबलू सिंह, श्याम जी सिंह, महेंद्र बहादुर पाल, पप्पू सिंह आदि उपस्थित रहे।

भीषण ठंड में डीएम ने गरीबों को बांटे कम्बल

अवधनामा संवाददाता

जलालपुर, अम्बेडकरनगर। कड़ाके की ठंड से जूझ रही जनता को राहत देने के लिए तहसील प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है, वहीं नगर व क्षेत्र में सामाजिक संगठनों ने निःसहाय व गरीबों को निःशुल्क कम्बल वितरण करना शुरू कर दिया है। नगर के आशीर्वाद सेवा ट्रस्ट ने क्षेत्रवासियों से गरीब व्यक्तितयों जो ठंड से कराह रहें हैं ट्रस्ट को तत्काल सूचित करने का आह्वान किया है। आशीर्वाद सेवा ट्रस्ट में अमित टंडन, कृष्ण कुमार रिन्नू, कुलदीप अग्रहरी, आलोक बाजोरिया, विनोद मल्होत्रा, श्याम विमल आदि कार्यकर्ता सक्रिय हैं।दूसरी तरफ उपजिलाधिकारी ने जलालपुर नगर के विभिन्न मोहल्लों का भ्रमण कर गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद परिवारों को कंबल वितरित किए। अचानक प्रशासन को अपने बीच पाकर लोगों के चेहरों पर राहत और संतोष साफ दिखाई दिया।

कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान उप जिलाधिकारी राहुल गुप्ता ने कहा कि यह कार्य सरकार की मंशा के अनुरूप किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि गरीबों और असहायों की सेवा एवं सहयोग करना ही सबसे बड़ा धर्म है। प्रशासन का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति भीषण ठंड में बिना सहायता के न रहे।

उप जिलाधिकारी ने नगर के विभिन्न इलाकों में भ्रमण कर स्वयं जरूरतमंद लोगों को चिन्हित किया और उन्हें कंबल प्रदान किए। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि समाज के सक्षम लोग इस पुनीत कार्य में आगे आएं और जरूरतमंदों की मदद करें, ताकि ठंड से किसी भी गरीब की जान न जाए।

स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे समय में जब ठंड जानलेवा साबित हो रही है, प्रशासन द्वारा घर-घर पहुंचकर की गई यह सहायता सराहनीय और मानवता की मिसाल है।

कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों ने बांग्लादेश के राष्ट्रपति का फूंका पुतला

अवधनामा संवाददाता

बांसी सिद्धार्थनगर। बांग्लादेश में निर्दोष अल्पसंख्यक हिन्दुओं की हो रही हत्याओं के विरोध में रोडवेज चौराहा पर मंगलवार को कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों ने बांग्लादेश के राष्ट्रपति शहाबुद्दीन और कार्यवाहक सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद युनुस का पुतला फूंका है। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के नेता सतीश चंद्र त्रिपाठी ने कहा बांग्लादेश में निर्दोष हिंदुओं की लगातार हो रही हत्या की घटना चिंताजनक है। इसकी जितनी भी निन्दा किया जाय वह कम है उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को इन घटनाओं के विरोध में सख्त कदम उठाना चाहिए। जिला उपाध्यक्ष अभिनव राय ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर बहुत अत्याचार किया जा रहा है । इसके बावजूद भारत सरकार चुप है। उन्होंने कहा कि हमारी नेता प्रियंका गांधी ने बांग्लादेश की घटना का पुरजोर विरोध किया है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार के विरोध में भारत सरकार को सख्ती से पेश आना चाहिए जिससे फिर इस तरह की घटनाएं न होने पाए। पुतला फूंकने वालों में जिला महासचिव राजन श्रीवास्तव , जिला सचिव पप्पू खान, नगर अध्यक्ष मुबीन खान, विक्की रिजवी, अश्वनी सिंह सोलंकी, संतोष त्रिपाठी, कमलेश चौहान, सोनू प्रकाश त्रिपाठी, परमहंस मिश्रा, गुफरान खान, रामवृक्ष निषाद आदि शामिल थे।

गोंडा आरटीओ कार्यालय भ्रष्टाचार का हब लाइसेंस डिपार्टमेंट में भ्रष्टाचार

गोण्डा। जी हां विगत कई दिनों में गोंडा आरटीओ आरसी भारतीय की निगरानी में बहुत ही व्यापक स्तर पर लाइसेंस डिपार्टमेंट में भ्रष्टाचार किया गया है जिसकी कीमत कई करोड़ रुपए में है इसकी जांच होना आवश्यक है जैसे आपको गाड़ी चलाना अगर नहीं आता है और आपको दो पहिया चार पहिया का लाइसेंस चाहिए तो आप गोंडा आरटीओ से संपर्क करें आपसे ?4000 लेकर आपका लाइसेंस जारी कर दिया जाएगा केवल दिखाने के लिए आरटीओ में टेस्ट लिया जाता है 2 से 3 टेस्ट डेली होता है टेस्ट के बाद में लगभग 100 फाइलें रोज टेस्ट पास कर दी जाती है और एआरटीओ आरसी भारतीय महोदय की आईडी से सारी फाइलें अप्रूवल करती जाती हैं जी हां लाइसेंस डिपार्टमेंट का सारा जिम्मा सभाजीत त्रिपाठी के ऊपर रहता है कितनी फाइलें आई कितना कलेक्शन हुआ कितने का हिसाब देना है कितनी फाइलों को टेस्ट पास करना है कितने को पेंडिंग में रखना है यह सब कुछ सभाजीत त्रिपाठी ही देखते हैं।

लखनऊ से आई 112 की टीम ने नुक्कड़ नाटक कर लोगो को किया जागरूक

अवधनामा संवाददाता, बांसी सिद्धार्थनगर। कस्बे के परिवहन निगम बस अड्डा गेट पर लखनऊ से आई 112 की टीम ने नुक्कड़ नाटक कर लोगो को जागरूक किया तथा इस एक नंबर मिलने वाले अनेक सुविधाओं के बारे में बताया। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक 112 अरविंद कुमार शाही ने बताया कि यह नंबर तो एक है परंतु सुविधाएं अनेक है । उन्होंने कहा कि यदि कही कोई दुर्घटना हुई हो तब भी आप 112 पर फोन कर पूरी जानकारी दे सकते है तत्काल वहां हमारी टीम एंबुलेंस के साथ पहुंचेगी यही नहीं कही कोई संदिग्ध सामान पड़ा हो तो आप इसकी सूचना राह चलते दे सकते है । कही कोई संदिग्ध गतिविधि हो रही हो तो आप इसकी सूचना दे सकते है। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा और सूचनादाता को किसी तरह की कोई दिक्कत नहीं होगी न ही उसे परेशान किया जाएगा। किसी महिला या बालिका के साथ कोई घटना होती है तो वह तत्काल इसकी सूचना दे। इसके बाद नाटक टीम ने नुक्कड़ नाटक पेश कर लोगो को जागरूक किया। लोगो ने नाटक प्रस्तुति की काफी सराहना किया। इस अवसर पर कोतवाल मृत्यंजय पाठक, इंस्पेक्टर हेड क्वार्टर लखनऊ अमित शुक्ला, एस आई राजेंद्र यादव सहित काफी संख्या में पुलिस कर्मी और लोग उपस्थित रहे।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बालक की मौत

अवधनामा संवाददाता, हजपुरा, अंबेडकरनगर। सम्मनपुर थाना क्षेत्र के नैली गांव के पास लोहरा मोड़ पर रविवार को हुए सड़क हादसे में बाइक सवार मामा और भांजा गंभीर रूप से घायल हो गए। अज्ञात वाहन की टक्कर से दोनों सड़क पर गिर पड़े। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के भगवानपुर गांव निवासी अतुल अपने 10 वर्षीय भांजे प्रियांशु निवासी चनहा पकड़ी, थाना अहिरौली को बाइक पर बैठाकर हजपुरा गांव में अपने मौसी के घर जा रहा था। जैसे ही उनकी बाइक नैली गांव के पास लोहरा मोड़ पर पहुंची, सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने तेज रफ्तार में बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मामा-भांजा दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से दोनों घायलों को एंबुलेंस के जरिए जिला अस्पताल भिजवाया गया, जहां पर बालक प्रियांशु की मौत हो गई मामा अतुल की हालत नाजुक बनी हुई है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

जश्ने मौलूदे काबा में शायरों का होगा जमावड़ा

जलालपुर अंबेडकरनगर। आगामी 2 जनवरी की रात को हज़रत अली अलैहिस्सलाम की विलादत के मौके पर नगर के जाफराबाद स्थित बड़े इमामबाड़ा में अंजुमन हुसैनिया के तत्वावधान में जश्न मौलूद -ए-काबा में शायरों व उलमाओं का जमावड़ा होगा। कार्यक्रम के संयोजक अली हैदर ने बताया कि ज़श्न में नजफ उतरौलवी,हेलाल नकवी,फहमी जौनपुरी, गुलज़ार मौलाई, जैगम जलालपुरी,असर नसीराबादी,अनवार अब्बास इलाहाबादी, काजिम जारचवी,मुशीर अब्बास,अली तुराबी, रहबर सुलतानी आदि शायर अपना कलाम पेश करेंगे वहीं मौलाना मेंहदी हसन, मौलाना कर्रार तुराबी, मौलाना जाफर रजा जौहरी, मौलाना मीसम रज़ा, मौलाना जैगम अब्बास हज़रत अली अलैहिस्सलाम के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालेंगे। कल्बे हसन,जर्रार हुसैन, मोहम्मद जाफर,मोहम्मद कासिम,अहसन रज़ा,अली हैदर,अली असगर आदि लोग कार्यक्रम की तैयारी में जुटे हैं।

पसका मेला की तैयारियों को लेकर डीएम ने की समीक्षा बैठक

अवधनामा संवाददाता

गोण्डा। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी गोण्डा श्रीमती प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में पसका मेला आयोजन की तैयारियों के संबंध में संबंधित अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य आगामी पसका मेले को सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक ढंग से संपन्न कराना रहा। बैठक में मेला आयोजन से जुड़ी सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की गई।बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन ने कहा कि पसका मेला जनपद का एक महत्वपूर्ण धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं आमजन सम्मिलित होते हैं। ऐसे में सभी विभागों की जिम्मेदारी है कि आपसी समन्वय से कार्य करते हुए समय से पहले सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करें, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो।

जिलाधिकारी ने साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष जोर देते हुए निर्देश दिए कि मेला क्षेत्र में नियमित रूप से सफाई अभियान चलाया जाए। कूड़ा निस्तारण, शौचालयों की नियमित सफाई तथा स्वच्छता बनाए रखने हेतु पर्याप्त संख्या में सफाई कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित की जाए। साथ ही मोबाइल टॉयलेट की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

विद्युत सुरक्षा के संबंध में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि मेला क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था सुदृढ़ एवं सुरक्षित होनी चाहिए। सभी अस्थायी विद्युत कनेक्शनों की जांच पूर्व में कर ली जाए तथा खुले तारों एवं जोखिमपूर्ण स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती जाए। किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचाव के लिए विद्युत विभाग को सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए गए।पार्किंग एवं यातायात व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी ने कहा कि श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पर्याप्त पार्किंग स्थलों का चिन्हांकन किया जाए। यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए ट्रैफिक प्लान तैयार कर उसका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न न हो।सुरक्षा व्यवस्था के तहत जिलाधिकारी ने पुलिस विभाग को मेला क्षेत्र में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती, सीसीटीवी कैमरे एवं गश्त व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। नदी क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बैरिकेटिंग की समुचित व्यवस्था करने तथा गोताखोरों एवं आपदा प्रबंधन टीम की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

इसके अतिरिक्त पेयजल व्यवस्था के लिए पानी के टैंकर, अस्थायी हैंडपंप एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए।बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए पसका मेले को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। बैठक में अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक राधेश्याम राय, अपर जिला पंचायत राज अधिकारी, खंड विकास अधिकारी परसपुर, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्नलगंज, नगर पंचायत परसपुर, ग्राम प्रधान पसका सहित सभी संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार, इटवा में विरोध

अवधनामा संवाददाता

- युनुस सरकार का पुतला फूंका, राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन
- आचार्य बृजेश पाठक समेत दर्जनों लोग रहे शामिल

इटवा सिद्धार्थनगर। मंगलवार को आचार्य बृजेश पाठक के नेतृत्व में धर्म रक्षिणी सेना के बैनर तले बांग्लादेश में दीपू चन्द्र दास की निर्मम हत्या के विरोध में सैकड़ों लोगों ने एकत्रित होकर रामलीला मैदान से चौराहे तक विरोध मार्च निकाला तथा बांग्लादेशी प्रधानमंत्री मो युनुफ का पुतला दहन किया उसके उपरान्त चौराहे से शिवशक्ती मन्दिर तक कैन्डल मार्च निकाल कर श्रद्धान्जली अर्पित किया सभी लोगों ने मौन धारण करके मृतामात्माओं के लिए प्रार्थना किया।

आचार्य बृजेश पाठक ने कड़ा संदेश देते हुए कहा कि भारत सरकार को वांग्लादेश से सारे सम्बन्ध तोड़ लेने चाहिये तथा हिंसा को रोकने के लिए हस्ताक्षेप करना चाहिए उन्होंने घुशपेटियों को भारत से चिन्हित कर वाहर खदेड़ने का भी आग्रह किया एवं हिंदू समाज एकजुट होकर कट्टरवाद इस्लामिक आतंकवाद का विरोध करे। इसके लिए भी आग्रह किया। इस विरोध प्रदर्शन में आचार्य अवधेश पाठक, आत्मदेव पाठक, ओमप्रकाश मोर्या, सदानंद त्रिपाठी, रामन्द्र मिश्र, विजय कसौधन, रामबली, मयाराम विरेन्द्र दिवाना, रवि पाठक, अमित पाठक, विशाल पाठक, मथुरा सहित दर्जनों लोग शामिल रहे।

बहस की अक्ल

संसद की बहस देख-सुन कर उस गांव के लोग इतने प्रभावित हो गए कि उन्होंने आवारा भैंस पकड़ कर, फिर से पुरानी बहस से पूछ लिया, 'अक्ल बड़ी या भैंस।' भैंस हैरान थी कि जब भी इनसान को अपनी अक्ल परखनी होती है, उसे पकड़ लेते हैं। अब तो उसे लगने लगा है कि बहस और भैंस एक ही प्रजाति की हो गई हैं। किसी ग्रामीण ने कहा, 'भैंस पर बहस करना मुश्किल है, जबकि आजकल विधायक चुनना आसान हो गया है। पूछना तो यह चाहिए, भैंस बड़ी या विधायक, अक्ल बड़ी या विधायक।' भैंस पता ही नहीं लगने दे रही थी कि वह अक्ल से कमजोर है या शरीर से ताकतवर। अब तो कुत्तों के बाजार में सबसे अमीर आदमी आते हैं, बल्कि बगल में कुत्ता हो तो बंदा अमीर नजर आता है। घर में तोता हो, तो बुद्धिमान नजर आता है। लोगबाग खरगोश पालकर मोहल्ले में दबदबा बना लेते हैं। इसलिए शहरों की बहस गांव से भिन्न है। वहां पाले गए कुत्तों की बात होती है, मो मो और चौमिन की बात होती है। यह शहरी लोग 'माई शिष्टाचार' में भूल गए कि 'माई' न हो तो घर भैंस का तबेला हो जाएगा। गांव के चौपाल तक एक अकेली भैंस और फैसला पूरे देश की अक्ल का। चर्चा में किसी ने खुद को अक्ल वाला समझ कर कह दिया, 'एक भैंस से नहीं, गांव की सभी को लाओ ताकि फैसला हो जाए कि बहस तो गांव में ही सही होती है।' कुछ लोग असहमत दिखे, लेकिन गांव वालों ने बहस के लिए सारी भैंसें खोलकर आजाद कर दीं। भैंस खोलते वक्त किसी को अक्ल की जरूरत नहीं पड़ी, बल्कि बहस के लिए अब तो अक्ल होती कहां। पूरा देश ऐसे मुद्दों पर बहस कर लेता है, जो अक्ल से तो मुद्दा हो ही नहीं सकते। भैंसें एक-एक करके आ रही थीं। अचंभित थीं कि इनसान अपनी अक्ल को परखने के लिए क्या-क्या नहीं करता।

हर चुनाव में अपनी अक्ल का फैसला नहीं कर पाता, फिर भी उम्मीद करता है कि बेहतर चुन रहा है। भैंसें खुद इतनी भैंसें एक साथ देखकर हैरान थीं कि सभी भैंसें एक जैसी होती हैं, लेकिन इनसानों पर उनका शक बढ़ गया। अब वहां भैंसें थीं, चारा था, गंध, गोबर, मूत्र, दूध और एक बहस अक्ल को भैंस के मुकाबले खड़ा कर रही थी। बहस शुरू थी, हर कोई बोल रहा था, लेकिन न कोई सुन रहा था और न ही समझ रहा था। किसी ने कहा गोबर तो सरकार खरीद लेगी, गंध से विपक्षी बेहोश हो जाएंगे। दूसरे ने कहा गोमूत्र से ज्यादा फायदेमंद है इनसानों के लिए भैंस का पेशाब। तीसरे ने कहा स्वर्ण युग आ गया, 'दूध की गंगा बहेगी।' बहस जारी थी, लेकिन तभी बताया गया कि आज का समय पूरा हो गया है, अतः अपनी-अपनी भैंस, अपनी-अपनी अक्ल से पहचान कर वापस ले जाओ। दो भैंसें ज्यादा ताकतवर थीं, किसी की नहीं सुन रही थीं। गांव के प्रधान ने कहा, 'ये मेरी हैं।' वह इन्हें ले गया। एक भैंस सभी का चारा खा रही थी, उसे पटवारी ले गया। जिसने सबसे अधिक दूध दिया, उसे पुलिस वाला ले गया। लोग भैंसों के रंग में अपने अधिकार की निशानियां देखकर उन्हें ले जा रहे थे। अंत में एक भैंस बच गई। भीड़ से अलग दूर खामोश और तमाशा देख रहे व्यक्ति को वह भैंस दे दी गई। वह गरीब हैरान था कि उसके पास न भैंस, न बहस और न ही अक्ल थी, फिर यह उपकार क्यों। दरअसल भैंस बांझ और आवारा थी, जिसे एक गरीब नागरिक को दे दिया गया था। गरीब को भ्रम हो गया कि उसे यह भैंस उसी की अक्ल से मिली है।

केवल जागरूक और सतर्क उपभोक्ता ही सुरक्षित

डॉ. प्रितम भि. गेडाम

आज के डिजिटल युग में आर्थिक व्यवहार या खरीदारी तो आसान हो गयी, लेकिन उसी मात्रा में धोखाधड़ी, बनावट उत्पाद, मिलावटखोरी और साइबर अपराध भी हद से ज्यादा बढ़ गए। दूसरों पर अंधा भरोसा, दिखावा, भ्रामक विज्ञापन, झूठे वादे पर विश्वास न करके अपने विवेकबुद्धि का इस्तेमाल करें, निति-नियम, कानून का पालन करें, तभी हम जागरूक उपभोक्ता बन पायेंगे। उपभोक्ता पैसे के बदले में किसी वस्तु या सेवा का लाभ प्राप्त करता है, तो उसे कीमत तुल्य सही उत्पाद मिलना चाहिए। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के अंतर्गत उत्पाद के बारे में महत्वपूर्ण अधिकार मुख्य रूप से सुरक्षा का अधिकार, सूचना का अधिकार, चयन का अधिकार, सुनवाई का अधिकार, शिकायतों के निपटारे का अधिकार और ग्राहक जागरूकता का अधिकार यह छह हैं। इसको विस्तार से जानते है, इसमें जान और संपत्ति के लिए खतरनाक उत्पाद और सेवाओं की मार्केटिंग से सुरक्षा। गलत व्यापार के तरीकों से बचाने के लिए सामान, उत्पाद या सेवाओं की गुणवत्ता, मात्रा, क्षमता, शुद्धता, मानक, कीमत के बारे में सूचना पाने का अधिकार। प्रतियोगितात्मक कीमतों पर अलग-अलग तरह के सामान, उत्पाद और सेवाओं तक पहुंच का अधिकार। सही फोरम में उपभोक्ता के हितों पर योग्यतानुसार विचार किए जाने का अधिकार। गलत व्यापार के तरीकों या ग्राहकों के शोषण के खिलाफ शिकायत करने का अधिकार। एक जानकार उपभोक्ता बनने के लिए जरूरी ज्ञान और कौशल हासिल करने का अधिकार।

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 इसके साथ कई खास नियम और कानून भी हैं, जैसे उपभोक्ता संरक्षण (ई-कॉमर्स) नियम, 2020 और केंद्रीय व राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोगों को नियंत्रित करने वाले अधिनियम। ये अलग-अलग अधिनियम मिलकर उपभोक्ता को गलत तरीकों, उत्पाद और सेवा में खराबी से सुरक्षा का काम करती हैं। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण एक कानूनी संस्था है, जिसे एक्ट के तहत उपभोक्ता अधिकारों को एक क्लास के तौर पर बढ़ावा देने, उनकी सुरक्षा करने और उन्हें लागू करने के लिए बनाया गया हैं। उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग विवाद सुलझाने के लिए तीन स्तरीय संरचना प्रदान करता है, जिला स्तरीय - 50 लाख रुपये तक, राज्य - 50 लाख से 2 करोड़ रुपये तक और राष्ट्रीय आयोग - 2 करोड़ रुपये से अधिक का विवाद। उत्पाद दायित्व अधिनियम यह उत्पाद की अवधारणा लाता है, जो निर्माता, सेवा प्रदाता और विक्रेता को उनके खराब उत्पाद या खराब सेवा से होने वाले नुकसान के लिए जिम्मेदार बनाता हैं। उपभोक्ता संरक्षण (प्रत्यक्ष विक्रय) अधिनियम, 2021 ये अधिनियम धोखाधड़ी योजनाओं को रोकने के लिए प्रत्यक्ष विक्रय उद्योग को नियंत्रित करते हैं। उपभोक्ता संरक्षण (मध्यस्थता) विनियम, 2020 उपभोक्ता मध्यस्थता सेल बनाता है और मध्यस्थता के लिए प्रक्रिया बताता हैं। उपभोक्ता संरक्षण (उपभोक्ता आयोग प्रक्रिया) विनियम, 2020 उपभोक्ता आयोग के लिए प्रक्रिया का विवरण देता हैं। उपभोक्ता संरक्षण (सामान्य) अधिनियम, 2020 उपभोक्ता संरक्षण के लिए सामान्य प्रावधान देता हैं। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (विशेषज्ञों और पेशेवरों की नियुक्ति के लिए प्रक्रिया) विनियम, 2021 केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण के लिए विशेषज्ञों को शामिल करने के लिए प्रक्रिया बताता हैं। खाद्य अपमिश्रण निवारण अधिनियम, 1954 खाद्य गुणवत्ता और सुरक्षा को नियंत्रित करता हैं। कृषि उपज (ग्रेडिंग और अंकन) अधिनियम, 1937 खेती के उत्पाद की श्रेणी को मानकीकृत करता हैं। भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम, 1986 सर्टिफिकेशन गुणों के जरिए उत्पाद की गुणवत्ता को पक्का करता हैं। भारतीय अनुबंध अधिनियम, 1872 अनुबंध को नियंत्रित करता है, जो एग्रीमेंट में उपभोक्ता के अधिकारों पर असर डाल सकते हैं। माल बिक्री अधिनियम, 1930 सामान की बिक्री को नियंत्रित करता हैं। देश में उपभोक्ता धोखाधड़ी के आम प्रकार जैसे - किसी व्यक्ति की निजी जानकारी उदाहरण, बैंक अकाउंट या पैन विवरण का धोखाधड़ी के लिए इस्तेमाल करना। स्कैमर ईमेल, एसएमएस या फोन कॉल के ज़रिए बैंक या दूसरी भरोसेमंद संस्थाओं की नकल करके लोगों से ओटीपी, पासवर्ड या कार्ड विवरण जैसी सेंसिटिव जानकारी निकलवा लेते हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

अटल जी को छात्र जीवन से ही राजनीति में गहरी रुचि थी। विक्टोरिया कॉलेज में पढ़ाई के दौरान अटल कॉलेज के संघ मंत्री और उपाध्यक्ष भी बने। उस दौर में उनकी सक्रियता ग्वालियर में आर्य समाज आंदोलन की युवा शाखा आर्य कुमार सभा से शुरू हुई।1944 में वह इस सभा के महासचिव भी बने। अटल जी का परिवार पहले से ही राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से प्रेरित था यही वजह रही उस छात्र दौर में में ही वह आरएसएस से जुड़ गए और तभी से तमाम भाषण, वाद -विवाद प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेना शुरू कर दिया।

भारतीय राजनीति के अजातशत्रु 'अटल'

अटल जन्म शताब्दी वर्ष पर विशेष

हर्षवर्धन पान्डे

अटल बिहारी वाजपेयी को भारतीय राजनीति का भीष्म पितामह भी कहा जाता है। उन्होंने करीब 5 दशक तक सियासत पर अपनी गहरी छाप छोड़ी। अटल भारतीय राजनीति के उन नेताओं में से एक थे जिन्हें उनके विरोधी भी पूर्ण सम्मान देते थे। वे केवल एक प्रधानमंत्री नहीं बल्कि एक कवि, प्रखर पत्रकार, ओजस्वी वक्ता, दार्शनिक और एक संवेदनशील इंसान थे। उनका व्यक्तित्व बहुआयामी था। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी को एक क्षेत्रीय पार्टी से राष्ट्रीय स्तर की प्रमुख राजनीतिक शक्ति के केंद्र के रूप में उभारा। अटल ने भारतीय राजनीति में अपनी अलहदा पहचान को स्थापित किया। सही मायनों में कहा जाए तो अटल को राजनीति का अजातशत्रु कहा जाता है क्योंकि उन्होंने अपने जीवन में कभी किसी से द्वेष नहीं रखा और हर विचारधारा का तहे दिल से सम्मान किया शायद यही वजह रही उनके दरवाजे पर हर नेता, कार्यकर्ता और आमजन की दस्तक हुआ करती थी। अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म 25 दिसम्बर 1924 को ग्वालियर, मध्यप्रदेश में हुआ। उनके पिता श्रीकृष्ण बिहारी वाजपेयी एक स्कूल शिक्षक थे जिन्होंने उन्हें शिक्षा और जीवन के मूल्यों की अहमियत सिखाई। अटल जी ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा ग्वालियर से प्राप्त की और फिर दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग से स्नातक की डिग्री प्राप्त की। उन्होंने राजनीति विज्ञान में भी गहरी रुचि ली और एक अच्छे वक्ता के रूप में अपनी पहचान बनाई। उनकी बीए की शिक्षा ग्वालियर के विक्टोरिया कॉलेज में हुई । इसके बाद 1945 में उन्होंने कानपुर के डीएवी कॉलेज में राजनीति शास्त्र से एमए में दाखिला लिया। 1947 में एमए की पढ़ाई पूरी करने के बाद उसी कॉलेज में एलएलबी में एडमिशन लिया। उनके पिता ने भी उनके साथ यहां एलएलबी में दाखिला लिया हालांकि इस कोर्स को वह बीच में छोड़कर पत्रकारिता के क्षेत्र में आ गए।

अटल जी को छात्र जीवन से ही राजनीति में गहरी रुचि थी। विक्टोरिया कॉलेज में पढ़ाई के दौरान अटल कॉलेज के संघ मंत्री और उपाध्यक्ष भी बने। उस दौर में उनकी सक्रियता ग्वालियर में आर्य समाज आंदोलन की युवा शाखा आर्य कुमार सभा से शुरू हुई।1944 में वह इस सभा के महासचिव भी बने। अटल जी का परिवार पहले से ही राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से प्रेरित था यही वजह रही उस छात्र दौर में में ही वह आरएसएस से जुड़ गए और तभी से तमाम भाषण, वाद -विवाद प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेना शुरू कर दिया। भारत छोड़ो आंदोलन के दौर में उन्हें जेल भी जाना पड़ा। उस दौर को याद करें तो यही वह दौर था जब भारत ब्रिटिश उपनिवेश का दंश झेलने के बाद आजाद हुआ था और देश बंटवारे के त्रासदी से गुजर रहा था। बंटवारे के चलते दंगों के कारण उन्होंने कानून की पढ़ाई को बीच में ही छोड़ दी। उन्होंने अपना करियर एक पत्रकार के रूप में शुरू किया। पत्रकार के रूप में उन्होंने लम्बे समय तक राष्ट्रधर्म, पांचजन्य और वीर अर्जुन आदि राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत अनेक पत्र-पत्रिकाओं का सम्पादन किया। बाबा साहब आप्टे से प्रभावित होकर उन्होंने 1940 से 1944 के दौरान संघ के अधिकारी प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा लिया और 1947 में प्रचारक बन गए। 1951 में वह भारतीय जनसंघ में शामिल हो गए।

उन्हें पार्टी का राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया गया। इसी वर्ष 21 अक्टूबर को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने दक्षिणपंथी राजनीतिक दल की नींव रखी थी। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं दीनदयाल उपाध्याय और प्रोफेसर बलराज मधोक इसके संस्थापक संघ थे। इस दौरान संघ ने ब्रिटिश राज के शासनकाल के दौरान शुरू किए गए अपने काम को जारी रखने और अपनी विचारधारा को आगे बढ़ाने के लिए एक राजनीतिक दल के गठन पर विचार करना शुरू कर दिया था। 1957 में पहली बार लोकसभा के लिए चुने गए। वे भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी से प्रेरित थे और उनकी विचारधारा को अपनाया। इसके बाद उनका राजनीतिक करियर लगातार उन्नति की ओर बढ़ता गया। भारतीय जनता पार्टी को एक नई दिशा देने में उनकी भूमिका अहम रही। वाजपेयी की बड़ी खूबी सहिष्णुता और बेहतरीन समन्वय थी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जैसे सामाजिक और सांस्कृतिक संगठन से जुड़कर भी उन्होंने कभी हिंदुत्व को संकीर्ण अर्थों में नहीं लिया।

अटल बिहारी वाजपेयी का व्यक्तित्व बहुत ही मिलनसार था। उनके विपक्ष के साथ भी हमेशा सम्बन्ध मधुर रहे। 1975 में आपातकाल लगाने का अटल बिहारी वाजपेयी ने खुलकर विरोध किया। 1977 के लोकसभा चुनाव के बाद देश में पहली बार मोरारजी देसाई के नेतृत्व में बनी गैर कांग्रेसी सरकार में अटल बिहारी वाजपेयी विदेश मंत्री बने तो उन्होंने पूरे विश्व में भारत की छवि बनाई। विदेश मंत्री के रूप में संयुक्त राष्ट्र में हिंदी में भाषण देने वाले देश के पहले वक्ता बने। अपनी भाषण कला से दुनिया का दिल जीत लिया। अटल जी के भाषण के मुरीद सब थे, फिर चाहे वे विपक्ष का नेता ही क्यों ना रहा हो। तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू भी उनसे खासा प्रभावित रहते थे। एक बार नेहरू ने जनसंघ की आलोचना की तो अटल ने कहा मैं जानता हूं पंडित जी रोजाना शीर्षासन करते हैं। वह शीर्षासन करें, मुझे उससे कोई आपत्ति नहीं है लेकिन मेरी पार्टी की तस्वीर उल्टी ना देखें। यह सुनते ही जवाहर लाल नेहरू ठहाका मारकर हंस पड़ें।

भले ही नेहरू राजनीती में अटल के विरोधी रहे हों, लेकिन उनके मुरीद भी थे। एक बार नेहरू ने भारत यात्रा पर आए एक ब्रिटिश प्रधानमंत्री से वाजपेयी को मिलवाते हुए कहा था इनसे मिलिए, ये विपक्ष के उभरते हुए युवा नेता हैं। हमेशा मेरी आलोचना करते हैं लेकिन इनमें मैं भविष्य की बहुत संभावनाएं देखता हूं। 1961 में जब नेहरू ने राष्ट्रीय एकता परिषद का गठन किया तो उसमें वाजपेयी को शामिल किया जबकि परिषद में में दिग्गज नेता और लोग शामिल थे। अटल उसमें सबसे युवा थे लोकसभा में चुनकर आये थे। 1962 में परिषद की पहली बैठक होनी थी तब वे लोकसभा के सदस्य नहीं रह गये थे। इसके बाद जब वाजपेयी बलरामपुर से चुनाव लड़े तो नेहरू उनके खिलाफ प्रचार करने नहीं गये। 29 मई 1964 मई 1964 में नेहरू के निधन के बाद वाजपेयी ने जो श्रद्धांजलि नेहरू को दी उसे एक यादगार भाषण कहा जाता है। उन्होंने लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी जैसे मजबूत व्यक्तित्वों के साथ काम किया और क्षेत्रीय क्षत्रपों को न केवल मजबूत किया बल्कि अपनी सरकार में हर किसी को काम करने की पूरी आज़ादी दी। भारतीय राजनीती में गठबंधन युग को उन्होंने कुशलता से संभाला। उनके कार्यकाल में भारत ने आर्थिक और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में बड़ी छलांग लगाई।

सशक्त उपभोक्ता ही सशक्त राष्ट्र की नींव

यह विडंबना ही है कि जिस दौर में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, उसी दौर में भारतीय उपभोक्ता गुणवत्ता और सुरक्षा के लिए संघर्ष कर रहा है। आर्थिक प्रगति का वास्तविक अर्थ केवल सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि नहीं होता, बल्कि यह भी होता है कि उस विकास का लाभ आम नागरिक तक कितनी ईमानदारी और सुरक्षा के साथ पहुँच रहा है।

ललित गर्ग

राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस केवल एक उपभोक्ताओ से जुड़ी तिथि मात्र नहीं है, बल्कि यह उस मौलिक सत्य की स्मृति है कि किसी भी राष्ट्र की अर्थव्यवस्था, सामाजिक संतुलन और नैतिक स्वास्थ्य का केंद्र बिंदु उपभोक्ता ही होता है। उपभोक्ता वह व्यक्ति है जो अपने परिश्रम की कमाई को भरोसे, आवश्यकता और आशा के साथ बाज़ार में खर्च करता है। किंतु आज यही उपभोक्ता सबसे अधिक ठगा जा रहा है, भ्रमित किया जा रहा है और असुरक्षित महसूस कर रहा है। ठगी, बेईमानी, मिलावट और गुणवत्ता-विहीन उत्पादों ने उपभोक्ता अधिकारों की नींव को हिला दिया है। यह स्थिति केवल आर्थिक शोषण तक सीमित नहीं रही, बल्कि उपभोक्ताओं के मानसिक, शारीरिक और स्वास्थ्य संबंधी जीवन पर गहरे और स्थायी आघात पहुँचा रही है। इसलिये उपभोक्ता दिवस मनाते हुए बाजार को आदर्श एवं स्वस्थ कलेवर देने के साथ उपभोक्ता हितों का संरक्षण जरूरी है।

आज का बाज़ार पहले की तुलना में अधिक जटिल, तेज़ और आक्रामक हो चुका है। उपभोक्ता के सामने विकल्पों की भरमार है, किंतु जानकारी और पारदर्शिता का अभाव है। चमकदार विज्ञापन, आकर्षक पैकेजिंग और भ्रामक दावे उपभोक्ता को निर्णय के उस बिंदु तक ले जाते हैं, जहाँ वह अक्सर वास्तविक गुणवत्ता और सुरक्षा को पहचान ही नहीं पाता। परिणामस्वरूप वह ऐसी वस्तुओं और सेवाओं का उपभोग करने को विवश होता है जो उसके स्वास्थ्य, मानसिक शांति और आर्थिक स्थिरता को नुकसान पहुँचाती हैं। मिलावटी खाद्य पदार्थ, नकली दवाइयाँ, घटिया निर्माण सामग्री और डिजिटल ठगी के नए-नए रूप यह प्रमाणित करते हैं कि उपभोक्ता अधिकारों का हनन अब अपवाद नहीं, बल्कि सामान्य प्रवृत्ति बनता जा रहा है।

यह विडंबना ही है कि जिस दौर में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, उसी दौर में भारतीय उपभोक्ता गुणवत्ता और सुरक्षा के लिए संघर्ष कर रहा है। आर्थिक प्रगति का वास्तविक अर्थ केवल सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि नहीं होता, बल्कि यह भी होता है कि उस विकास का लाभ आम नागरिक तक कितनी ईमानदारी और सुरक्षा के साथ पहुँच रहा है। यदि उपभोक्ता को सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप उत्पाद उपलब्ध नहीं हो पा रहे, तो यह विकास अधूरा और खोखला है। उपभोक्ता अधिकारों का उल्लंघन केवल जेब पर चोट नहीं करता, वह राष्ट्र के आत्मविश्वास और नैतिक शक्ति को भी कमजोर करता है।

उपभोक्ता जब बार-बार ठगा जाता है, तो उसके मन में बाज़ार और व्यवस्था दोनों के प्रति अविश्वास जन्म लेता है। यह अविश्वास धीरे-धीरे मानसिक तनाव, चिंता और असुरक्षा की भावना में बदल जाता है। मिलावटी भोजन और नकली दवाइयों से उत्पन्न बीमारियाँ केवल शारीरिक कष्ट नहीं देतीं, बल्कि परिवार और समाज पर दीर्घकालिक आर्थिक बोझ भी डालती हैं। इस प्रकार उपभोक्ता अधिकारों का हनन एक व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता, वह सामाजिक और राष्ट्रीय समस्या का रूप ले लेता है। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि उपभोक्ता शोषण राष्ट्र की सामूहिक चेतना पर आघात है।

सरकार द्वारा बनाए गए उपभोक्ता संरक्षण कानून, मानक निर्धारण संस्थाएँ और शिकायत निवारण तंत्र अपने आप में महत्वपूर्ण हैं, किंतु उनकी प्रभावशीलता तब ही सिद्ध होगी जब वे काग़ज़ों से निकलकर ज़मीन पर दिखाई दें। आज आवश्यकता है अधिक सशक्त शासन की, अधिक सक्रिय निगरानी की और अधिक संवेदनशील प्रशासनिक दृष्टि की। उपभोक्ता संरक्षण केवल एक विभाग या मंत्रालय की जिम्मेदारी नहीं हो सकती, यह समग्र शासन व्यवस्था की प्राथमिकता होनी चाहिए। जब तक मिलावट, धोखाधड़ी और भ्रामक व्यापारिक प्रथाओं पर त्वरित और कठोर कार्रवाई नहीं होगी, तब तक उपभोक्ता अधिकारों की बात केवल औपचारिक भाषणों तक सीमित रह जाएगी। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यदि हम उन्नत अर्थव्यवस्थाओं की ओर देखें, तो स्पष्ट होता है कि वहाँ उपभोक्ता अधिकारों को केवल कानून के रूप में नहीं, बल्कि संस्कृति के रूप में स्वीकार किया गया है। उत्पाद की गुणवत्ता, सुरक्षा मानक, पारदर्शी जानकारी और त्वरित न्याय वहाँ बाज़ार की अनिवार्य शर्तें हैं। भारत को भी इसी दिशा में आगे बढ़ना होगा। वैश्विक प्रतिस्पर्धा में टिके रहने के लिए केवल सस्ता उत्पादन पर्याप्त नहीं है, बल्कि उच्च गुणवत्ता और उपभोक्ता संतुष्टि अनिवार्य है। भारतीय उपभोक्ता को यह महसूस होना चाहिए कि वह किसी भी अंतरराष्ट्रीय उपभोक्ता से कम सुरक्षित या कम सम्मानित नहीं है।

इस वर्ष राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस की थीम सुरक्षा, गुणवत्ता और विश्वास की बात करती है, जो अपने आप में अत्यंत विचारोत्तेजक है। सुरक्षा केवल उत्पाद की नहीं, बल्कि उपभोक्ता के जीवन और स्वास्थ्य की सुरक्षा है। गुणवत्ता केवल वस्तु की नहीं, बल्कि उस व्यवस्था की गुणवत्ता है जो उपभोक्ता को न्याय और सम्मान देती है। विश्वास केवल बाज़ार पर नहीं, बल्कि शासन और कानून पर विश्वास है। यदि ये तीनों तत्व सशक्त नहीं होंगे, तो उपभोक्ता दिवस का संदेश अधूरा रह जाएगा। उपभोक्ताओं के हितों की वकालत करता हुआ यह दिवस उपभोक्ताओं के अधिकारों, दायित्वों और संरक्षण की चेतना को सुदृढ़ करने का महत्वपूर्ण अवसर है। यह दिन याद दिलाता है कि उपभोक्ता केवल खरीददार नहीं, बल्कि बाजार व्यवस्था की आत्मा हैं, बाजार की शक्ति एवं गति है।। बदलते आर्थिक परिवेश में उत्पादों और सेवाओं की गुणवत्ता, पारदर्शिता तथा जवाबदेही सुनिश्चित करना और भी आवश्यक हो गया है। उपभोक्ता संरक्षण कानूनों ने एक मजबूत आधार दिया है, किंतु उनके प्रभावी क्रियान्वयन, त्वरित न्याय और जन-जागरूकता के बिना उपभोक्ता सशक्तिकरण अधूरा रह जाता है। इसलिए राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस को औपचारिकता नहीं, बल्कि सतत जनआंदोलन के रूप में देखा जाना चाहिए। डिजिटल मार्केटिंग की चुनौतियां आज उपभोक्ता हितों के लिए सबसे बड़ी कसौटी बनकर उभरी हैं। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर भ्रामक विज्ञापन, फर्जी रिव्यू, डेटा गोपनीयता का उल्लंघन, छिपी शर्तें और एल्गोरिद्म-आधारित मूल्य भेदभाव उपभोक्ता को असहाय बना रहे हैं। डिजिटल लेनदेन की सुविधा के साथ-साथ साइबर धोखाधड़ी और गलत सूचना का खतरा भी बढ़ा है। ऐसे में उपभोक्ताओं को डिजिटल साक्षर बनाना, प्लेटफॉर्म की जवाबदेही तय करना और त्वरित शिकायत निवारण तंत्र विकसित करना समय की मांग है, ताकि तकनीक उपभोक्ता के लिए सहायक बने, शोषण का साधन नहीं। 'जागो ग्राहक जागो' अभियान को आज क्रांतिकारी रूप देने की आवश्यकता है।

मानक विहीन दवा और ड्रग्स का काला कारोबार

राज्य औषधि परीक्षण प्रयोगशालाओं ने 97 दवा नमूनों को मानक के अनुरूप न पाकर घटिया गुणवत्ता घोषित किया। इस प्रकार कुल 143 दवा नमूने जुलाई माह में असफल पाए गए। जिसमे से 8 दवाएं नकली मिलीं। अभी नवम्बर 25 में केंद्रीय औषधि प्रयोगशालाओं की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, केंद्रीय लैब में 64 और राज्य लैब में 141 दवाएं गुणवत्ता मानकों पर खरी नहीं उतरीं, जबकि गाजियाबाद से 2 नकली दवाएं भी पकड़ी गईं, जिनकी जांच चल रही है।


प्रेम शर्मा

अभी पिछले दिनों बच्चे के जहरीले सिरप से पीने के बाद हुई मौतों से देश उबर भी नही पाया था कि अचानक मानक विहीन दवाओं की एक लम्बी सूची सबके सामने आने से लोगों में दवा को लेकर शंकाएं गहराने लगी है। बीते शनिवार को अधिकारियों ने बताया कि देशभर में 200 दवा के नमूनों की जांच की गई और उनमें से 47 राज्य में बनी थीं। इनमें बुखार, दिल का दौरा और डायबिटीज की दवाएं शामिल हैं। फेल हुए नमूने अलग-अलग जिलों के थे। इनमें 28 सोलन से, 18 सिरमौर से और एक ऊना से शामिल है। वैसे भी लम्बे समय से देश में प्रतिबंधित एवं प्रतिबंध योग्य दवाओं और ड्रग्स के काले कारोबार का खेल लगातार जारी है। फ़रवरी 2024 में भारतीय नौसेना और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने गुजरात के पोरबंदर के तट के क़रीब लगभग 3300 किलोग्राम ड्रग्स ज़ब्त किया था। जिसमें 3089 किलोग्राम चरस, 158 किलोग्राम मेथम्फेटामाइन और 25 किलोग्राम मॉर्फीन ज़ब्त की गयी थी। लेकिन इसमें मामले को जितना तूल पकड़ना चाहिए था उतना पकड़ा नही गया था।कोडीनयुक्त कफ सिरप के मामले में योगी सरकार ही संख्त नही है बल्कि इलाहाबाद हाईकोर्ट तक ने 40 आरोपियों गिरफ्तारी पर रोक की याचिका को खारिज कर दिया है। वैसे तो केन्द्र सरकार ने 12 अगस्त 2025 को जारी राजपत्र में 156 कॉम्बिनेशन दवाओं (दवाओं के कॉकटेल) पर प्रतिबंध लगा दिया है. केंद्र ने पैरासिटामोल, ट्रामाडोल, टॉरिन और कैफीन के मिश्रण पर भी प्रतिबंध लगा दिया है। ट्रामाडोल, एक ओपिओइड-आधारित दर्द निवारक दवा है, जो इस प्रतिबंधित मिश्रण में शामिल है। दवाओं के कॉकटेल का मतलब है कि कई तरह की दवाओं को एक बनाकर नए नाम से बेचना. जैसे किसी को दर्द और बुखार है तो डॉक्टर इसके लिए दो दवाइयां लिखते हैं मेफेनामिक एसिड और पैरासिटामोल. अब कई कंपनियों इन दोनों दवाओं को एक साथ एक निश्चित मात्रा में मिलाकर एक अलग नाम से बेचती है. इस तरह के दवाओं को फिक्स डोज कॉम्बिनेशन कहा जाता है. भारतीय बाजार में इस तरह की हजारों दवाएं हैं. भारत सरकार की एक्सपर्ट कमिटी ने इनमें से कॉम्बिनेशन दवाओं पर प्रतिबंध लगाने की सिफारिश की थी क्योंकि इन दवाइयों से मानव शरीर पर हानिकारक प्रभाव पड़ रहा था। इसी वर्ष जुलाई में केंद्रीय औषधि प्रयोगशालाओं ने इस दौरान 46 दवाओं के नमूनों को गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं पाया गया, जबकि राज्य औषधि परीक्षण प्रयोगशालाओं ने 97 दवा नमूनों को मानक के अनुरूप न पाकर घटिया गुणवत्ता घोषित किया। इस प्रकार कुल 143 दवा नमूने जुलाई माह में असफल पाए गए। जिसमे से 8 दवाएं नकली मिलीं। अभी नवम्बर 25 में केंद्रीय औषधि प्रयोगशालाओं की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, केंद्रीय लैब में 64 और राज्य लैब में 141 दवाएं गुणवत्ता मानकों पर खरी नहीं उतरीं, जबकि गाजियाबाद से 2 नकली दवाएं भी पकड़ी गई, जिनकी जांच चल रही है। केंद्रीय प्रयोगशालाएं नवंबर 2025 में 64 दवा नमूनों को मानक गुणवत्ता के नहीं पाया गया।राज्य प्रयोगशालाएं ने 141 दवा नमूनों को घटिया गुणवत्ता घोषित किया।गाजियाबाद से दो नकली दवाएं मिलीं, जिनके निर्माताओं के खिलाफ जांच और कार्रवाई की जा रही है। खास बॉत यह कि पैरासिटामोल, मेटफॉर्मिन, क्लोपिडोग्रेल जैसी आम दवाएं भी गुणवत्ता परीक्षण में फेल हुई हैं, जो मरीजों की सुरक्षा के लिए चिंताजनक है। दवाओं के सम्बंध में और भी चौकाने वाले आकड़े सामने आ सकते है बशर्त इनकी जॉच राष्ट्रीय स्तर पर बड़े पैमाने पर की जाए। मरीज को जल्द राहत देने के नाम पर दवाओं की एमजी जो 250, 500 तक निर्धारित है वह मरीज को तत्काल राहत तो दे रही है लेकिन उसके शरीर की रोग निरोधक क्षमता को साथ उसे अन्य बीमारियों से भी ग्रसित कर रही है।

यही हाल उत्तर प्रदेश पंजाब-हरियाणा ही नहीं, देश के अन्य राज्यों में भी नशीले पदार्थों का बढ़ता घातक कारोबार गंभीर संकट की आहट सुना रहा है। आये दिन विभिन्न राज्यों में नशीले पदार्थों की बड़ी-बड़ी खेप बरामद होना इस संकट की भयावह तस्वीर उकेरता है। अब वयस्क ही नहीं, किशोर भी नशे की चपेट में आ रहे हैं। फिर वे अपने नशे के लिए पैसा जुटाने को अपराध की गलियों से गुजरने में गुरेज नहीं करते। हाल ही के कुछ गंभीर अपराधों का खुलासा होने पर किशोरों ने स्वीकार किया कि वे नशे हेतु पैसा जुटाने के लिए अपराध करने निकले थे। कमोबेश, ऐसा ही संकट नकली दवाइयों की आपूर्ति का भी है। पिछले दिनों देश के कई राज्यों में घातक कफ सिरप पीने से कई बच्चे अपनी जान गंवा बैठे। इस आसन्न संकट को महसूस करते हुए नकली दवाइयों और मादक पदार्थों पर अंकुश लगाने के लिए सात राज्यों के ड्रग्स कंट्रोलरों, पुलिस और सीआईडी अधिकारियों का एक महत्वपूर्ण सम्मेलन चंडीगढ़ में आयोजित किया गया, जिसका मकसद इन अधिकारियों को एक मंच पर लाकर कार्रवाई को अधिक कारगर बनाना था। इस रणनीतिक महत्व के सेमिनार का आयोजन हरियाणा के खाद्य और औषधि प्रशासन ने किया था, जिसका मकसद सीमावर्ती राज्यों के बीच बेहतर समन्वय, सूचना साझेदारी और तेज प्रवर्तन तंत्र विकसित करना था। यह स्वागत योग्य है कि देश में पहली बार सात राज्यों ने इस संकट को महसूस करते हुए इस दिशा में कठोर कदम उठाने की पहल की गई थी। इसमें दो राय नहीं कि देश के लिए घातक साबित हो रहे नशे के कारोबार पर अंकुश राज्यों के संयुक्त प्रयासों से ही संभव है। इसके लिए जरूरी है कि विभिन्न राज्यों के जिम्मेदार अधिकारी समय-समय पर इससे जुड़े डेटा साझा करने, पारदर्शी समन्वय और 'एक टीम, एक रणनीति' पर काम करें। इस दौरान सात राज्यों के अधिकारियों ने नशीली दवाओं के दुरुपयोग रोकने व नकली दवाइयों पर रोक लगाने के लिए सहयोग करने पर सहमति जतायी गई। इस नई चुनौती के मुकाबले के लिए विशेष प्रशिक्षण और सात राज्यों के ड्रग कंट्रोलरों और पुलिस अधिकारियों के बीच सूचनाओं के आदान-प्रदान पर सहमति बनी। इसमें दो राय नहीं कि यह जहरीला कारोबार सिर्फ स्थानीय मुद्दा नहीं है बल्कि विभिन्न राज्यों के बीच साझा चुनौती बना हुआ है, जिसका मुकाबल डेटा साझेदारी और पारदर्शी समन्वय से ही संभव है। दरअसल, हाल के दिनों में पंजाब व देश के समुद्री सीमा से जुड़े राज्यों में नशीले पदार्थों की जो बड़ी खेपें बरामद हुई हैं, उसने पूरे देश की चिंता बढ़ाई है।

अवधनामा

लखनऊ, बुधवार, 24 दिसम्बर, 2025

डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

मेरठ। विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी डा0 वी0के0 सिंह की अध्यक्षता में सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। सुशासन सप्ताह कार्यक्रम में जिलाधिकारी के समक्ष जनपद में विभागीय स्तर पर किये गये नवाचार एवं कार्यो को प्रदर्शित किया गया। जिलाधिकारी ने विभागो द्वारा किये गये नवाचारो का अवलोकन करते हुये कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजना एवं जनसेवाओ की प्रभावी डिलीवरी सुनिश्चित करना तथा आम नागरिक को त्वरित लाभ पहुंचाना सुशासन सप्ताह का उद्देश्य है। विभिन्न नवाचारो एवं सरकारी प्रयासो से किये गये कार्यो से आमजनमानस को प्रत्येक क्षेत्र में लाभ प्राप्त हो रहा है। सुशासन का उद्देश्य सरकारी तंत्र को पारदर्शी तकनीक के प्रभावी उपयोग एवं जवाबदेही को मजबूत करना है। इन्हीं उद्देश्यो के साथ शासन के निर्देशानुसार जनपद स्तर पर समस्त विभागो द्वारा कार्यवाही की जा रही है तथा विभागो द्वारा किये गये नवाचार एवं जनकल्याणकारी कार्यो का लाभ आमजनमानस को प्राप्त हो रहा है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि विभागो द्वारा जो भी नवाचार किये गये गये है उनका विभागीय उपलब्धि एवं सक्सेस स्टोरी के रूप में अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जाये। इसी क्रम में जिला पंचायत राज अधिकारी वीरेन्द्र सिंह ने विभाग द्वारा किये गये नवाचार के संबंध में बताया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में पंचायत भवन का निर्माण किया गया है। आज ग्रामवासी सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओ का लाभ एक ही स्थान पर प्राप्त कर रहे है। ग्राम स्तर पर आवेदन और समस्याओ का निस्तारण एक ही स्थान पर किया जा रहा है। विभाग द्वारा ग्राम पंचायतो में लाईब्रेरी और आधारशिला लैब की स्थापना की गई जिसका लाभ स्कूली छात्र-छात्राओ एवं प्रतियोगियो को प्राप्त हो रहा है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र में खेलो को बढावा देने के लिए पंचायती राज विभाग द्वारा शूटिंग रेंज की स्थापना, स्कूलो में खेल की गतिविधियो में विभिन्न नवाचार किये

- सुशासन सप्ताह कार्यक्रम में सुनाई गई विभागीय विकास कार्य, योजनाओ व नवाचारो की कहानी, अफसरो की जुबानी
- सरकार की कल्याणकारी योजना एवं जनसेवाओ की प्रभावी डिलीवरी तथा आम नागरिक को त्वरित लाभ पहुंचाना सुशासन सप्ताह का उद्देश्य : जिलाधिकारी
- विभाग द्वारा किये गये नवाचार एवं जनकल्याणकारी कार्यो का लाभ आमजनमानस को हो रहा प्राप्त : डा0 वी0के0 सिंह
- सीएम युवा उद्यमी योजना से बदली युवाओ की तकदीर, बडी संख्या में अन्य लोगो को भी दे रहे रोजगारः उपायुक्त उद्योग

गये है। इसके माध्यम से ग्रामीण बच्चे प्रशिक्षण प्राप्त करते हुये राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल प्रतियोगिताओ में जनपद का नाम रोशन कर रहे है। साथ ही पंचायत के स्तर पर सौन्दर्यीकरण एवं वृक्षारोपण इत्यादि में नवाचार किये गये है।

उपायुक्त उद्योग दीपेन्द्र कुमार ने बताया कि सीएम युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत जनपद के युवा जहां एक तरफ आर्थिक रूप से सशक्त हुये है तो वही अपना उद्यम खडा कर बडी संख्या में अन्य को भी रोजगार प्रदान कर रहे है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशा चौधरी ने बताया कि जनपद में बनाये जा रहे मॉडल स्कूल का प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होने बताया कि जिलाधिकारी के नेतृत्व में स्कूलो के हुये कायाकल्प से ग्रामीण छात्र-छात्राओ को लाभ प्राप्त हो रहा है और छात्र-छात्राएं एक बेहतर स्कूली वातावरण में अध्ययन कर रहे है। इसके अतिरिक्त डी0सी0 मनरेगा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी सहित समस्त उपस्थित अधिकारियो द्वारा विभागीय उपलब्धि एवं किये गये नवाचार के बारे में विस्तृत रूप से प्रस्तुतीकरण दिया गया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी श्वेतांक सिंह, पीडीडीआरडीए सुनील कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 अशोक कटारिया, जिला सूचना अधिकारी सुमित कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी वीरेन्द्र सिंह, उपायुक्त उद्योग वीरेन्द्र सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुनील कुमार सिंह, बीएसए आशा चौधरी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

इनाया काजिम ने जीता पदक

- मेरठ की बेटी इनाया काज़िम ने पदक जीतकर मेरठ का नाम किया रोशन

अवधनामा संवाददाता

मेरठ। मेरठ जनपद के ग्राम गगसौना निवासी डॉ सिकंदर अब्बास की बेटी इनाया काज़िम ने दिल्ली में आयोजित सिख फेडरेशन ऑफ इंडिया नेशनल चैंपियनशिप में मेडल जीतकर यूपी का ही नहीं मेरठ का भी नाम रोशन किया है। इनाया काजिम के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है। दिल्ली में आयोजित सातवें राष्ट्रीय सिख गेम्स में इनाया काजिम ने अपना जलवा बरकार रखते हुए मैडल अपने नाम किया। सिख फेडरेशन ऑफ इंडिया नेशनल चैंपियनशिप के आयोजकों द्वारा बताया गया कि सिख फेडरेशन ऑफ इंडिया नेशनल चैंपियनशिप खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देता है। सिख फेडरेशन ऑफ इंडिया नेशनल चैंपियनशिप सिख समुदाय के व्यापक प्रतिनिधित्व को दर्शाने का काम करता है। खेलो इंडिया वूमेन लीग दिल्ली स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप में भाग

लेकर प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में भी इनाया काजिम ने गोल्ड मेडल जीतकर मेरठ का नाम रोशन किया था। इनाया काज़िम ने सिख फेडरेशन ऑफ इंडिया नेशनल चैंपियनशिप में पदक जीतकर यह दर्शा दिया है कि उनका अच्छा प्रदर्शन आगे बढ़ने के लिए इनाया काजिम को प्रेरित करेगा। इनाया काज़िम ने सिख फेडरेशन ऑफ इंडिया नेशनल चैंपियनशिप में मेडल जीतकर जनपद का ही नहीं क्षेत्र का भी नाम रोशन किया है। इस साल में इनाया काजिम का ये तीसरा मेडल है। इससे पहले जिम कॉर्बेट में नार्थ ईस्ट प्रतियोगिता में भी इनाया काजिम ने गोल्ड मेडल जीतकर नाम रोशन किया था। इनाया काज़िम के गोल्ड जीतने पर मेरठ सहित गगसौना गांव में हर्ष का माहौल बना हुआ है।

तम्बाकू निषेध कार्यक्रम का छत्रसाल इंटर में आयोजन

उरई (जालौन)। धूम्रपान निषेध प्रतियोगिता का आयोजन राष्ट्रीय बाल स्वास्थ टीम द्वारा छत्रसाल इंटर कालेज मे आयोजित किया गया जिसमे दो दर्जन से अधिक छात्रो ने भाग लिया। प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पाने बाले छात्रों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। आर बी एस के की ए टीम के डां रणधीर निरंजन, डां रैनू पाडेय, एम ओ आई सी डां उदय सिंह जमशेद, अमरदीप आदि ने छत्रसाल इंटर कालेज मे तम्बाकू निषेध कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमे निबंध प्रतियोगिता, भाषण तथा चित्र के माध्यमों से इसके दुष्प्रभाव के बारे मे अन्य छात्रों को समझाया गया, इस दौरान दो दर्जन से अधिक छात्रो मे से तीन छात्रो को प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया, सभी विजयी छात्रो को विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश निरंजन द्वारा शील्ड दी गयी। डां रणधीर निरंजन ने सभी छात्रो को बताया कि तम्बाकू के सेवन से दांत खराब हो जाते है तथा शरीर के अंदर अन्य बीमारी के साथ कैंसर जैसी घातक बीमारियां भी हो जाती है।

जिला न्यायाधीश, डीएम एवं एसएसपी ने किया जिला कारागार

अवधनामा संवाददाता

मेरठ। जिला न्यायाधीश अनुपम कुमार, जिलाधिकारी डा0 वी0के0 सिंह एवं एसएसपी विपिन ताडा द्वारा जिला कारागार, राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर, सूरजकुंड बाल गृह व राजकीय पश्चातवर्ती देखरेख संगठन लालकुर्ती (नारी निकेतन) का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। जिला कारागार में जिला न्यायाधीश, जिलाधिकारी एवं एसएसपी ने चिकित्सालय कक्ष, महिला बैरक, पुरूष बैरक आदि का निरीक्षण किया। उन्होने कैदियो से वार्ता कर उनसे खान-पान, पैरवी हेतु वकील इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त की। जिला न्यायाधीश, जिलाधिकारी व एसएसपी ने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में किशोरो से वार्ता करते हुये उनसे खान-पान, दवाई, पेशी आदि विषयो पर जानकारी प्राप्त की। सूरजकुंड बालगृह पर जिला न्यायाधीश व जिलाधिकारी ने बच्चो से वार्ता करते हुये उनसे खान-पान, पढाई, दवाई आदि विषयो पर जानकारी प्राप्त की। उन्होने शिशु सदन का निरीक्षण किया व संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

जिला न्यायाधीश व जिलाधिकारी ने राजकीय पश्चातवर्ती देखरेख संगठन लालकुर्ती (नारी निकेतन) में बच्चो को दी जा रही सुविधाओ के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होने बच्चो से वार्ता करते हुये उनसे खान-पान, पढाई आदि विषयो पर जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर जेल अधीक्षक जिला कारागार वीरेश राज शर्मा, सीएमओ डा0 अशोक कटारिया, जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुपम यादव, राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर, सूरजकुंड बाल गृह तथा नारी निकेतन का स्टॉफ सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

‘लोक संस्कृति और गाजीपुर’ विषय पर विशेषक कार्यशाला

गाजीपुर (जखनियां)। महर्षि विश्वामित्र कल्चर क्लब के सौजन्य से लोक संस्कृति और गाजीपुर विषय पर एक दिवसीय विशेष कार्यशाला मंगलवार को पी.जी. कॉलेज मलिकपूरा में सम्पन्न हुई।

गाजीपुर की समृद्ध लोक-सांस्कृतिक परंपराओं, जनजीवन और सांस्कृतिक चेतना को अकादमिक तथा सामाजिक दृष्टि से समझने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. सुनील कुमार तिवारी प्राचार्य, महात्मा गांधी शती स्मारक पीजी कॉलेज गरुवा मकसूद, गाजीपुर रहे। मुख्य प्रशिक्षक का परिचय डॉ. अभिषेक कुमार द्वारा प्रस्तुत किया गया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि लोक संस्कृति किसी भी क्षेत्र की आत्मा होती है। यही वह जीवंत परंपरा है जो समाज को उसकी जड़ों से जोड़ती है। यही आने वाली पीढ़ियों को अपनी पहचान सौंपती है।

वसुधैव कुटुम्बकम और सर्वे भवन्तु सुखिनः की भावना ही मानवता का मूल मंत्र : रमेश

अवधनामा संवाददाता

गाजीपुर (सादात)। सलेमपुर बधाई स्थित आनंद भवन में हिन्दू सम्मेलन डॉ संतोष कुमार के आवास पर सम्पन्न हुआ। मुख्य वक्ता प्रांत प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ काशी प्रांत रमेश जी अपने सम्बोधन में कहा कि हिन्दू संस्कृति अति प्राचीन है जो शाश्वत और सनातन है। हमारे मनीषियों और महापुरुषों ने हमेशा वसुधैव कुटुम्बकम, सर्वे भवन्तु सुखिनः की पवित्र भावना से मानवता को जोड़ने का काम किया। प्राचीन काल में पूरा हिन्दू समाज एक और नेक था, परंतु कालांतर में समाज जातियों, भाषाओं और रुढियों में बंट गया जिसके फलस्वरुप हम कई सौ वर्षो तक गुलामी की दासता में जीने को मजबूर हो गए। इससे हमारा धन, राज्य, जमीन,धर्म और स्वाभिमान सब खत्म हो गया था परंतु हमारे महापुरुषों, संतों

हिंदू सम्मेलन संपन्न

देश भक्तों ने अपने सर्वस्व का बलिदान देकर पुनः स्वतंत्र होकर जीने का अवसर दिया। परंतु आज फिर हम जाति, पंथ, भाषा, ऊँच- नीच में बटते जा रहे हैं। फलस्वरुप हम कमजोर हो रहे हैं। आज समय की जरूरत है कि फिर से हम संतों महापुरुषों के आध्यात्मिक विचारों को आत्मसात कर एक बने। आपस में भाई चारा स्थापित हो और हिंदू संस्कृति को पुनः ऊँचाई पर ले जाएं।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रख्यात धर्मगुरु परम पूज्य श्री सतपाल जी महाराज के आत्म अनुभवी शिष्य महात्मा श्री सारथानंद जी ने कहा कि हमारा समाज तभी एक हो सकता है जब हम सबके अंदर छुपे हुए उस एक आत्म तत्व को जानेंगे। जिसका ज्ञान प्रभु राम ने हनुमान को कराया। कृष्ण ने अर्जुन को कराया और सभी सच्चे गुरुओं ने अपने शिष्यों को उनके हृदय के अंदर जगाया। जब हम उसको जानेंगे तब सबके अंदर उसी एक प्रभु का दर्शन करेंगे तो सारे भेद भाव खत्म हो जाएंगे और हम एक और नेक बनकर इस देश, धर्म और समाज की सेवा करेंगे। विशिष्ट अतिथि साध्वी महात्मा दयावती बाई ने कहाकि आज मानव धर्म के प्रणेता हमारे सद्गुरु देव श्री सतपाल जी महाराज सनातन धर्म और संस्कृति का ध्वज भारत ही नहीं पूरी दुनिया के कोने-कोने में फहराकर भारत को पुनः विश्वगुरु बनाने का प्रयास कर रहे हैं।

पीएचसी छिरिया सलेमपुर का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

जालौन (उरई)। उपजिलाधिकारी जालौन हेमंत पटेल, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, जालौन एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी जालौन द्वारा ग्राम छिरिया सलेमपुर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में साफ़-सफाई की समुचित व्यवस्था पाई गयी। निरीक्षण के दौरान दवाईओं के भंडारण, उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था का विस्तार से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी ने मरीजों से संवाद कर दवा वितरण की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान मौके पर उपलब्ध उपस्थिति रजिस्टर के अनुसार स्वास्थ्य केंद्र में कर्मचारियों की संख्या 8 पाई गयी, जिसमे मौके पर प्रभारी चिकित्साधिकारी एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। निरीक्षण के दौरान मौके पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कुल 51 मरीज उपचार हेतु आये हुए थे, जिनका समय समय पर उपचार किया गया। मौके पर उपस्थित प्रभारी चिकित्साधिकारी को स्वास्थ्य केंद्र में आये हुए मरीजों को सर्दी से बचाव हेतु समुचित व्यवस्था कराये जाने एवं मरीजों को पर्याप्त मात्र में दवा उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।

विश्व ध्यान दिवस पर सिखाई ध्यान की विधि

मथुरा। विश्व ध्यान दिवस की पूर्व संध्या के अवसर पर प्राचार्य डाइट डॉ. मुकेशचंद्र के निर्देशन और ब्रह्माकुमारी संस्था के तत्वावधान में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में प्रशिक्षुओं के लिए विशेष राजयोग ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का उद्देश्य राजयोग ध्यान की सरल विधि, उसके व्यावहारिक स्वरूप तथा जीवन में होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं व्यवहारिक लाभों से परिचित कराना रहा।मुख्य वक्ता के रूप में ब्रह्माकुमारी संस्था के स्थानीय रिफाइनरी नगर सेवा केंद्र प्रभारी राजयोगिनी बीके कृष्णा दीदी जी ने राजयोग ध्यान की विधि को सरल शब्दों में समझाया और इसे दैनिक जीवन में अपनाने का आह्वान किया। रिफाइनरी से पधारे बीके आलोक ने ब्रह्माकुमारी संस्था का परिचय देते हुए बताया कि यह विश्व की सबसे बड़ी महिलाओं द्वारा संचालित आध्यात्मिक संस्था है, जिसका अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू, राजस्थान में स्थित है।

डीएम और एसपी ने सदर तहसील में समाधान दिवस में की सुनवाई

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने संपूर्ण समाधान दिवस/तहसील दिवस में अवसर पर तहसील सदर में आम-जनमानस की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना। जिलाधिकारी ने प्राप्त प्रार्थना-पत्रों के नियमानुसार त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने समस्त विभागीय अधिकारीयों को तहसील दिवस में आने वाले आम-जनमानस/शिकायतकर्ताओं को विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि शासन द्वारा संचालित योजनाएं पात्र लाभार्थियों तक पहुंचे, यह हमारी प्राथमिकता है। जिलाधिकारी ने समाधान दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों का मौके पर जाकर मुआयना करने तथा क्षेत्रीय जनसमस्याओं को गंभीरता से लेकर उनका गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करके पीड़ित लोगों को राहत पहुँचाने हेतु अधिकारियों को कड़े निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जनता की समस्या का समाधान करना हम सबके लिए सर्वोपरि है। कोई भी फरियादी तहसील दिवस या किसी भी कार्यालय से निराश होकर नहीं जाना चाहिए।

असहायों को वितरित किया कंबल

मांट (मथुरा)। विधायक राजेश चौधरी ने कहा कि तहसील स्तर पर शासन द्वारा ठंड को देखते हुए भेजे कंबलों को एसडीएम मांट -श्रीमती रितु सिरोही,ने गरीवों को कंबल वितरित कर स्थानीय प्रशासन ने सराहनीय कार्य किया है। यह क्रम आगे भी जारी रहेगा। मौके पर उपस्थित विधायक राजेश चौधरी ने शनिवार को तहसील परिसर में आयोजित कंबल वितरण के अवसर पर लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार गरीबों की सरकार है। आम जनता की सरकार है। ऐसे में आपके लिए सरकार आज भी खड़ी है और कल भी खड़ी रहेगी। विधायक ने कहा कि 2017 से 2025 तक हर वर्ष सरकार आपका ध्यान रखती है। जो कमजोर और गरीब है, सरकार लखनऊ में बैठकर प्रदेश के मुखिया योगी जी आपका ध्यान रख रहे हैं। बाढ़ के समय में भी तहसील प्रशासन एसडीएम मांट - रितु सिरोही नेअपनी मेहनत और लगन से बहुत अच्छा काम किया था।

एसआईआर के कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता

मेरठ। विकास भवन सभागार में मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश श्री नवदीप रिणवा की अध्यक्षता में एसआईआर के कार्यो की समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में सातो विधानसभाओ के ईआरओ से एसआईआर कार्य गणना प्रपत्र कलेक्शन, डिजीटाईजेशन, मैपिंग, डाटा फीडिंग, बीएलओ-बीएलए की कार्यवाही इत्यादि के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। प्रत्येक विधानसभावार एसआईआर कार्य प्रगति के बारे में समस्त ईआरओ द्वारा की जा रही कार्यवाही के संबंध में मुख्य निर्वाचन अधिकारी महोदय को अवगत कराया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि एबसेंट, शिफ्टेड, मृत वोटर्स जिनके नाम ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में नहीं आ रहे है उनकी सूची राजनैतिक दलो के बूथ लेवल एजेंट को उपलब्ध करा दी जायें तथा अधिकारियो को लगाकर इनका पुनः सत्यापन करा लिया जाये, जिससे पात्र सभी मतदाताओ का नाम

मतदाता सूची में सुनिश्चित किया जा सके। मैपिंग के कार्य में तेजी लाई जाये। समस्त अधिकारी यह सुनिश्चित करे कि ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में पात्र मतदाता का नाम छूटे नहीं और अपात्र शामिल न हो। बीएलओ-बीएलए के साथ पुनः मीटिंग एवं कार्यवाही का डाटा अपलोड हो जाये। एसआईआर डाटा में कहीं पर भी छोटी-छोटी त्रुटियां न रहे शत-प्रतिशत सत्यापन करते हुये ठीक कर लिया जाये। जिला निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर समस्त बूथ की एबसेंट, शिफ्टेड, मृत वोटर्स की सूची अपलोड की जाये। ऐसे मतदाता का नाम जिनका किसी भी कारण से ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में नहीं आ रहा है उसका कारण सहित सूची बनाकर वेबसाईट पर अपलोड की जाये। फार्म-6 के माध्यम से नये मतदाताओ को अभियान चलाकर जोडा जाये। उन्होने कहा कि एसआईआर के कार्य में बीएलओ से लेकर जनपद स्तर के समस्त अधिकारी-कर्मचारी द्वारा अच्छा कार्य किया गया है साथ ही राजनैतिक दल एवं अन्य जनमानस द्वारा सक्रिय भूमिका निभाई गई। उन्होने कहा कि वोटर लिस्ट का शुद्धिकरण हमारी प्राथमिकता है, जिसके लिए प्रदेश स्तर पर कार्यवाही की जा रही है। जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी महोदय को आश्वस्त करते हुये कहा कि प्राप्त निर्देशो के अनुसार जनपद में एसआईआर की कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है तथा आज बैठक में महोदय द्वारा जो भी निर्देश दिये गये है उनका शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। तदोपरांत मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश श्री नवदीप रिणवा द्वारा एलेक्जेंडर पब्लिक स्कूल, शास्त्रीनगर बूथ पर बीएलओ एवं बीएलए के कार्यो की समीक्षा की गई। बीएलओ द्वारा बूथ स्तर पर फार्म वितरण, कलेक्शन, डिजीटाईजेशन, फार्म-6 की कार्यवाही इत्यादि के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर आयुक्त मेरठ मंडल मेरठ भानु चन्द्र गोस्वामी, जिलाधिकारी /जिला निर्वाचन अधिकारी डा0 वी0के0 सिंह, नगर आयुक्त सौरभ गंगवार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन/उप जिला निर्वाचन अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त सूर्य कान्त त्रिपाठी, समस्त एसडीएम, नगर मजिस्ट्रेट नवीन कुमार श्रीवास्तव, जिला सूचना अधिकारी सुमित कुमार, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक कुमार शर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

प्राथमिक विद्यालय बलरामपुर में छात्रों को बांटे जूते-मोजे

अवधनामा संवाददाता

बलदेव (मथुरा)। विकास खंड बलदेव के प्राथमिक विद्यालय बलरामपुर में अग्रवाल समाज संगठन बलदेव द्वारा छात्रों को जूते- मोजे वितरित किए गए। इस अवसर पर अग्रवाल समाज संगठन के संस्थापक अध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने बताया कि सर्दी के इस भीषण मौसम में जूते-मोजे पहनकर स्कूल आने से बच्चों को काफी राहत मिलेगी।उन्होंने कहा कि जब बच्चे यूनिफॉर्म और जूते पहनकर स्कूल आयेंगे, तो उनका आत्मविश्वास व आत्म सम्मान बढ़ेगा, अनुपस्थिती कम होगी और छात्र पूरी एकाग्रता से पढ़ाई कर पाएंगे व दूसरे छात्रों के साथ बराबरी महसूस करेंगे, जिससे शैक्षणिक परिणाम काफी अच्छे होंगे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ जगदीश पाठक ने बताया कि भीषण सर्दी में जरूरतमंद स्कूली बच्चों को जूते व मोजे वितरित करना शिक्षा और स्वास्थ्य दोनों ही दृष्टि से बहुत ही महत्वपूर्ण है, इन बच्चों को जूते-मोजे मिलने से यह बच्चे अब ठंड, चोट और संक्रमण से सुरक्षित रह सकेंगे।

यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सुचारू बनाए जाने किया नरीक्षण एवं समीक्षा

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। यातायात व्यवस्था को सुचारू, सुरक्षित एवं सुदृढ़ बनाए जाने के उद्देश्य से नगर आयुक्त द्वारा नरहौली थाना परिसर में एसपी ट्रैफिक, सीओ ट्रैफिक एवं नरहौली थाना प्रभारी के साथ समीक्षा की । मथुरा में यातायात व्यवस्था को बेहतर किए जाने हेतु विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं गहन मंथन किया गया

अपर नगर आयुक्त सौरभ सिंह एवं अधिशासी अभियंता (निर्माण) अमरेंद्र गौतम भी उपस्थित रहे। नगर आयुक्त द्वारा एसपी ट्रैफिक, सीओ ट्रैफिक, नरहौली थाना प्रभारी, अपर नगर आयुक्त एवं अधिशासी अभियंता के साथ नरहौली चौराहा एवं उसके आसपास के क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया इस दौरान नगर आयुक्त द्वारा मुख्य मार्गों के दोनों ओर से अतिक्रमण को पूर्णतः हटाने हेतु अपर नगर आयुक्त को निर्देशित किया गया, नरहौली थाना के सामने स्थित डिवाइडर को भारी वाहनों की आवाजाही हेतु बंद किए जाने के निर्देश दिए गए, यातायात का दबाव कम किया जा सके एवं ट्रैफिक व्यवस्था अधिक सुचारू हो। मंडी चौराहा के आसपास क्षेत्र एवं गोवर्धन चौराहा रोड का भी अपर नगर आयुक्त सौरभ सिंह एवं अधिशासी अभियंता अमरेंद्र गौतम के साथ निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य मार्गों एवं चौराहों के आसपास से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही सड़क किनारे लगे विज्ञापन यूनिपोल एवं विद्युत पोलों को व्यवस्थित रूप से अन्यत्र स्थानांतरित करने के निर्देश दिए ताकि यातायात संचालन में किसी प्रकार की बाधा न उत्पन्न हो।

नगर आयुक्त द्वारा सड़क के किनारे स्थित कच्चे मार्गों पर इंटरलॉकिंग कार्य कराए जाने के निर्देश भी दिए गए, जिससे सड़कें अधिक सुरक्षित, सुगम एवं सुंदर बन सकें। नगर आयुक्त स्पष्ट निर्देश दिए कि मुख्य मार्गों पर किसी भी प्रकार का अवरोध स्वीकार्य नहीं होगा। अतिक्रमण हटाने हेतु नियमित अभियान चलाकर अतिक्रमण को पूर्णतः हटाया जाए तथा मार्गों पर लगे अव्यवस्थित विज्ञापन पोलों को नियमानुसार अन्य उपयुक्त स्थानों पर शिफ्ट किया जाए, जिससे शहर के मार्ग सुंदर, सुव्यवस्थित एवं यातायात के अनुकूल बन सकें। विशेष रूप से नेशनल हाईवे रोड स्थित नरहौली चौराहा के आसपास क्षेत्र की यातायात व्यवस्था को प्राथमिकता के आधार पर सुधारने के निर्देश दिए गए।

कान्हा गौशाला के निरीक्षण में हरा चारा कम मिलने पर एसडीएम ने जताई नाराजगी

जालौन(उरई)। उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल ने देर शाम नगर पालिका द्वारा संचालित कान्हा गौशाला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान हरा चारा पर्याप्त मात्रा में न मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई और नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण में गौशाला में कुल 370 गौवंश संरक्षित पाए गए। इनमें से 6 गौवंश बीमार मिले, जिस पर मौके पर मौजूद केयर टेकर ने बताया कि उनका उपचार डॉक्टरों द्वारा समय-समय पर कराया जा रहा है। पानी की व्यवस्था समुचित पाई गई, जबकि भूसा पर्याप्त मात्रा में मौजूद था। हरा चारा कम मिलने पर एसडीएम ने अधिशासी अधिकारी सुशील कुमार को निर्देशित किया कि गौवंशों के लिए हरे चारे की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही सर्दी से बचाव के लिए जलाए जा रहे अलाव, साफ-सफाई और चारा व्यवस्था का भी जायजा लिया। गौशाला में सर्दी से बचाव हेतु पर्याप्त अलाव जलाए जा रहे हैं।

संत गाडगे के निर्वाण दिवस पर दी श्रद्धांजलि

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। अखिल भारतीय समता फाउंडेशन एवं महात्मा ज्योतिबा फूले विकास समिति मथुरा द्वारा बहुजन महापुरुष महात्मा गाडगे जी के 69 वें निर्वाण दिवस पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में प्रमुख रुप से पधारे संरक्षक समाजसेवी कुंवर नरेंद्र सिंह जीने श्रद्धा सुमन अर्पित कर संत गाडगे जी द्वारा कुरीतियों आडंबर भेदभाव के खिलाफ किए गए समाज सुधार के प्रयासों यादों को याद कर बताया कि भारतीय समाज हमेशा उनका ऋणी रहेगा।

साथ ही जानकारी दी कि संत गाडगे के निर्वाण दिवस पर आयोजित केंद्र सरकार कि जन विरोधी नीतियों के दुष्परिणाम देशव्यापी निजीकरण, बेरोजगारी, महंगाई पर रोक लगाने ई वी एम हटाओ, बैलेट पेपर से चुनाव कराने, समान शिक्षा लागू कराने, किसान हित में एम एस पी पर तत्काल कानून बनाने की मांग को लेकर आयोजित संविधान बचाओ भव्य दंडवत यात्रा की शासकीय अनुमति उत्तर भारत की प्रमुख सड़कों पर कोहरा,ठंड के कारण सड़क दुर्घटनाओ में मारे गए निर्दोष लोगों और प्रति दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओ के चलते जिला प्रशासन द्वारा आगामी तिथि तक स्थगित की गई है।

अवधनामा

हेल्पलाईन नंबरों की मदद लेकर अपराधियों को सबक सिखायें

■ मिशन शक्ति टीम ने मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के तहत दी हेल्पलाईन नम्बरों की

अवधनामा संवाददाता

गुरसहायगंज, कन्नौज। प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के तहत पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन एवं प्रभारी निरीक्षक अजय अवस्थी एवं अभियान प्रभारी/निरीक्षक सीपी तिवारी के नेतृत्व में मिशन शक्ति टीम द्वारा नगर में भ्रमण कर महिलाओं को एकत्रित करके महिला संबंधी होने वाले अपराधों की रोकथाम के लिये जागरूक करते हुये महिला संबंधी सभी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। मंगलवार को मिशन शक्ति/एन्टीरोमियो टीम की महिला आरक्षी आरती, सीमा द्वारा नगर के जीटीरोड, रेलवे रोड, रेलवे स्टशन, तिर्वारोड पर आने जानें बाली महिलाओं/बालिकाओं से संवाद स्थापित किया और उन्हें आत्मरक्षा, साइबर सुरक्षा, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग तथा असामाजिक तत्वों की जानकारी तुरंत पुलिस को देने की अपील की। टीम ने बताया कि सरकार महिला सुरक्षा को लेकर पूरी तरह संवेदनशील है और मिशन शक्ति का उद्देश्य हर महिला को सुरक्षित और सशक्त बनाना है। उन्होनें किसी भी प्रकार की पुलिस सहायता हेतु वीमेन पावर लाइन 1090 व डायल 112 व ऑपरेशन कवच व 181 महिला हेल्पलाइन व 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन व 1098 चाइल्ड लाइन व 155260 व 1930 साइबर क्राइम अपराध के बारे में बताया गया व अन्य कानूनी जानकारी देते हुये कहा कि किसी भी प्रकार की उत्पीड़न या हिंसा की स्थिति में तुरंत इन नंबरों पर संपर्क करें। उन्होनें शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए पम्पलेट प्रदान कर जागरूक किया गया। साथ ही थाना स्थानीय पर नवस्थापित मिशन शक्ति केन्द्र का कार्य, उद्देश्य, उपलब्ध करायी जाने वाली सेवाओं के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी।

केक निर्माण के कारखानों पर हुई छापेमारी, सैंपल लेकर भेजे गये

अवधनामा संवाददाता

कन्नौज। शासनादेश के अनुपालन एवं जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के निर्देशानुसार क्रिसमस पर्व के दृष्टिगत आम जनमानस को सुरक्षित, शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा जनपद में विशेष प्रवर्तन अभियान 22 दिसम्बर से 24 दिसम्बर 2025 तक संचालित किया जा रहा है। मंगलवार को इसी क्रम में विभागीय अधिकारियों द्वारा जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में औचक निरीक्षण एवं छापेमारी की गई। निरीक्षण के दौरान कौशल बेकर्स, छिबरामऊ से केक निर्माण में प्रयुक्त क्रश का नमूना, गुप्ता जी आइसक्रीम, छिबरामऊ से केक निर्माण में प्रयुक्त चॉकलेट एवं जेली के नमूने तथा आदेश वर्मा, गोल कुआँ, कन्नौज से तैयार केक का नमूना संकलित किया गया। संकलित सभी खाद्य नमूनों को गुणवत्ता परीक्षण हेतु निर्धारित खाद्य प्रयोगशाला को प्रेषित किया जा रहा है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। विभाग द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया है कि आम जनहित को ध्यान में रखते हुए यह विशेष अभियान क्रिसमस पर्व तक निरंतर जारी रहेगा, ताकि त्योहार के अवसर पर किसी भी प्रकार की मिलावटयुक्त अथवा असुरक्षित खाद्य सामग्री की बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जा सके।

जिलाधिकारी ने पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी

देवरिया। अग्निवीर योजना के अंतर्गत भारतीय सेना की 15 राजपूत रेजिमेंट में सेवाएं दे रहे जनपद देवरिया के ग्राम खरवनिया (पिंडी) निवासी वीर जवान अश्विनी कुमार का उपचार के दौरान सेना के चिकित्सालय में दुःखद निधन हो गया। उनके असामयिक निधन की सूचना से जनपद एवं क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गई। दिवंगत जवान का पार्थिव शरीर गृह ग्राम पहुँचने पर जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने उनके आवास पर पहुँचकर पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा शोक संतप्त परिजनों से भेंट कर गहरी संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि राष्ट्र सेवा में दिवंगत जवान का योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा और जिला प्रशासन इस कठिन समय में शोकाकुल परिवार के साथ खड़ा है। उन्होंने बताया कि शासन एवं सक्षम प्राधिकारों द्वारा निर्धारित नियमों और दिशा-निर्देशों के अनुसार, परिवार के हित में आवश्यक कार्यवाही समयबद्ध तरीके से की जाएगी। संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक निर्देश भी दिए गए हैं। जिला प्रशासन द्वारा ईश्वर से प्रार्थना की गई कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें एवं शोक संतप्त परिजनों को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति दें।

सफाई कर्मियों ने लामबंद होकर पालिका का घेराव किया

अवधनामा संवाददाता

■ सुनबाई न होने पर झाड़ू हाथ में लेकर प्रदर्शन कर की नारेबाजी

गुरसहायगंज, कन्नौज। बाल्मीकि समाज के दो पक्षों में विवाद के बाद पुलिस ने एक पक्ष के एक व दूसरे पक्ष के दो लोगों का शांति भंग में चालान कर दिया। इससे नाराज तमाम सफाई कर्मियों ने कोतवाली पहुंचकर हंगामा कांटा।

इसके बाद सफाई कर्मियों ने नगर पालिका पहुंचकर वहां घेराव किया और जमकर नारेबाजी की। नगर के मोहल्ला गांधीनगर निवासी नगर पालिका के सफाई कर्मी संजय वाल्मीकि और राज वाल्मीकि का सोमवार को कुछ लोगों से विवाद हो गया था। जिस पर पुलिस ने दोनों पक्षों के तीन लोगों को पकड़कर उनका शांति भंग में चालान कर दिया। पुलिस कार्यवाही एवं सफाई कर्मियों के पकड़े जाने की सूचना मिलते ही मंगलवार की दोपहर तमाम सफाई कर्मी कोतवाली पहुंच गए और दूसरे पक्ष के एक अन्य आरोपी पर कार्रवाई की मांग करते हुये हंगामा काटा। इसके बाद नाराज तमाम सफाई कर्मी नगर पालिका पहुंचे और जमकर नारेबाजी की। तमाम सफाई कर्मी कार्रवाई की मांग को लेकर नगर पालिका में धरना प्रदर्शन करते रहे। इसी बीच पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता के आश्वासन के बाद सफाई कर्मचारी वापस अपने काम पर लौट गये।

मिशन शक्ति केंद्र में एक परिवार को बिखरनें से बचाया

■ मिशन शक्ति अभियान फेज 0.5 के तहत प्रत्येक दिन हो रही पारिवारिक मामलों की काउंसिलिंग

अवधनामा संवाददाता

गुरसहायगंज, कन्नौज। स्थानीय कोतवाली में स्थापित मिशन शक्ति केंद्र में नियमित काउंसलिंग के दौरान दंपति के पारिवारिक विवाद को समझा-बुझाकर शांतिपूर्ण तरीके से सुलझा लिया गया। केंद्र में तैनात मुख्य महिला आरक्षी शशिवाला ने दंपति की काउंसलिंग कराकर समझौता कराया।

मगलवार को प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार अवस्थी के नेतृत्व में मिशन शक्ति अभियान प्रभारी/निरीक्षक सीपी तिवारी व महिला हेड कांस्टेबल शशि वाला द्वारा आवेदिका सुनीता पत्नी विष्णु निवासी मोहल्ला अफसरी के प्रार्थना पत्र पर आवेदिका के जेठ भगवान दास व जेठानी शीला देवी को बुलाया और समझा बुझा कर काउंसलिंग करा कर दोनों पक्षो को संतुष्ट किया। इसके बाद समझौता करनें के उपरान्त दोनों पक्षों नें परस्पर सम्मान, सहयोग और बेहतर व्यवहार बनाए रखने का वचन दिया। मिशन शक्ति केंद्र क मुख्य महिला आरक्षी ने उन्हें आवश्यकता पड़ने पर आगे भी सहयोग और मार्गदर्शन उपलब्ध कराने का आश्वासन देते हुये कहा कि उनका उददेश्य महिलाओं को सम्मानपूर्वक उनका अधिकार दिलाना और आपसी सामजस्य से परिवार को बिखरनें से बचाना है।

अमेरिका की लुइसियाना यूनिवर्सिटी ने वरिष्ठ पत्रकार को किया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता

अमरोहा। संयुक्त राज्य अमेरिका की प्रतिष्ठित संस्था लुइसियाना विश्वविद्यालय द्वारा अमरोहा वरिष्ठ के पत्रकार एवं साहित्यकार चौधरी महेंद्र सिंह को पी एच डी की मानद उपाधि से सम्मानित किया है। श्री चौधरी की पत्रकारिता एवं साहित्य सेवा के संदर्भ में दी गई पी एच डी (डॉक्टरेट) की उपाधि मिलने पर अमरोहा के पत्रकारों एवं साहित्यकारों में खुशी की लहर है। ज्ञात रहे कि डॉ0 महेंद्र सिंह अमरोहा से हिंदी समाचार पत्र राष्ट्रीय इत्तिफाक का प्रकाशन करते है तथा इससे पूर्व कई बड़े समाचार पत्रों का अमरोहा से सफल प्रतिनिधित्व कर चुके है। उन्होंने पत्रकारिता की तकनीक पर एक पुस्तक आधुनिक पत्रकारिता भी लिखी है। जो पत्रकारिता करने वाले छात्र छात्राओं के लिए लाभ दायक है। उल्लेखनीय है कि लुइसियाना विश्वविद्यालय संयुक्त राज्य अमेरिका के लुइसियाना राज्य में स्थित है जिस का मुख्यालय बैटन रूज शहर में है यह अमेरिका का प्राचीन विश्वविद्यालय है जिसकी स्थापना 1860 में हुई थी। इस विश्वविद्यालय द्वारा 2021 में विभिन्न प्रांतों में 14 विद्यालयों के लगभग 28000 छात्र छात्राओं स्नातक व 4500 से अधिक छात्र छात्राओं को स्नातकोत्तर की उपाधि प्रदान की है। इस उपाधि के मिलने पर वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ0 सुधीर गिरि प्रतिकुलाधिपति डॉ0 राजीव त्यागी व कुलपति डॉ0 कृष्ण कांत दबे ने डॉ0 महेंद्र सिंह को शुभकामनाएं दी है टी एम यू के छात्र कल्याण संघ के प्रोफेसर डॉ0 एम पी सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0सत्यपाल सिंह,जिला सूचना अधिकारी मो दानिश, के एस एम एजुकेशन ग्रुप के निदेशक सरदार जगजीत सिंह ने भी बधाई दी है। अमरोहा प्रेस क्लब (रजि.) के डॉ0 महताब अमरोही, डॉ0 नरेंद्र सिंह, तुलाराम ठाकुर,नासिर अली, कमाल हसनैन, अली आब्दी, डॉ0 अशोक रुस्तगी, देवेश शर्मा। महीपाल सिंह। चमन सिंह, परवेज सहारा,राहुल कुमार, राजीव प्रकाश हनी,इमरान अहमद, ललित शर्मा, इकरामुद्दीन मलिक, जितेंद्र शर्मा,नकी मेहंदी अमरोही, उरूज़ संभली, मोमिनीन कुरैशी, सैय्यद जमशेद, समेत सभी जनपदीय पत्रकारों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में प्रदर्शन, पुतला दहन

अवधनामा संवाददाता

उरई (जालौन) बांग्लादेश में हिंदू भाइयों पर हो रहे लगातार अत्याचार, हिंसा और अमानवीय घटनाओं के विरोध में उरई नगर के घंटाघर बाजार में व्यापारी समाज एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में एक विशाल विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश का पुतला दहन कर अपना आक्रोश प्रकट किया तथा बांग्लादेश में दिवंगत हुए हिंदू भाइयों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की।

प्रदर्शन में बड़ी संख्या में व्यापारी, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, युवा वर्ग एवं आम नागरिक शामिल हुए। सभी ने एक स्वर में बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों की कड़ी निंदा की। वक्ताओं ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदू समुदाय को सुनियोजित ढंग से निशाना बनाया जा रहा है, जो मानवाधिकारों का खुला उल्लंघन है और पूरे विश्व के लिए चिंता का विषय है। प्रदर्शन के दौरान उपस्थित लोगों ने हाथों में तख्तियाँ लेकर बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा की मांग करते हुए नारेबाजी की। घंटाघर बाजार में बांग्लादेश का पुतला दहन कर प्रदर्शनकारियों ने यह संदेश दिया कि हिंदू समाज अपने भाइयों पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ चुप नहीं बैठेगा।

इसके पश्चात व्यापारी समाज एवं सामाजिक संगठनों के एक प्रतिनिधिमंडल ने देश के माननीय प्रधानमंत्री जी के नाम ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट उरई को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि भारत सरकार इस गंभीर विषय पर कूटनीतिक स्तर पर ठोस कदम उठाए तथा अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा का मुद्दा मजबूती से उठाए। साथ ही बांग्लादेश सरकार पर दबाव बनाकर वहाँ के हिंदू समुदाय की जान-माल एवं धार्मिक स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित कराई जाए।

प्रदर्शन के दौरान बांग्लादेश में मारे गए निर्दोष हिंदू भाइयों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। आयोजकों ने कहा कि यह आंदोलन किसी देश या जनता के विरुद्ध नहीं है, बल्कि मानवता, न्याय और धार्मिक स्वतंत्रता के समर्थन में है।

काशी डिपो चंदौली में एचआईवी सहित विभिन्न बीमारियों की निःशुल्क जांच

■ 79 लोग लाभान्वित

अवधनामा संवाददाता

चंदौली। उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के सहयोग से दिनांक 22 दिसंबर 2025 को काशी डिपो, चंदौली में एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच एवं एचआईवी जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया।

यह शिविर दिशा परियोजना की देखरेख में प्रातः 8:00 बजे से सायं 3:00 बजे तक आयोजित किया गया, जिसमें रोडवेज चालक परिचालकों एवं आम नागरिकों के लिए एचआईवी, क्षय रोग (टीबी), यौन संचारित रोग, सिफलिस, हेपेटाइटिस, नेत्र जांच के साथ-साथ सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध कराई गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं जिला क्षय रोग अधिकारी, चंदौली के आदेशानुसार शिविर में फार्मासिस्ट, वार्ड बॉय, आईसीटीसी प्रयोगशाला तकनीशियन व परामर्शदाता, एसटीआई परामर्शदाता, नेत्र सहायक एवं एसटीएस की तैनाती की गई। स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा जांच के साथ-साथ उपस्थित लोगों को एचआईवी /एड्स से बचाव, समय पर जांच एवं उपचार के महत्व के विषय में विस्तार से जागरूक किया गया।

शिविर में कुल 79 लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्राप्त किया, साथ ही रोडवेज चालक परिचालकों को लगभग 5000 कंडोम का निःशुल्क वितरण किया गया। लाभार्थियों ने स्वास्थ्य विभाग की इस जनकल्याणकारी पहल की सराहना की।

अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर भविष्य में भी निरंतर आयोजित किए जाएंगे, जिससे आम जनमानस को समय पर स्वास्थ्य सेवाओं का सीधा लाभ मिल सके। आज के शिविर की संपूर्ण रिपोर्टिंग की जिम्मेदारी टीआई यूपीएनपी प्लस, चंदौली द्वारा निभाई गई। शिविर में स्वास्थ्य विभाग, दिशा टीम, टीआई यूपीएनपी प्लस टीम तथा उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम डिपो चंदौली की टीम की सक्रिय उपस्थिति रही।

कृषक समागम का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

देवरिया। अमृत प्रयास के 'प्रथम संकल्प' के अंतर्गत किसानों को नकदी फसलों के प्रति प्रोत्साहित करने और कृषि को लाभकारी बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को FPO कृषक समागम 2025 का भव्य आयोजन जागृति एंटरप्राइज सेंटर, बरपार में किया गया। किसान दिवस पर आयोजित इस समागम में देवरिया कुशीनगर क्षेत्र के सैकड़ों प्रगतिशील किसानों, किसान उत्पादक संगठनों (FPOs) एवं कृषि उद्योग से जुड़े विशेषज्ञों ने सहभागिता की। समागम का शुभारंभ देवरिया लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री शशांक मणि ने किया। उन्होंने मूल्य संवर्धित कृषि को केंद्र में रखते हुए परिवर्तनकारी पहल 'प्रथम संकल्प' (संकल्प–I) की शुरुआत की। इस अवसर पर DeHaat, cKinetics, ऑर्गेनिक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (टाटा कंज़्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड), कामाख्या एग्रीटेक तथा यारा फर्टिलाइजर्स जैसी अग्रणी संस्थाओं की सक्रिय भागीदारी रही। अपने संबोधन में सांसद श्री शशांक मणि ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'विकसित उत्तर प्रदेश' के संकल्प को साकार करने के लिए विकसित देवरिया का निर्माण आवश्यक है। उन्होंने कहा कि केवल उद्योगपतियों के प्रयास से यह लक्ष्य हासिल नहीं होगा, बल्कि किसानों और सभी हितधारकों को एकजुट होकर फसल विविधीकरण और सामूहिकता के माध्यम से आगे बढ़ना होगा। कृषक समागम में किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, FPO संचालन के अनुभवों और बाज़ार से जुड़ाव की बारीकियों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण FPO संवाद रहा, जिसमें किसान संगठित करने की चुनौतियों, मूल्य संवर्धन और मार्केट लिंकेज जैसे विषयों पर खुली चर्चा हुई। इसके बाद सफल FPOs एवं प्रगतिशील किसानों द्वारा उत्पादकता वृद्धि, आधुनिक कृषि पद्धतियों और फसल विविधीकरण पर तकनीकी सत्र आयोजित किए गए।

छपिया बघेल में वितरित किए गए कम्बल

अवधनामा संवाददाता

भाटपार रानी, देवरिया। बनकटा ब्लॉक के पिपरा बघेल उत्तर पट्टी ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान श्रीमती संगीता कुशवाहा तथा प्रधान प्रतिनिधि परमहंस कुशवाहा ने अपने गांव छपिया बघेल में एक कार्यक्रम आयोजित कर जरूरतमंदों में कंबल वितरित किया। इस दौरान तकरीबन 700 कंबल वितरित किए गए। वहीं गांव के बुजुर्गों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रविंदर कुशवाहा ने कहा कि ग्राम प्रधान का यह नेक काम अत्यंत सराहनीय है। ऐसे ही प्रत्येक व्यक्ति को अपने गांव की जरूरतमंद लोगों का विशेष ख्याल रखना चाहिए। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष पं0 गिरीश चंद्र तिवारी ने कहा कि दूसरों की आवश्यकताओं को महसूस करने वाला व्यक्ति ही महान होता है। हमें मानव होने का फर्ज अदा करते हुए अपनी क्षमता के मुताबिक गांव और समाज के जरूरतमंद लोगों की सेवा अवश्य करनी चाहिए। वहीं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि व समाजसेवी परमहंस कुशवाहा ने आए हुए अतिथियों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि मेरे द्वारा यह कार्यक्रम विगत कई वर्षो से किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि मैंने अपने कार्यकाल को यादगार बनाने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ा है।बिना किसी भेदभाव के सभी जाति, समुदाय व धर्म के लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ देकर उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का काम कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि मेरी सोच है कि मेरा गांव विकास का कीर्तिमान स्थापित करे।इस दिशा में निरंतर कार्य भी हो रहे हैं,जो आगे भी जारी रहेगा। यहां मुख्य रूप से ब्लॉक प्रमुख श्रीमती बिंदा सिंह कुशवाहा सहित डॉ सुगम्बर प्रसाद मौर्य, शिक्षक राहुल सिंह कुशवाहा, नंदलाल कुशवाहा, झगरू प्रसाद, नथू कुशवाहा, सुभाष चंद्र, राजेंद्र प्रसाद, नागेश्वर कुशवाहा,नंदकिशोर कुशवाहा, रुदल यादव, रामानंद यादव, उमेश पासवान, दुर्गेश यादव,राम जनक कुशवाहा, हरिलाल गोंड़, राज मोहम्मद, मोहम्मद शाकिर, राम बच्चन प्रसाद, सुरेश प्रसाद, उदय प्रताप कुशवाहा, बनवारी यादव, जमशेद आलम, इंद्र कुशवाहा, बृज नारायण कुशवाहा, राजदेव शर्मा, रामचंद्र शर्मा, रमाशंकर बैठा सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

हालात बदलने के लिए सरकार बदलोः चंद्रशेखर

अमरोहा। अमरोहा के गांव जलालपुर घना में श्रद्धेय चंद्रपाल सिंह की श्रद्धांजलि सभा में आजाद समाज पार्टी (काशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद चंद्रशेखर आजाद ने श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद सभा को संबोधित करते हुए कहा ये सरकार राष्ट्रीयकरण की विरोधी है जो रोजगार योजनाएं चल रही थी उन्हें भी छिनने का काम किया है।

सरकार की गलत नीतियों से आज हर व्यक्ति 31 हजार रुपए का कर्जदार बन गया है।

राजस्थान में अरावली की पहाड़ियों का अस्तित्व खत्म किया जा रहा जबकि वो देश की रक्षक है। गर्म हवाओ को रोकती है वर्षा में सहायक है। अरावली की पहाड़ियों को खत्म करके खनन किया जा रहा है। प्रदेश सरकार ने रोजगार खत्म कर दिए है।

दो लाख की बीमा, पचास हजार का जुर्माना

अवधनामा संवाददाता

संभल। दो लाख के बीमा पर लगाया पचास हजार रुपए का जुर्माना गांव अतरासी निवासी रामगोपाल के भाई महिपाल का एक बचत खाता भारतीय स्टेट बैंक शाखा पावसा में था जिसका संचालन महिपाल द्वारा किया जाता रहा जिस पर उसने अपने जीवन काल में केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में अपना बीमा कराया था उसकी मृत्यु दिनांक 20/1/2023 को हो गई थी स बीमा में मृतक का भाई रामगोपाल नामित था जिस कारण उसने बीमा धनराशि की मांग बैंक से की और सभी औपचारिकताये पूर्ण की परन्तु स्क्ब्ध्र लाइफ इंश्योरेंस कम्पनी ने उसकी बीमा धनराशि मृत्यु प्रमाण पत्र को सही न होने की बात कह कर देने से इंकार कर दिया तब उनकी ओर से जिला उपभोक्ता आयोग में परिवाद दर्ज किया गया जहां उसकी ओर से पैरवी करते हुए उपभोक्ता मामलों के विशेषज्ञ अधिवक्ता लवमोहन वार्ष्णेय ने आयोग को अवगत कराया कि बीमा पॉलिसी के अंतर्गत देय बीमा धनराशि रुपए दो लाख अदा न करने पड़े इसी कारण झूठे व मनगढ़ंत आरोप बीमा कंपनी द्वारा लगाए जा रहे हैं वादी द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण पत्र सरकार द्वारा जारी किया गया है जिसको उसकी वेबसाइड पर जा कर देखा जा सकता है और यदि वादी के भाई की मृत्यु नहीं हुई है तो बीमा कम्पनी वादी के भाई को लाकर दे आयोग ने दोनों पक्षों को सुना और अपना निर्णय देते हुए बीमा कंपनी को आदेशित किया कि बिपक्षी संख्या 2 SBI लाइफ इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड को आदेशित किया जाता है कि वह परिवादी रामगोपाल को बीमा धनराशि मुबलिग 200000 दो लाख रुपए उस पर परिवाद संस्थान की तिथि से 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित अन्दर दो माह में अदा करें। इसके अलावा विपक्षी बीमा कंपनी परिवादी को 50000 पचास हजार रुपए मानसिक कस्ट एवं आर्थिक हानि की मद में तथा 5000 बाद व्यय की मद में भी अदा करेगी।

सुशासन सप्ताह के तहत विकास भवन में कार्यशाला

अवधनामा संवाददाता

देवरिया। जनपद देवरिया में सुशासन सप्ताह ङ्क प्रशासन गाँव की ओर कार्यक्रम के अंतर्गत विकास भवन स्थित गाँधी सभागार में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद में पूर्व में जिलाधिकारी के रूप में सेवाएं दे चुके रिटायर्ड आई.ए.एस. अधिकारी श्री मणि प्रसाद मिश्रा ने मुख्य अतिथि के रूप में की। कार्यक्रम के दौरान विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश, आत्मनिर्भर भारत आत्मनिर्भर प्रदेश की अवधारणा पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही शताब्दी संकल्प 2047 (समृद्धि का शताब्दी पर्व) के अंतर्गत सशक्त, समृद्ध एवं आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के निर्माण की परिकल्पना प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर बताया गया कि प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग, भारत सरकार द्वारा सुशासन सप्ताह प्रशासन गाँव की ओर का आयोजन 19 से 25 दिसंबर, 2025 तक किए जाने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में भारत सरकार द्वारा एक वेब पोर्टल https://darpqapps.nic.in/GGW25 विकसित किया गया है। भारत सरकार द्वारा सुशासन सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर उनकी प्रतिदिन पोर्टल पर अपलोडिंग किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इनमें तहसील मुख्यालय एवं पंचायत स्तर पर लोक शिकायतों के निस्तारण हेतु विशेष शिविरों का आयोजन, केंद्रीय लोक शिकायत निवारण प्रणाली (CPGRAMS) तथा राज्य पोर्टल (IGRS) पर लंबित शिकायतों का निस्तारण, ऑनलाइन सेवा वितरण में वृद्धि, सेवा प्रदाय से संबंधित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण, सुशासन के क्षेत्र में किए गए नवाचारों को फोटोग्राफ्स सहित अपलोड करना तथा प्रत्येक विभाग द्वारा कम से कम एक सफलता की कहानी (Success Story) पोर्टल पर अपलोड करना शामिल है। मुख्य अतिथि श्री मिश्रा ने मिशन की तीन प्रमुख थीम–अर्थ शक्ति, सृजन शक्ति एवं जीवन शक्ति–तथा उनसे संबंधित चिन्हित 12 क्षेत्रों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में कृषि क्षेत्र में अतुलनीय योगदान देने वाले पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह की जयंती के अवसर पर कृषि के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान करने वाले कृषकों को प्रमाण पत्र एवं शाल प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यशाला में जनपद के मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

अब तक कितने खिलाड़ियों ने टी20 विश्व कप में टीम इंडिया की कप्तानी की

नई दिल्ली। सूर्यकुमार टी20 वर्ल्ड कप में भारत की कप्तानी करने वाले चौथे खिलाड़ी होंगे। एमएस धोनी ने सबसे ज्यादा मैचों में कप्तानी करते हुए 2007 में खिताब दिलाया, जबकि रोहित शर्मा का जीत प्रतिशत सबसे बेहतर रहा। विराट कोहली का रिकॉर्ड संतुलित रहा। टी20 वर्ल्ड कप में भारतीय टीम की कप्तानी हमेशा चर्चा का विषय रही है। अब तक टीम इंडिया ने इस टूर्नामेंट में अलग-अलग दौर में कई कप्तानों के नेतृत्व में हिस्सा लिया है। किसी ने टीम को खिताब दिलाया, तो किसी ने मजबूत रिकॉर्ड के साथ नेतृत्व किया। आइए जानते हैं कि अब तक कितने भारतीय खिलाड़ियों ने टी20 वर्ल्ड कप में कप्तानी की है और किसका रिकॉर्ड सबसे शानदार रहा है। अब तक तीन भारतीय खिलाड़ी टी20 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया की कप्तानी कर चुके हैं।

नीरज चोपड़ा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से की मुलाकात

रूप

नीरज ने पेरिस डायमंड लीग, गोल्डन स्पाइक मीट और एनसी क्लासिक के रूप में इस साल तीन बड़े खिताब जीते।

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा से नई दिल्ली में मुलाकात की। पीएम मोदी ने इस मुलाकात की तस्वीरें साझा की हैं। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके आधिकारिक आवास पर मुलाकात की। नीरज के साथ इस दौरान पत्नी हिमानी मोर भी मौजूद रहीं। नीरज ने इस साल पूर्व टेनिस खिलाड़ी हिमानी से शादी की थी और वह फिलहाल ब्रेक पर चल रहे हैं। पीएम मोदी ने एक्स पर नीरज के साथ मुलाकात की तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने लिखा, नीरज चोपड़ा और उनकी पत्नी हिमानी मोरी के साथ आज सात, लोक कल्याण मार्ग पर मुलाकात की। हमने इस दौरान खेल सहित विभिन्न मुद्दों पर बात की। भारत के स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा इस साल आखिरकार 90 मीटर की बाधा पार करने में सफल रहे, लेकिन वह विश्व चैंपियनशिप में अपने खिताब का बचाव नहीं कर सके थे। नीरज ने दोहा डायमंड लीग में भाला फेंक में मानक माने जाने वाले 90 मीटर की दूरी हासिल की। नीरज ने अपना भाला 90.23 मीटर तक फेंका और ऐसा करने वाले एशिया के तीसरे और कुल मिलाकर 25वें खिलाड़ी बन गए। लेकिन इसी वर्ष टोक्यो में विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में पदक जीतने में नाकाम रहने से उन्हें निराशा भी हाथ लगी। नीरज ने पेरिस डायमंड लीग, गोल्डन स्पाइक मीट और एनसी क्लासिक के रूप में इस साल तीन बड़े खिताब जीते। उन्होंने घरेलू दर्शकों और परिवार के सदस्यों के सामने एनसी क्लासिक के रूप में विश्व स्तरीय प्रतियोगिता की मेजबानी करने का अपना सपना साकार किया। इस स्टार खिलाड़ी को हालांकि डायमंड लीग फाइनल में निराशा हाथ लगी और वह जर्मनी के जूलियन वेबर के बाद दूसरे स्थान पर रहे। सबसे अप्रत्याशित परिणाम सितंबर में टोक्यो विश्व चैंपियनशिप में देखने को मिला।

भारत को नजरअंदाज करना नामुमकिन

नई दिल्ली। बेल्जियम के स्टार डिफेंडर आर्थर वैन डोरेन का मानना है कि लगातार अछे प्रदर्शन, संतुलित टीम और मजबूत युवा आधार के चलते भारत 2026 हॉकी विश्व कप का प्रबल दावेदार बन चुका है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि खिताब की दौड़ कड़ी होगी और कई टीमें चुनौती पेश करेंगी।

बेल्जियम के अनुभवी डिफेंडर आर्थर वैन डोरेन का मानना है कि भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने बीते कुछ वर्षों में जिस तरह से निरंतर और प्रभावशाली प्रदर्शन किया है, उसने उसे 2026 हॉकी विश्व कप के खिताब का प्रबल दावेदार बना दिया है। लगभग 300 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके वैन डोरेन ने कहा कि अब भारत को किसी भी टूर्नामेंट में हल्के में लेना संभव नहीं है।

वैन डोरेन ने भारत के पिछले दो ओलंपिक खेलों में कांस्य पदक जीतने का जिक्र करते हुए कहा कि यह टीम की निरंतरता और मानसिक मजबूती का प्रमाण है। उन्होंने कहा, भारत को बड़े दावेदारों में न गिनना अब असंभव है। टीम लंबे समय से अछे नतीजे हासिल कर रही है और ओलंपिक पदक इसका सबूत हैं।

बेल्जियम के इस दिग्गज खिलाड़ी ने भारतीय टीम के संतुलन की खुलकर तारीफ की। उनके अनुसार, भारत के पास हर विभाग में गुणवत्ता मौजूद है, चाहे वह डिफेंस हो, मिडफील्ड या अटैक। उन्होंने कहा, भारत के पास एक अछा कोचिंग सेटअप है, अनुभवी खिलाड़ी हैं और साथ ही युवा प्रतिभाएं भी लगातार आगे आ रही हैं। आज टीम जिस मुकाम पर है, वह संयोग नहीं बल्कि लंबे समय की मेहनत का नतीजा है।

हालांकि, वैन डोरेन ने यह भी साफ किया कि विश्व कप में किसी भी टीम के लिए राह आसान नहीं होगी। उन्होंने कहा कि भारत और बेल्जियम के अलावा पांच से सात ऐसी टीमें हैं जो आत्मविश्वास से भरी हुई हैं और खिताब की दौड़ में बराबरी से उतरेंगी। उनके मुताबिक, यही अंतरराष्ट्रीय हॉकी की खूबसूरती है। शीर्ष स्तर पर मुकाबला बेहद कड़ा है।

वैन डोरेन ने भारतीय युवा खिलाड़ियों की तकनीकी क्षमता और सीखने की भूख की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि भारतीय खिलाड़ी दुनिया की अन्य टीमों की तुलना में अधिक सक्रिय और खेल के प्रति समर्पित नजर आते हैं।

उन्होंने कहा, भारतीय खिलाड़ी बहुत कम उम्र में ही अपने कौशल को अगले स्तर तक ले जाते हैं। वे लगातार सीखना और बेहतर बनना चाहते हैं।

पुरुष हॉकी विश्व कप 2026 का आयोजन 14 से 30 अगस्त तक नीदरलैंड और बेल्जियम में किया जाएगा, जहां भारत की नजर एक बार फिर इतिहास रचने पर होगी।

अंकुश जाधव का शानदार प्रदर्शन, पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल में स्वर्ण जीता

भोपाल। अंकुश जाधव ने राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। नौसेना के किरण अंकुश जाधव ने सोमवार को 68वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में ओलंपियन अर्जुन बबूता की पछाड़कर स्वर्ण पदक जीता। जाधव ने 252.1 अंक के साथ पहला स्थान हासिल किया जबकि बबूता ने 251.4 अंक के साथ रजत पदक जीता। 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन के मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने 229.8 अंक के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। अर्जुन के रेलवे की टीम के साथी शाहू तुषार माने 209.3 अंक के साथ चौथे स्थान पर रहे। हिमांशु (181.1), रामायण तोमर (166.7), ओंकार विकास वाघमारे (145.4) और प्रदीप सिंह (123.3) ने भी फाइनल में जगह बनाई। पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल जूनियर फाइनल में गुजरात के मोहम्मद मुर्तजा वानिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 254.3 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। पश्चिम बंगाल के अभिनव साव ने 251.6 अंक के साथ रजत पदक जीता जबकि ओंकार विकास वाघमारे ने 230.1 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल कर कांस्य पदक अपने नाम किया।

सीरीज हार के बाद इंग्लैंड पर मंडराया बड़ा खतरा

एडिलेड। एशेज गंवाने के बाद इंग्लैंड टीम पर सीरीज के बीच नोसा ब्रेक के दौरान हद से ज्यादा शराब पीने के आरोप लगे हैं, जिसकी ईसीबी जांच करेगी। मैनेजिंग डायरेक्टर रॉब की ने कहा कि अगर आरोप सही पाए गए तो यह अस्वीकार्य होगा।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एशेज सीरीज में एक और हार के बाद इंग्लैंड की टीम नई मुश्किल में घिरती नजर आ रही है। तीसरे टेस्ट में 82 रन से मिली हार के बाद न सिर्फ सीरीज हाथ से निकल गई, बल्कि अब इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (श्ष्ट्ठ) को टीम के व्यवहार की जांच भी करनी पड़ रही है। आरोप है कि कप्तान बेन स्टोक्स और उनके साथी खिलाड़ियों ने सीरीज के बीच लिए गए ब्रेक के दौरान जरूरत से ज्यादा शराब का सेवन किया। तीसरे टेस्ट से पहले इंग्लैंड की टीम ने चार दिन का ब्रेक लिया और ऑस्ट्रेलिया के हॉलिडे रिसॉर्ट नोसा की यात्रा की। यह फैसला पहले ही कई ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट विशेषज्ञों की आलोचना झेल चुका था। अब मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि इस दौरान कुछ खिलाड़ियों ने भारी मात्रा में शराब पी, जिससे टीम कल्चर और पेशेवर अनुशासन पर सवाल खड़े हो गए हैं।

इन आरोपों के बाद इंग्लैंड के मैनेजिंग डायरेक्टर रॉब की ने साफ किया है कि मामले की जांच की जाएगी। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि शुरुआती जानकारी के मुताबिक खिलाड़ी अच्छी तरह पेश आए थे। ईएसपीएन क्रिकइनफो ने रॉब की के हवाले से लिखा, अगर ऐसी बातें सामने आती हैं कि हमारे खिलाड़ी बाहर जाकर जरूरत से ज्यादा शराब पी रहे थे, तो निश्चित रूप से हम इसकी जांच करेंगे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट टीम के लिए अत्यधिक शराब पीना किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं है और अगर हम इसकी जांच नहीं करते, तो यह हमारी विफलता होगी। लेकिन अब तक जो मैंने सुना है, उसके मुताबिक खिलाड़ी बहुत अच्छे व्यवहार में थे। रॉब की ने यह भी साफ किया कि वह टीम कल्चर में शराब की मौजूदगी के पूरी तरह खिलाफ नहीं हैं, लेकिन इसकी एक सीमा होनी चाहिए। उन्होंने कहा, अगर यह मामला इतना बढ़ जाता है कि भारी शराबखोरी हो और माहौल किसी बैचलर पार्टी जैसा बन जाए, तो यह पूरी तरह अस्वीकार्य है। मैं खुद शराब नहीं पीता और मुझे लगता है कि किसी भी स्थिति में शराब पीने की संस्कृति किसी की मदद नहीं करती। रॉब की ने कहा, अगर नोसा ट्रिप का मतलब फोन से दूर रहना, बीच पर जाना, साथ खाना-पीना और कभी-कभार एक ड्रिंक लेना था, तो मुझे इससे कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन अगर यह इससे आगे जाता है, तो फिर यह मेरे लिए समस्या बन जाती है।

रॉब की ने यह भी खुलासा किया कि सीरीज से पहले जैकब बेथेल और हैरी ब्रूक को टीम मैनेजमेंट ने अनौपचारिक चेतावनी दी थी। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे वनडे की पूर्व संध्या पर दोनों का एक बार में शराब पीते हुए वीडियो सामने आया था। रॉब की ने कहा, डिनर के साथ एक गिलास वाइन से मुझे कोई समस्या नहीं है। उससे ज्यादा मुझे काफी गैरजरूरी लगता है।

2026 फुटबॉल वर्ल्ड कप में खेल पाएंगे ब्राजील के स्टार नेमार

साओ पाउलो। ब्राजील के स्टार फुटबॉलर नेमार की फिटनेस को लेकर 2026 फीफा वर्ल्ड कप से पहले बड़ी चर्चा है। चोट से उबरने की प्रक्रिया में नेमार की प्रगति को लेकर सकारात्मक संकेत मिले हैं, लेकिन उनका वर्ल्ड कप खेलना पूरी तरह मेडिकल फिटनेस पर निर्भर करेगा।

स्टार स्ट्राइकर नेमार के बाएं घुटने की सर्जरी हुई है लेकिन उन्हें अगले साल अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होने वाले फुटबॉल विश्व कप में खेलने और ब्राजील की तरफ से फाइनल में गोल करने की उम्मीद है।

नेमार के क्लब सैंटोस ने बताया कि इस 33 वर्षीय खिलाड़ी के बाएं घुटने की मामूली सर्जरी हुई है। इस चोट के कारण वह इस साल लंबे समय तक बाहर रहे। उनकी आर्थ्रोस्कोपी सर्जरी रोड्रिगो लास्मार ने की, जो ब्राजील टीम से भी जुड़े हुए हैं।

पिछले सप्ताहांत साओ पाउलो में एक संगीत कार्यक्रम के दौरान नेमार ने कहा था उन्हें अब भी विश्व कप में खेलने और फाइनल में गोल करने की उम्मीद है। ब्राजील के कोच कार्लो एंसेलोटी ने अभी तक नेमार को टीम में शामिल नहीं किया है।नेमार ने कहा, हम इस बार कप को ब्राजील लाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। जुलाई में आप हमें इसकी याद दिला सकते हैं। एंसेलोटी इसमें हमारी मदद करना।

कजिन की शादी में जमकर नाचे ऋतिक रोशन

मुंबई। मंगलवार को ऋतिक रोशन को अपने कजिन के वेडिंग फंक्शन में देखा गया। पूरा रोशन परिवार शादी में नजर आया। सोशल मीडिया पर शादी के कई वीडियो वायरल हैं। देसी पहनावे में ऋतिक भी शादी में जमकर नाचते दिखे। ऋतिक रोशन का ग्रीक गॉड लुक फैंस को काफी पसंद है। लेकिन हाल ही में वह देसी पहनावे में भी नजर आए। एक्टर का देसी लुक सोशल मीडिया पर वायरल है। कजिन की शादी में ऋतिक अपने परिवार संग मौजूद दिखे। बाराती बनकर पहुंचे ऋतिक ढोल की धुन पर नाचते दिखे। इस शादी से उनके और परिवार के कई वीडियो वायरल हैं। ट्रेडिशनल कुर्ता पजामा पहने और सिर पर पगड़ी बांधे हुए ऋतिक रोशन दिखाई दिए। ढोल वालों ने बारातियों का स्वागत किया तो ऋतिक भी नाचते और झूमते दिखे। ऋतिक के साथ परिवार के अन्य सदस्य भी नजर आए। यह शादी ऋतिक के कजिन ईशान रोशन की है।

धुरंधर में अक्षय खन्ना के फैन हुए रामगोपाल वर्मा

मुंबई। निर्देशक रामगोपाल वर्मा ने एक बार फिर 'धुरंधर' की तारीफ में कसीदे पढ़े हैं। इस बार निर्देशक ने अभिनेता अक्षय खन्ना की जमकर तारीफ की है। जानिए रामू ने अक्षय के लिए क्या कुछ कहाज

रणवीर सिंह और अक्षय खन्ना स्टारर 'धुरंधर' लगातार प्रशंसा बटोर रही है। फिल्म को दर्शकों से लेकर सिनेमा जगत के कई दिग्गज तक सराह रहे हैं। इसी क्रम में खुदरंग निर्देशक रामगोपाल वर्मा ने भी कुछ दिन पहले 'धुरंधर' की जमकर तारीफ की थी। लेकिन ऐसा लगता है कि रामगोपाल वर्मा अभी 'धुरंधर' की तारीफ करने से थके नहीं हैं। अब उन्होंने एक बार फिर 'धुरंधर' को लेकर एक्स पर पोस्ट की है। इस बार उन्होंने अभिनेता अक्षय खन्ना की जमकर तारीफ की है। निर्माता-निर्देशक रामगोपाल वर्मा ने एक बार फिर 'धुरंधर' की तारीफ की है। इस बार उन्होंने अभिनेता अक्षय खन्ना के फिल्म में अभिनय की जमकर सराहना की है। रामू ने इसको लेकर एक्स पर एक पोस्ट किया।

दीपिका की आठ घंटे शिफ्ट की मांग पर कियारा आडवाणी ने दी प्रतिक्रिया

मांग

दीपिका पादुकोण के आठ घंटे काम करने की मांग करने के बाद इस मुद्दे को लेकर इंडस्ट्री में एक बहस चल रही है। हालांकि, इस मामले पर दीपिका को इंडस्ट्री के कई लोगों का समर्थन भी मिला है।

मुंबई। नई-नवेली मां बनीं अभिनेत्री कियारा आडवाणी ने आठ घंटे काम की डिमांड पर अपनी राय दी है। जानिए दीपिका पादुकोण की इस मांग का कियारा ने समर्थन किया या विरोध दीपिका पादुकोण के आठ घंटे काम करने की मांग करने के बाद इस मुद्दे को लेकर इंडस्ट्री में एक बहस चल रही है। हालांकि, इस मामले पर दीपिका को इंडस्ट्री के कई लोगों का समर्थन भी मिला है। अब इस बहस में नई-नवेली मां बनीं कियारा आडवाणी ने भी एंट्री की है। मां बनने के बाद पहली बार कियारा ने अब आठ घंटे काम करने के मुद्दे पर अपनी राय दी है। उन्होंने प्रोफेशनल जिंदगी और पर्सनल जिंदगी में संतुलन बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया है।

वोग के साथ हालिया बातचीत में कियारा आडवाणी ने मां बनने के बाद काम और व्यक्तिगत जिंदगी में संतुलन के महत्व को लेकर बात की। आठ घंटे की शिफ्ट पर चल रही बहस के बारे में पूछे जाने पर कियारा ने कहा कि किसी भी इंडस्ट्री में अत्यधिक तनाव किसी के लिए भी अच्छा नहीं होता। मेरे काम करने का तरीका प्रमुख रूप से तीन प्वॉइंट्स पर निर्भर रहता है। ये हैं- गरिमा, संतुलन और सम्मान। ये तीनों आधार मेरे घर पर और मेरे प्रोफेशनल स्टाफ पर भी लागू होते हैं। अपने काम को लेकर कियारा ने बताया कि वह नई स्क्रिप्ट की तलाश कर रही हैं और आने वाली एक बायोपिक को लेकर खासा उत्साहित हैं। एक्ट्रेस का मानना है कि अब उनके किरदार शैली से ज्यादा कहानी की गहराई पर आधारित होते हैं। अब वह स्क्रिप्ट का चयन कहानी को देखकर करती हैं। उसके जॉनर से कोई लेना-देना नहीं है। बेटी के जन्म के बाद काम को कैसे मैनेज करती हैं, इस पर कियारा ने कहा कि सरायाह के जन्म के बाद से मेंटल हेल्थ मेरी सबसे प्रमुख प्राथमिकता बन गई है। मुझमें अब एक नई स्पष्टता और प्रेरणा है, लेकिन साथ ही खुद के और दूसरों के मेंटल हेल्थ को भी मैं महत्व देती हूं। कियारा आडवाणी ने इस साल जुलाई में एक बेटी को जन्म दिया है। कियारा और सिद्धार्थ ने अपनी बेटी का नाम सरायाह मल्होत्रा रखा है। कपल ने एक पोस्ट के जरिए अपनी बेटी के नाम का खुलासा किया था। वर्कफ्रंट की बात करें तो कियारा आडवाणी अब यश की फिल्म 'टॉक्सिक' में नजर आएंगी। हाल ही में फिल्म से उनका फर्स्ट लुक रिवील किया गया, जिसे लोगों ने काफी पसंद किया।

बेटी आराध्या संग न्यू ईयर मनाने निकले अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय अपनी बेटी आराध्या के साथ मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट हुए। कपल को न्यू ईयर के लिए वेकेशन पर जाते हुए देखा गया।

बॉलीवुड के सबसे चर्चित और पसंदीदा कपल्स में शुमार ऐश्वर्या राय बच्चन और अभिषेक बच्चन एक बार फिर अपनी पारिवारिक बॉन्डिंग को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में दोनों को अपनी बेटी आराध्या बच्चन के साथ मुंबई एयरपोर्ट पर देखा गया, जहां यह कपल फैमिली वेकेशन के लिए रवाना होते नजर आया।

एयरपोर्ट पर तीनों का अंदाज बेहद स्टाइलिश लेकिन कम्फर्टेबल रहा। ऐश्वर्या, अभिषेक और आराध्या तीनों ही ब्लैक आउटफिट में नजर आए, जिसने सोशल मीडिया पर फैंस का ध्यान खींच लिया। हमेशा की तरह ऐश्वर्या ने पैपराजी की मौजूदगी को सहजता से हैंडल किया और मुस्कुराते हुए हाथ हिलाकर अभिवादन किया। हालांकि अभी ये साफ नहीं हो पाया है कि आखिर बच्चन फैमिली छुट्टियां मनाने के लिए कहां गई है।

इस ट्रिप से कुछ ही दिन पहले बच्चन परिवार एक और खास मौके पर साथ नजर आया था। 18 दिसंबर को मुंबई के धीरूभाई अंबानी इंटरनेशनल स्कूल में एनुअल डे सेलिब्रेशन का आयोजन हुआ, जिसमें कई बॉलीवुड सितारे अपने बच्चों का हौसला बढ़ाने पहुंचे। इसी कार्यक्रम में ऐश्वर्या राय बच्चन और अभिषेक बच्चन भी अपनी बेटी आराध्या का परफॉर्मेंस देखने पहुंचे थे। इस दौरान ऐश्वर्या की मां वृंदा राय भी उनके साथ मौजूद थीं, जिससे यह पल और भी भावुक और खास बन गया।

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में देखा गया कि अभिषेक और ऐश्वर्या एक साथ स्कूल परिसर में पहुंचे। दोनों ने बेहद सादा लेकिन एलिगेंट लुक चुना था। अभिषेक ने ब्लू को-ऑर्ड सेट पहना था, जो कैजुअल होने के साथ-साथ क्लासी भी लग रहा था, जबकि ऐश्वर्या ब्लैक सलवार सूट में अपनी सिग्नेचर ग्रेस के साथ नजर आईं।

इस शाम को और भी खास बना अमिताभ बच्चन का वह भावुक रिएक्शन, जो उन्होंने बाद में अपने ब्लॉग के जरिए साझा किया। उन्होंने अपनी पोती आराध्या को स्टेज पर परफॉर्म करते देखने के अनुभव को बेहद खास बताया और बच्चों की मासूमियत और माता-पिता की मौजूदगी में उनके आत्मविश्वास पर दिल से बात लिखी। अमिताभ बच्चन के शब्दों में एक दादा का गर्व और भावनात्मक जुड़ाव साफ झलक रहा था।

भाई अहान के जन्मदिन पर अनन्या पांडे ने बरसाया प्यार

मुंबई। अहान पांडे के जन्मदिन पर बहन अनन्या पांडे ने एक प्यारी-सी वीडियो साझा करते हुए बधाई दी है। अहान की मां डीन ने भी पोस्ट के जरिए बेटे को विश किया है। बॉलीवुड के उभरते सितारे और सैयारा फेम अहान पांडे आज अपना 28वां जन्मदिन मना रहे हैं। सोशल मीडिया पर उनके जन्मदिन को लेकर लगातार बधाइयां मिल रही हैं। पहले उनकी को-एक्ट्रेस अनीत पड्डा ने एक प्यारे से पोस्ट के जरिए उन्हें विश किया और अब अहान की बहन और अभिनेत्री अनन्या पांडे ने उनके लिए प्यारा सा पोस्ट किया है। अहान की बहन और अभिनेत्री अनन्या पांडे का प्यार भरा संदेश फैंस को काफी पसंद आ रहा है। अनन्या ने बचपन की एक थ्रोबैक वीडियो शेयर करते हुए अहान के लिए अपने जज्बात खुलकर जाहिर किए। उन्होंने अपने भाई पर गर्व महसूस करने की बात कही। अनन्या का यह पोस्ट सामने आते ही फैंस ने कमेंट सेक्शन को दिल और प्यार वाले इमोजी से भर दिया।

जन्मदिन पर गिफ्ट्स से घिरे नजर आए अहान पांडे

मुंबई। बॉलीवुड एक्टर अहान पांडे आज अपना 28वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस खास दिन पर उन्हें कई फैंस ने बधाई और गिफ्ट दिए हैं। जिसको लेकर अहान ने सोशल मीडिया पर एक दिल छूने वाला नोट लिखा है।

सैयारा फिल्म से रातों-रात स्टार बन चुके अहान पांडे आज अपना 28वां जन्मदिन सेलिब्रेट कर रहे हैं। अहान को सबसे पहले सोशल मीडिया पर उनकी को-स्टार अनीत पड्डा ने बर्थ डे विश किया। इसके बाद उनके परिवार, दोस्त, रिश्तेदार और फैंस ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी और साथ ही कई प्यारे गिफ्ट्स भी दिए। अहान ने उन सभी गिफ्ट्स के साथ एक प्यारी तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर कर उन सभी का शुक्रियां अदा किया है।

अहान पांडे को आज अपने 28वें जन्मदिन पर ढेर सारे गिफ्ट मिले। उन्होंने इंस्टाग्राम पर गिफ्ट्स से घिरी अपनी एक खास फोटो शेयर की है। इसके साथ अहान ने कैप्शन में लिखा, %सबकी शुभकामनाओं के लिए शुक्रिया और उन सभी लोगों का भी धन्यवाद जिन्होंने इस साल को इतना खास बना दिया। हमेशा ढेर सारा प्यार।

अहान पांडे ने हाल ही में यशराज फिल्म्स की हिट फिल्म %सैयारा% (स्ड्डद्ब4ड्डड्डह्ड्ड) से बॉलीवुड में डेब्यू किया, जो बॉक्स ऑफिस पर सफल रही। कथित तौर पर इस फिल्म के बाद अब वह अली अब्बास जफर की एक्शन-रोमांटिक फिल्म में नजर आएंगे। इस फिल्म में अहान के साथ शरवरी वाघ और बॉबी देओल नजर आएंगे। इस फिल्म की शूटिंग 2026 में शुरू होगी। फिल्मों के अलावा अहान ने मॉडलिंग और बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर के रूप में भी काम किया है।

ऑनलाइन सट्टेबाजी नेटवर्क पर ईडी की बड़ी कार्रवाई

दर्ज

ईडी ने इंदौर पुलिस द्वारा भारतीय न्याय संहिता, 2023 की विभिन्न धाराओं 319(2) और 318(4) के तहत दर्ज एफआईआर के आधार पर इस मामले की जांच शुरू की थी।

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बड़े ऑनलाइन सट्टेबाजी का पर्दाफाश किया है। इस पूरी कार्रवाई में ईडी ने 404.46 करोड़ रुपये जब्त किए हैं। जानिए क्या है पूरा मामला

डब्बा व्यापार/ऑनलाइन सट्टेबाजी में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) मुख्यालय ने बड़ी कार्रवाई की है। जांच एजेंसी ने सोमवार को विशेष न्यायालय (पीएमएलए), इंदौर के समक्ष मुंबई, अहमदाबाद, इंदौर, चेन्नई और दुबई में अवैध रूप से डब्बा व्यापार और ऑनलाइन सट्टेबाजी की गतिविधियों में लिप्त एक गिरोह के खिलाफ अभियोग शिकायत (पीसी) दायर की है। इस केस में 404.46 करोड़ रुपये की आपराधिक आय का पता चला है। डब्बा व्यापार और ऑनलाइन सट्टेबाजी के लिए एमटी5 सर्वरों व भूमिगत प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल किया गया। कई प्रख्यात ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर बिना किसी मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंज से संबंधित नकली ट्रेड दिखाए गए। गुमनाम खातों को एन्क्रिप्टेड संचार और नकद-आधारित निपटान के जरिए उपयोग में लाया गया। यह सब भी सीक्रेट तरीके से किया गया।

ईडी ने इंदौर पुलिस द्वारा भारतीय न्याय संहिता, 2023 की विभिन्न धाराओं 319(2) और 318(4) के तहत दर्ज एफआईआर के आधार पर इस मामले की जांच शुरू की थी। जांच में पता चला कि एफआईआर संख्या 0136/2021, जो एफआईआर संख्या 041/2025 से जुड़े व्यक्तियों द्वारा अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी रैकेट से संबंधित है, मुंबई के एनएम जोशी मार्ग पुलिस स्टेशन में आईपीसी की धाराओं 419, 420, 465, 468, 471, महाराष्ट्र जुआ निषेध अधिनियम और आईटी अधिनियम की धाराओं 66(सी) और 66(डी) के तहत दर्ज की गई थी। पुलिस अधिकारियों ने उक्त एफआईआर में आरोप पत्र दाखिल कर दिया है। जांच से पता चला है कि एक तकनीकी रूप से हेरफेर किए गए तंत्र में फर्जी ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म, अवैध सट्टेबाजी वेबसाइटें और सीमा पार धन की हेराफेरी का तरीका शामिल है। विशाल अग्निहोत्री को मुख्य संचालक के रूप में पहचाना गया है, जिनकी सहायता तरुण श्रीवास्तव ने की है। श्रीवास्तव, जो दिन-प्रतिदिन के वित्तीय संचालन और फर्जी खातों को संभालते था। श्रीनिवासन रामासामी ने फर्जी ट्रेडिंग परिणाम उत्पन्न करने के लिए डिज़ाइन किए गए हेरफेरित एमटी5 सर्वरों को कॉन्फ़िगर किया था। इसके अलावा, समानांतर सट्टेबाजी नेटवर्क में धवल देवराज जैन ने भूमिगत प्लेटफॉर्म LotusBook247 का संचालन किया। धर्मेश रजनीकांत त्रिवेदी ने ऑफशोर इकाई iBull Capital का प्रबंधन किया। निधि चंदनानी ने दुबई स्थित संरचनाओं के माध्यम से धन के प्रवाह और हेरफेर में सहायता की। ईडी की जांच में यह पुष्टि हुई है कि ग्राहकों को V Mone4 और 8Stock Height जैसे प्लेटफॉर्म पर बिना किसी मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंज से संबंध के नकली ट्रेड दिखाए गए, जबकि LotusBook247 और 11Starss जैसे सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म गुमनाम खातों, एन्क्रिप्टेड संचार और नकद-आधारित निपटान का उपयोग करके गुप्त रूप से संचालित होते थे। जांच के दौरान यह भी पता चला है कि हेरफेर किए गए ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म, अवैध सट्टेबाजी वेबसाइटों और अनियमित व्हाइट लेबल एप्लिकेशन से प्राप्त 404.46 करोड़ रुपये की आपराधिक आय उत्पन्न हुई है। इसके अलावा, जांच के परिणामस्वरूप पीएओ संख्या 24/2025 के तहत 34.26 करोड़ रुपये की संपत्तियों की अस्थायी कुर्की की गई हैं। इसमें 28.60 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियां, 3.83 करोड़ रुपये की चल संपत्तियां और बैंक या डीमैट खातों में 1.83 करोड़ रुपये की शेष राशि शामिल है।

हंसखाली नाबालिग सामूहिक दुष्कर्म मामले में तीन दोषियों उम्रकैद

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के नदिया जिले के हंसखाली कांड में अदालत ने 2022 में नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म और उसकी मौत के मामले में तीन दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई। कोर्ट ने उन्हें दुष्कर्म, साजिश और सबूत नष्ट करने का दोषी माना है।

पश्चिम बंगाल की एक अदालत ने मंगलवार को नादिया जिले के हंसखाली में 2022 में नाबालिग लड़की के सामूहिक दुष्कर्म मामले में दोषी करार नौ लोगों में तीन को उम्रकैद की सजा सुनाई है। रानाघाट अतिरिक्त जिला न्यायाधीश (एडीजे) की अदालत ने सोमवार को नौ लोगों को दोषी ठहराया था। आज अदालत ने सजा का एलान किया है। राणाघाट अतिरिक्त जिला न्यायाधीश अदालत ने ब्रजगोपाल गोआली, प्रभाकर पोद्दार और रंजीत मल्लिक को 14 साल की लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म, आपराधिक साजिश और भारतीय दंड संहिता और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम के तहत सबूत नष्ट करने का दोषी पाए जाने के बाद उम्रकैद की सजा सुनाई। मुख्य आरोपी ब्रजगोपाल के पिता समरेंद्र गोआली को पांच साल जेल की सजा सुनाई गई। बचाव पक्ष के वकील ने बताया कि दोषियों में से एक, जो घटना के समय नाबालिग था, उसको 50,000 रुपये के बॉन्ड पर एक साल तक अच्छे आचरण की शर्त पर रिहा कर दिया गया। उन्होंने कहा कि इस आदेश को ऊपरी अदालत में चुनौती दी जाएगी। उन्होंने बताया कि बाकी दोषियों को आपराधिक साजिश, सबूत नष्ट करने और आपराधिक धमकी जैसे अपराधों में जेल की सजा सुनाई गई है। सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता की बाद में चोटों की वजह से मौत हो गई थी। कलकत्ता हाई कोर्ट ने इस मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपी थी। 14 साल की लड़की के साथ चार अप्रैल 2022 को सत्ताधारी पार्टी के पंचायत नेता के बेटे की जन्मदिन की पार्टी के दौरान सामूहिक दुष्कर्म हुआ। पीड़िता की बाद में मौत हो गई। आरोपियों के दबाव में उसके शव का जल्दबाजी में अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस वारदात के बाद लोगों का गुस्सा भड़क उठा। राजनीतिक हलकों में भी यह मामला खासा सुर्खियों में रहा।

200 बार वोट डालने का दावा लोकतंत्र पर सवाल

नई दिल्ली। राहुल गांधी के जर्मनी दौरे में दिए बयान पर देश की राजनीति गरमा गई है। भाजपा प्रवक्ता शाहजाद पूनावाला ने राहुल के उस दावे पर आपत्ति जताई, जिसमें हरियाणा चुनाव में एक महिला के 200 बार वोट डालने की बात कही गई। उन्होंने इसे लोकतंत्र पर सवाल बताया।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के जर्मनी दौरे के दौरान दिए गए बयान पर देश में सियासत तेज है। जहां एक बार फिर भाजपा ने राहुल गांधी पर उनके जर्मनी दौरे और कांग्रेस सांसद इमरान मसूद के बयान को लेकर जमकर निशाना साधा है। भाजपा प्रवक्ता शाहजाद पूनावाला ने राहुल गांधी के दावों पर आपत्ति जताते हुए कहा कि राहुल गांधी ने दावा किया कि हरियाणा चुनाव में एक महिला ने 200 बार वोट डाला। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने यह नहीं कहा कि उसका नाम 200 बार सूची में आया, बल्कि सीधे कहा कि उसने 200 बार वोट किया।

पूनावाला ने आगे कहा कि राहुल गांधी ने अपने दावों में यह भी कहा कि शकुन रानी नाम की एक महिला

ने दो बार वोट डाला। इस पर उन्होंने सवाल उठाते हुए राहुल गांधी को चुनौती दी कि वे उस महिला का नाम, पता और सबूत सार्वजनिक करें और बताएं कि आखिर कोई व्यक्ति 200 बार वोट कैसे डाल सकता है। पत्रकारों से बातचीत के दौरान भाजपा प्रवक्ता ने राहुल गांधी पर लोकतंत्र पर सवाल खड़ा करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इस तरह का बयान लोकतंत्र पर सवाल खड़े करते हैं और बिना सबूत के ऐसे आरोप लगाना गलत है। दूसरी ओर पूनावाला ने इमरान मसूद के बयान को लेकर कांग्रेस और राहुल गांधी पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कहा कि इमरान मसूद ने साफ तौर पर कहा है कि अब उन्हें राहुल गांधी पर भरोसा नहीं रहा। पूनावाला ने आगे कहा कि मसूद का नारा है राहुल हटाओ, प्रियंका गांधी लाओ। पूनावाला ने दावा किया कि इमरान मसूद अब प्रियंका गांधी को प्रधानमंत्री बनाने की बात कर रहे हैं। इसके साथ ही भाजपा प्रवक्ता ने यह भी कहा कि रॉबर्ट वाड्रा ने भी इस सोच का समर्थन किया है। उनके मुताबिक इसका मतलब यह है कि राहुल गांधी न सिर्फ जनता का भरोसा खो चुके हैं, बल्कि अब उनके अपने साथी और पार्टी के अंदरूनी लोग भी उनसे संतुष्ट नहीं हैं। पूनावाला ने तंज कसते हुए कहा कि राहुल गांधी के पास अब न जनता का समर्थन है, न सहयोगियों का और न ही पार्टी के भीतर पूरा भरोसा। इस दौरान पूनावाला ने ओडिशा के कांग्रेस नेता मोहम्मद मोकिम का भी उदाहरण दिया।

गैर-निर्धारित जगह पर फीडिंग रोकना अपराध नहीं

मुंबई। बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा है कि गैर-निर्धारित जगहों पर आवारा कुत्तों को खाना देने से रोकना अपराध नहीं है। अदालत ने पुणे के एक व्यक्ति के खिलाफ दर्ज एफआईआर रद्द करते हुए कहा कि यह कदम बच्चों और निवासियों की सुरक्षा के लिए था। आवारा कुत्तों को खाना खिलाने को लेकर सोसायटियों में अक्सर होने वाले विवादों पर बॉम्बे हाईकोर्ट ने अहम और स्पष्ट फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट ने कहा है कि गैर-निर्धारित जगहों पर आवारा कुत्तों को खाना देने से किसी को रोकना कानूनन अपराध नहीं है और इसे न तो गलत तरीके से रोकना माना जा सकता है और न ही अवैध। अदालत ने इस फैसले से आम नागरिकों और आवासीय समितियों को बड़ी राहत दी है।

न्यायमूर्ति मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति संदेश पाटिल की पीठ ने पुणे के 42 वर्षीय एक व्यक्ति के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामला रद्द कर दिया। उस व्यक्ति पर आरोप था कि उसने एक महिला और उसके साथियों को अपनी हाउसिंग सोसायटी के गेट पर आवारा कुत्तों को खाना देने से रोका और कथित तौर पर उन्हें बाहर जाने से भी रोका। अदालत ने कहा कि ऐसे हालात में यह कृत्य भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध नहीं बनता। हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि फुटपाथ, सोसायटी के प्रवेश और निकास द्वार, स्कूल बस स्टॉप जैसे स्थानों पर आवारा कुत्तों को खाना देने से रोकना स्वैच्छिक बाधा या गलत तरीके से रोकना नहीं कहा जा सकता। अदालत ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति गैर-निर्धारित स्थान पर कुत्तों को खाना खिला रहा है और उसे रोका जाता है, तो यह कानून का उल्लंघन नहीं है।

अदालत ने माना कि आरोपी का उद्देश्य किसी को परेशान करना नहीं, बल्कि सोसायटी में रहने वाले बच्चों और अन्य लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना था। रिकॉर्ड में यह बात सामने आई कि उस सोसायटी में पहले भी कुत्तों के काटने और हमले की घटनाएं हो चुकी थीं। ऐसे में कुत्तों को उन जगहों पर खाना देने से रोकना, जहां बच्चों की आवाजाही रहती है, किसी भी तरह से अवैध नहीं कहा जा सकता। हाईकोर्ट ने इस फैसले में सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया के पुराने फैसलों और एनिमल बर्थ कंट्रोल नियमों का भी हवाला दिया। अदालत ने कहा कि इन नियमों में आवारा कुत्तों के लिए तय फीडिंग एरिया का प्रावधान है और उसी के अनुसार खाना दिया जाना चाहिए। आरोपी ने शिकायतकर्ता को केवल यह बताया था कि वह स्थान निर्धारित फीडिंग स्पॉट नहीं है, जिसे अपराध नहीं माना जा सकता। हिंजेवाड़ी थाने में दर्ज एफआईआर के अनुसार, शिकायतकर्ता जब आवारा कुत्तों को खाना देने आई थीं, तब सोसायटी के लोगों ने आपत्ति जताई और उनके सामने खड़े हो गए। आरोपी ने अदालत को बताया कि सोसायटी में 40 से अधिक आवारा कुत्ते हैं, जिससे निवासियों को परेशानी हो रही है। हाईकोर्ट ने साफ कहा कि ऐसे हालात में किसी को गैर-निर्धारित जगह पर कुत्तों को खाना देने से रोकना पूरी तरह कानूनी है और इसे अपराध नहीं ठहराया जा सकता।

कोलकाता से दिल्ली तक प्रदर्शन

ढाका। भारत में बांग्लादेशी दूतावासों की सुरक्षा को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच बांग्लादेश ने भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को बांग्लादेशी विदेश मंत्रालय तलब किया है। इस दौरान ढाका ने भारत से अपने राजनयिकों और मिशनों की सुरक्षा मजबूत करने का अनुरोध किया है। भारत में बांग्लादेशी दूतावासों की सुरक्षा को लेकर चिंताओं के बीच, बांग्लादेश में भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को मंगलवार को बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय में तलब किया गया। राजनयिक सूत्रों ने इस मामले की पुष्टि की। सूत्रों के अनुसार, नई दिल्ली और कोलकाता सहित भारत के कई हिस्सों में स्थित बांग्लादेशी मिशनों के आसपास उभरती सुरक्षा स्थिति के मद्देनजर वर्मा को बुलाया गया था। सूत्रों के मुताबिक मंगलवार को बांग्लादेश के विदेश सचिव असद आलम सियाम ने भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को विदेश मंत्रालय बुलाया।

पाकिस्तान में सुरक्षाबलों को फिर बनाया निशाना, हमले में पांच पुलिसकर्मियों की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में टीटीपी के हमले लगातार जारी हैं। ताजा हमले में अज्ञात बंदूकधारियों ने एक पुलिस के वाहन पर हमला कर पांच पुलिसकर्मियों की जान ले ली। हमले के बाद इलाके की घेराबंदी कर हमलावरों की तलाश की जा रही है।

पाकिस्तान में एक बार आतंकियों ने घात लगाकर सुरक्षाबलों पर हमला किया। इस हमले में पांच पुलिसकर्मी मारे गए हैं। घटना पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा राज्य की है, जहां मंगलवार को अज्ञात हमलावरों ने एक पुलिस की गाड़ी पर अंधाधुंध फायरिंग की, जिसमें वैन सवार पांच पुलिसकर्मियों की मौत हो गई।

स्थानीय पुलिस ने बताया कि हमला खैबर पख्तूनख्वा जिले के करक जिले में हुई, जहां पुलिसकर्मी रुटीन पेट्रोलिंग पर थे। इसी दौरान अज्ञात हमलावरों ने पुलिस के वाहन पर हमला कर दिया, जिसमें पांच पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। हमले के बाद पाकिस्तानी सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी है। साथ ही हमलावरों की तलाश के लिए भी अभियान शुरू कर दिया गया है। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी ने घटना की निंदा की है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कही है।

सोहेल अफरीदी ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था बरकरार रखना उनकी सरकार की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि ऐसे कायराना हमले सुरक्षाबलों और सरकार के संकल्प को कमजोर नहीं कर सकते। पाकिस्तानी सरकार का कहना है कि उनके सुरक्षाबलों पर हमले कट्टरपंथी संगठन टीटीपी द्वारा किए जा रहे हैं। खासकर अफगानिस्तान से लगती सीमा पर टीटीपी के हमले लगातार हो रहे हैं।

मैक्सिको की नौसेना का विमान दुर्घटनाग्रस्त

गैल्वेस्टन। पुलिस की ओर से जारी बयान में हादसे की जांच जारी होने की बात कही गई है। अभी तक हादसे की वजह सामने नहीं आई है। हालांकि, इस बात की भी आशंका जताई जा रही है कि विमान कोहरे की वजह से दुर्घटना का शिकार हो गया हो।

मैक्सिको की नौसेना का एक विमान हादसे का शिकार हो गया। अधिकारियों ने बताया कि एक वर्षीय चिकित्सा रोगी और सात अन्य लोगों को ले जा रहा मैक्सिको की नौसेना का एक छोटा विमान सोमवार को गैल्वेस्टन के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में कम से कम पांच लोगों के मारे जाने की आशंका है।

मैक्सिको की नौसेना ने एसोसिएटेड प्रेस को दिए एक बयान में कहा कि आपातकालीन अधिकारियों ने कुछ लोगों को बचा लिया गया है और विमान के अंदर फंसे लोगों की तलाश जारी है। नौसेना के अनुसार, विमान में सवार चार लोग नौसेना अधिकारी थे और चार नागरिक थे।

शिनजियांग में मानवाधिकार उल्लंघन उजागर करने वाले चीनी नागरिक की निर्वासन योजना रद्द

वॉशिंगटन। शिनजियांग में कथित मानवाधिकार उल्लंघनों का पर्दाफाश करने वाले चीनी नागरिक गुआन हेंग को अमेरिका से निर्वासित नहीं किया जाएगा। मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने फैसले का स्वागत किया।

अमेरिका ने शिनजियांग क्षेत्र में कथित मानवाधिकार उल्लंघनों को उजागर करने वाले एक चीनी नागरिक को लेकर बड़ा कदम उठाया है। अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग ने गुआन हेंग नामक चीनी नागरिक को निर्वासित करने की योजना को वापस ले लिया है। इस फैसले का मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया है।

मानवाधिकार वकील रेहान असत ने बताया कि गुआन हेंग के वकील को अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग की ओर से आधिकारिक पत्र मिला है, जिसमें निर्वासन की प्रक्रिया को रोकने की पुष्टि की गई है।

असत के अनुसार, अब गुआन का शरण आवेदन सकारात्मक और सुचारू रूप से आगे बढ़ने की उम्मीद है। चीनी मानवाधिकार संगठन के कार्यकारी निदेशक झोउ फेंगसू ने भी इस फैसले की पुष्टि करते हुए कहा हम बेहद खुश हैं। यह मानवाधिकारों के पक्ष में अहम फैसला है।

गुआन हेंग ने साल 2020 में शिनजियांग के कथित हिरासत शिविरों का गुप्त रूप से वीडियो बनाया था। मानवाधिकार संगठनों का दावा है कि इन शिविरों में उइगर समेत करीब 10 लाख अल्पसंख्यकों को बंद किया गया है। चीन सरकार इन आरोपों से इनकार करती रही है। वीडियो सार्वजनिक करना चीन में संभव न होने के कारण गुआन 2021 में देश छोड़कर पहले हांगकांग और फिर इक्वाडोर पहुंचे। वहां से समुद्री रास्ते अमेरिका पहुंचे और बाद में वीडियो यूट्यूब पर जारी किया गया।

वीडियो सामने आने के बाद गुआन की पहचान उजागर हो गई और चीन में उनके परिवार को सुरक्षा एजेंसियों ने तलब किया। इसके बाद गुआन ने अमेरिका में शरण मांगी और न्यूयॉर्क के पास एक छोटे शहर में रहने लगे। हालांकि, अगस्त में उन्हें इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट ने हिरासत में ले लिया था, जिसके बाद उनके निर्वासन की आशंका बढ़ गई थी।

गुआन के समर्थन में अमेरिकी कांग्रेस के कई सदस्य सामने आए। टॉम लैंटोस मानवाधिकार आयोग ने कहा कि गुआन ने उइगरों के खिलाफ हो रहे अत्याचारों को उजागर करने के लिए अपनी जान जोखिम में डाली।

डेमोक्रेट सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने गृह सुरक्षा मंत्री को पत्र लिखकर गुआन को रिहा करने और उन्हें शरण देने की मांग की थी।

मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के अनुसार, गुआन हेंग की जमानत और रिहाई की प्रक्रिया पर काम चल रहा है। माना जा रहा है कि अमेरिका अब उन्हें सुरक्षित शरण देगा।

बांग्लादेश में समय पर ही होंगे आम चुनाव

ढाका। बांग्लादेश में इकबाल मंच के युवा नेता शरीफ उस्मान हादी की गोली मार कर हत्या किए जाने के बाद हिंसा भड़क गई थी। इसकी आग ठंडी होती उससे पहले ही एक और युवा नेता मोतालेब सिकदर को गोली मार दी गई। हालांकि, सिकदर की जान बच गई। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस ने अगले वर्ष 12 फरवरी को 13वें राष्ट्रीय चुनाव कराने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने पूर्ववर्ती शेख हसीना की सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, देश अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग करने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहा है, जिसे निरंकुश शासन द्वारा छीन लिया गया था। प्रोफेसर यूनुस ने यह टिप्पणी दक्षिण और मध्य एशिया के लिए अमेरिकी विशेष दूत सर्जियो गोर के साथ स्थानीय समयानुसार शाम लगभग 7:30 बजे टेलीफोन पर हुई बातचीत के दौरान की।

उस्मान हादी की हत्या से बांग्लादेश में क्यों आया उबाल

ढाका। उस्मान हादी की हत्या के बाद से बांग्लादेश में भारत विरोधी भावनाएं प्रबल हैं और हिंसा का दौर जारी है। हादी की हत्या का आरोप अवामी लीग के नेता पर लग रहा है, लेकिन राजनीतिक विशेषज्ञों का कहना है कि इस पूरे मामले में असल में एक बड़ी साजिश हो सकती है।

बांग्लादेश में कट्टरपंथी नेता उस्मान हादी की हत्या के बाद से वहां भारत विरोधी भावना उफान पर है। बांग्लादेश के कट्टरपंथी उस्मान हादी को लेकर भारत पर आरोप लगा रहे हैं। साथ ही उनका कहना है कि हादी की हत्या का आरोपी फैसल करीम भी भारत में छिपा हुआ है। हालांकि बांग्लादेश की सरकार ही कह रही है कि फैसल करीम के भारत भागने के कोई सबूत नहीं हैं। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि आखिर उस्मान हादी की हत्या बांग्लादेश में इतना बड़ा मुद्दा क्यों बनी हुई है और इससे किसे फायदा है?

बांग्लादेश की भू-राजनीति के जानकार और इस वक्त पेरिस में रह रहे नाहिद हेलाल ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में दावा किया है कि उस्मान हादी की हत्या से शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग या खालिदा जिया की पार्टी बीएनपी को नहीं बल्कि जमात ए इस्लामी और बांग्लादेश की कट्टरपंथी जमात को फायदा हो सकता है। नाहिद ने लिखा, उस्मान हादी की हत्या के बाद से जो हो रहा है, यही जमात ए इस्लामी के नेता और कट्टरपंथी वर्ग चाहता था। इससे कट्टरपंथियों को अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने, मीडिया संस्थानों को डराने और अवामी लीग के कार्यकर्ताओं की हत्या और सबसे अहम बात चुनावी प्रक्रिया को बाधित करने का मौका मिल गया है।

बीएनपी की पूर्व सांसद निलोफर चौधरी मोनी ने एक बांग्लादेशी न्यूज चैनल पर पैनल चर्चा के दौरान भी दावा किया कि उस्मान हादी की हत्या से जमात ए इस्लामी को फायदा होगा। उन्होंने कहा, उस्मान हादी की हत्या के आरोपी फैसल करीम की दो बार जमानत सुप्रीम कोर्ट के वकील और जमात ए इस्लामी के नेता शिशिर मनीर ने कराई थी। दूसरी बार जमानत तो उस्मान हादी की हत्या से कुछ महीने पहले ही कराई गई थी। विशेषज्ञों का कहना है कि बांग्लादेश में अस्थिरता, सांप्रदायिक तनाव, अराजकता और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में गड़बड़ी से सबसे ज्यादा फायदा कट्टरपंथियों को होगा। ऐसे में आशंका है कि उस्मान हादी की हत्या के पीछे कट्टरपंथी हो सकते हैं, जो हादी की हत्या का राजनीतिक फायदा उठाने की कोशिश कर सकते हैं।

उस्मान हादी की हत्या का राजनीतिक कोण एक ये भी है कि उस्मान हादी भारत विरोधी बयानबाजी के चलते कट्टरपंथियों के बीच चर्चित था। साथ ही वह ढाका-8 सीट से आगामी चुनाव में निर्दलीय चुनाव लड़ने वाला था। ढाका-8 बांग्लादेश की अहम संसदीय सीट मानी जाती है, जिसके क्षेत्र में ही ढाका यूनिवर्सिटी और संसद भवन आते हैं। यहां से बीएनपी नेता मिर्जा अब्बास और जमात ए इस्लामी की पार्टी छात्र शिबिर के नेता मोहम्मद अबु सादिक भी उम्मीदवार हैं। मिर्जा अब्बास एक बड़ा नाम है और जीत के दावेदार हैं। अब उस्मान हादी की हत्या के बाद जिस तरह से माहौल बना है, उससे जमात के नेता मोहम्मद अबु सादिक को फायदा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

दक्षिण कोरिया में विद्रोह मामलों के लिए विशेष अदालतों को मंजूरी

सिओल। दक्षिण कोरिया की संसद ने विद्रोह, राजद्रोह और विदेशी षड्यंत्र से जुड़े मामलों के लिए विशेष अदालतें गठित करने का कानून पारित किया।

दक्षिण कोरिया की संसद ने विद्रोह, राजद्रोह और विदेशी साजिश से जुड़े मामलों की सुनवाई के लिए विशेष अदालतें गठित करने से संबंधित विधेयक को पारित कर दिया है। यह फैसला उस समय लिया गया है, जब जेल में बंद पूर्व राष्ट्रपति यून सुक योल के खिलाफ चल रहे विद्रोह मामले की सुनवाई में देरी को लेकर सरकार पर सवाल उठ रहे थे। इस कानून के तहत सियोल सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट और सियोल हाई कोर्ट में ऐसे मामलों के लिए कम से कम दो विशेष पीठों का गठन किया जाएगा। हर पीठ में तीन न्यायाधीश होंगे, जिनका चयन संबंधित अदालत की जज काउंसिल करेगी।

यह विधेयक 175-2 के भारी बहुमत से पारित हुआ, जबकि कई कंजरवेटिव सांसदों ने मतदान का बहिष्कार किया। विपक्षी पीपल पावर पार्टी ने इसे न्यायिक स्वतंत्रता में हस्तक्षेप करार दिया और ली जे म्युंग से कानून को वीटो करने की मांग की। पीपीपी नेता जांग डोंग-ह्युक ने संसद में 24 घंटे का फाइलबस्टर भी किया और आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक पार्टी अदालतों पर दबाव बना रही है।

पूर्व राष्ट्रपति यून सुक योल ने दिसंबर 2024 में मार्शल लॉ लागू कर सत्ता बनाए रखने की कोशिश की थी। हालांकि कुछ ही घंटों में उनका प्रयास विफल हो गया। अप्रैल में उन्हें पद से हटा दिया गया और जुलाई में दोबारा गिरफ्तार किया गया। उन पर विद्रोह, सत्ता पलटने की साजिश और संविधान के उल्लंघन जैसे गंभीर आरोप हैं, जिनमें उम्रकैद या मौत की सजा तक का प्रावधान है। हालांकि नए कानून का असर यून के मौजूदा ट्रायल पर नहीं पड़ेगा, लेकिन अगर मामला हाई कोर्ट पहुंचता है, तो वहां सुनवाई विशेष पीठ करेगी।

डेमोक्रेटिक पार्टी ने यून के केस की सुनवाई कर रहे जज पर कार्यवाही में देरी का आरोप लगाया है। पार्टी का कहना है कि इतने संवेदनशील मामलों में जजों की रैंडम नियुक्ति की पुरानी परंपरा पर पुनर्विचार होना चाहिए। वहीं, न्यायपालिका समर्थकों का मानना है कि नया कानून अदालतों की स्वतंत्रता को प्रभावित कर सकता है।

सरकारी स्कूलों की बदहाली पर सरकार को घेरा

अवधनामा संवाददाता

डॉ. रागिनी सोनकर ने शिक्षक भर्ती, उत्पीड़न और स्कूल मर्जर पर जवाब मांगा

जौनपुर। विधानसभा में मंगलवार को शीतकालीन सत्र में सपा विधायक डॉक्टर रागिनी सोनकर ने बेसिक शिक्षा विभाग की नीतियों और कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि बीते दिनों प्रदेश सरकार द्वारा मर्जर के नाम पर बड़ी संख्या में प्राथमिक विद्यालयों को बंद किया गया, यह कहकर कि वहां बच्चों की संख्या कम है।

विधायक डॉ रागिनी सोनकर ने सरकार से यह स्पष्ट रूप से पूछा कि पिछले नौ वर्षों में प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों की संख्या बढ़ाने के लिए सरकार ने कौन-सी ठोस योजना बनाई और यदि कोई योजना थी तो उसका परिणाम क्या रहा? बेसिक शिक्षा मंत्री द्वारा दिए गए उत्तर को उन्होंने ÷निराशाजनक÷ बताया, क्योंकि मंत्री स्वयं स्वीकार करते हैं कि बच्चों की संख्या नहीं बढ़ी, जिससे यह स्पष्ट होता है कि सरकार ने सरकारी स्कूलों को सशक्त बनाने के लिए कोई प्रभावी पहल नहीं की।

उन्होंने कहा कि किसी भी विद्यालय में बच्चों की संख्या बढ़ाने के लिए सबसे आवश्यक है पर्याप्त शिक्षक, बच्चों का शारीरिक-मानसिक विकास और सम्मानजनक शैक्षणिक वातावरण। लेकिन वास्तविकता यह है कि आज प्रदेश में 9,508 विद्यालय केवल एक शिक्षक के सहारे चल रहे हैं, जबकि कई विद्यालयों में सिर्फ शिक्षा मित्र कार्यरत हैं। सरकार पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि दो लाख से अधिक शिक्षकों की कमी के बावजूद भर्ती प्रक्रिया में लगातार देरी की जा रही है। विधायक डॉ रागिनी ने सरकार से पूछा कि शिक्षक भर्ती जल्द कब लाई जाएगी?

योग्य शिक्षा मित्रों के समायोजन और मानदेय वृद्धि पर सरकार कब विचार करेगी?

उन्होंने शिक्षकों के साथ हो रहे व्यवहार पर भी कड़ा विरोध दर्ज कराया। शिक्षकों से गैर-शैक्षणिक कार्य कराए जाने, सर्वे, गणना, व्यक्तिगत आयोजनों में ड्यूटी और यहां तक कि अपमानजनक कार्यों में लगाए जाने को उन्होंने गुरु के सम्मान का हनन बताया। इसके साथ ही उन्होंने वर्षों से लंबित अंतर-जनपदीय स्थानांतरण, बिना टेट नियुक्त लगभग 1.86 लाख शिक्षकों पर टेट लागू किए जाने की समस्या, और शिक्षकों पर हो रहे मानसिक उत्पीड़न पर सरकार से स्पष्ट नीति और राहत की मांग की। उन्होंने यह भी बताया कि 35 शिक्षक और शिक्षा मित्र गैर-शैक्षणिक कार्यों के दबाव में अपनी जान गंवा चुके हैं, और सरकार से मांग की कि उनके परिवारों को सरकारी नौकरी और उचित मुआवजा दिया जाए। अंत में माननीया सदस्य ने सरकार से अपने तीनों प्रमुख सवालों पर स्पष्ट और ठोस उत्तर देने की मांग की और कहा कि जब तक शिक्षक सुरक्षित, सम्मानित और पर्याप्त संख्या में नहीं होंगे, तब तक सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या बढ़ाना संभव नहीं है।

कैम्प लगाकर जनता की समस्त शिकायतों का प्रभावी निस्तारण करें : जिलाधिकारी

आजमगढ़ (अवधनामा संवाददाता) जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में दिनांक 19 से 25 दिसम्बर 2025 तक आयोजित हो रहे सुशासन सप्ताह-प्रशासन गाँव की ओर के अन्तर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार दिनांक 19-25 दिसम्बर 2025 तक पूरे प्रदेश में सुशासन सप्ताह मनाया जा रहा है। उन्होने कहा कि सुशासन सप्ताह मनाये जाने का मुख्य उद्देश्य यह है कि समस्त अधिकारी ग्रामों में जायें एवं कैम्प लगाकर जनता की समस्त शिकायतों का प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि सुशासन सप्ताह के अन्तर्गत जो लोग पात्र हैं, एवं किन्हीं कारण योजना से वंचित रह गये हैं, उनका फार्म भरवाकर योजना का लाभ दिया जा रहा है। उन्होने कहा कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार की मंशा है कि ब्लाक/तहसील स्तर के अधिकारी ग्राम में जाकर वहां की स्थिति को स्वयं देखें, कि शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता को देखें कि निस्तारण का लेवल क्या है। जिलाधिकारी ने जनपद के जिन अधिकारियों, लेखपाल, सचिव, पंचायत सहायक, एएनएम, आशा, प्रधानों ने समाज के लिए उत्कृष्ट कार्य किया है, उनको सम्मानित किया गया है। उन्होने कहा कि आगामी 24 जनवरी को उ0प्र0 दिवस के अवसर पर अच्छा कार्य करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को सम्मानित किया जायेगा। उन्होने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जब भी सम्मान का कार्यक्रम आयोजित किया जाए, उसमें अलग-अलग व्यक्तियों को सम्मानित किया जाए, ताकि अच्छा कार्य करने वालों को प्रोत्साहन मिले।

बक्शा थानाध्यक्ष ने हाइवे पर रंबल स्ट्रिप, जेबरा क्रॉसिंग बनवाई

अवधनामा संवाददाता

कुल्हनामऊ तिराहे पर दुर्घटना रोकने के लिए यह कदम उठाया गया

जौनपुर (बक्शा)। स्थानीय थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 731 पर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए बक्शा पुलिस ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मंगलवार को कुल्हनामऊ तिराहे पर रंबल स्ट्रिप और जेबरा क्रॉसिंग का निर्माण कराया गया। बक्शा थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने पुलिस बल और नेशनल हाईवे के कर्मचारियों की मौजूदगी में यह कार्य संपन्न कराया। यह पहल क्षेत्र में सड़क सुरक्षा और दुर्घटनाओं को लेकर थानाध्यक्ष की सक्रियता को दर्शाती है। इस जेबरा क्रॉसिंग और रंबल स्ट्रिप के बनने से हाइवे पर वाहनों की गति नियंत्रित होगी। अक्सर देखा जाता है कि इस तिराहे पर तेज रफ्तार वाहनों की चपेट में आकर लोग घायल हो जाते हैं। थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने बताया कि कुल्हनामऊ तिराहे पर जेबरा क्रॉसिंग और रंबल स्ट्रिप से वाहनों की रफ्तार धीमी होगी, जिससे दुर्घटनाओं में कमी आएगी। यह कदम राहगीरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। मौके पर मौजूद राहगीरों ने थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह के इस प्रयास की सराहना की। उनका मानना है कि यह पहल सड़क सुरक्षा में सुधार लाएगी।

चकबन्दी कार्यों के प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में चकबन्दी कार्यों के प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। जिलाधिकारी ने निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष गुणवत्तायुक्त रूप से चकबन्दी के कार्यो को पूर्ण कराने का निर्देश दिया। जनपद में पूर्व में चकबन्दी से सम्बन्धित ज्यादा शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, परन्तु अब शिकायतों की संख्या काफी कम हो गयी है। जिस पर जिलाधिकारी द्वारा सन्तोष व्यक्त किया गया। जनपद में चार ग्रामों की चकबन्दी प्रक्रिया पूर्ण कर धारा 52 का प्रकाशन हेतु प्रस्ताव निदेशालय प्रेषित किया जा चुका है, जिसमें ग्राम-उबारपुर लखमीपुर व इदिलपुर का गजट हो चुका है। ग्राम-उबारपुर लखमीपुर जो काफी पुराना ग्राम था तथा 1968 से चकबन्दी प्रक्रिया में था, का धारा 52 का प्रकाशन पूर्ण करा दिया गया है तथा अभी तक कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। इस कारण उस ग्राम के चकबन्दी लेखपाल व चकबन्दी कानूनगो व सहायक चकबन्दी अधिकारी को प्रशस्ति पत्र दिये जाने के उपसंचालक चकबन्दी के प्रस्ताव को जिलाधिकारी द्वारा स्वीकार किया गया।जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि 24 जनवरी, 2026 को उक्त सभी को प्रशस्ति पत्र दिया जाय। उन्होने ज्यादा पुराने ग्रामों के चकबन्दी कार्य को मार्च 2026 तक गुणवत्तायुक्त रूप से पूर्ण कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि जिन ग्रामों की चकबन्दी प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है तथा उसमें कोई रिपिटेड शिकायत आ रही है तो उसकी जांच कराकर उसका निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराया जाय। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी श्री संजीव ओझा, उपसंचालक चकबन्दी, बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी (प्रशासनिक व अतिरिक्त), चकबन्दी अधिकारीगण व सहायक चकबन्दी अधिकारीगण उपस्थित रहें।

अधिकारी एवं कर्मचारी जनता की सेवा के लिए हैं: दिनेश

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। भारत रत्न स्व0 श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म शताब्दी वर्ष के समापन अवसर पर (प्रशासन गांव की ओर-2025) कार्यक्रम के अंतर्गत पांचवां सुशासन सप्ताह-2025 का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जिलाधिकारी, जनपद जौनपुर दिनेश कुमार सिंह का अंगवस्त्रम एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूर्व जिलाधिकारी, वर्तमान जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र तथा अपर जिलाधिकारी (भू-राजस्व) अजय अम्बष्ठ, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामअक्षयवर चौहान द्वारा भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। पूर्व जिलाधिकारी दिनेश कुमार सिंह ने अटल जी के चरणों में प्रणाम करते हुए कहा कि सुशासन सप्ताह-2025 में सम्मिलित होकर वे स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी पद पर रहते हुए यदि अधिकारी स्वयं को एक सामान्य नागरिक की तरह समझकर समस्याओं का निस्तारण करे, वही सच्चा सुशासन है। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान विभिन्न पदों पर कार्य करते हुए अपने अनुभवों को साझा किया तथा कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी जनता की सेवा के लिए नियुक्त किए गए हैं। बिना किसी भेदभाव के शासन की योजनाओं का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन ही अटल जी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

उन्होंने जनपद जौनपुर में महाकुंभ के दौरान किए गए उत्कृष्ट कार्यो के लिए जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र एवं उनकी टीम की सराहना की। इसके साथ ही मुख्य अतिथि द्वारा जनपद में पीली नदी के जीर्णोद्धार में किये गये सार्थक प्रयास की सराहना करते हुए जिलाधिकारी को अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने अपने संबोधन में कहा कि भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने समर्पित भाव से देश के विकास के लिए कार्य किया। शासन द्वारा उनके जन्मदिवस के अवसर पर सुशासन दिवस मनाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत जनपद, तहसील एवं विकासखंड स्तर पर व्यापक रूप से जनसेवा एवं जनशिकायत निस्तारण की कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने बताया कि सभी विभाग ग्राम पंचायत स्तर पर चौपालों का आयोजन कर आम जनमानस की समस्याओं को सुनते हुए उनका प्रभावी एवं समयबद्ध निस्तारण कर रहे हैं। विभिन्न विभागों द्वारा आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, समस्त प्रकार की पेंशन, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, खतौनी, भूमि विवाद निस्तारण, आयुष्मान कार्ड सहित अन्य सेवाओं से संबंधित प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने जानकारी दी कि पिछले 01 वर्ष 02 माह में लगभग 80 हजार से अधिक निर्विवाद प्रकरण दर्ज कराकर निस्तारित किए गए हैं। माननीय मुख्यमंत्री जी के विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश कार्यक्रम के अंतर्गत सर्वाधिक शिकायतें दर्ज कराते हुए उनका निस्तारण किया गया है।

कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले उपजिलाधिकारी, नायब तहसीलदार, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। सुशासन सप्ताह के अंतर्गत तहसील मड़ियाहूँ के ग्राम मढी निवासी बसंती पटेल को कृषक दुर्घटना बीमा योजना के तहत 05 लाख रुपये के चेक भी प्रदान किए गए। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट जिला बेसिक शिक्षाधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

आर के ग्लोबल स्कूल परिसर में 33वीं जनपदिय स्काउट गाइड रैली का हुआ शुभारंभ

मुबारकपुर/आजमगढ़ (अवधनामा संवाददाता) तीन दिवसीय 33 वी जनपदीय स्काउट गाइड रैली का शुभारंभ आरके ग्लोबल स्कूल सठियांव के परिसर में दीप प्रज्वलित कर एवं सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण आर के ग्रुप आफ कालेज के चैयरमेन डाक्टर प्रेम प्रकाश यादव ने किया। कार्यक्रम का आयोजन भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जिला संस्था आजमगढ़ के तत्वावधान में किया गया। तीन दिवसीय स्काउट गाइड रैली के प्रथम दिन बच्चों ने ट्रेक पर मार्च पोस्ट करते हुए मुख्य अतिथि एवं जिला आयुक्त स्काउट डाक्टर रणधीर सिंह,जिला आयुक्त गाइड डाक्टर संध्या मौर्या को सलामी दी। साथ जिला सचिव सुभाष चन्द्र गोंड , पूर्व कोषाध्यक्ष रामचंद्र यादव तथा कार्यकारणी संस्था के समस्त पदाधिकारीगण को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि डाक्टर प्रेम प्रकाश यादव ने कहा कि स्काउट और गाइड को अपनी विपरीत परिस्थितियों में भी अपनी तथा दूसरों की सूरक्षा करने के बारे में बतया। संचालन जिला संगठन आयुक्त अवधेश यादव ने किया।

प्रशिक्षण हेतु जेम कार्यशाला का आयोजन

आजमगढ़ (अवधनामा संवाददाता) जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने बताया है कि आयुक्त एवं निदेशक उद्योग, राज्य जेम प्रकोष्ठ, लखनऊ द्वारा प्रदत्त निर्देश के आलोक में दिनांक 29.12.2025 को अपरान्ह 12.30 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार, में जेम पोर्टल पर सुचारू रूप से शासकीय क्रय करने के लिये जनपद स्तरीय अधिकारियों एवं पटल सहायकों के प्रशिक्षण हेतु जेम कार्यशाला का आयोजन किया गया है।

अटल जी के बहुआयामी व्यक्तित्व से मिलती है प्रेरणा: कुलपति

अवधनामा संवाददाता

विश्वविद्यालय में अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म शताब्दी समापन पर जनपद स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित

जौनपुर। उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर में भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म शताब्दी वर्ष के समापन अवसर पर जनपद स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर स्थित आर्यभट्ट सभागार, रज्जू भइया संस्थान में हुआ।

कक्षा 8 से 12 तक के छात्र-छात्राओं के लिए भारत रत्न श्री अटल जी एवं सुशासन विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई, जबकि स्नातक एवं परास्नातक विद्यार्थियों के लिए सुशासन का महत्व विषय पर भाषण प्रतियोगिता हुई। इसके अतिरिक्त युवाओं के लिए अटल बिहारी वाजपेयी जी के जीवन एवं उनकी कविताओं पर आधारित एकल काव्य पाठ प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। उद्घाटन सत्र में कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि अटल जी का जीवन हमें सिखाता है कि नेतृत्व केवल सत्ता नहीं, बल्कि सेवा, संयम और संकल्प का मार्ग है। उनका बहुआयामी व्यक्तित्व आज भी प्रेरणा स्रोत है। मुख्य वक्ता डॉ. नितेश जायसवाल ने कहा कि अटल जी केवल राजनीतिज्ञ नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति समर्पित एक महान व्यक्तित्व थे, जिनकी दूरदर्शिता और ओजस्वी वाणी ने भारत को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया। निर्णायक मंडल में डॉ. सुशील कुमार, डॉ. आर.एन. यादव, आदर्श वर्मा, डॉ. अवधेश कुमार मौर्य, डॉ. सोमरू राम, डॉ. अजीत कुमार मिश्र, डॉ. सूर्योदय भट्टाचार्य, डॉ. सिकंदर यादव एवं डॉ. उदयभान यादव शामिल रहे। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जानवी सिंह, कक्षा 11 राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज, जौनपुर, द्वितीय स्थान गीत श्रीवास्तव, कक्षा 9 अंजू गिल अकादमी, तृतीय स्थान यशस्वी त्रिपाठी, कक्षा 9, सनराइज इंटरनेशनल स्कूल, जौनपुर स्थान प्राप्त किया।

भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अभिनव कीर्ति पांडेय, विश्वविद्यालय परिसर, द्वितीय स्थान सौम्या सिंह, राजकीय महिला महाविद्यालय शाहगंज, जौनपुर, तृतीय स्थान निकिता यादव, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर ने प्राप्त किया।

अपनी जटिल प्रक्रिया को सरल बनाकर सहयोग करें एडीए

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। एडीए में सिंगल विंडो पोर्टल लागू किए जाने सहित आठ सूत्री मांगों को लेकर प्रोफेशनल इंजीनियर्स एंड आर्किटेक्ट्स एसोसिएशन ने प्रदेश महासचिव ई.राजेश सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को सचिव आजमगढ़ विकास प्राधिकरण से मिलकर पत्रक सौंपा और एडीए की जटिल प्रक्रियाओं को लोकहित में सरल करने व विभागीय समस्याओं के निराकरण की पुरजोर मांग की। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष ई. जगदीश प्रसाद सोनकर ने बताया कि प्रोफेशनल इंजीनियर्स एंड आर्किटेक्ट्स एसोसिएशन लोकहित में कार्य करने को प्रतिबद्ध है लेकिन वर्तमान में एडीए आजमगढ़ के जटिल प्रक्रिया से आमजनता के समक्ष समस्याएं उत्पन्न हो रही है। जिसका निराकरण नहीं किया जा रहा है। इसी को लेकर संगठन एडीए सचिव से मिला और अपनी मांगों से अवगत कराया है उनके द्वारा अभी आश्वासन मिला है लेकिन शीध्र ही गंभीरता नहीं दिखाई गई तो एसोसिएशन कदम उठायेगा।

एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव ई. राजेश सिंह ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत मानचित्र के उपरांत विभाग द्वारा उक्त मकानों पर नोटिस का देना एवं भवन निर्माण कार्य को रूकवाना सामान्य रूप से कार्यवाही न करके अपने मनमाने ढंग से धन उगाही का कार्य न किया जाए, आवासीय भवन मानचित्र में आवासीय क्षेत्र में एकड़ की रिपोर्ट को हटाकर सामान्य रूप से मानचित्र स्वीकृत कराया जाए, विभाग द्वारा प्रस्तुत नया बाइलाज के सम्बन्ध में विभाग द्वारा आमंत्रित कर एसोसिएशन के साथ बैठक किया जाए ताकि समस्याओं से विभाग को अवगत कराया जा सके, एडीए में होने वाली बोर्ड की बैठक में सहभागिता सुनिश्चित हो, भू-प्रयोग के सम्बन्ध में अन्य प्राधिकरणों में जो कार्यशैली है उसे आजमगढ़ प्राधिकरण में सिंगल विंडो पोर्टल द्वारा लागू किया जाए, विभाग द्वारा विभागीय कार्य छोड़कर विभाग के सभी कर्मचारीगण भू-प्रयोग की एनओसी देने के लिए लगे हुए है तथा धनउगाही करते है।

आजमगढ़ महोत्सव 2025 का आयोजन 24 से 28 दिसंबर तक

आजमगढ़। जिला प्रशासन आजमगढ़ द्वारा दिनांक 24 दिसंबर से 28 दिसंबर 2025 तक राजकीय पॉलिटेक्निक मैदान आजमगढ़ में आजमगढ़ महोत्सव 2025 का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत दिनांक 24 दिसंबर से 28 दिसंबर 2025 तक प्रतिदिन अपरान्ह 4:00 बजे से सायं 7:00 बजे तक स्कूली बच्चों के कार्यक्रम तथा स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुति की जाएगी। इसके साथ ही दिनांक 24 दिसंबर 2025 को शाम 7:00 बजे से 9:00 तक अंजुम रहबर व अन्य द्वारा ग़ज़ल संध्या की प्रस्तुति की जाएगी। दिनांक 25 दिसंबर 2025 को शाम 7:00 बजे से 9:00 बजे तक हरिहरपुर घराना के कलाकारों द्वारा भजन संध्या का कार्यक्रम होगा। दिनांक 26 दिसंबर 2025 को शाम 7:00 बजे से 9:00 बजे तक डॉ0 सुनील जोगी, श्री शंभू शिखर, श्री सर्वेश अस्थाना, श्री प्रियांशु गजेंद्र, श्री नीलोत्पल मृणाल, श्री मणिक दुबे, श्री विकास बौखल व अन्य कवियों द्वारा कवि सम्मेलन का कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। 27 दिसम्बर 2025 को शाम 7:00 बजे से 9:00 बजे तक श्री जतिन निगम (इण्डियन आइडल फेम) द्वारा बॉलीवुड नाइट की प्रस्तुति की जाएगी।

राजस्व वादों के निस्तारण की न्यायालयवार समीक्षा की जाय

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। मण्डलायुक्त विवेक ने कर करेत्तर राजस्व वसूली एवं अन्य राजस्व कार्यो की मुख्यमन्त्री डैशबोर्ड पर प्रदर्शित प्रगति के आधार पर समीक्षा करते हुए मण्डल के तीनों जनपद आजमगढ़, बलिया एवं मऊ के जिलाधिकारियों से कहा कि जनपदों के राजस्व न्यायालयों में योजित राजस्व वादों के निस्तारण में शासन द्वारा निर्धारित मानक को अनिवार्य रूप से पूर्ण करायें। उन्होंने यह भी कहा कि जनपदों में राजस्व वादों का अधिक से अधिक निस्तारण सुनिश्चित कराये जाने के दृष्टिगत न्यायालयवार निस्तारण की समीक्षा करें। उन्होंने निर्देश दिया कि तहसीलों में विभिन्न धाराओं के अन्तर्गत योजित राजस्व वादों में तीन वर्ष से अधिक तथा पॉच वर्ष से अधिक अवधि से लम्बित वादों के निस्तारण को प्राथमिकता देते हुए अधिक से अधिक वादों का निस्तारण कराये। मण्डलायुक्त ने कहा कि उ0प्र0 राजस्व संहिता की धारा-116 (कुर्रा बंटवारा) तथा धारा-24 (पैमाइश) के सम्बन्ध में जनपदों से सही रिपोर्ट प्राप्त नहीं हो रही है, जबकि इसके लिए पूर्व में इसके सम्बन्ध में विस्तार से दिशा निर्देश निर्गत किये गये हैं। उन्होंने कहा कि इन दोनों धाराओं का निस्तारण पक्षों की उपस्थिति में मौके पर कराया जाय। मण्डलायुक्त विवेक ने राजस्व से सम्बन्धित अन्य कार्यो की समीक्षा में पाया कि उप्र जल निगम (नगरीय) विभाग द्वारा संचालित अमृत-2 योजना के अन्तर्गत जहॉ मण्डल के अन्तर्गत जनपद बलिया एवं मऊ की वित्तीय लक्ष्य प्राप्ति शत प्रतिशत है, वहीं आजमगढ़ की वित्तीय लक्ष्य प्राप्ति 83.99 प्रतिशत है। उन्होनें इस स्थिति पर नाराजगी व्यक्त किया तथा इसे अधिशासी अभियन्ता, उप्र जल निगम (नगरीय) आजमगढ़ की लापरवाही एवं कार्यो के प्रति उदासीनता मानते हुए उनका वेतन बाधित करने तथा स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया।

बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिये कार्यक्रम जरूरी: प्रो. संजीव कुमार

अवधनामा संवाददाता



प्रतिभा इंटर कॉलेज में वार्षिकोत्सव लक्ष्य एवं पुरातन छात्र सम्मान समारोह का आयोजन

आजमगढ़। प्रतिभा इंटर कॉलेज एतलस पोखरा में वार्षिकोत्सव लक्ष्य एवं पुरातन छात्र सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजीव कुमार तथा विशिष्ट अतिथि कृष्ण मुरारी विश्वकर्मा रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुई। समारोह की अध्यक्षता संस्थान की अध्यक्ष सरस्वती देवी ने की। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने थीम आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, हरियाणवी, राजस्थानी सहित विविध भारतीय संस्कृतियों की झलक पेश कर दर्शकों का मन मोह लिया। अपने संबोधन में कुलपति प्रो. संजीव कुमार ने कहा कि केवल पुस्तकीय ज्ञान ही पर्याप्त नहीं होता, बल्कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास और प्रतिभा निखारने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यालय में इस तरह के आयोजन होने चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के 36 पुरातन छात्रों को भी सम्मानित किया गया, जो आज विभिन्न क्षेत्रों में देशसेवा में योगदान दे रहे हैं। सम्मान पाकर पुरातन छात्र भावुक हो गए और उन्होंने इसे अपने जीवन का सबसे बड़ा सम्मान बताया। विशिष्ट अतिथि कृष्ण मुरारी विश्वकर्मा ने कहा कि बच्चों की प्रस्तुतियों से स्पष्ट है कि उनमें शिक्षा के साथ संस्कार और भारतीय परंपराओं की गहरी समझ विकसित की जा रही है, इसके लिए शिक्षक-शिक्षिकाएं बधाई के पात्र हैं।कार्यक्रम में जिला सहकारी बैंक आजमगढ़ के चेयरमैन लक्ष्मण मौर्य, सर्वोदय ग्रुप ऑफ एजुकेशन के डायरेक्टर राजेन्द्र प्रसाद यादव, जयनाथ मेमोरियल डिग्री कॉलेज के प्रबंधक सुरेन्द्र मौर्य सहित जिले के कई प्रतिष्ठित विद्यालयों व महाविद्यालयों के प्रबंधक उपस्थित रहे। प्रबंधक रमाकांत वर्मा ने सभी अतिथियों को बुके, माला व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ध्रुव चंद मौर्य ने अतिथियों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार जताया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रंगकर्मी सुनील दत्त विश्वकर्मा, कार्यक्रम प्रभारी रुचि श्रीवास्तव, उपप्रधानाचार्या प्रीति श्रीवास्तव सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं की सराहनीय भूमिका रही।

आवश्यकता है

स्नातक (बी.ए.) के प्राचीन इतिहास, भूगोल, गृहविज्ञान तथा परास्नातक (एम.ए.) के हिन्दी, शिक्षाशास्त्र, समाजशास्त्र हेतु यू.जी.सी. /विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित योग्यताधारी प्रवक्ताओं की। यू.जी. हेतु एक-एक प्रवक्ता और पी.जी. हेतु दो दो प्रवक्ता प्रतिविषय।

इच्छुक अभ्यर्थी अर्हता सम्बन्धी अभिलेख एवं पासपोर्ट साइज फोटो सहित अपना आवेदन पत्र विज्ञापन के 15 कार्यदिवस के अन्दर उपलब्ध करायें। साक्षात्कार में बुलाये जाने हेतु किसी प्रकार का भत्ता देय नहीं होगा।

प्रबन्धक
आदर्श पी.जी. कालेज ऑफ
एजूकेशन, सलारपुर,
देवाशरीफ, बाराबंकी।
पिन-225301

उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु सिंगल पैकेट पद्धति से ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 14.01.2026 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुवल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेगें, यदि कोई मैनुवल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा फार्म का मूल्य जमा नहीं करना है तथा निविदाकर्ता को धरोहर राशि का भुगतान केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि द्वारा करेगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपॉजिट रसीद एवं एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

	निविदा सूचना संख्या	01342025 दिनांक 23.12.2025
1	कार्य का नाम	1. वरि. मण्डल अभियन्ता-तृतीय/उ.रे./लख. के अधीन वाराणसी-जफराबाद-अकबरपुर खण्ड में समपार सं. 20-ए., 21-सी., 31-सी. तथा 56-सी. को बन्द करने हेतु अधोगामी पुल का प्रावधान। (दोहरी पैकेट पद्धति) 2. वाराणसी स्टेशन पर दिव्यांग सुविधाओं में बढ़ोत्तरी, प्रतीक्षालय, शौचालय ब्लाक, पानी का कूलर, पानी का बूथ तथा प्लेटफॉर्म शेड के विस्तार इत्यादि के साथ यात्री सुविधा को बढ़ाने का कार्य। (सिंगल पैकेट पद्धति)
2	अनुमानित लागत	1. रु. 19,04,89,912.16 2. रु. 7,28,77,059.13
3	धरोहर राशि	1. रु. 11,02,500.00 2. रु. 5,14,400.00
4	कार्य की समापन अवधि	क्रम सं. 01 तथा 02 के लिए : स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से बारह (12) माह।
5	निविदा डालने का प्रारंभ	क्रम सं. 01 तथा 02 के लिए : 31.12.2025
6	निविदा बंद होने की तिथि एवं समय	क्रम सं. 01 तथा 02 के लिए : 14.01.2026 15:00 बजे
7	वेबसाइट	www.ireps.gov.in

नोट : तकनीकी और वाणिज्यिक प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज की प्रस्तुति एवं उससे सम्बन्धित निविदा उपरान्त किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नहीं किये जायेंगे। निविदादाता के निविदा उपरान्त पत्रों को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा। (प्रधान कार्यालय उ.रे. नयी दिल्ली का पत्र सं. 74-W/O/Pt.XXV/WA/Loose दिनॉंक 07.04.2015)

3971/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए ई– निविदा आमंत्रित करते हैं।

1	कार्य का नाम	कन्वर्शन ऑफ हाइब्रिड कोचेस इनटू ऑटोमोबाइल करिएर कम ब्रेक वैन एस०एन०एम०जी०एच०एस०आर०।
2	कार्यस्थल	सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ
3	अनुमानित लागत	रु० 4,82,14,672.50 मात्र।
4	निविदा प्रपत्र का मूल्य	शून्य।
5	बिड सिक्युरिटी	रु० 3,91,100/– मात्र।
6	कार्य पूर्ण करने की अवधि	01 वर्ष।
7	निविदा जमा करने की तिथि एवं समय	दिनॉंक– 12.01.2026 समय 15:00 बजे तक।
8	प्रमाणपत्र	फर्म के सभी Members द्वारा ANNEXURE-A (यदि Company/ Proprietorship फर्म है) के साथ Annexure-A(a) (यदि Partnership/ HUF/JV/LLP फर्म है) के अनुरूप प्रमाणपत्र अवश्य अपलोड किया जाना चाहिए।
9	खुलने का समय	निविदा फार्म जमा होने के पश्चात निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा। निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है।
10	कार्यालय जहां से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है।	निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तों सहित वेबसाइट– www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।
11	वेबसाइट विवरण जहां निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता है।	

सं. 2025–ए.एम.वी.–सी एंड डब्लू ईनिविदा–71 दिनांक: 20.12.2025

3963/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

शुद्धिपत्र

निविदा सं. 56256233 जो कि एकल स्वामित्व वस्तु प्रमाणपत्र (PAC) पर आधारित निविदा है जिसे दिनांक 10.01.2026 को खुलने की तिथि के साथ दिनांक 20.12.2025 के दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किया जा चुका है।

निविदा सं.	संक्षिप्त विवरण:
56256233	1. यह एक एकल स्वामित्व वस्तु प्रमाणपत्र निविदा है। 2. निविदा खुलने की तिथि दिनांक 10.01.2026 से 26.12.2025 कर दी गई है।

पत्र सं.: स्था०क्रय/एन०एस०/चारबाग/56256233 दिनांक 22.12.2025

3960/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

एशियाई बाजारों में मजबूती, निवेशकों की नजर अमेरिका के आंकड़ों और फेड के रुख पर

मुंबई। एशियाई शेयर बाजारों में मंगलवार को ज्यादातर मजबूती देखने को मिली, जिसका असर वॉल स्ट्रीट में आई पिछली बढ़त से पड़ा। क्रिसमस से पहले अमेरिकी बाजारों में सीमित कारोबार रहने वाला है, ऐसे में निवेशकों की नजर जीडीपी, बेरोजगारी भत्ते और उपभोक्ता विश्वास जैसे अहम अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों पर बनी हुई है।

हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन यानी मंगलवार को एशियाई शेयर बाजार अधिकतर ऊंचे स्तर पर रहे, क्योंकि वॉल स्ट्रीट के बेंचमार्क बाजार अपेक्षाकृत शांत रहने वाले अवकाश सप्ताह की शुरुआत में बढ़े। वहीं तेल की कीमतों और अमेरिकी वायदा कीमतों में गिरावट आई।

टोक्यो का निक्केई 225 0.1 प्रतिशत गिरकर 50,359.78 पर आ गया, और डॉलर जापानी येन के मुकाबले गिर गया, क्योंकि टोक्यो के अधिकारियों ने चेतावनी दी थी कि अगर येन में तेजी से कमजोरी आई तो वे हस्तक्षेप करेंगे। हांगकांग का

अधिकतर

हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन यानी मंगलवार को एशियाई शेयर बाजार अधिकतर ऊंचे स्तर पर रहे,

हैंग सेंग शुरुआती बढ़त गंवाकर 0.1 प्रतिशत गिरकर 25,762.64 पर आ गया। वहीं शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.1 प्रतिशत बढ़कर 3,920.16 पर पहुंच गया। दक्षिण कोरिया का कोस्पी सूचकांक 0.3 प्रतिशत बढ़कर 4,117.15 पर पहुंच गया, जबकि ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी/एएसएक्स 200 सूचकांक 1.1 प्रतिशत बढ़कर 8,795.70 पर पहुंच गया। ताइवान में सेंसेक्स में 0.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि भारत का सेंसेक्स लगभग अपरिवर्तित रहा।

क्रिसमस की पूर्व संध्या पर बुधवार को अमेरिकी बाजार जल्दी बंद हो जाएंगे और क्रिसमस के उपलक्ष्य में गुरुवार को भी बाजार बंद रहेंगे। कारोबार के लिए कम समय वाले इस सप्ताह में कई आर्थिक रिपोर्टें जारी की जाएंगी जिनसे अमेरिकी अर्थव्यवस्था की स्थिति और दिशा के बारे में अधिक जानकारी मिल सकती है।

ट्रंप प्रशासन सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के तीन अनुमानों में से पहला अनुमान जारी करेगी, जो तीसरी तिमाही में व्यापक अमेरिकी अर्थव्यवस्था के प्रदर्शन को दर्शाता है। बुधवार को श्रम विभाग बेरोजगारी भत्ते के लिए आवेदनों पर अपना साप्ताहिक डेटा जारी करेगा, जो अमेरिकी छंटनी का एक संकेतक है। कॉन्फ्रेंस बोर्ड मंगलवार को अपने दिसंबर के उपभोक्ता विश्वास सर्वेक्षण के परिणाम भी जारी करेगा।

सोमवार को एसएंडपी 500 में 0.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 6,878.49 पर पहुंच गया। डाउ जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज में 0.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 48,362.68 पर पहुंच गया, जबकि नैस्डैक कंपोजिट में भी 0.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 23,428.83 पर पहुंच गया। छोटी कंपनियों के शेयरों ने विशेष रूप से अच्छा प्रदर्शन किया। रसेल 2000 सूचकांक ने अन्य प्रमुख सूचकांकों को पीछे छोड़ते हुए 1.2 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की।

दिसंबर के उतार-चढ़ाव भरे महीने के अंत में, प्रमुख सूचकांकों को भी लाभ हुआ और वे महीने के अंत तक बढ़त के दायरे में आ गए। प्रौद्योगिकी कंपनियां, विशेष रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर केंद्रित कंपनियां, बाजार के उतार-चढ़ाव की मुख्य वजह रही हैं।

एआई से संबंधित शेयरों की दिशा से ही यह तय होगा कि दिसंबर का अंत लाभ के साथ होगा या हानि के साथ।

टाटा ईवी ने 250,000 ईवी बिक्री का आंकड़ा पार किया

मुंबई। टाटा मोटर्स ने आज भारत की इलेक्ट्रिक मोबिलिटी यात्रा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर ली है। सड़क पर 250,000 से अधिक टाटा ईवी वाहनों की मौजूदगी के साथ कंपनी ने भारत के बढ़ते इलेक्ट्रिक पैसेंजर वाहन सेगमेंट में अग्रणी और मार्केट लीडर के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।यह उपलब्धि ऐसे समय में आई है जब इलेक्ट्रिक मोबिलिटी भारतीय ऑटोमोटिव बाजार के हाशिए से निकलकर मेनस्ट्रीम की ओर मजबूती से बढ़ रही है–एक ऐसा डेवलपमेंट है जिसे आकार देने में टाटा मोटर्स ने केंद्रीय भूमिका निभाई है। 2020 में अपनी पहली मुख्यधारा की इलेक्ट्रिक कार नेक्सन ईवी के लॉन्च के बाद से, टाटा ईवी ने लगातार बाजार का नेतृत्व किया है। Nexon.ev इस परिवर्तन का मुख्य आधार रही है और 100,000 की संचयी बिक्री का आंकड़ा पार करने वाली भारत की पहली इलेक्ट्रिक कार बन गई है।आज, भारत में बेचे जाने वाले कुल इलेक्ट्रिक पैसेंजर वाहनों में टाटा मोटर्स की हिस्सेदारी लगभग दो-तिहाई (66%) है, जो इसके विजन, नेतृत्व और टिकाऊ राष्ट्र-निर्माण के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

पर्सनल मोबिलिटी के लिए भारत के सबसे बड़े ईवी पोर्टफोलियो टियागो. ईवी, पंच.ईवी, नेक्सन.ईवी, कव.ईवी और हैरियर ईवी के साथ-साथ फ्लीट सेगमेंट के लिए एक्सप्रेस-टी ईवी के माध्यम से कंपनी यह सुनिश्चित कर रही है कि इलेक्ट्रिक मोबिलिटी हर बजट और बॉडी स्टाइल के ग्राहकों के लिए सुलभ हो।इन उपलब्धियों पर खुशी जताते हुए टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड के एमडी और सीईओ शैलेश चंद्रा ने कहा, 250,000 ईवी बिक्री का आंकड़ा पार करना यह दर्शाता है कि कैसे इलेक्ट्रिक मोबिलिटी तेजी से भारतीय जीवन का हिस्सा बन रही है। हमारे ग्राहक अब अधिक गाड़ी चला रहे हैं, लंबी यात्राएं कर रहे हैं, और तेजी से ईवी को अपनी एकमात्र कार के रूप में भरोसा कर रहे हैं। हमारी ईवी यात्रा जो 2018 में शुरू हुई थी, वह कभी भी केवल अकेले नेतृत्व करने के बारे में नहीं थी, बल्कि भारत को क्लीन मोबिलिटी की ओर ले जाने वाले इकोसिस्टम के निर्माण के बारे में थी। यह प्रगति सरकार की दूरदर्शी नीतियों, हमारे सप्लाय पार्टनर्स और चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोवाइडर्स के निरंतर समर्थन और सबसे बढ़कर टाटा ईवी ग्राहकों के विश्वास का परिणाम है। टाटा ईवी के नेटवर्क में पहले से ही होम चार्जिंग, कम्युनिटी चार्जिंग और पार्टनर CPOs के माध्यम से 2 लाख से अधिक चार्जिंग पॉइंट हैं। टाटा ईवी का चार्जिंग एग्रीगेटर 20,000 से अधिक नामांकित चार्जिंग पॉइंट्स के साथ पब्लिक चार्जर का सबसे व्यापक कवरेज प्रदान करता है। कंपनी के पास सुपरफास्ट चार्जर्स का सबसे बड़ा नेटवर्क भी है, जिसमें देश के प्रमुख कॉरिडोर में 100 मेगा चार्जिंग हब्स पहले से ही काम कर रहे हैं, जो 120kW+ की चार्जिंग गति प्रदान करते हैं टाटा ईवी के पास देश भर में ईवी सर्विस आउटलेट्स का सबसे बड़ा नेटवर्क है, जिसमें विशेष रूप से इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए लगभग 1,500 बे समर्पित हैं।

उतार-चढ़ाव के बाद सपाट बंद हुआ शेयर

नई दिल्ली। भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को सपाट बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 42.64 अंक गिरकर 85,524.84 अंक पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 4.75 अंक की बढ़त के साथ 26,177.15 पर बंद हुआ। आईटी और फार्मा शेयरों में मुनाफावसूली और मिले-जुले वैश्विक संकेतों के चलते मंगलवार को अस्थिर कारोबार में बेंचमार्क शेयर सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 42 अंक फिसल गया। दो दिन की लगातार बढ़त के बाद, 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 42.64 अंक या 0.05 प्रतिशत गिरकर 85,524.84 पर बंद हुआ। दिन भर सूचकांक एक सीमित दायरे में रहा और उच्चतम स्तर 85,704.93 और न्यूनतम स्तर 85,342.99 को छुआ। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी मामूली रूप से 4.75 अंक या 0.02 प्रतिशत बढ़कर 26,177.15 पर बंद हुआ।

सोना-चांदी ने तोड़े सारे रिकॉर्ड

मुंबई। वैश्विक अनिश्चितताओं और फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों के बीच सोना और चांदी नए हाई पर पहुंच गए हैं। मंगलवार को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कीमती धातुओं ने अब तक के सारे रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए। अमेरिका और वेनेजुएला के बीच बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और अगले साल अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ब्याज दरों में कटौती की मजबूत संभावनाओं ने निवेशकों को सुरक्षित निवेश पर दांव लगाने के लिए मजबूर कर दिया है। इससे सर्राफा बाजार में ऐतिहासिक तेजी है।

घरेलू वायदा बाजार यानी मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर मंगलवार को सोने की चमक और बढ़ गई। फरवरी डिलीवरी वाला सोना 1,637 रुपये या 1.2 प्रतिशत की जोरदार बढ़त के साथ 1,38,381 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। यह लगातार दूसरा सत्र है जब पीली धातु ने बढ़त दर्ज की है।

इस दौरान, चांदी की चमक भी कम नहीं रही। एमसीएक्स पर मार्च 2026 के अनुबंध वाली चांदी ने लगातार तीसरे दिन अपनी बढ़त कायम रखी। चांदी की कीमतों में 3,724 रुपये या 1.75 प्रतिशत का उछाल आया और यह 2,16,596 रुपये प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड स्तर को छू गई।

विदेशी बाजारों में भी तेजी का यही रुख देखने को मिला। कॉमेक्स पर फरवरी डिलीवरी वाला सोना 61.4 डॉलर या 1.37 प्रतिशत चढ़कर 4,530.8 डॉलर प्रति औंस के नए शिखर पर पहुंच गया। वहीं, चांदी ने भी एक बड़ा मनोवैज्ञानिक स्तर पार किया। कॉमेक्स पर चांदी ने पहली बार 70 डॉलर का आंकड़ा पार करते हुए 1.59 डॉलर (2.32%) की बढ़त के साथ 70.15 डॉलर प्रति औंस का नया रिकॉर्ड बनाया।

वैल्यू-ई-कॉमर्स मॉडल पेश करते हुए, डीलशेयर का लखनऊ में रीलॉन्च

लखनऊ। भारत का स्वदेशी वैल्यू ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म डीलशेयर अब अपने नए रूप डीलशेयर 2.0 के साथ फिर से लौट आया है। कंपनी ने कोलकाता, जयपुर और गाजियाबाद सहित कई शहरों में विस्तार के तहत इस मॉडल का रीलॉन्च लखनऊ में किया। इस नए मॉडल के साथ डीलशेयर अब पूरी तरह कस्टमर-फर्स्ट और सेविंग्स-बेस्ड प्लेटफॉर्म की तरह काम करेगा। यह विशेष रूप से मध्यम आय वर्ग के उन परिवारों के लिए है, जो सही दाम, बेहतर क्वालिटी और भरोसे को सबसे ज्यादा महत्व देते हैं। लखनऊ डीलशेयर के लिए हमेशा से ही एक मजबूत और सर्वाधिक प्रतिक्रिया देने वाला बाज़ार रहा है। ऐसे में, यहाँ रीलॉन्च के बाद ऑर्डर्स में 75% की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। लगभग 65त्न कारोबार रिपीट कस्टमर्स से आ रहा है, जो यह दर्शाता है कि शहर के लोग वैल्यू-फर्स्ट और सेविंग्स-ओरिएंटेड खरीदारी को कितना पसंद करते हैं। इस रीलॉन्च के साथ डीलशेयर का लक्ष्य शहर में अपनी उपस्थिति को और मजबूत करना है, ताकि हर महीने लाखों ग्राहकों को और भी किफायती, आसान और भरोसेमंद खरीदारी का अनुभव मिल सके।

डीलशेयर ने यह रीलॉन्च असल में भारत की बदलती ई-कॉमर्स जरूरतों को समझने के बाद किया है। क्विक कॉमर्स और प्रीमियम ग्रॉसरी प्लेटफॉर्म्स भले ही सुविधा दे रहे हैं, लेकिन इनकी वजह से बचत अक्सर कम हो जाती है। वहीं, देश के करोड़ों परिवार ऐसे हैं, जो हर खरीदारी सोच-समझकर करते हैं, दाम देखते हैं, तुलना करते हैं और अपने बजट में रहकर खरीदारी करना ही उनकी प्राथमिकता होती है। इसलिए उनके लिए सही वैल्यू सबसे जरूरी है। डीलशेयर का यह नया बदलाव उसी अधूरी जरूरत को पूरा करने की कोशिश है। यह भारत के उन घरों के लिए है, जो बचत पर चलते हैं।

एचडीएफसी बैंक ने सीएसआर रिपोर्ट का पहला संस्करण किया जारी

शुरुआत से अब तक 10.56 करोड़ लोगों के जीवन पर असर

मुंबई। भारत के सबसे बड़े प्राइवेट सेक्टर बैंक, एचडीएफसी बैंक ने आज अपनी पहली स्टैंडअलोन सालाना सीएसआर रिपोर्ट जारी करने की घोषणा की, जिसमें बैंक के अंब्रेला प्रोग्राम, परिवर्तन के ज़रिए सामाजिक प्रभाव की एक दशक लंबे सफर को दिखाया गया है।

बैंक ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में अपने कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) पहलों पर 1,068.03 करोड़ रुपए खर्च करने की रिपोर्ट पेश की है, जो पिछले साल की तुलना में लगभग 123 करोड़ रुपए ज़्यादा है। बैंक ने सीएसआर कार्यक्रमों में कुल मिलाकर, 31 मार्च, 2025 तक, 6,176 करोड़ रुपए का निवेश किया है।

पिछले वित्तीय वर्ष में परिवर्तन के 10 साल भी पूरे हुए, जिसके तहत एचडीएफसी बैंक ने 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों में 10.56 करोड़ लोगों के जीवन को छुआ है। भारत सरकार द्वारा पहचाने गए 112 एस्पिरेशनल जिलों में से 102 में प्रोजेक्ट लागू किए गए हैं। बैंक ने अपनी ग्रामीण विकास पहलों के तहत 298 सीमावर्ती गांवों को भी कवर किया है।

परिवर्तन के रणनीतिक स्तंभ/मुख्य फोकस क्षेत्र -

सीएसआर वार्षिक रिपोर्ट बैंक के छह मुख्य फोकस क्षेत्रों में किए गए काम के बारे में बताती है-

ग्रामीण विकासः इस स्तंभ के माध्यम से, बैंक कृषि उत्पादकता बढ़ाता है, ग्रामीण बुनियादी ढांचा बनाता है, और स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता तक पहुंच में सुधार करता है। यह अब तक 14.92 लाख से ज़्यादा घरों तक पहुंच चुका है।

शिक्षा को बढ़ावाः यह स्तंभ छात्रवृत्ति, बुनियादी ढांचे और डिजिटल लर्निंग के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को मज़बूत करता है। बैंक ने 29,000 से ज़्यादा छात्रवृत्तियां दी हैं, 2,600 से ज़्यादा स्मार्ट स्कूल स्थापित किए हैं, और 930 सामुदायिक पुस्तकालय बनाए हैं।

कौशल प्रशिक्षण और आजीविका में वृद्धिः बैंक युवाओं, महिलाओं और व्यक्तियों को व्यावसायिक प्रशिक्षण और उद्यमिता सहायता प्रदान करता है, जिससे अब तक 7.2 लाख व्यक्तियों को स्थायी आजीविका सुरक्षित करने में मदद मिली है।

स्वास्थ्य सेवा और स्वच्छताः यह स्तंभ निवारक देखभाल, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य और स्वच्छता जागरूकता तक पहुंच का विस्तार करता है। 3 लाख से ज़्यादा व्यक्तियों को मोबाइल क्लीनिक, कैंसर उपचार सहायता और मातृ देखभाल पहलों से लाभ हुआ।

वित्तीय साक्षरता और समावेशनः इस स्तंभ के तहत, बैंक व्यक्तियों को वित्तीय जागरूकता के साथ सशक्त बनाता है, बचत को बढ़ावा देता है, और बैंकिंग और बीमा सेवाओं तक पहुंच प्रदान करता है। डिजिटल धोखाधड़ी जागरूकता पर बैंक के प्रमुख विजिल आंटी अभियान के 21 लाख से ज़्यादा फॉलोअर्स ऑनलाइन हैं।

प्राकृतिक संसाधन प्रबंधनः सबसे नया स्तंभ जल संरक्षण, वनीकरण और जैव विविधता संरक्षण में स्थायी प्रथाओं को बढ़ावा देता है, जिससे दीर्घकालिक पर्यावरणीय प्रबंधन को बढ़ावा मिलता है। बैंक ने अब तक 14,520 जल संरक्षण संरचनाएं बनाई हैं और 69,000 से ज़्यादा सौर लाइटें लगाई हैं। संयुक्त राष्ट्र के 17 सस्टेनेबल डेवलपमेंट लक्ष्यों में से 10 के साथ जुड़े हुए, ये छह पिलर समावेशी और टिकाऊ विकास के लिए एचडीएफसी बैंक के इंटीग्रेटेड अप्रोच को दिखाते हैं।

एचडीएफसी बैंक के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर श्री कैजाद भरूचा ने कहा, एचडीएफसी बैंक में, हमारा मानना है कि सार्थक बदलाव सुनने, सीखने और समुदायों के साथ पार्टनरशिप में काम करने से आता है। परिवर्तन लोगों और संस्थानों को उनकी क्षमता को अनलॉक करने और बेहतर भविष्य बनाने में मदद करने में एक छोटी भूमिका निभाने के हमारे लगातार प्रयास को दिखाता है।

चद्दर्स ने अपनी पहली दो ओरिजिनल एनिमेटेड सीरीज़ और हैमलीज़ वंडरलैंड के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की

नई दिल्ली। KidZ ने आज अपनी पहली दो ओरिजिनल एनिमेटेड सीरीज़ छोटे तारा का बड़ा गदर और FAB 5 को लॉन्च करके बच्चों के मनोरंजन के क्षेत्र में एक बड़े विस्तार की घोषणा की। ये नई सीरीज़ भारतीय कहानियों, कल्पनाशीलता और मूल्यों को आधुनिक अंदाज़ में बच्चों और परिवारों के लिए पेश करेंगी। तारा का बड़ा गदर का प्रीमियर 24 दिसंबर को चद्दर्स पर किया जाएगा, जबकि FAB 5 जल्द ही प्लेटफॉर्म पर रिलीज़ की जाएगी। बच्चों के कंटेंट सेगमेंट में कदम रखते हुए, ZEE5 का उद्देश्य भारतीय कहानियों की एक रंगीन और रचनात्मक दुनिया बनाना है, जो बच्चों की कल्पना को बढ़ावा दे और सार्थक, भारतीय संस्कृति से जुड़ा मनोरंजन दे। यह नया कंटेंट छोटा भीम जैसी लोकप्रिय सीरीज़ और चुनिंदा अंतरराष्ट्रीय IP के साथ उपलब्ध होगा, जिससे युवा दर्शकों के लिए एक संपूर्ण और प्रीमियम कंटेंट अनुभव मिलेगा।

KidZ वह मंच है जहाँ सुरक्षा और मनोरंजन एक साथ मिलते हैं। यहाँ ऐसा कंटेंट पेश किया जाता है जिस पर माता-पिता भरोसा करते हैं और जिसे बच्चे दिल से पसंद करते हैं। सकारात्मक, उम्र के अनुसार और माता-पिता द्वारा स्वीकृत शो के साथ यह प्लेटफॉर्म बच्चों को खुशी और आज़ादी के साथ देखने का अनुभव देता है, वहीं माता-पिता को निश्चिंत होकर अपने लिए थोड़ा समय निकालने का मौका भी देता है।

'छोटे तारा का बड़ा गदर' बच्चों को हिम्मतपुर नाम के एक गाँव में ले जाता है, जहाँ लोककथाएँ, रहस्यमयी जीवों और अप्रत्याशित खलनायकों का सामना रोज़मर्रा की ज़िंदगी से होता है। कहानी के केंद्र में है छोटा तारा, एक निडर दस साल का बच्चा, जिसकी हिम्मत इस रोमांचक दुनिया की पहचान है। यह दुनिया ज़बरदस्त एक्शन, छिपे हुए रहस्यों और प्राचीन भारतीय कथाओं से जुड़े एक रहस्यमय भूमिगत संसार से भरी हुई है।

पुरुष एवं महिला टूर्नामेंट्स के लिए आईसीसी की प्रीमियर पार्टनर बनी ह्यूंडई मोटर

अहमदाबाद/सियोल। ह्यूंडई मोटर कंपनी ने आज अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) के साथ 2026 से 2027 तक होने वाले इसके प्रतिष्ठित टूर्नामेंट्स से प्रीमियम पार्टनर के रूप में जुड़ने के लिए हाथ मिलाया है।

प्रीमियम पार्टनर के रूप में ह्यूंडई मोटर ने आईसीसी के आगामी इंटरनेशनल क्रिकेट कैलेंडर के लिए एक्सक्लूसिव राइट्स ले लिए हैं। इन आयोजनों में 2027 में होने वाला मेन्स क्रिकेट वर्ल्ड कप भी शामिल है। इनमें सिक्का उछालने (कॉइन टॉस) जैसे प्रमुख मैच-डे मूमेंट्स में हिस्सा लेने, स्टेडियम में प्रमुख जगहों पर ब्रांडिंग करने और प्रशंसकों को खास अनुभव देने जैसे राइट्स शामिल हैं।

यह साझेदारी खेल के प्रति साझा जुनून के माध्यम से अलग-अलग वैश्विक दर्शकों के साथ गहरे संबंध बनाने की ह्यूंडई मोटर की प्रतिबद्धता को दिखाती है। यह साझेदारी भारत जैसे अहम बाजारों में ब्रांड की मौजूदगी को भी मजबूत करती है, जहां क्रिकेट किसी सांस्कृतिक उत्सव जैसा है।

ह्यूंडई मोटर कंपनी के प्रेसिडेंट एवं सीईओ जोस मुनोज ने कहा, 'क्रिकेट और ह्यूंडई दोनों में लगातार बेहतर बनने की जबरदस्त चाहत और हर चुनौती का सामना करने का हौसला है। हमें आईसीसी के साथ साझेदारी करके और दुनियाभर में दो अरब से ज्यादा उत्साही प्रशंसकों से जुड़कर बहुत खुशी हो रही है। भारत जैसे प्रमुख बाजारों में, जहां क्रिकेट जिंदगी का हिस्सा है, यह साझेदारी हमें हर कदम पर प्रेरित करने वाले हमारे ग्राहकों एवं समुदायों के साथ हमारे रिश्ते को और मजबूत करेगी। हम साथ मिलकर इन शानदार टूर्नामेंट्स में यादगार अनुभव देने के लिए उत्सुक हैं।'

आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने कहा, 'क्रिकेट दुनिया के सबसे लोकप्रिय खेलों में से एक है, जिसके दो अरब से ज्यादा प्रशंसक हैं, जिनका जुनून खासकर आईसीसी के बड़े इवेंट्स के दौरान स्पष्ट रूप से दिखता है। ये ग्लोबल इवेंट्स इनोवेटिव डिजिटल और स्टेडियम के अंदर इंटीग्रेशन के जरिये प्रशंसकों को जोड़ने का एक शानदार मौका देते हैं। हम ह्यूंडई का प्रीमियर पार्टनर के तौर पर स्वागत करते हैं और साथ मिलकर शानदार आयोजनों के लिए उत्सुक हैं। ह्यूंडई एक ग्लोबल ब्रांड है, जिसने लंबे समय से खेलों को अपना समर्थन दिया है और हम इन आयोजनों में अपनी साझा ताकतों का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करने के लिए उत्सुक हैं।'

यह साझेदारी क्यों महत्वपूर्ण है?

यह साझेदारी क्रिकेट की दुनिया में ह्यूंडई मोटर की स्थिति को और ऊपर ले जाने वाली है। यह 2011 से 2015 तक आईसीसी के साथ सहयोग के बाद इस खेल में कंपनी की वापसी का प्रतीक है।

आईसीसी के मैचों में आने वाले प्रशंसक सीधे तौर पर इंटरैक्टिव फैन जोन, गाड़ियों के शोकेस और डिजिटल फैन एंगेजमेंट पहलों के जरिये ह्यूंडई मोटर के इनोवेटिव तरीके का अनुभव करेंगे, जिससे उनका आनंद बढ़ेगा।

ऑफ़ बड़ौदा ने साइबर धोखाधड़ी जागरूकता पहल और एडवाइजरी के माध्यम से ग्राहक सुरक्षा को किया सुदृढ़

लखनऊ। डिजिटल बैंकिंग और ऑनलाइन लेन-देन के तेजी से विस्तार के साथ, वित्तीय इको-सिस्टम में ग्राहकों की धनराशियों की सुरक्षा के क्षेत्रों में साइबर धोखाधड़ी एक प्रमुख चुनौती के रूप में उभरी है। ग्राहक शिक्षा और सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए, बैंक ऑफ़ बड़ौदा ग्राहकों को धोखाधड़ी की घटनाओं की त्वरित पहचान और स्वयं को सुरक्षित रखने में मदद करने की दिशा में प्रयासरत है। बैंक के आउटरीच का एक मुख्य हिस्सा उसका लोकप्रिय पहचानकॉन साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान है, जो सूचना आधारित और दिलचस्प वीडियो का इस्तेमाल करते हुए इस बात पर बल देता है कि अपनी गोपनीय वित्तीय जानकारी की सुरक्षा करने और एक सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग अनुभव सुनिश्चित करने के लिए सतर्क रहना, सावधान रहना और किसी फ्रॉड या धोखेबाज़ को पहचानना अत्यंत महत्वपूर्ण है। ये वीडियो असल ज़िंदगी की अलग-अलग तरह की घटनाओं को दिखाते हैं ताकि यह संदेश दिया जा सके कि धोखेबाज़ लोग लोगों को धोखा देने के लिए कई तरह के नए-नए तरीकों का इस्तेमाल करते हैं। इसके अलावा, बैंक ऑफ़ बड़ौदा का स्टे वाइज, एक्ट वाइज डिजिटल जागरूकता अभियान ग्राहकों को साइबर धोखाधड़ी के खिलाफ सतर्क रहने के लिए प्रोत्साहित करता है। अभियान के तहत नियमित एडवाइजरी और सुरक्षित बैंकिंग उपायों के माध्यम से, ग्राहकों को जानकार बनने, सावधानी से बैंकिंग करने और साइबर धोखाधड़ी के खिलाफ निवारक कार्रवाई करने के अधिकार के बारे में जागरूक किया जाता है। इन प्रयासों के हिस्से के रूप में, बैंक ऑफ़ बड़ौदा ग्राहकों को बढ़ते साइबर खतरों के बारे में सचेत करने के लिए सार्वजनिक एडवाइजरी जारी करता रहा है। बैंक ने ग्राहकों को ऐसे फर्जी और भ्रामक विज्ञापनों जहां धोखाधड़ी वाले प्रस्तावों के साथ ग्राहकों को लुभाने के लिए बैंक के नाम, लोगो और वरिष्ठ अधिकारियों की फोटो का दुरुपयोग करते हैं, के बारे में आगाह करने के लिए एक सार्वजनिक नोटिस भी जारी किया है। बैंक ने दोहराया है कि बैंक ग्राहकों के व्यक्तिगत विवरण, कार्ड की जानकारी, ओटीपी या लॉगिन क्रेडेंशियल नहीं मांगता है। साथ ही, ग्राहकों को सुझाव दिया गया है कि वे संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें, अज्ञात ऐप डाउनलोड न करें, या कोई संवेदनशील जानकारी साझा न करें और प्रामाणिक जानकारी के लिए केवल बैंक ऑफ़ बड़ौदा की आधिकारिक वेबसाइट, अधिकृत संप्रेषण चैनलों, शाखाओं या संपर्क केंद्र पर भरोसा करें।



एआई+ ने पेश किए नोवापॉड्स, अब दिल की धड़कन ट्रैक होगी आपके कानों से



लखनऊ। एआई+ ने आज अपने पहले ऑडियो प्रोडक्ट नोवापॉड्स की घोषणा की। इसके साथ ही ब्रांड के कनेक्टेड डिवाइस इकोसिस्टम में एक नया वियरेबल ऑडियो लेयर जुड़ गया है। 2026 के पहले क्वॉर्टर में लॉन्च होने वाले नोवापॉड्स की शुरुआती कीमत 1,000 से कम होगी। नोवापॉड्स को पूरे दिन पहनने योग्य बनाया गया है, जिसमें भरोसेमंद ऑडियो के साथ आरामदायक फिट, सादा व आकर्षक डिजाइन और हेल्थ-फोकस्ड फीचर्स का बेहतरीन संयोजन है। नोवापॉड्स सीरीज़ में शामिल हैं एआई+ नोवापॉड्स गो, एयर, प्रो, बीट्स और क्लिप्स। नोवापॉड्स गो~ हल्के और पोर्टेबल ईयरबड्स हैं जो ऑन-द-गो यूज़र्स के लिए सुविधाजनक है। नोवापॉड्स एयर~ स्टाइल से समझौता किए बिना आराम और दमदार ऑडियो अनुभव का संतुलन है। नोवापॉड्स प्रो~ बेहतर साउंड क्लैरिटी और एक्टिव नॉइज़ कैंसलेशन के साथ इमर्सिव ऑडियो अनुभव है। नोवापॉड्स बीट्स~ पावरफुल बेस के साथ हार्ट रेट ट्रैकिंग और SpO2 मॉनिटरिंग, खास तौर पर एक्टिव और वेलनेस-फोकस्ड यूज़र्स के लिए है। नोवापॉड्स क्लिप्सः जहां हेल्थ, फैशन और इमर्सिव लिसनिंग मिलते हैं, साथ ही आसपास के माहौल की बेहतर जागरूकता भी मिलती है।

नोवापॉड्स सीरीज़ के सभी मॉडल्स एआई+ स्मार्टफोन लाइन-अप की तरह ही युवा और आकर्षक रंगों में उपलब्ध होंगे। इस मौके पर एआई+ स्मार्टफोन के सीईओ और नेक्स्ट क्वांटम शिफ्ट टेक्नोलॉजीस के फाउंडर, माधव शेठ ने कहा, नोवापॉड्स हमारे उस सफर का अहम पड़ाव है, जिसमें हम तकनीक को रोज़मर्रा की जिंदगी का सहज हिस्सा बना रहे हैं।

कानपुर में रीजेंसी हेल्थ ने स्ट्रोक के लक्षणों को जितना जल्दी हो सके उतनी जल्दी पहचानने की अपील की ताकि पीड़ित की जान बचाई जा सके

कानपुर। पिछले कुछ समय में स्ट्रोक से मौत के आंकड़े बढ़े हैं। इसका कारण लोगों में इस बीमारी के प्रति जागरूकता की कमी है। इसीलिए कानपुर स्थित रीजेंसी हेल्थ लोगों के बीच स्ट्रोक के लक्षणों के बारे में जागरूकता फैलाने की पहल की है क्योंकि स्ट्रोक एक ऐसी मेडिकल इमरजेंसी होती है, जिसमें थोड़ी भी देरी जानलेवा हो सकती है। स्ट्रोक की वजह से हर साल बहुत से लोगों की जान जाती है। इसके अलावा स्ट्रोक से हज़ारों लोग ज़िंदगी भर के लिए विकलांग भी हो जाते है। यही कारण है रीजेंसी हॉस्पिटल के डॉक्टर इस बात पर ज़ोर दे रहे हैं कि स्ट्रोक के लक्षणों को जितना जल्दी हो सके उतना जल्दी पहचान कर इलाज़ शुरू किया जाए। वैसे तो स्ट्रोक अचानक होता है, लेकिन खतरा इसके होने के कुछ ही सेकंड में ही बढ़ जाता है। स्ट्रोक में खतरा इसलिए ज्यादा होता है क्योंकि इसमें मस्तिष्क को ऑक्सीजन नहीं मिल पाता है। जब मस्तिष्क में खून की नस ब्लॉक (इस्केमिक स्ट्रोक) हो जाती है या फट (हेमोरेजिक स्ट्रोक) जाती है, तो खून



का बहाव रुक जाता है और मस्तिष्क की कोशिकाएं लगभग तुरंत मरने लगती हैं इसलिए स्थिति जानलेवा हो जाती है। समय पर इलाज न होने पर लकवा, बोलने में दिक्कत, सोचने-समझने में परेशानी या मौत भी हो सकती है। इस बारे में आगाह करते हुए रीजेंसी हेल्थ कानपुर के न्यूरोलॉजी कंसल्टेंट डॉ. सुमित कुमार ने कहा, स्ट्रोक अक्सर हल्के, आसानी से नज़रअंदाज़ किए जा सकने वाले लक्षणों से शुरू होता है, लेकिन अगर इन लक्षणों पर ध्यान दिया जाए तो यह मस्तिष्क में होने वाली हानि को रोक सकते है। अगर किसी को अचानक बोलने में दिक्कत होने लगे, चेहरे के किसी तरफ लटकने की समस्या हो, या बाहों या पैरों में कमजोरी महसूस हो तो ऐसे में हर एक मिनट बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है। ख्रस्ज्ञ काम करने से बचने की सम्भावना बढ़ जाती है और लंबे समय के लिए विकलांगता होने की दर कम हो जाती है। एक्सपर्ट्स के अनुसार, स्ट्रोक अक्सर जानलेवा इसलिए नहीं होते कि वे अचानक होते हैं, बल्कि इसलिए होते हैं क्योंकि लोग स्ट्रोक के शुरुआती लक्षणों को पहचान नहीं पाते हैं। जब लक्षण पहचान में नहीं आते हैं तो इलाज़ समय से शुरू नहीं हो पाता है। कुछ ऐसे लक्षण जैसे बोलने में हल्की लड़खड़ाहट, अचानक संतुलन बिगड़ना, या हाथ तथा पैर में सुन्नपन आदि हैं जो स्ट्रोक की चेतावनी देते हैं। अक्सर इन लक्षणों को लोग थकान या तनाव समझकर दरकिनार कर देते है। देरी जैसे जैसे होती है, लक्षण वैसे ही गंभीर होते जाते हैं, और इलाज का समय तेज़ी से कम होता जाता है।

बेसिक शिक्षा विभाग की योजनाओं का डीएम ने किया समीक्षा

डीएम ने डीबीटी, आरटीई, कस्तूरबा विद्यालय व निर्माणाधीन विद्यालयों की प्रगति का जाना हाल

अवधनामा ब्यूरो

कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक करते डीएम

कुशीनगर। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों एवं जिला अनुश्रवण समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान निपुण भारत अभियान, विद्यालय निरीक्षण, ऑपरेशन कायाकल्प, आधार सीडिंग, आरटीई, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, मध्यान्ह भोजन योजना सहित निर्माणाधीन माध्यमिक विद्यालयों की विस्तृत समीक्षा की गई।

समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि 7570 छात्र-छात्राओं के खातों में तकनीकी गड़बड़ी के कारण डीबीटी के माध्यम से धनराशि हस्तांतरित नहीं हो पाई है। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित बैंकर्स को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने को कहा। आरटीई योजना की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि अभी से गंभीरता के साथ कार्य प्रारंभ किया जाए तथा सभी निजी विद्यालयों में पात्र बच्चों का नामांकन सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि जिन कारणों से आरटीई के आवेदन निरस्त किए जाते हैं, उनकी पूर्ण जानकारी मीडिया के माध्यम से आमजन तक पहुंचाई जाए। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी ने प्रत्येक विद्यालय में एक पुरुष एवं एक महिला होमगार्ड की तैनाती सुनिश्चित करने, सुरक्षा गार्डों की उपस्थिति पंजिका में समय-समय पर प्रविष्टि करने तथा बैठकों में पंजिका प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

माध्यमिक शिक्षा के अंतर्गत प्रोजेक्ट अलंकार की विधिवत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी विद्यालय प्रबंधकों के साथ अलग से बैठक आयोजित कराने तथा निर्माणाधीन विद्यालयों की स्थिति, खेल मैदान, बाउंड्रीवाल एवं भूमि की उपलब्धता के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पीएम सूर्य घर योजना की समीक्षा के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा अब तक 193 पंजीकरण कराए जाने की जानकारी दी गई। इस संबंध में जिलाधिकारी ने बैंकर्स से भी वार्ता कर प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने एलडीएम द्वारा नेतृत्व में कमी एवं योजनाओं की खराब प्रगति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए बैंकर्स को फटकार लगाई। उन्होंने निर्देश दिया कि योजनावार उपलब्धियों एवं बैंक स्तर पर लंबित प्रकरणों की बुकलेट तैयार कर प्रस्तुत की जाए तथा बैंकर्स की अलग से समीक्षा बैठक आयोजित की जाए।

शिविर में चालकों व परिचालकों का हुआ स्वास्थ्य परिक्षण

कुशीनगर। यूपी राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी द्वारा सड़क दुर्घटना नियंत्रण के लिए राज्यव्यापी यूपी राज्य सड़क परिवहन निगम के क्रियाशील 128 बस डिपो में कार्यरत चालक, परिचालक एवं सहयोगी स्टाफ के सामान्य स्वास्थ्य परिक्षण के लिए मंगलवार को पडरौना बस डिपो की छावनी कार्यशाला परिसर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में निःशुल्क 106 नेत्र, 106 टीबी,103 एचआईवी, 103 हेपेटाइटिस बी/सी व 103 यौवन जनित रोगों का जांच, परामर्श रोग एवं औषधि वितरण विशेषज्ञ चिकित्सको एवं पैरा मेडिकल स्टाफ के द्वारा सम्पन्न हुआ। शिविर का उद्धघाटन मुख्य चिकित्साधिकारी डा. चन्द्र प्रकाश एवं सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक ओमप्रकाश ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. श्री प्रकाश ने कहा कि यातायात नियमों के साथ- साथ सड़क दुर्घटना रोकथाम के लिए चालक-परिचालक की नियमित स्वास्थ्य जांच अवश्य करावें।

पूर्व पीएम स्व. चौधरी चरण सिंह के जयंती पर 90 किसान हुए सम्मानित

अवधनामा ब्यूरो

कलेक्ट्रेट में सम्मानित होते किसान

कुशीनगर। भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह की जयंती के अवसर पर आयोजित किसान सम्मान दिवस के तहत जनपद के कुल 90 प्रगतिशील कृषकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय द्वारा कृषकों को अंगवस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

जनपद स्तर पर कृषि विभाग से सिराजुद्दीन बेग (गेहूं), चन्नू यादव (धान), मनोज कुमार गुप्ता (मूंगफली), हरिशंकर राव (प्राकृतिक खेती), उद्यान विभाग से संजय सिंह (केला), मनोज कुशवाहा (हल्दी), रेशम विभाग से श्रीमती प्रभावती देवी (रेशम उत्पादन), मत्स्य विभाग से वर्मा चौहान (मत्स्य पालन), पशुपालन विभाग से अर्जुन यादव (डेयरी), श्रीमती पारूल कुमारी (बकरी पालन), रामेश्वर राय (मुर्गी पालन) तथा गन्ना विभाग से सत्यनारायण (गन्ना उत्पादन) को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त विकास खण्ड स्तर पर कृषि, उद्यान, पशुपालन, रेशम, मत्स्य एवं गन्ना विभाग के कृषकों को भी पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर एवं मुख्य विकास अधिकारी सुश्री वन्दिता श्रीवास्तव उपस्थित रहीं। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने कृषकों को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित होने की जानकारी दी। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में एकीकृत फसल प्रणाली के अंतर्गत सभी विभागों को सम्मिलित करते हुए मॉडल विकसित किया जाएगा, जिससे कृषक प्रेरित होकर आधुनिक व नवोन्मेषी खेती अपनाएं। उन्होंने कृषक उत्पादक संगठन (एफपीओ) बनाकर सामूहिक कृषि कार्य करने पर भी जोर दिया। कार्यक्रम में उप कृषि निदेशक अतीन्द्र सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ0 विद्याराम वर्मा, जिला कृषि अधिकारी डॉ0 मेनका, भूमि संरक्षण अधिकारी सुदीप वर्मा, जिला उद्यान अधिकारी कृष्ण कुमार, सहायक निदेशक (मत्स्य) शिव कुमार, सहायक निदेशक (रेशम) ए0के0 मल्ल सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी, कृषि विभाग के कर्मचारी एवं प्रत्येक विकासखण्ड के प्रगतिशील कृषक उपस्थित रहे।

एथलेटिक प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने लहराया परचम

सेंट जेवियर्स स्कूल कप्तानगंज में एथलेटिक प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता

कप्तानगंज, कुशीनगर। सेंट जेवियर्स स्कूल, कप्तानगंज में मंगलवार को ÷वज्र÷ वार्षिक एथलेटिक मीट 2025 का भव्य आयोजन अत्यंत उत्साह, गरिमा एवं खेल भावना के साथ संपन्न हुआ। यह आयोजन विद्यालय के शैक्षिक दर्शन, स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क को साकार करने की दिशा में एक सशक्त पहल के रूप में देखा गया। विद्यालय परिसर में सुबह से ही खिलाड़ियों की चहल-पहल, दर्शकों के उत्साह और अनुशासनपूर्ण वातावरण से जीवंत हो उठा।

इस अवसर पर इंटर-स्कूल खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विद्यालयों जैसे पीजी सीनियर सेकंडरी स्कूल कप्तानगंज और एच एस ग्लोबल स्कूल भैंसहीं बाजार आदि से आए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिताओं में रिले रेस, कबड्डी, 100 मीटर एवं 200 मीटर दौड़, शॉट पुट तथा डिस्कस थ्रो जैसे खेल शामिल रहे। खिलाड़ियों ने अपनी गति, शक्ति, संतुलन और खेल कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मैदान पर अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का प्रेरणादायी दृश्य उपस्थित जनसमूह को रोमांचित करता रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नायब तहसीलदार कप्तानगंज एकता त्रिपाठी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इनके साथ मंच पर स्थानीय निर्देशक आकाश चंद्रा, विद्यालय सचिव रत्नेश चंद्रा, प्रधानाचार्य डॉ. वैभव वांटू, विद्यालय मैनेजर, अरविन्द कुमार पांडेय एवं उप प्रधानाचार्य शशि कुमार चौरसिया उपस्थित रहे। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि खेल मानव जीवन का अभिन्न अंग हैं, जो न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाते हैं बल्कि मानसिक मजबूती, आत्मविश्वास, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का भी विकास करते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों के मानसिक, शारीरिक एवं सर्वांगीण विकास को नई दिशा मिलती है और वे जीवन की चुनौतियों का सामना आत्मबल के साथ कर पाते हैं।

घने कोहरे में टकराए चार वाहन वाहनों पर सवार दो की मौत

तीन गंभीर,16 बस यात्री चोटहिल हुए

बीती रात लखनऊ वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई दुर्घटना

अवधनामा संवाददाता

अमेठी। लखनऊ -वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर बीती रात लगभग दो बजे एक बड़ी सड़क दुघर्टना हो गई।तीन ट्रक एक रोडवेज बस और एक आर्टिका कार एक के बाद एक आपस में टकरा गये। रोडवेज बस में सवार 16लोगों को चोटें आई हैं।ट्रक पर सवार दो लोगों की मौत हो चुकी है। तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हैं। मुसाफिर खाना कोतवाली अंतर्गत मंगलम् ओवर ब्रिज के पास बीती रात घने कोहरे में एक ट्रक डिवाइडर से टकरा कर क्षतिग्रस्त हो गई। इस दौरान पीछे से आ रहे दो ट्रक,एक रोडवेज बस और एक कार भी दुर्घटना के शिकार हो गए। सड़क हादसे में अलग अलग वाहनों पर सवार दो लोगों की मौत हो गई है।तीन गंभीर रूप से घायल हैं, जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। मृतकों की पहचान मंजीत सिंह पुत्र जीत सिंह और शमशाद पुत्र रमजान निवासी जायस के रूप में हुई है।

किसानों के मसीहा थे चौधरी चरण सिंह : विनोद प्रताप

रालोद ने धूमधाम से मनाई भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की जयंती

अवधनामा संवाददाता

स्व. चौधरी के चित्र पर माल्यार्पण करते रालोद कार्यकर्ता

कसया, कुशीनगर। किसानों के मसीहा एवं भारत रत्न से सम्मानित पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की जयंती मंगलवार को राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) द्वारा पूरे उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन कसया स्थित सिंचाई विभाग के डाक-बंगला परिसर में किया गया, जहां स्थापित चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर रालोद कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता रालोद जिलाध्यक्ष विनोद प्रताप कुंअर ने की। इस अवसर पर वक्ताओं ने चौधरी चरण सिंह को किसानों का सच्चा मसीहा बताते हुए उनके द्वारा देश और किसानों के हित में किए गए ऐतिहासिक कार्यों एवं योगदान को याद किया। नेताओं ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने हमेशा किसान, मजदूर और ग्रामीण भारत के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। किसान नेता सिया शरण पांडेय ने चौधरी चरण सिंह को याद करते हुए कहा कि यदि वास्तव में किसानों का भला करना है, तो सरकार को स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट को लागू करना होगा। तभी चौधरी साहब का सपना साकार हो सकेगा। कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने चौधरी चरण सिंह द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने, किसानों के हक की लड़ाई मजबूती से लड़ने तथा उनकी विचारधारा को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता सुरेश शाही, गणेश प्रसाद, चंद्र प्रकाश दुबे, कुलदीप कुमार, हरि कशेरा, भगवान दयाल विश्वकर्मा, निजामी साहब, अरविंद सिंह, भोला प्रसाद, रविंद्र पांडेय, विशेश्वर निगम सहित बड़ी संख्या में रालोद कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे।

सड़क किनारे मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

अवधनामा संवाददाता

सेवरही, कुशीनगर। सेवरही थाना क्षेत्र के सेवरहीङ्कदुदही मुख्य मार्ग पर ग्रामसभा गौरी जगदीश एवं तिवारी पट्टी की सीमा के बीच मंगलवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा जामातलाशी ली गई तो शव के पास से एक मोबाइल और पर्श मिला। शव का शिनाख्त कर स्थानीय पुलिस ने फॉरेंसिक टीम की मदद से मौत की तह में जुटी हुई है।

मंगलवार को सुबह करीब सात बजे स्थानीय लोगों को उक्त ग्रामसभा में सड़क किनारे लगभग 25 वर्षीय एक युवक की शव दिखाई दी। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस शव शिनाख्त में जुट गई, और घटना की तह में जाने के लिए जिले से फॉरेंसिक टीम भी बुला ली। हालांकि देखने से मृतक के शरीर पर कोई गंभीर चोट नहीं था। वहीं शव से शराब की दुर्गन्ध भी आ रही थी। मृतक की पहचान प्रदीप गुप्ता पुत्र मैनेजर शाह निवासी खाल गांव थाना कटेया जिला गोपालगंज बिहार के रूप में हुई है। यह अपने बहनोई सुनील गुप्ता पुत्र रामप्रीत मद्धेशिया (उम्र लगभग 25 वर्ष) पकड़ीहार पश्चिम पट्टी थाना सेवरही के यहां कल आया था। जो शाम को करीब 6 बजे अपने जीजा के घर से अपने गांव जाने के लिए निकला था। वहीं जिले से पहुंची फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंच शव के पास से सूक्ष्म जानकारी जुटाने में लगी रही। इस सम्बन्ध में स्थानीय थानाध्यक्ष धीरेन्द्र राय ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही हैं।

किसान दिवस पर विकसित भारत ग्राम जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

केवीके एवं क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान सरगटिया के संयुक्त तत्वाधान में आयोजन

अवधनामा संवाददाता

सेवरही, कुशीनगर। कृषि विज्ञान केंद्र एवं क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान सरगटिया के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में किसान दिवस सह विकसित भारत-ग्राम जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान किसानों के लाभार्थ केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी के संबोधन का सजीव प्रसारण किया गया, जिसे किसानों ने ध्यानपूर्वक सुना। कार्यक्रम में रबी फसलों के लिए पोषक तत्व प्रबंधन, खरपतवार नियंत्रण एवं जल प्रबंधन विषय पर किसान-वैज्ञानिक संवाद आयोजित हुआ। इस दौरान वैज्ञानिकों ने किसानों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए आधुनिक एवं उन्नत तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया। साथ ही विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) पर विशेष चर्चा करते हुए विकसित ग्राम पंचायतों के निर्माण, 125 दिनों तक रोजगार उपलब्धता एवं ग्रामीण आजीविका सुदृढ़ीकरण में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष जदयू एवं राष्ट्रीय कृषक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह गहरवार रहे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष प्रेमचंद मिश्रा उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त जिला अध्यक्ष जदयू अनिल सिंह एवं जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय कृषक संघ सत्यजीत सिंह की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान के प्रधान डा. पुष्पेंद्र प्रताप सिंह ने किया। उन्होंने चौधरी चरण सिंह के किसान हित में किए गए योगदान तथा कृषि में किसानों की भूमिका पर प्रकाश डाला। वहीं केवीके प्रभारी डा. शमशेर सिंह ने विकसित भारत-ग्राम योजना की लाभ,विशेषता एवं इसे मनरेगा से अलग व प्रभावी योजना के रूप में विस्तार से समझाया। संचालन प्रगतिशील किसान पारसनाथ सिंह ने किया। कार्यक्रम में कुल 205 किसानों ने सहभागिता की, जिनमें 76 पुरुष एवं 129 महिला किसान शामिल रहीं।

मिस यूपी बनी बस्ती की वैभवी राय

अवधनामा संवाददाता, बस्ती। राजस्थान के जयपुर जिले में जी स्टूडियो में फॉरएवर मिस उत्तर प्रदेश प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता में बस्ती की वैभवी राय विजेता घोषित किया गया था और उन्हें मैस अप का खिताब दिया गया। प्रतियोगिता का आयोजन फॉरएवर स्टार इंडिया द्वारा किया गया था। विज्ञान स्नातक वैभवी राय के पिता शचीन्द्रनाथ राय न्याय विभाग के रिटायर कर्मी हैं। मॉलवीय रोड स्थित पिकौरा शिवगुलाम निवासी शचीन्द्रनाथ राय जनता वैदिक महाविद्यालय मेंहदावल संतकबीरनगर के प्रबंधक हैं। वैभवी की माता संध्या राय गृहिणी हैं। पुरस्कार जीतने के बाद वैभवी राय ने बताया कि उनका मुख्य उद्देश्य ब्रेस्ट व बच्चेदानी कैंसर के प्रति महिलाओं में जागरूकता फैलाना है। इस उपलब्धि पर शिक्षिका सुनीता राय, अनीता, महेंद्र राय और लेखपाल अंकित राय ने खुशी जताई है।

खादी एवं ग्रामोद्योग की प्रदर्शनी में उत्पादों के 104 स्टाल लगाये गये है : एल.बी. सिंह

बृजेश कुमार शुक्ल

बस्ती । खादी एवं ग्रामोद्योग की 10 दिवसीय मण्डल स्तरीय प्रदर्शनी 29 दिसम्बर 2025 तक राजकीय इन्टर कालेज परिसर बस्ती में संचालित किया जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी एल.बी. सिंह ने बताया कि प्रदर्शनी में सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोकगीत का आयोजन किया गया तथा प्रदर्शनी में खादी एवं ग्रामोद्योगी उत्पादों की 104 स्टाल लगाये गये है।

उन्होने बताया कि मण्डल स्तरीय खादी एवं ग्रामोद्योग प्रदर्शनी मे अत्यधिक उत्पाद अच्छी और सस्ती खादी वस्तुएं रियायती दरों पर उपलब्ध है। प्रदर्शनी में भदोही की कालिन, भागलपुर बिहार की सिल्क, कन्नौज की धूपबत्ती, राजस्थान बिकानेर के पापड, बडी, भूजिया, नमकीन, इटावा के चूर्ण, कानपुर के लेदर, बस्ती का फर्नीचर घरेलू वस्तुऐं, प्रेरणा कैंटीन एंव अन्य ग्रामोद्योगी उत्पाद के अतिरिक्त माटीकला के अन्तर्गत उत्पादित वस्तुऐं व अन्य जनपदों से आये हुए उत्पाद रियायती दरों पर बिक्री की जा रही है। खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड बस्ती सभी सम्मानित क्षेत्र एवं नगर वासियों से अपील करता है कि उक्त प्रदर्शनी में अधिक से अधिक लोग आकर उत्पादों की खरीदारी कर भारी छूट का लाभ उठायें।

लोक निर्माण विभाग ने दस साल में अमेठी में बनवाई 544 नयी सड़के

50 से अधिक पुरानी सड़कों का कायाकल्प हुआ

राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह और राकेश प्रताप सिंह की विधानसभा में हुए हैं सबसे अधिक काम

संजीव भारती

अमेठी। नगर से ग्रामीण अंचल और जिला मुख्यालय तक कनेक्टिविटी बढ़ाने और सुगम यातायात के लिए योगी सरकार ने अमेठी जिले में सड़कों के निर्माण और सुदृढ़ीकरण और चौड़ीकरण के लिए पिछ्ले दस सालों में लगभग 763करोड रु की धनराशि दी है। पिछ्ले दस सालों के भीतर जिले में 544नयी सड़कों का निर्माण हुआ है।25पुरानी सड़कों का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कराया गया है।

लोक निर्माण विभाग से सड़कों के निर्माण, सुदृढ़ीकरण और विशेष मरम्मत की परियोजनाओं को मंजूरी दिलाने में पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी का काफी सहयोग रहा है। पिछ्ले पांच साल के भीतर लोक निर्माण विभाग के प्रांतीय खंड और निर्माण खंड की ओर से 380 नयी सड़कों का निर्माण कराया गया है।17पुरानी सड़कों पर सुदृढ़ीकरण और चौड़ीकरण के काम हुए हैं।

लगभग बीस करोड़ रुपए की लागत से 14 लघु सेतु बनवाए गए हैं। निर्माण खंड के अधिशासी अभियंता इंजीनियर रमेश चंद्र ने बताया कि इन परियोजनाओं को पूरा करने के साथ सड़कों की विशेष मरम्मत के भी काम हुए हैं,जो इसमें शामिल नहीं है। सभी परियोजनाएं राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, विधायक सुरेश पासी, राकेश प्रताप सिंह,एम एल सी शैलेन्द्र प्रताप सिंह और एम एल सी गोविंद नारायण शुक्ला की संस्तुति और प्रस्ताव पर स्वीकृत हुई और निर्माण कार्य भी इन्हीं जनप्रतिनिधियों की निगरानी में पूरे हुए हैं।

निर्माण खंड में पूरी हुई 39 परियोजनाएं

तिलोई/जगदीशपुर। लोक निर्माण विभाग के निर्माण खंड की ओर से चालू वित्तीय वर्ष में सड़कों और पुलों के निर्माण की कुल 39 परियोजनाएं पूरी हुई है। इन परियोजनाओं की निर्माण लागत 46.10 करोड रु है।

लघु सेतु और पुलिया निर्माण की पांच परियोजनाओं को मिली मंजूरी

अमेठी। चालू वित्तीय वर्ष में लोक निर्माण विभाग के ?निर्माण खंड की लघु सेतु और पुलिया निर्माण की पांच परियोजनाओं को स्वीकृति प्राप्त हुई है। ये सभी परियोजनाएं विकास खंड जगदीशपुर, तिलोई और बाजार सुकुल से सम्बंधित हैं। तिलोई में स्थित पूरे हिंदू सम्पर्क मार्ग और और सवितापुर सम्पर्क मार्ग पर छः मीटर लम्बाई के दो? लघु सेतु निर्मित किए जायेंगे। इन दोनों पुलों की निर्माण लागत 1.077करोड रु है। जगदीशपुर और बाजार सुकुल विकास खंड के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मांझगांव में कामख्या मंदिर पर पीपे के पुल के इरेक्शन एवं डिस्मेंटिलिंग तथा फेरी संचालन हेतु पावर चार्ज प्रयोग कार्य के? लिए 37.94,लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई है। नांदी ग्राम में गोमती नदी पर स्थित पीपे के पुल के इरेक्शन और डिस्मेंटिलिंग तथा फेरी संचालन हेतु पावर चार्ज प्रयोग कार्य के लिए 36.60 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई है। पिछूती-मटियारी कला मार्ग पर स्थित रंगवा घाट पर पीपे के पुल के इरेक्शन और डिस्मेंटिलिंग तथा फेरी संचालन हेतु पावर रिचार्ज प्रयोग कार्य के लिए 37.94 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई है। दण्डदेश्वर धाम के पास पीपे के पुल के इरेक्शन और डिस्मेंटिलिंग तथा फेरी संचालन हेतु पावर चार्ज प्रयोग कार्य हेतु 37.89लाख रु का बजट स्वीकृत किया गया है। 4 पीपा पुल लगाए जा चुके हैं और 2 पीप पुल नए स्वीकृत हुए हैं।

किसान सम्मान दिवस पर कृषि विज्ञान केन्द्र बंजरिया में लगा किसान मेला

अवधनामा संवाददाता

बस्ती। कृषि विज्ञान केन्द्र बंजरिया जनपद बस्ती में किसान मेले का आयोजन सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल एक्सटेशन (आत्मा) योजनार्न्तगत भारत रत्न स्व0 चौधरी चरण सिंह (भूतपूर्व प्रधानमंत्री) के जन्मदिन के अवसर पर ''किसान सम्मान दिवस'' के रूप में मनाया गया।

मेले का उद्घाटन उपाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग, महेश शुक्ल, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी, जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना एवं जिला भाजपा अध्यक्ष विवेकानन्द मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विधायक हरैया के प्रतिनिधि सरोज मिश्रा, विधान परिषद सदस्य के प्रतिनिधि हरीश सिंह, उपाध्यक्ष सिंचाई बन्धु गजेन्द्रमणि त्रिपाठी एवं जिला अध्यक्ष-भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा आलम चौधरी द्वारा प्रतिभाग किया गया।

समारोह को संबोधित करते हुए माननीय उपाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग ने भारत रत्न स्व0 चौधरी चरण सिंह (भूतपूर्व प्रधानमंत्री) के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह किसानों के सच्चे मसीहा थे। कृषक हित में उनके द्वारा किए गये उनके कार्य बेहद सराहनीय हैं। उन्होने कहा कि प्रदेश एवं केन्द्र सरकार कृषक हित में अनेक योजनाओं का संचालन कर रही है, श्री शुक्ला ने सुझाव दिया कि किसान भाई प्राकृतिक खेती के साथ पशुपालन का कार्य भी करें, जिससे खाद्यान्न में रसायनों की मात्रा में कमी होगी। जिला पंचायत अध्यक्ष ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश एवं देश की सरकार कृषक हित में अनेक योजनाओं का संचालन कर रही है, जिससे किसान लाभान्वित हो रहे है। भाजपा जिलाध्यक्ष ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के अन्तर्गत 2019 से अनवरत किसानों को उनके कृषि निवेश हेतु साल में 3 बार दो-दो हजार रूपये दिये जा रहे हैं। जनपद में खाद की कहीं कोई कमी नहीं है, यदि किसी को शिकायत हो तो कृषि विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं। उन्होने अपने उद्बोधन में कहा कि बस्ती जनपद के किसान अपनी बुद्धि एवं परिश्रम से आज विकसित प्रदेश के निर्माण में योगदान दे रहे हैं।

वरिष्ठ सेवानिवृत्त आइ0ए0एस ओ0एन0सिंह ने कृषकों को संबोधित करते हुए कहा कि किसान भाई सब्जी की खेती के साथ ही उन्नतशील खेती में नई तकनीकों का प्रयोग करें एवं राजकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करें। उप कृषि निदेशक, अशोक कुमार गौतम ने जन प्रतिनिधियों, भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों एवं उपस्थित कृषको का अभिनन्दन करते हुए अपील किया की सभी कृषक बन्धु फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य रूप से कराये, जिससे भविष्य में विभागीय योजनाओं के साथ ही राजकीय योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक प्राप्त हो सकेगा। और भविष्य में जिन कृषकों ने फार्मर रजिस्ट्री करायी है उन्हें ही पी0एम0 किसान सम्मान निधि का लाभ प्राप्त हो सकेगा। उक्त अवसर पर जनपद स्तर पर विभिन्न क्षेत्रों में यथा गेहूँ, सरसों, सांवा, रागी, बाजरा, धान, उर्द, टमाटर, केला एवं सब्जी के अधिक पैदावार करने वाले 36 कृषकों एवं विकास खण्ड स्तर पर अधिक उत्पादन करने वाल 70 कृषकों को प्रसस्ति पत्र एवं शॉल देकर सम्मानित किया गया तथा जिलाधिकारी महोदया द्वारा गर्भवती महिला की गोद भराई की गई एवं पुष्टाहार की पोटली भेंट की गयी। भूमि संरक्षण अधिकारी डॉ0 राजमंगल चौधरी द्वारा मंच का संचालन किया गया तथा भारत रत्न स्व0 चौधरी चरण सिंह (भूत पूर्व प्रधानमंत्री) के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्व0 चौधरी किसानों के सच्चे हितैषी थे तथा इनका जीवन अनुकरणीय रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 चौधरी चरण सिंह जीवन भर किसानों के हितों के लिए संघर्ष करते रहे।

ददरौल विधानसभा बूथ लेवल एजेंटों की बैठक को अवधेश वर्मा ने किया संबोधित

■ धूमधाम से मनाई गई चौधरी चरण सिंह की जयंती

अवधनामा संवाददाता

शाहजहांपुर। जनपद में मंगलवार को चौधरी चरण सिंह की जयंती के उपलक्ष में समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर सपा जिला अध्यक्ष तनवीर खां की अध्यक्षता में एक गोष्ठी का आयोजन कर चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर सपा कार्यकर्ताओं ने जयंती मनाई वही 136 ददरौल विधानसभा क्षेत्र के गांव दिलावरपुर,कांट में विधानसभा क्षेत्र के पीडीएफ प्रहरी बूथ लेवल एजेंट की एक अहम बैठक का आयोजन किया गया, इस अवसर पर सर्वप्रथम चौधरी चरण सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गई तत्पश्चात समाजवादी पार्टी के PDA प्रहरी(बूथ लेवल एजेंट) की बैठक में स्ङ्क्र मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण कार्य के संबंध में विधिवत बूथ एजेंटों को जानकारी दी गई।

विधानसभा अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि सभी बूथ लेवल एजेंट अपने-अपने बूथ पर मेहनत से काम करें एक भी वोट कैंसिल नहीं होना चाहिए उन्होंने कहा इस समय नए वोट भी बनाए जा रहे हैं इस पर भी सभी बूथ एजेंट ध्यान रखें और नए वोट बनवाने का काम करें बैठक के दौरान विधानसभा अध्यक्ष मुनेंद्र पाल सिंह यादव, पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा पूर्व विधानसभा सपा प्रत्याशी ददरौल, धर्मवीर सिंह यादव, बाबूराम पाल ब्लॉक अध्यक्ष भावलखेड़ा, ओमकार मौर्य ब्लॉक अध्यक्ष मदनापुर, अविनाश वर्मा ब्लॉक अध्यक्ष ददरौल, लईक अहमद शाह, सर्वेश कुमार वर्मा, सुभाष सिंह यादव, सैयद शावेज SIR प्रभारी, रूमसिंह यादव जोन प्रभारी, सर्वेश कुमार वर्मा पूर्व ब्लॉक प्रमुख, दधीच वर्मा जिला सचिव लोहिया वाहिनी, सहित तमाम कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

अंग्रेजी शराब की दुकान के सामने पड़ा मिला युवक का शव

शिकोहाबाद। मैनपुरी चौराहा के समीप एक अंग्रेजी की शराब की दुकान के सामने मंगलवार सुबह सात बजे एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा मिला। शव की सूचना मिलने पर स्थानीय लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर फिरोजाबाद मेडिकल कालेज भेज दिया। इंस्पेक्टर अनुज कुमार ने बताया कि मंगलवार सुबह सात बजे एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा होने की सूचना मिली। जिस पर स्थानीय पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर जानकारी की गई तो अंग्रेजी दुकान के सामने मैनपुरी चौराहा थाना क्षेत्र शिकोहाबाद पुल के नीचे शव पड़ा था। स्थानीय लोगों से जानकारी की गई तो लोगों ने बताया कि मृतक भिखारी जैसा प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने शव के शिनाख्त कराने के प्रयास किए, काफी देर तक कोई जानकारी नहीं हुई तो पुलिस ने शव कब्जे में लेकर फिरोजाबाद मेडिकल कालेज भेज दिया। मृतक के शरीर पर कोई चोट के निशान प्रतीत नहीं हो रहे है।

किसान सम्मान दिवस मेला प्रदर्शनी आयोजित

■ अध्यक्ष जिला पंचायत एवं जिलाधिकारी द्वारा जनपद स्तर पर सम्मानित हुए 41 किसान

अवधनामा संवाददाता

बहराइच। कृषि विभाग बहराइच के तत्वावधान में कृषि भवन प्रांगण में भारत रत्न भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह जी के जन्म दिवस के पावन अवसर पर आयोजित 01 दिवसीय जनपद स्तरीय परम्परागत कृषि विकास योजना एवं मिलेट्स रेसिपी कार्यक्रम आयोजन का उद्घाटन मा. जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह व जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के साथ भारत रत्न 'भूतपूर्व' प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। सर्वप्रथम मा. अध्यक्ष जिला पंचायत व जिलाधिकारी के साथ लगायी गयी प्रदर्शनी एवं स्टालों का अवलोकन कर लगायी गयी प्रदर्शनी की सराहना की। प्रदर्शनी में विशेष रूप से जनपद के कृषक उत्पादक संगठनों ने बढ़चढ़कर अपने प्राकृतिक एवं जैविक उत्पादों का प्रदर्शन किया तथा कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, रेशम विभाग, गन्ना तथा मिलेट्स रेसिपी तथा जैविक कार्यक्रम की लगायी गयी प्रदर्शनियों का भी अवलोकन किया गया। इस अवसर पर जनपद के कृषि विभाग के 08, उद्यान विभाग के 06, रेशम के 04, मत्स्य के 04, गन्ना विभाग के 02, कृषि विज्ञान केन्द्र बहराइच व नानपारा के 02-02, मिलेट्स के अन्तर्गत सांवा एवं रागी के 03 तथा मिलेट्स रेसिपी कार्यक्रम के 06 कुल 41 किसानों/रेसिपी के चयनित लाभार्थी को किसान सम्मान प्रमाण पत्र तथा षाल प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत मंजू सिंह ने सर्वप्रथम भारत रत्न भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह जी के जन्म दिवस पर सम्मानित कृषकों को बधायी भी दी तथा जनपद के किसानों द्वारा जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए किये जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने भारत रत्न भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह जी के जन्म दिवस पर सभी उपस्थित किसानों, अधिकारियों, कर्मचारियों को किसान सम्मान दिवस के अवसर पर बधायी दी। उन्होंने कहा कि हम प्रतिवर्ष भारत रत्न मा. चौधरी चरण सिंह की जयन्ती बनाते है परन्तु चौधरी चरण सिंह जी का सम्मान हमारी सरकार द्वारा उन्हें भारत रत्न के सम्मान से सम्मानित किया है। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने सम्मानित किसानों को बधायी देते हुए कहा कि आप द्वारा किये गये प्रयास से जिले के और किसान लाभान्वित होगें तथा हमारे किसानों की आय वृद्धि होगी। उन्होनें कृषि एवं एलाईड विभागों द्वारा कृषक हित में कराये जा रहे कार्यो की सराहना की। उन्होनें कृषि भवन कार्यालय तथा मिलेट्स गैलरी का निरीक्षण किया तथा डीडी एग्री कल्चर द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना की। उप निदेषक कृषि विनय कुमार वर्मा ने सर्वोच्च उत्पादकता प्राप्त किसानों को बधायी दी। तथा उपस्थित सभी किसानों से विष मुक्त खेती करने की सलाह दी। उन्होनें कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। गोष्ठी में मौजूद वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ सी.पी.एन. गौतम, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ षैलेन्द्र सिंह ने किसानों को सर्वोच्च उत्पादकता प्राप्त किसानों को बधायी देते हुए कहा कि हमें उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने के साथ-साथ प्राकृतिक खेती भी करना होगा।

ऑपरेशन जागृति फेस 05: छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

अवधनामा संवाददाता

टूंडला। अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा अनुपम कुलश्रेष्ठ के निर्देशन में महिलाओं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु ऑपरेशन जागृति अभियान फेज-05 के विशेष अभियान के तहत जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को थाना पचोखरा पुलिस टीम द्वारा श्रीमती वीरमती फौरन सिंह इण्टर कॉलेज गढ़ी निर्भय थाना पचोखरा क्षेत्र में ऑपरेशन जागृति अभियान फेस 5 के तहत युवाओं में प्रेम प्रसंग के अंतर्गत घर से चले जाने के मामलों की रोकथाम हेतु जागरूकता कार्यक्रम कराया गया व उससे होने वाले दुष्परिणामो के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में थानाध्यक्ष अमित तोमर द्वारा छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों को विभिन्न हैल्पलाइन नम्बरों एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप एक्स फेसबुक, इन्स्टाग्राम आदि के सम्बन्ध में विशेष जानकारी देकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम में थानाध्यक्ष अमित तोमर उप निरीक्षक घनश्याम सिंह उप निरीक्षक गौरव वर्मा महिला उप निरीक्षक निशा बंसल हेड कांस्टेबल सतेंद्र सिंह कांस्टेबल पार्थिव गौतम. म0का0 डिम्पल म0कां0 सोनम चालक बलराम व छात्र छात्राएं शिक्षक शिक्षकाएं उपस्थित रहे।

लायंस क्लब सेंट्रल ने अपने दिवंगत सदस्य को दी अनुकरणीय श्रद्धांजलि

सुल्तानपुर। लायंस क्लब सुल्तानपुर सेंट्रल ने अपनी दिवंगत सदस्य स्वर्गीय कमलजीत कौर को उनके पति लायन मनोहर सिंह और बच्चों जिमी सिंह और डॉ कुलजीत कौर के सहयोग से नगर में पंत स्टेडियम के समीप स्थित ञ्क्क्र सेंटर में इस भीषण ठंड में जरूरतमंदों को 100 से अधिक ऊनी वस्त्र, कंबल आदि के माध्यम से सहायता कर के श्रद्धांजलि अर्पित की गई । लायंस क्लब सुल्तानपुर सेंट्रल की अध्यक्ष लायन राजुल कांत ने इस अवसर पर उपस्थित जनमानस एवं पदाधिकारियों को लायंस क्लब के उद्देश्यों एवं 200 से अधिक देशों में इसके द्वारा की जा रही समाज सेवा के बारे में जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर उपस्थित पूर्व मंडलाध्यक्ष लायन सी ए सौरभ कांत ने क्लब, परिवार एवं समाज के प्रति स्वर्गीय लायन कमलजीत कौर के योगदान को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

कड़ाके की ठंड में बाहर सोता मिले कोई व्यक्ति टोल फ्री नंबर पर करें संपर्क: डीएम

■ शीतलहर के चलते रैन बसेरों व अलाव की पुख्ता व्यवस्था, प्रशासन मुस्तैद

अवधनामा संवाददाता

शाहजहांपुर। जनपद में जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बताया बढ़ती ठंड और शीतलहर के प्रकोप को देखते हुए स्थानीय प्रशासन द्वारा आम जनमानस की सुविधा हेतु व्यापक प्रबंध किए गए हैं। शहर के प्रमुख स्थलों पर संचालित रैन बसेरों (Shelter Homes) को आधुनिक सुविधाओं से लैस कर दिया गया है ताकि कोई भी असहाय व्यक्ति खुले आसमान के नीचे सोने को मजबूर न हो। नगर निगम द्वारा टाउन हॉल, बस स्टैंड और जिला अस्पताल के पास स्थित रैन बसेरों में गर्म बिस्तर, साफ-सुथरे गद्दे, कंबल और स्वच्छता के विशेष इंतजाम किए गए हैं। इन आश्रय स्थलों में ठंडे से बचाव हेतु पर्याप्त हीटिंग और सुरक्षा के लिए 24 घंटे केयरटेकर की तैनाती की गई है। ठिठुरन भरी रातों में राहगीरों और निराश्रितों को राहत देने के लिए शहर के 50 से अधिक प्रमुख चौराहों, सार्वजनिक स्थानों और रैन बसेरों के बाहर नियमित रूप से भारी मात्रा में सूखी लकड़ी की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए अलाव जलाए जा रहे हैं। जिला प्रशासन की टीमें निरंतर इन स्थलों का औचक निरीक्षण कर रही हैं। जिलाधिकारी ने अपील की है कि यदि कोई भी व्यक्ति खुले में सोता हुआ मिले, तो तत्काल प्रशासन को सूचित करें। सहायता के लिए जिला कंट्रोल रूम नंबर 05842-351037, 462754 व टोलफ्री नंबर 1070 पर संपर्क किया जा सकता है।

अस्पतालों की मनमानी पर लगाम

अवधनामा संवाददाता

■ बांदा के निजी चिकित्सालयों को आईसीयू वेंटिलेटर का खर्च पहले बताना होगा

बांदा। केंद्र सरकार द्वारा निजी स्वास्थ्य क्षेत्र में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से जारी किए गए नए निर्देशों का असर अब जनपद बांदा के निजी चिकित्सालयों में भी देखने को मिलेगा। नए नियमों के तहत अब बांदा के किसी भी निजी अस्पताल को आईसीयू या वेंटिलेटर पर मरीज को भर्ती करने से पहले इलाज से जुड़ा पूरा खर्च मरीज या उसके परिजनों को लिखित रूप में बताना अनिवार्य होगा।

निर्देशों के अनुसार, निर्धारित खर्च की जानकारी देने के बाद मरीज अथवा उसके परिजनों की अनुमति लेना जरूरी होगा। अनुमति मिलने के पश्चात ही रोगी को आईसीयू या वेंटिलेटर में भर्ती किया जा सकेगा। इससे इलाज के नाम पर मनमानी वसूली और बाद में भारी-भरकम बिल थमाने की शिकायतों पर अंकुश लगेगा।

बांदा में निजी चिकित्सालयों को लेकर लंबे समय से मरीजों के परिजनों द्वारा आर्थिक शोषण की शिकायतें सामने आती रही हैं। कई मामलों में परिजनों को इलाज शुरू होने के बाद वास्तविक खर्च की जानकारी मिलती थी, जिससे वे मानसिक और आर्थिक दबाव में आ जाते थे। नए दिशा-निर्देश लागू होने से ऐसी स्थितियों पर रोक लगेगी।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि केंद्र सरकार के निर्देशों का कड़ाई से पालन कराया जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वाले निजी अस्पतालों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई भी की जाएगी। साथ ही सभी निजी चिकित्सालयों को अपने शुल्क की सूची स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करने के निर्देश दिए जाएंगे।

सरकार का उद्देश्य निजी स्वास्थ्य प्रणाली में जनता का खोया हुआ भरोसा बहाल करना है। माना जा रहा है कि इस निर्णय से बांदा के मरीजों और उनके परिजनों को इलाज से पहले स्पष्ट जानकारी मिलेगी और स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता व जवाबदेही सुनिश्चित होगी।

कालेज की मासिक ई पत्रिका का पच्चीसवां अंक लोकार्पित

सुलतानपुर। राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय की मासिक ई पत्रिका प्रतिबिम्ब के पच्चीसवें अंक का मंगलवार को आनलाइन लोकार्पण हुआ। यह जानकारी देते हुए पत्रिका के प्रधान सम्पादक असिस्टेंट प्रोफेसर ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि ने बताया कि प्राचार्य प्रोफेसर दिनेश कुमार त्रिपाठी ने तीसरे वर्ष के पहले अंक की पीडीएफ फाइल को महाविद्यालय के विद्यार्थियों , शिक्षकों, कर्मचारियों व अभिभावकों के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर जारी कर दिया है। इसमें महामना मदनमोहन मालवीय पर विशेष सम्पादकीय भी है । पत्रिका विद्यार्थियों के साथ ही अन्य लोगों के बीच भी तेजी से शेयर की जा रही है। उल्लेखनीय है कि राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय क्षेत्र का इकलौता महाविद्यालय है जहां से हर महीने ई पत्रिका का प्रकाशन होता है।

प्रशासन गाँव की ओर विषयक कार्यशाला का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

बहराइच। भारत सरकार के निर्देशानुसार ''सुशासन सप्ताह'' (गुड गवर्नेन्स वीक) के उपलक्ष्य में विकास भवन बहराइच सभागार में एक भव्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जिलाधिकारी सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी अजय दीप सिंह रहे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि सुशासन का अर्थ केवल फाइलों का निस्तारण नहीं, बल्कि अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शिता के साथ पहुँचाना है। उन्होंने बहराइच में अपने कार्यकाल के अनुभवों को साझा करते हुए वर्तमान प्रशासन द्वारा किए जा रहे नवाचारों की सराहना की।

इस अवसर पर जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने कहा कि केन्द्रीय लोक शिकायत निवारण प्रणाली में लम्बित लोक शिकायतों का निराकरण, स्टेट पोर्टल (आईजीआरएस) में प्राप्त लोक शिकायतों का निराकरण, ऑनलाइन सर्विस डिलीवरी की सेवाओं में वृद्धि लाए जाने के उद्देश्य से ''सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांव की ओर'' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। श्री त्रिपाठी ने कहा कि इस आयोजना के पीछे केन्द्र व राज्य सरकार की दूरदर्शी सोंच परिलक्षित हो रही है। डीएम ने जिले के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आहवान किया कि पूरी लगन व परिश्रम के साथ शासन द्वारा संचालित ''सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांव की ओर'' अभियान को सफल बनाएं।

मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने बताया कि नीति आयोग द्वारा निर्धारित सूचकांकों कृषि, स्वास्थ एवं पोषण, इंफ्रास्ट्रक्चर, वित्तीय समावेशन, कौशल विकास, शिक्षा इत्यादि के क्षेत्र में आकांक्षात्मक जनपद बहराइच द्वारा उल्लेखनीय उपलब्धि अर्जित की गई है। सीडीओ ने कहा कि मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के 01 ट्रिलियन अर्थ व्यवस्था को प्राप्त करने के लिए जिले द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कृषि प्रधान जनपद बहराइच में कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण आधारित उद्योगों की स्थापना के साथ-साथ प्राकृतिक खेती को भी बढ़ावा देने के प्रयास किए जा रहे हैं।

कार्यक्रम के दौरान केंद्र सरकार के डीएआरपीजी (प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग) के आधिकारिक चौनल पर अपलोड किया गया एक विशेष वीडियो प्रदर्शित किया गया। इस वीडियो में जनपद बहराइच की उन महिलाओं और लाभार्थियों के साक्षात्कार दिखाए गए, जिनके जीवन में वर्तमान शासन की जन-केंद्रित नीतियों के कारण क्रांतिकारी बदलाव आया है। वीडियो के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि किस प्रकार डिजिटल गवर्नेंस और ई-सर्विसेज ने आम जनमानस के जीवन को सुगम बनाया है।

कार्यशाला में विभिन्न विभागों जैसे ग्राम्य विकास, बेसिक शिक्षा, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग द्वारा अपनी उपलब्धियों और ''गुड गवर्नेंस'' मॉडल्स पर आधारित प्रस्तुतीकरण प्रस्तुत की गई। कृषि विभाग द्वारा किसानों की समृद्धि और नवाचार द्वारा वर्ष 2024-25 में उर्वरकों और प्रमाणित बीजों का लक्ष्य के सापेक्ष 85 प्रतिशत से अधिक वितरण सुनिश्चित किया गया।

भाजपा के आगामी कार्यक्रमों एवं अभियानों को लेकर हुई बैठक

टूंडला। भारतीय जनता पार्टी विधानसभा टूंडला की एक बैठक आगामी कार्यक्रमों एवं अभियानों के संदर्भ में एटा रोड स्थित जिला अध्यक्ष के शिविर कार्यालय पर आयोजित की गई। जिसमें विधानसभा के सभी प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के प्रेरणाश्रोत भारत रत्न अटल बिहारी बीजेपी की जन्म जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जायेगा। 24 तारीख को दीपोत्सव में अटल जी के चित्र, मूर्ति पर दीपमाला व दीप जलाए जाएंगे। 25 दिसम्बर को जिला कार्यालय पर प्रदर्शनी लगायी जायेगी। इस क्रम में उन्होंने बताया कि 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में प्रदर्शनी एवम् विचार गोष्ठी एवम् शबद कीर्तन का आयोजन किया जायेगा। 28 दिसंबर को प्रधान मंत्री के मन की बात का 129 वा संस्मरण प्रत्येक बूथ पर सुनाकर बूथ समिति द्वारा सरल ऐप पर अपलोड किया जायेगा। 28,29,30 दिसंबर को विधानसभा स्तर पर अटल स्मृति सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। बैठक में प्रमुख रूप से शिव शंकर शर्मा, दिनेश गुप्ता, महिपाल निषाद, विनोद पाल वीनू, सीताराम एडवोकेट, सुनील पाठक, धर्मेंद्र तेनगुरिया, देवेंद्र बेनीवाल, अजीत कुशवाह, सूरज धाकरे, रामू कुशवाह, देवांशू उपाध्याय, विक्की ठाकुर, ब्रजवीर चौहान आदि मौजूद रहे।

रैन बसेरे में यात्री की मौत

सुल्तानपुर (अवधनामा संवाददाता) सुल्तानपुर जिले के रोडवेज बस स्टेशन स्थित रैन बसेरे में एक यात्री का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है। यात्री की मौत से हड़कंप मच गया। रोडवेज प्रशासन ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही कोतवाली नगर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृत यात्री के शव को कब्जे में लेकर सुल्तानपुर चिकित्सा महाविद्यालय भिजवाया। शुरुआती आशंका जताई जा रही है कि यात्री ने बीती रात शराब पी रखी थी। पुलिस पड़ताल में जुटी है। रैन बसेरे के रजिस्टर में यात्री ने अपना नाम राजकुमार शर्मा और पता ग्राम महरुआ, अंबेडकरनगर दर्ज कराया था। हालांकि, यात्री के पास से मिले आधार कार्ड में उसका नाम राजकुमार राम केवल शर्मा, उम्र 45 वर्ष और पता जैतूनपुरा, भिवंडी, ठाणे, महाराष्ट्र लिखा मिला है। इस घटना से जिला प्रशासन में भी हड़कंप मच गया है। हालांकि, मौत के सही कारण का अभी पता नहीं चल पाया है, लेकिन ठंड से मौत की आशंका भी जताई जा रही है। गौरतलब है कि बीती रात जिलाधिकारी ने स्वयं बस स्टेशन पर रैन बसेरे का दौरा किया था और सभी यात्रियों को अतिरिक्त कंबल वितरित किए थे। सभी यात्री रजाई भी ओढ़े हुए थे।

राहुल नगर चौकी इंचार्ज ने बांटे कंबल

अखंडनगर/सुल्तानपुर (अवधनामा संवाददाता) कड़ाके की ठंड के बीच राहुल नगर चौकी इंचार्ज कन्हैया पाण्डेय ने कुंदा भैरोपुर गांव की मुसहर बस्ती में कंबल वितरित किए। यह वितरण कार्य सुबह 7 बजे शुरू हुआ, जिसमें उच्च गुणवत्ता वाले डबल बेड कंबल बांटे गए। यह कंबल वितरण केवल एक दिन की गतिविधि नहीं है। चौकी इंचार्ज पाण्डेय पूरे शीतकाल में आवश्यकतानुसार बच्चों, बुजुर्गों और त्योहारों के अवसरों पर इन परिवारों को सहायता प्रदान करते रहे हैं। बस्ती के लोग उन्हें कन्हैया भैया और कन्हैया बेटा कहकर संबोधित करते हैं। मुसहर बस्ती जैसे वंचित समुदायों के लिए यह सहायता ठंड से बचाव के साथ-साथ यह संदेश भी देती है कि प्रशासन उनकी जरूरतों के प्रति संवेदनशील है। अधिकारियों द्वारा स्वयं जरूरतमंदों तक पहुंचकर सहायता प्रदान करना समुदाय में सकारात्मकता लाता है। इस प्रकार के प्रयासों से पुलिस की छवि में सुधार होता है और यह समाज में सेवा भाव को बढ़ावा देता है। यह पहल अन्य लोगों को भी जरूरतमंदों की सहायता के लिए प्रेरित कर सकती है।

दोस्तपुर में चोरी का खुलासा तीन आरोपी गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

दोस्तपुर/सुल्तानपुर। सुल्तानपुर जिले के दोस्तपुर थाना क्षेत्र में हुई चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। यह घटना 19 दिसंबर की रात को हुई थी। जानकारी के अनुसार, दो युवक मोटरसाइकिल से ग्राम बेथरा के पास जा रहे थे, तभी वे सड़क किनारे गिर पड़े। आरोप है कि इसी दौरान वहां पहुंचे तीन युवकों ने मौके का फायदा उठाकर उनके पास से सोने के जेवर, मोबाइल फोन, नकदी और अन्य सामान चोरी कर लिया। पीड़ित की तहरीर पर दोस्तपुर थाने में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। क्षेत्राधिकारी कादीपुर विनय गौतम के मार्गदर्शन और थाना प्रभारी निरीक्षक अनिरुद्ध सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई की। आज पुलिस टीम ने सूचना के आधार पर कादीपुर-बेथरा मार्ग स्थित नहर पुलिया के पास से तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। इनमें ग्राम बेथरा निवासी अर्जुन पुत्र संग्राम और अमन पुत्र जगराम, तथा कस्बा दोस्तपुर निवासी रिप्पी पुत्र बंशराज शामिल हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से दो मोबाइल फोन, पीली धातु की एक चेन, दो अंगूठियां और 670 रुपये नकद बरामद किए गए हैं।पुलिस जांच में सामने आया है कि अभियुक्त रिप्पी का पूर्व में आपराधिक इतिहास रहा है, जबकि अन्य दोनों अभियुक्त पहली बार अपराध में संलिप्त पाए गए हैं। तीनों आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई कर उन्हें माननीय न्यायालय सुलतानपुर भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा और अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक भवानी प्रसाद मिश्रा, हेड कांस्टेबल दीपक कुमार पटेल तथा कांस्टेबल रोशन कुमार, मंटू कुमार और राकेश कुमार शामिल रहे।

जिलाधिकारी ने विभिन्न निर्माणाधीन कार्यों एवं परियोजनाओं का निरीक्षण किया

अवधनामा संवाददाता

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी रमेश रंजन ने नगर आयुक्त गुंजन द्विवेदी और मेयर कामिनी राठौर के साथ नगर निगम द्वारा कराए जा रहें, विभिन्न निर्माणाधीन कार्यों और परियोजनाओं का निरीक्षण किया, इस निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि अगले साल सभी प्रोजेक्ट पूरे करा लिए जाएं, हमारा प्रयास है कि शहरी क्षेत्र में एक बेहतर आधारभूत संरचना विकसित हो, जिससे नागरिकों को जिन असुविधाओं का सामना करना पड़ता है, उससे उन्हें राहत मिल सके, हमारा प्रयास है कि नगर निगम में हम सामान्य वर्ग के व्यक्तियों के लिए मैरिज हॉल, मीटिंग हॉल या अन्य सुविधाजनक चीजों का विकास करें, जिससे उनके जीवन में गुणात्मक बदलाव हो सके। हमारा प्रयास है कि हमारा शहर साफ-स्वच्छ और जाममुक्त हो, इस क्रम में जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के अंतर्गत कम्युनिटी सेंटर, बहुउद्देशीय हॉल का निरीक्षण किया, यह बहुउद्देशीय हाल मै0 स्वरूप कंस्ट्रक्शन द्वारा 977.73 लाख की लागत से निर्मित किया जा रहा है, यह कार्य 2 जुलाई 2025 को प्रारंभ हुआ था, जिसे 1 जुलाई 2026 तक पूरा होना है, जिलाधिकारी ने कहा कि इसके निर्माण में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखें। जिलाधिकारी ने निर्माण में प्रयुक्त हो रही ईट, सीमेंट व मोरम की गुणवत्ता को भी देखा, जिलाधिकारी ने कहा कि यह प्रोजेक्ट शहर के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

इसलिए उन्होंने कार्यदाई संस्था को निर्देशित किया कि कार्य अपने निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा हो, ताकि जनता का इसका लाभ मिल सके। इसके बाद जिलाधिकारी ने पास ही बना रहे 1.24 किलोमीटर लम्बाई की स्मार्ट रोड का भी निरीक्षण किया, जहां पर जिलाधिकारी ने सड़क को खुदवाकर वहां पर लगे हुए टाइल्स की गुणवत्ता को देखा, जहां पर गुणवत्ता ठीक पाई गई, परंतु उन्होंने स्मार्ट रोड की धीमी प्रगति पर नाराजगी दिखाई, उन्होंने कहा कि इसे शीघ्र पूरा करें, इसमें विलंब नहीं होना चाहिए। इसके बाद जिलाधिकारी राज्य सिटी स्मार्ट योजान्तर्गत जलकल कार्यालय रसूलपुर रोड पर जोनल कार्यालय का भी निरीक्षण करने गए, जो 941.18 लाख की लागत से निर्मित किया जा रहा है, जिसे 5 नवंबर 2026 तक पूरा किया जाना है, जिलाधिकारी ने यहां नगर आयुक्त और मेयर के साथ निरीक्षण कर कार्यदायीं संस्था को निर्देशित किया कि यहां चल रहे कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करें, साथ ही उन्होंने कहा कि यहां पर जो भी कमरे निर्मित किए जा रहे हैं, उनकी गुणवत्ता और उपयोगिता का ध्यान अवश्य रखा जाए।

कोर्ट नोटिस

मा. न्याय. अपर सिविल जज (सीडि) चतुर्थ, सहारनपुर के आदेश अनुसार सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अदालत के द्वारा इजराए वाद सं. 6/2021 (कम्प्ययूटर सं.11/2021), आदेश त्यागी बनाम राजकुमार। उक्त वाद के निष्पादन हेतु कुर्क हुई सम्पत्ति की पब्लिक नीलामी की कार्यवाही न्यायालय के आदेश अनुसार निम्न वत् सम्पन्न की जायेगी। नीलामी की तिथि- 05.01.2026 नीलामी का समय 11 बजे सुबह से शाम 4 बजे तक नीलामी स्थल पंचायत भवन, सीडकी, परगना हरौडा तहसील व जिला सहारनपुर।

आज्ञा से.. अपर सिविल जज (सी0डि0) चतुर्थ, सहारनपुर।

डीएम ने किया ईवीएम वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण

फिरोजाबाद (अवधनामा संवाददाता) जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ ई0वी0एम0 वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान सुरक्षा मानकों, साफ-सफाई, अग्निशमन यंत्रों की जांच की गई, जिलाधिकारी ने सभी संबंधितों को निर्देशित किया कि यहां की सुरक्षा में किसी प्रकार की कोई कोताई न बरती जाए, निरीक्षण के दौरान समाजवादी पार्टी के डॉ0 विजय आर्य, सीपीआईएम के जिला मंत्री नवल सिंह, भारतीय जनता पार्टी के शैलेंद्र सिंह, बहुजन समाज पार्टी के जिला प्रभारी अभिलेश कुमार, कांग्रेस के वॉर रूम प्रभारी संदीप ओझा व महासचिव शैलेंद्र शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

किसान सम्मान दिवस पर जनपद स्तरीय किसान मेला व प्रदर्शनी आयोजित

अवधनामा संवाददाता

हमीरपुर। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की जयंती के अवसर पर मंगलवार को राजकीय महिला महाविद्यालय, हमीरपुर में जनपद स्तरीय किसान सम्मान दिवस एवं किसान मेला/प्रदर्शनी/गोष्ठी तथा फल-शाकभाजी शो का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन नगर पालिका अध्यक्ष कुलदीप निषाद, जिलाध्यक्ष श्रीमती शकुन्तला निषाद, अध्यक्ष डीसीडीएफ, राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद एवं जिलाधिकारी द्वारा किया गया। उद्घाटन के पश्चात अतिथियों ने मेला परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण किया। राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद ने कहा कि स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह ने जमींदारी उन्मूलन, कृषि विपणन अधिनियम तथा मंडी परिषदों के गठन के माध्यम से किसानों के हित में महत्वपूर्ण कार्य किए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा किसानों के कल्याण हेतु विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिन्हें जनपद स्तर पर अधिकारियों द्वारा किसानों तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने किसानों से सफल कृषकों के अनुभवों से सीख लेने तथा कृषि विज्ञान केंद्र और विभागीय विशेषज्ञों से संपर्क कर नवीन तकनीकों को अपनाने की अपील की। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में सिंचाई संसाधनों में वृद्धि से फसलों के आच्छादन क्षेत्र में विस्तार हुआ है। खेत तालाब योजना से सिंचाई का क्षेत्र बढ़ा है। उन्होंने कहा कि जनपद ने बागवानी के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है, विशेषकर मुस्करा विकास खंड के किसानों द्वारा मुसम्मी उत्पादन में कीर्तिमान स्थापित कर उसका निर्यात किया जा रहा है। उप कृषि निदेशक डा. प्रमोद कुमार ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए विभागीय योजनाओं पर प्रकाश डाला तथा स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह द्वारा किए गए कृषक हितैषी कार्यों की संक्षिप्त जानकारी दी। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र, कृषि, उद्यान, पशुपालन एवं मत्स्य विभाग के वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों द्वारा उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने हेतु नई तकनीकों की जानकारी किसानों को उपलब्ध कराई गई। किसान सम्मान दिवस के अवसर पर प्रत्येक विकास खंड से 5-5 किसानों को शाल, प्रशस्ति पत्र एवं 2000 रुपये की धनराशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं जनपद मुख्यालय पर 17 प्रथम एवं 17 द्वितीय पुरस्कार सहित कुल 34 किसानों को क्रमशः 7000 एवं 5000 रुपये की पुरस्कार राशि, शाल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डा. जी.के. द्विवेदी द्वारा किया गया। अंत में जिला कृषि अधिकारी डा. हरि शंकर ने कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं किसान भाइयों के प्रति आभार व्यक्त किया।

निगाही टीम ने ब्लॉक-बी को हराकर हासिल की जीत

अवधनामा संवाददाता

सोनभद्र/सिंगरौली। सोमवार को सिंगरौली स्थित कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की दूधीचुआ परियोजना में अंतर क्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता 2025-26 सफलता पूर्वक सम्पन्न हुई। यह प्रतियोगिता लीग कम नॉकआउट के आधार पर 15 दिसम्बर से 22 दिसम्बर, 2025 तक आयोजित की गयी जिसमें एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों से कुल 12 टीमों ने भाग लिया। समापन समारोह के दौरान महाप्रबन्धक (मानव संसाधन), राजेश त्रिवेदी, कंपनी जेसीसी सदस्य-सीएमएस से अजय कुमार, आरसीएसएस से लाल पुष्पराज सिंह, बीएमएस से श्यामधर दुबे, एचएमएस से अशोक पांडे, क्षेत्रीय महाप्रबन्धक (दूधीचुआ), विनोद कुमार सिंह, एनसीएल स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड सदस्य, दूधीचुआ क्षेत्र के समस्त विभागाध्यक्ष, परियोजना जेसीसी एवं स्पोर्ट्स समिति के सदस्य एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान अपने संबोधन में राजेश त्रिवेदी ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी टीमों के खेल भावना की सराहना करते हुए विजेताओं को बधाई दी। साथ ही उन्होने खेल को अनुशासन, टीमवर्क, नेतृत्व का जरिया बताते हुए उपस्थित सभी से खेल-कूद को अपनी दैनिक जीवन में शामिल करने हेतु आह्वान किया। अंतर क्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता 2025-26 के फाइनल मैच में निगाही और ब्लॉक-बी परियोजना की टीमें आमने-सामने रहीं, जिसमें निगाही ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 47 रनों से जीत दर्ज की और विजेता ट्रॉफी अपने नाम की।

गरीबों के बीच निःशुल्क 250 का कम्बल वितरण

अनपरा/सोनभद्र। नगर के ग्रामीण इलाको मे ठंड और ठिठुरन बढते जा रही है। घना कोहरा, सर्द हवाए के आगे धूप का भी बेअसर होते नजर आने लगा है वही ठंड से बचाव के लिए गरीब, असहाय एवं वृद्ध लोगो के बीच रविवार को प्राथमिक विद्यालय वनपैसा, ग्राम सभा पाटी, थाना पिपरी, विकासखंड म्योरपुर, सोनभद्र में समूह द्वारा संचालित 19 सूत्रीय कार्यक्रम के अन्तर्गत शाखा रेणुकूट, सोनभद्र, प्रधान कार्यालय श्री सर्वेश्वरी समूह, अवधूत भगवान राम कुष्ठ सेवाश्रम पड़ाव, वाराणसी के तत्वावधान में निःशुल्क कम्बल वितरण के कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें गरीब, असहाय एवं वृद्ध लोगो के बीच 250 कम्बल वितरित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ एबीआर पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष श्री आशीष सिंह जी द्वारा संस्था के संस्थापक परम पूज्य अघोरेश्वर महाप्रभु तथा अध्यक्ष परम पूज्य बाबा गुरूपद सम्भव राम जी के तेलचित्रों के समक्ष माल्यार्पण एवं पूजन तदुपरांत म्योरपुर ब्लॉक प्रमुख श्री मान सिंह गोंड़ जी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर शाखा मंत्री श्री एस. पी. यादव जी ने मानव कल्याण हेतु समूह द्वारा संचालित 19 सूत्रीय कार्यक्रमों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया।

कस्बे में खुलेआम हो रहा यातायात नियमों का उल्लंघन

मौदहा हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता) बिना हेल्मेट बाईकर्स का चालान काटने वाली पुलिस और यातायात विभाग को नियमों का उल्लंघन नजर नहीं आता है और हादसे के बाद जागरूकता अभियान शुरू हो जाते हैं। मंगलवार को एक सोशल मीडिया में एक वीडियो जमकर वायरल हुआ जिसमे एक बाईकर्स बाईक में अपने अलावा चार बच्चों को बैठा कर लिए जा रहा है। यहां सबसे रोचक बात यह है कि इतनी भीषण सर्दी में बाइकर्स तो मफलर बांधे हुए है लेकिन चारों बच्चों के सिर में कुछ नहीं बंधा जिससे बच्चों को सर्दी लगने की संभावना भी बढ जाती है। वायरल वीडियो कस्बे के सरकारी अस्पताल के पास का बताया जा रहा है हालांकि समाचार पत्र वायरल वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है।

उपजिलाधिकारी ने किया कम्बल वितरण

मौदहा हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता) क्षेत्र में पड रही भीषण सर्दी और कोहरे के चलते उपजिलाधिकारी और तहसीलदार ने तहसील प्रांगण में कम्बल वितरण किया। इस समय क्षेत्र भीषण शीतलहर और कोहरे की चपेट में आ गया है। जिसके चलते राजस्व विभाग द्वारा आमजन को सर्दी से बचाने की कोशिश शुरू हो गई है। उसी सिलसिले में मंगलवार की शाम तहसील प्रांगण में उपजिलाधिकारी कर्णवीर सिंह और तहसीलदार शिखर मिश्रा ने गरीबों को कम्बल वितरण किए बताते चलें कि दो दिन पहले भी उपजिलाधिकारी और तहसीलदार सहित राजस्व विभाग के जिम्मेदारों ने कस्बे की मुख्य सडकों में रात में कम्बल वितरण किए थे। इस दौरान नायब तहसीलदार महेंद्र गुप्ता, कानून गो मौदहा, लेखपाल अवनीश, डा. रविकांत पाठक गौथन वर्ग विश्वविद्यालय स्वीडन सहित अन्य जिम्मेदार मौजूद रहे। इस दौरान उपजिलाधिकारी ने बताया कि लोगों को ठण्ड से बचाना हमारी पहली प्राथमिकता है इसलिए हम और राजस्व विभाग के जिम्मेदार रात में भी क्षेत्र में दौरा कर अलाव आदि की व्यवस्था देख रहे हैं और कम्बल बांट रहे हैं।

शीतलहर के चलते बढाई गई स्कूलों की छुट्टियां

हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता) क्षेत्र में पड रही भीषण सर्दी और कोहरे के चलते कक्षा एक से आठ तक के सभी बोर्डो से सम्बद्ध स्कूलों की छुट्टियां बढा दी गई हैं। जिलाधिकारी के निर्देश पर क्षेत्र में पड रही भीषण सर्दी कोहरा और शीतलहर को लेकर बच्चों के स्वास्थ्य को देखते हुए जिले में संचालित नर्सरी से कक्षा आठ तक के सभी बोर्डो के स्कूलों को आगामी 26 दिसंबर तक बंद करने का निर्देश दिया गया है इस दौरान अध्यापक स्कूलों में उपस्थित रहकर विभागीय कार्य करेंगे उक्त जानकारी आलोक सिंह जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी हमीरपुर ने पत्र जारी कर दी।

जिलाधिकारी से रास्ता बनवाने की मांग

मौदहा हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता) कस्बे के मोहम्मद हनीफ सहित लगभग आधा दर्जन लोगों ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर बताया कि उनके प्लाट और मकान मंकरांव में हैं जहां पर लगभग दो सौ से तीन सौ मीटर कच्चा रास्ता है जिसमें निकलना मुश्किल है। इसके चलते वह अपने प्लाट नहीं बनवा पा रहे हैं और जिनके बन गए हैं वह रह नहीं पा रहे हैं इस बारे में कई बार शिकायत की गई है लेकिन रास्ता नहीं बना है। सभी ने मांग की है कि यदि सीसी रोड न बन सके तो खडण्जा या रोडा डलवा कर रास्ता चलने लायक बनवा दें। इस दौरान अबरार निजामी, मोहम्मद वसीम, परवेज पेंटर, लाला, यार मोहम्मद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

बांग्लादेश में आतंकवादी वैचारिक तत्वों द्वारा हिन्दू समुदाय को निशाना बनाना इस्लामिक शिक्षा के विरुद्ध

सोनभद्र/अवधनामा ब्यूरो। बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यक युवक दीपू चंद्र दास की भीड़ द्वारा हत्या कोई आकस्मिक घटना नहीं, बल्कि वहां की सरकार की नाकामी और हिंदू-विरोधी माहौल का परिणाम है। यह कायराना हरकत इस्लामिक शिक्षा के विरुद्ध है।यह सीधा-सीधा अल्पसंख्यकों के अस्तित्व पर हमला है और बांग्लादेश में कानून व्यवस्था के ढह जाने का प्रमाण है। बांग्लादेश सरकार को स्पष्ट और कठोर चेतावनी है कि यदि हिंदुओं पर हो रहे हमले तत्काल नहीं रुके, दोषियों को कठोरतम सज़ा नहीं दी गई और हिंदू समुदाय को सुरक्षा नहीं मिली, तो यह विषय भारत सहित अंतरराष्ट्रीय मंचों पर गंभीर राजनीतिक और कूटनीतिक मुद्दा बनेगा। हिंदुओं के खून को सस्ता समझने की भूल न की जाए। अल्पसंख्यकों पर हिंसा को आंतरिक मामला बताकर छुपाने का दौर अब समाप्त हो चुका है। भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा इस अन्याय के विरुद्ध सड़क से लेकर अंतरराष्ट्रीय मंच तक संघर्ष करेगा। बांग्लादेश को यह समझ लेना चाहिए कि हिंदू अल्पसंख्यक अकेले नहीं हैं और भारत चुप बैठने वाला नहीं है।

अनियंत्रित ट्रेंलर 11000 वोल्ट एचटी विद्युत पोल से टकराई, 20 घण्टे से विद्युत आपुर्ति हुआ ठप।

अनपरा/सोनभद्र (अवधनामा संवाददाता) काशीमोड़ मिडीया कार्यालय के पास रविवार को देर रात अनियंत्रित ट्रेंलर एचटी पोल से टकरा गया। मामला थाना अनपरा अंर्तगत घटनास्थल पर मौजूद चालक हरिलाल ने बताया की दुद्धिचुआ खदान से कोयला लोडकर वाराणसी चंदासी मंदी जा रहा था। रात 11 बजे काशीमोड़ से जैसे ही आगे बढा सामने से आ रही वाहन को बचाने में ट्रक सड़क किनारे करने का कोशीश किया सड़क किनारे जलजमाव होने के कारण पटरी किनारे नाली में ट्रक चला गया ट्रेंलर अनियंत्रित हो जाने से एचटी पोल में टक्करा गया जिससे पोल व विद्युत लाईन टूट गया। स्थानीय लोगो द्वारा घटना कि सुचना विभाग व स्थानीय पुलिय को दे दिया गया। विद्युत विभाग ने बताया कि सुबह से टिम लगी हुई है थोड़े वक्त मे विद्युत बहाल हो जाएगा। जिस वाहन से पोल टुटा था वाहन स्वामी भी पुर्ण सहयोग किए विद्युत बहाल कार्य में इसलिए कोई वाहन पर कार्यवाई नही हुई।

एनसीएल ने सीएचपी रखरखाव एवं स्वच्छता केंद्रित 'वार्षिक रखरखाव एवँ स्वच्छता सप्ताह अभियान' का किया शुभारंभ

सोनभद्र/सिंगरौली (अवधनामा संवाददाता) सिंगरौली स्थित कोल इंडिया लिमिटेड की अग्रणी अनुषंगी कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ने एक नवाचारी पहल के तहत आज से अपनी सभी परियोजनाओं में अवस्थित कोल हैंडलिंग प्लांट्स (सीएचपी) के रखरखाव एवं स्वच्छता पर केंद्रित 'वार्षिक रखरखाव एवँ स्वच्छता सप्ताह अभियान' का शुभारंभ किया। इस अभियान के अंतर्गत एनसीएल के सभी विभागीय सीएचपी, आउटसोर्सिंग सीएचपी सहित सभी एफएमसी परियोजनाओं का निरीक्षण निरीक्षक दलों द्वारा किया जा रहा है। एनसीएल मुख्यालय के निर्देशन में विद्युत और यांत्रिक और सीएचपी विशेषज्ञों की अलग अलग टीमों द्वारा कोल हैंडलिंग प्लांट्स का निरीक्षण किया जा रहा है।

एनटीपीसी विंध्याचल विंध्य क्लब द्वारा हर्षोल्लास के साथ मना क्रिसमस उत्सव

अवधनामा संवाददाता

सोनभद्र/विंध्यनगर। एनटीपीसी विंध्याचल के विंध्य क्लब में 21 दिसंबर 2025 को आयोजित क्रिसमस समारोह के दौरान उत्सवपूर्ण रंगों, हंसी और उमंग का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस आयोजन ने क्लब के सदस्यों एवं उनके परिवारजनों को एक साथ जोड़ते हुए आपसी सौहार्द और उल्लासपूर्ण वातावरण का सृजन किया।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों, महिलाओं एवं पुरुषों के लिए आयोजित विभिन्न मनोरंजक खेलों ने सभी को उत्साहित और व्यस्त बनाए रखा। सांता क्लॉज़ का आगमन समारोह का प्रमुख आकर्षण रहा, जिन्होंने बच्चों को उपहार वितरित कर उनके चेहरों पर मुस्कान बिखेरी। केक कटिंग समारोह ने कार्यक्रम में मधुरता का रंग भरा। इसके पश्चात आकर्षक पुरस्कारों के साथ ग्रैंड तम्बोला का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर संजीब कुमार साहा, परियोजना प्रमुख(विंध्याचल) की गरिमामयी उपस्थिति रही। उनके साथ वरिष्ठ प्रबंधन टीम के सदस्य ए.जे. राजकुमार, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), एम. सुरेश, महाप्रबंधक (मेंटेनेंस एवं एडीएम) तथा एस.के. सिन्हा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं एफएम) भी उपस्थित रहे। संपूर्ण संध्या ने क्रिसमस की वास्तविक भावना, खुशी, सौहार्द और उत्सवी उल्लास को सजीव करते हुए सभी के लिए अविस्मरणीय स्मृतियाँ छोड़ीं।

राष्ट्रीय संगोष्ठी में डा. शर्मा आमंत्रित

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में डा0 एन के शर्मा पूर्व अधिष्ठाता ने मुख्य वक्ता के रूप में सहभागिता करते हुए सौर ऊर्जा-अवसर एवं चुनौतिया विषय पर अवगत कराया कि सौर ऊर्जा क्षेत्र में भारत के लिए अपार अवसर हैं जैसे रोजगार सृजन, स्वच्छ ऊर्जा और ऊर्जा स्वतंत्रता। उन्होंने अपने ऑनलाइन प्रस्तुतीकरण में सौर ऊर्जा के क्षेत्र में प्रमुख चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए अवगत कराया कि उच्च शुरुआती लागत, भूमि अधिग्रहण की समस्या, तकनीकी निर्भरता और जागरूकता की कमी प्रमुख रूप से शामिल हैं। डा0शर्मा ने बताया कि सरकार कई परियोजनाओं जैसे सोलर पार्क, सोलर रूफटॉप योजना के माध्यम से इन अवसरों का लाभ प्रदान कर रही है और चुनौतियों का समाधान कर रही है। जिससे हमारा देश नेट-जीरो लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। डा0शर्मा ने बताया कि सौर परियोजनाओं से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा हो रहे है और सकल आय बढ़ रही है, साथ ही अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन के माध्यम से वैश्विक स्तर पर नेतृत्व और साझेदारी बढ़ रही है। श्री शर्मा ने आगे बताया कि भारत सौर ऊर्जा क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है लेकिन इन अवसरों का पूरा लाभ उठाने और चुनौतियों से निपटने के लिए निरंतर प्रयासों को नवाचार की आवश्यता है। हाल ही में डा0शर्मा का मदुरै, तमिलनाडु में डीन एक्सीलेंस पुरस्कार हेतु चयन भी किया गया है। अंत में उन्होंने अपने संबोधन में विश्वविद्यालय के कुलपति डा. के के सिंह एवं संगोष्ठी के संयोजक डा. प्रेरणा को आमंत्रित करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

छः माह के बहिष्कार के बाद चली नायब तहसीलदार की कोर्ट

सुलतानपुर। तहसील बल्दीराय में नायब तहसीलदार की कोर्ट का विगत लगभग छः माह से चला आ रहा बहिष्कार मंगलवार को समाप्त हो गया। बहिष्कार खत्म होते ही कोर्ट का नियमित संचालन शुरू हो गया, जिससे क्षेत्र के वादकारियों में न्याय मिलने की नई उम्मीद जगी है। बताया जा रहा है कि नायब तहसीलदार बल्दीराय की कोर्ट का बहिष्कार अधिवक्ता संघ के कानूनी एवं आपसी मतभेदों के चलते चल रहा था। इस कारण लंबे समय से वादों की सुनवाई प्रभावित हो रही थी और वादकारी न्याय के लिए भटकने को मजबूर थे। मंगलवार को आपसी सहमति और मतभेद समाप्त होने के बाद बहिष्कृत कोर्ट का संचालन पुनः शुरू हो गया। अब यह कोर्ट प्रतिदिन नियमित रूप से चलेगी, जिससे लंबित मामलों के निस्तारण की प्रक्रिया में तेजी आने की संभावना है। कोर्ट के दोबारा शुरू होने से तहसील क्षेत्र के वादकारियों में राहत का माहौल है और लोगों को भरोसा है कि अब उनके मामलों की सुनवाई समयबद्ध तरीके से हो सकेगी।

कृषि इंजीनियरिंग कॉलेज में मना राष्ट्रीय किसान दिवस

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के इटावा परिसर स्थित कृषि इंजीनियरिंग कॉलेज में किसान नेता भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की 123 वीं जयंती राष्ट्रीय किसान दिवस के रूप मे मनाई गई। जिस पर एक छोटी मैराथन दौड़ का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. जे पी यादव और डॉ. के के पटेल ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के संक्षिप्त जीवन परिचय से किया। वहीं दुग्ध एवं मत्स्य महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अजीत सिंह ने उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। अधिष्ठाता डॉ. देवेंद्र सिंह ने बताया कि चौधरी साहब भूमि सुधारों के प्रमुख सूत्रधार थे एवं जोत अधिनियम लाकर किसानों के लिए कार्य करते हुए उन्होंने अपना पूरा जीवन समर्पित किया। उन्होंने अपनी अगुवाई में सभी विद्यार्थियों, कर्मचारियों, अधिकारियों से राष्ट्रीय किसान दिवस पर किसानों के मसीहा भारत रत्न चौधरी साहब के सम्मान में एक छोटी मैराथन भाग लिया। इस मैराथन में अधिष्ठाता डॉ. देवेंद्र सिंह, डॉ. अजीत सिंह, डॉ. जे पी यादव, डॉ. के के पटेल, सत्येंद्र पाल, इंजी. मलीहा खानम, डॉ श्वेता दुबे, डॉ. आशुतोष, डॉ अरुण कुमार सहित समस्त कर्मचारियों और छात्र-छात्राओ ने प्रतिभाग किया।

विस्टा लाइफ केयर प्रा. लि. की द्वितीय वर्षगांठ पर हुआ रिवार्ड एवं अवार्ड समारोह सम्पन्न

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। विस्टा लाइफ केयर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की द्वितीय वर्षगांठ पर रविवार को रिवार्ड एवं अवार्ड समारोह के पी गार्डन में बहुत ही सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर कम्पनी के सी एम डी मुजीब उल्लाह ने राष्ट्रगान से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समारोह में कम्पनी के काफी संख्या में डिस्ट्रीब्यूटर्स ने अपना रिवार्ड मुख्य अतिथि डॉ. अलका महेश, डॉ. सुनीता आर्य व रेनू पचौरी मिस इण्डिया से प्राप्त किया। कम्पनी के सी एम डी मुजीब उल्लाह ने बताया कि जनपद की शमा परवीन इलीट डायरेक्टर को आई फोन कीमत एक लाख पचास हजार रुपये का गिफ्ट दिया गया। एमराल्ड डायरेक्टर डॉ. रजनीश कुमार, शमीम अहमद, आसिफ हुसैन लखनऊ, योगेश कांत को एक-एक बाइक गिफ्ट में दी गई। चार टोपाज़ डायरेक्टर को लैपटॉप। बीस डायमंड डायरेक्टर को 32 इंच की एल ई डी टी वी। तीस स्टार डायरेक्टर को आर ओ व चालीस गोल्ड डायरेक्टर, 45 सिल्वर डायरेक्टर, 60 डायरेक्टर को भी गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया है। कम्पनी के सी ई ओ देवेंद्र सिंह को फाउंडर योगेश कांत सी एम डी मुजीब उल्लाह, जुबैर वारसी, कबीर सर आदि ने अतिथियों का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। अंत में कम्पनी के सी एम डी ने कहा कि हमारा मिशन बीमारी व बेरोज़गारी मुक्त हो भारत।

कटसारी कादीपुर में शिमला मिर्च की खेती पर किसान गोष्ठी

कादीपुर/सुल्तानपुर (अवधनामा संवाददाता) कादीपुर तहसील के ग्राम सभा कटसारी कादीपुर में शिमला मिर्च की उन्नत खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में कृषि विशेषज्ञ डॉ. जे.पी. सिंह ने किसानों को शिमला मिर्च की खेती से जुड़ी आधुनिक तकनीकों और आर्थिक लाभ की जानकारी दी। डॉ. सिंह ने बताया कि सही किस्म का चयन, संतुलित खाद व उर्वरक का प्रयोग, समय पर सिंचाई और कीट एवं रोग प्रबंधन से शिमला मिर्च की खेती किसानों के लिए लाभकारी साबित हो सकती है। उन्होंने नर्सरी तैयार करने की विधि, पौध रोपण की उचित दूरी, मल्चिंग तकनीक तथा पॉलीहाउस और खुले खेत में खेती के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों पर भी विस्तार से चर्चा की। गोष्ठी के दौरान किसानों ने अपनी समस्याएं और अनुभव साझा किए, जिनका समाधान विशेषज्ञ द्वारा मौके पर ही किया गया। किसानों ने बाजार की संभावनाओं और फसल से बेहतर आमदनी को लेकर भी जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर योगेंद्र पांडेय, राजकुमार पांडेय, नितिन पांडेय, डब्बू वर्मा, राजेश वर्मा, उमेश पांडेय, अनिल पाठक, मनीष पांडेय, संतोष पांडेय सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। किसानों ने गोष्ठी को उपयोगी बताते हुए भविष्य में इस तरह की बैठकों को नियमित रूप से आयोजित करने की मांग की।

सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर



अवधनामा ब्यूरो

इटावा। सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर के अंतर्गत ग्राम चौपाल के सफल क्रियान्वयन के लिए जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में मंगलवार को विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में बैठक आयोजित की गई। उन्होंने समस्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर के अंतर्गत ग्राम चौपाल में मुनादी आदि कराकर लोगों को जागरूक किया जाए एवं सभी योजनाओं का प्रचार-प्रसार अवश्य किया जाए। उन्होंने कहा कि सुशासन सप्ताह के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में कुछ प्रशासनिक गतिविधियां/कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहें है, जिसमें विभागीय अधिकारी की सहभागिता अवश्य होनी चाहिए, जिससे कार्यक्रम का संचालन सही ढंग से हो सके। उन्होंने कहा कि किसी भी काम को करने में जवाबदेही, पारदर्शिता अवश्य होनी चाहिए तभी सही मायने में गुड गवर्नेंस स्थापित हो सकेगा। चौपाल के अंतर्गत जनता की सभी समस्याओं को सुना जाए एवं सभी योजनाओं के बारे में उन्हें जागरूक भी किया जाए साथ ही साथ उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति छूटने न पाए एवं सभी पात्र लाभार्थियों को पात्रता के अनुसार योजनाओं का लाभ अवश्य दिया जाए। उन्होंने कहा कि सुशासन सप्ताह प्रत्येक वर्ष 19 दिसंबर से 25 दिसंबर तक मनाया जाता है। उन्हेंने कहा कि इस सुशासन सप्ताह में छूटे हुए फैमिली आईडी के लाभार्थियों का भी कार्य किया जाए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, जिला पंचायत राज अधिकारी बनवारी सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी रमेश चन्द्र, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. राजेश कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी प्रदीप कुमार तिवारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

गांव के रसूखदार पर किशोरी से छेड़छाड़ का आरोप

मौदहा हमीरपुर। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी ने अपने नौकर की नाबालिग पुत्री के साथ छेडछाड की घटना को अंजाम दिया। किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने कोतवाली में शिकायती पत्र देकर बताया कि वह गांव के एक रसूखदार व्यक्ति के घर में मजदूरी करने का काम करता है। बीते 11 दिसंबर को जब वह अपने खेत में पानी लगाने गया था तो उसने अपनी नाबालिग पुत्री को जानवरों का गोबर उठा कर साफ सफाई करने को कह गया था। उसी सिलसिले में किशोरी सफाई करने गई तभी मालिक ने उसके साथ छेडछाड की, पीडिता द्वारा जब अपने घर में यह बात बताई गई तो पीडिता का पिता शिकायत करने गया इसपर आरोपी ने शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीडित ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है जिसपर पुलिस ने कार्यवाही शुरू कर दी है। इस सम्बन्ध में कोतवाली प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है जांच के बाद कार्यवाही की जाएगी।

एनसीएल सीएसआर खडिया क्षेत्र द्वारा जरूरतमंद ग्रामीणों को कंबल वितरण

अवधनामा संवाददाता

सोनभद्र/शक्तिनगर। कड़ाके की ठंड एवं गलन को दृष्टिगत रखते हुए नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) के खडिया क्षेत्र द्वारा सीएसआर गतिविधियों के अंतर्गत चिल्कदांड, परसवार राजा एवं निमियाटांड़ बस्ती में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

आज दिनांक 22 दिसंबर 2025 को आयोजित इस कार्यक्रम के अंतर्गत दिव्यांग, विधवा, बुजुर्ग एवं अन्य जरूरतमंद ग्रामीण नागरिकों को भीषण ठंड से राहत प्रदान करने हेतु गर्म ऊनी कंबल वितरित किए गए। इस अवसर पर कुल 175 जरूरतमंद परिवारों को कंबल प्रदान किए गए।

कार्यक्रम का आयोजन खडिया क्षेत्र के क्षेत्रीय महाप्रबंधक के. डी. जैन के मुख्य आतिथ्य एवं मार्गदर्शन में तथा विवेक चतुर्वेदी, स्टाफ अधिकारी (मानव संसाधन) के निर्देशानुसार संपन्न हुआ। कंबल प्राप्त कर जरूरतमंद ग्रामीणों ने ठंड के मौसम में राहत महसूस की। इस अवसर पर क्षेत्रीय महाप्रबंधक के. डी. जैन ने कहा कि सीएसआर के अंतर्गत किया गया यह प्रयास समाज के कमजोर वर्गों के लिए अत्यंत सहायक सिद्ध हो रहा है। एनसीएल खडिया क्षेत्र मानवीय संवेदनाओं के साथ सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के लिए सदैव प्रतिबद्ध है तथा भविष्य में भी इस प्रकार के कल्याणकारी कार्य निरंतर किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित महेंद्र सेन ने अपने उद्बोधन में एनसीएल सीएसआर खडिया क्षेत्र के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विवेक चतुर्वेदी, स्टाफ अधिकारी (मा. सं.), दुद्धी तहसीलदार, नोडल अधिकारी (सीएसआर) अमरेंद्र कुमार, स्थानीय समाजसेवी महेंद्र सेन, शशांक अग्रहरी ,, जितेंद्र सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों द्वारा अपनी विभिन्न समस्याएं भी साझा की गई, जिन पर खडिया प्रबंधन द्वारा संज्ञान लिया गया। उल्लेखनीय है कि खडिया क्षेत्र द्वारा इस शीत ऋतु में विभिन्न अवसरों पर कुल 450 कंबलों सहित अन्य आवश्यक सामग्री के वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

प्रधानमंत्री मोदी कल लखनऊ में स्वास्थ्य और सुरक्षा अलर्ट मोड पर

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 दिसंबर लखनऊ में प्रस्तावित कार्यक्रम और राष्ट्र प्रेरणा केंद्र के लोकार्पण को लेकर सुरक्षा घेरा कड़ा कर दिया गया है। इसके साथ ही 24 दिसंबर की आधी रात से ही शहर के एंट्री पॉइंट्स और आंतरिक सड़कों पर यातायात बदल दिया जाएगा। खास तौर पर दुबग्गा, मलिहाबाद, सीतापुर रोड और हरदोई रोड से आने वाले यातायात को वैकल्पिक मार्गो का सहारा लेना होगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने तैयारी पूरी कर ली है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से केजीएमयू, पीजीआई और लोकबंधु अस्पताल को सेफ हाउस बनाया गया है। लोकबंधु की टीम एयरपोर्ट पर मुस्तैद रहेगी। इसके अलावा एंबुलेंस, प्रधानमंत्री के ब्लड ग्रुप के लाइव डोनर की भी पुख्ता व्यवस्था कर रखी गई है। प्रधानमंत्री के शहर में आगमन से लेकर जाने तक 20 बीएलएस (बेसिक लाइफ सपोर्ट) और चार एएलएस (एडवांस लाइफ सपोर्ट) एंबुलेंस अलर्ट रहेंगी। प्रधानमंत्री के ब्लड ग्रुप के दो लाइव डोनर उनकी फ्लीट में रहेंगे। सभी ब्लड बैंकों में प्रधानमंत्री के ब्लड ग्रुप वाले रक्त को सुरक्षित रखने के निर्देश भी दिए गए हैं। इसके अलावा कार्यक्रम स्थल की पार्किंग में डॉक्टर व स्टॉफ की 20 टीमें रहेंगी। पीएम की फ्लीट के साथ चार टीमें रहेंगी।

लखनऊ स्थित बसंत कुंज योजना में बने राष्ट्र प्रेरणा केंद्र के भव्य लोकार्पण समारोह (25 दिसंबर) को देखते हुए लखनऊ ट्रैफिक पुलिस ने विस्तृत रूट डायवर्जन प्लान जारी किया है। यह व्यवस्था 24 दिसंबर की रात 12:00 बजे से कार्यक्रम की समाप्ति तक प्रभावी रहेगी। लोकार्पण कार्यक्रम के चलते बसंत कुंज और उसके आसपास के रास्तों पर आवाजाही बंद रहेगी।

- मलिहाबाद और मुजासा से बाजनगर और छंदोइया की ओर जाने वाले सभी वाहन अब जीरो पॉइंट मोहान रोड होकर जाएंगे
- दुबग्गा और तिकोनिया तिराहा से दुबग्गा की ओर भारी वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। ये वाहन नहर तिराहा और खुशहालगंज होकर किसानपथ जा सकेंगे।
- भिठौली तिराहा से कार्यक्रम स्थल की ओर जाना वर्जित रहेगा। ये वाहन सैरपुर, बख्शी का तालाब और इंदौराबाग होकर इंजीनियरिंग कॉलेज की ओर निकलेंगे।
- पुराना शहर में नया पक्कापुल और कुड़ियाघाट से दुबग्गा की ओर जाने वाले वाहन रूमीगेट, कोनेश्वर और बालागंज होकर जाएंगे
- दुबग्गा तिराहा से कोई भी वाहन सीतापुर बाईपास या छंदोइया की ओर नहीं जा सकेगा।

बाहरी जिलों से आने वाले भारी वाहनों के लिए निर्देश

- शहर में जाम न लगे इसके लिए बाहरी जिलों के भारी वाहनों (ट्रक, बस आदि) को शहर के बाहर ही डायवर्ट किया गया है।
- कानपुर/उन्नाव से बस्ती, गोरखपुर और आजमगढ़ जाने वाले वाहन फतेहपुर, लालगंज, बछरांवा और पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे का उपयोग करेंगे।
- सीतापुर से गोंडा और बहराइच जाने वाले वाहन चहलारी घाट होकर निकलेंगे।
- हरदोई से भारी वाहन बघौली, बांगरमऊ और उन्नाव होकर पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे की ओर जाएंगे।
- बाराबंकी/सुल्तानपुर से इन मार्गों के वाहन हैदरगढ़ होकर पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे का रूट अपनाएं

चौधरी चरण सिंह जयंती पर जयवीर सिंह ने दी श्रद्धांजलि

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं किसानों के मसीहा स्व0 चौधरी चरण सिंह की 143वीं जयन्ती पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए नमन किया और इस अवसर पर पश्चिमी उ0प्र0 खासतौर से जनपद बुलन्दशहर के विधानसभा क्षेत्र शिकारपुर के लिए 20.65 करोड़ रूपये से अधिक की 10 परियोजनाओं का लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास से वर्चुअली शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। उन्होंने इस अवसर पर अधिकारियों को निर्देश दिये कि आज शिलान्यास की गयी परियोजनाओं को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूरा करें।

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश की माटी के लाल, किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह जी का जीवन कृषकों, ग्रामीण भारत और सामाजिक न्याय के लिए समर्पित रहा है। उनके आदर्शो पर चलते हुए प्रदेश सरकार ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में समान रूप से विकास को गति दे रही है। उन्होंने कहा कि पश्चिमी उ0प्र0 स्व0 चौधरी चरण सिंह की कर्मभूमि रहा है।

ड्रिप सिंचाई और जैविक उत्पादन की मार्केटिंग पर राज्यपाल ने दिया जोर

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। 23 दिसंबर इंटीग्रल यूनिवर्सिटी के इंटीग्रल इंस्टीट्यूट ऑफ एग्रीकल्चरल साइंस एंड टेक्नोलॉजी (IIAST) और उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद (UPCAR) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कांग्रेस अनलॉकिंग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड रोबोटिक्स ड्रिवन स्मार्ट एग्रीकल्चर फॉर विकसित भारत और इंटीग्रल किसान पुरस्कार समारोह आज समाप्त हो गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने की। अपने संबोधन में उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्रों और प्रगतिशील किसानों को सम्मानित करने के लिए विश्वविद्यालय की सराहना की। उन्होंने कहा कि राज्य भर के किसानों की यह पहचान हाल के वर्षों में कृषि क्षेत्र में आए सकारात्मक बदलावों का प्रतिबिंब है। एक स्वयं किसान होने के नाते, उन्होंने काश्तकारों की चुनौतियों को साझा किया और जैविक तथा तकनीक आधारित टिकाऊ खेती को बढ़ावा देने के प्रयासों की प्रशंसा की। राज्यपाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जल संरक्षण और सिंचाई योजनाओं की मजबूती पर चर्चा करते हुए विशेष रूप से ड्रिप सिंचाई और जैविक उत्पादन की मार्केटिंग पर जोर दिया। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों (SHGs) और किसान उत्पादक संगठनों (FPOs) के माध्यम से बाजार संपर्क मजबूत करने का आह्वान किया ताकि किसानों की आय बढ़ सके। विश्वविद्यालय के संस्थापक और कुलाधिपति प्रोफेसर सैयद वसीम अख्तर ने कहा कि इस कांग्रेस के निष्कर्ष कृषि क्षेत्र में उत्पादकता बढ़ाने और निर्णय लेने की क्षमता में सुधार करने में मील का पत्थर साबित होंगे। कांग्रेस के दौरान एआई-आधारित स्मार्ट फार्मिंग, जलवायु-अनुकूल कृषि और कृषि-आपूर्ति श्रृंखला में रोबोटिक्स के महत्व पर विस्तृत चर्चा की गई। किसान **पुरस्कार:** कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले प्रगतिशील किसानों को इंटीग्रल किसान पुरस्कार से नवाजा गया। दो दिवसीय इस कार्यक्रम में स्मार्ट शहरों के लिए वर्टिकल फार्मिंग और डिजिटल कृषि के लिए विघटनकारी प्रौद्योगिकियों पर विशेषज्ञों ने मंथन किया।

वृंदावन कॉलोनी में सड़क व नाली निर्माण की मांग

लखनऊ (अवधनामा ब्यूरो) वृंदावन आवासीय जनकल्याण महासमिति के अध्यक्ष डॉ। राम बहादुर पाठक ने नगर निगम लखनऊ के अधिकारियों को पत्र देकर वृंदावन कॉलोनी सेक्टर-10C में सड़क और नाली निर्माण कराए जाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि मकान संख्या 10C-493 से 10C-514 तक सड़क बेहद जर्जर हालत में है, जिससे बरसात के मौसम में जलभराव हो जाता है और लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। डॉ। पाठक ने कहा कि नाली न होने के कारण गंदा पानी घरों के सामने जमा हो जाता है, जिससे मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है और बीमारियों का खतरा बना हुआ है। उन्होंने नगर निगम से जल्द से जल्द सड़क मरम्मत व नाली निर्माण कराने की मांग की है।

मुख्यमंत्री ने छात्रों को अनुशासन और परिश्रम का दिया मंत्र

- कॉल्विन कॉलेज की 134वीं खेलकूद प्रतियोगिता में सीएम योगी शामिल
- खेल और शिक्षा से होगा व्यक्तित्व विकास : योगी आदित्यनाथ

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कॉल्विन तालुकदार्स कॉलेज विद्यार्थियों के सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास की दिशा में सराहनीय कार्य कर रहा है। अजन्ता, नालन्दा, सांची, तक्षशिला और उज्जैन जैसे भारत की ऐतिहासिक ज्ञान-परंपरा के प्रतीकों पर आधारित हाउस प्रणाली के माध्यम से संस्थान ने देश की विरासत को जीवंत रखा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज कॉल्विन तालुकदार्स कॉलेज में आयोजित 134वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व उन्होंने मार्च पास्ट की सलामी ली तथा विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत पिरामिड ड्रिल का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि तक्षशिला, नालन्दा और उज्जैन जैसे प्राचीन शिक्षा केंद्र भारत की ज्ञान-परंपरा के स्तंभ रहे हैं। तक्षशिला विश्वविद्यालय में ही संस्कृत व्याकरण के जनक पाणिनि ने जन्म लिया और वहीं से आयुर्वेद, दर्शन और विज्ञान की वैश्विक आधारशिला रखी गई। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने-अपने हाउस से जुड़े ऐतिहासिक संदर्भो को जानने और उनसे प्रेरणा लेने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह वर्ष देश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिसमें गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं शहादत वर्षगांठ, सरदार पटेल और भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती, संविधान के 75 वर्ष तथा 'वंदे मातरम्' की रचना के 150 वर्ष पूरे हो रहे हैं। योगी आदित्यनाथ ने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और खेलों से जुड़ने की सलाह देते हुए कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए नियमित दिनचर्या, समय पर जागना, व्यायाम और सकारात्मक सोच आवश्यक है। उन्होंने सोशल मीडिया के सीमित उपयोग, समाचार पत्र पढ़ने और नई तकनीकों को समझने पर भी बल दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में खेलो इंडिया, फिट इंडिया जैसे अभियानों से देश में खेल संस्कृति को नई पहचान मिली है और उत्तर प्रदेश सरकार भी खिलाड़ियों को हर स्तर पर प्रोत्साहित कर रही है। उन्होंने पुरस्कार प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि असफल विद्यार्थी निराश न हों, बल्कि नए संकल्प के साथ आगे बढ़ें। मार्च पास्ट में विद्यार्थियों का अनुशासन और एकजुटता देशभक्ति की भावना का प्रतीक है। कार्यक्रम को केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन तथा विदेश राज्य मंत्री श्री कीर्तिवर्धन सिंह ने भी संबोधित किया।

दानिश आजाद ने सीएम योगी से की मुलाक़ात

लखनऊ (अवधनामा ब्यूरो) प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात कर अल्पसंख्यक कल्याण और विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने अल्पसंख्यक समुदाय के विकास के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि राज्य सरकार अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए हरसंभव प्रयास सुनिश्चित करे। उन्होंने मंत्री से अल्पसंख्यक समुदाय के विकास के लिए चल रही योजनाओं को और अधिक प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिये। मंत्री दानिश आजाद ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार अल्पसंख्यक समाज के चहुंमुखी विकास के लिए पूरी ईमानदारी से काम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में योगी सरकार ने अल्पसंख्यक समाज के शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, रोजगार, उद्योग के लिए पूरी ईमानदारी से काम किया है और इसके सार्थक परिणाम धरातल पर साफ नजर आ रहे हैं।

ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड का अधिवेशन 28 को

लखनऊ (अवधनामा ब्यूरो) आल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के जनरल सेक्रेटरी शिया मौलाना यासूब अब्बास ने जारी एक बयान में कहा कि ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड का इजलासे आम (वार्षिक अधिवेशन) 28, दिसम्बर इतवार को 11:00 बजे दिन लखनऊ के इतिहासिक हुसैनिया आसिफुद्दौला बड़ा इमामबाड़ा में मुनक्किद होगा जिसमें पूरे देश भर से ओलमा, खोतबा, ज़ाकिरीन, शोअरा, तमाम मातमी अंजुमनों और क़ौमी तंज़ीमों के ज़िम्मेदाराना के साथ बड़ी संख्या में मोमिनीन शिरकत कर रहे हैं। मौलाना यासूब अब्बास ने बताया कि इस इजलास में विशेष रूप से मुल्क के मौजूदा हालात, शिया मुस्लिम समुदाय की आर्थिक, शैक्षिक और सामाजिक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

15 लाख से अधिक अभ्यर्थियों को झटका

यूपी टीईटी परीक्षा हो गई स्थगित

- यूपी टीईटी परीक्षा 23 जनवरी 2022 में हुई थी

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। जनवरी को होने वाली टीईटी परीक्षा को आज उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग ने स्थगित कर दिया नयी तिथि की घोषणा जल्द किये जाने की संभावना है संभावना है नई एजेंसी का चयन शीतकाल के बाद किया जायेगा। टीईटी मई के मध्य में कराने की बात कही जा रही है। परीक्षा के लिए 15 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। उनके लिए यह फैसला निराश करने वाला है। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष पूर्व आईपीएस डॉ। प्रशांत की अध्यक्षता में पहली बैठक हुई। जिसमें कई अहम फैसले लिए गए। परीक्षाओं को साफ-सुथरे और पारदर्शी तरीके से कराने पर चर्चा हुई। यूपी टीईटी परीक्षा पिछली बार 23 जनवरी 2022 को आयोजित हुई थी। उसके बाद से अभ्यर्थी दोबारा आयोजन का इंतजार ही कर रहे हैं। तकरीबन चार साल बाद यह परीक्षा होने जा रही थी। लेकिन अब इसका टलना तय ही माना जा रहा है। हालांकि आयोग ने अभी परीक्षा टलने या कराने को लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ भी नहीं कहा है। आयोग के सदस्यों ने कहा कि अन्य भर्ती संस्थाओं की कार्यप्रणाली का अध्ययन करके और उनके साथ समन्वयक बनाकर केंद्रों के चयन का प्रारूप तैयार कर आयोग के सामने प्रस्तुत किया जाए। सदस्यों ने परीक्षा कराने वाली एजेंसी के चयन की प्रक्रिया भी जल्द पूरी करने के निर्देश दिए। शीतावकाश के बाद इन बिंदुओं पर किसी नतीजे पर पहुंचने की बात कही गई। अध्यक्ष पूर्व आईपीएस प्रशांत ने तय तारीख पर परीक्षाएं सुनिश्चित करने, शुचिता एवं पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए। इसके लिए हर आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। बैठक में अन्य न्यायालय के आदेशों के पालन एवं अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा हुई।

विज्ञापन संख्या 51 के तहत असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती के साक्षात्कार का कार्यक्रम बाद में जारी किया जाएगा। अभ्यर्थियों ने कई विषयों के प्रश्नों पर आपत्तियां दर्ज कराई हैं। कई अन्य तरह की भी आपत्तियां दर्ज कराई गई हैं। अभ्यर्थियों का एक वर्ग असिस्टेंट भर्ती परीक्षा में धांधली का आरोप लगाते हुए इसे निरस्त करने की मांग कर रहा है। बैठक के दौरान भी प्रतियोगियों ने आयोग पर प्रदर्शन किया एवं ज्ञापन सौंपा।

अनियंत्रित बाइक खड़े ट्रैक्टर में घुसी इलेक्ट्रीशियन की हालत नाजुक

लखनऊ। राजधानी के कानपुर-हरदोई रिंग रोड पर मंगलवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। पुराने पारा थाने के समीप सड़क किनारे खड़े एक ट्रैक्टर में पीछे से तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर जा घुसी। इस टक्कर में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से लहूलुहान हो गया।

घायल की पहचान अशोक विहार निवासी 30 वर्षीय अमित विश्वकर्मा के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, अमित लोकबंधु अस्पताल में इलेक्ट्रीशियन के पद पर तैनात हैं और वह अपनी ड्यूटी खत्म कर बाइक से घर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान पुराने पारा थाने के पास उनकी बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वह सीधे खड़े ट्रैक्टर से टकरा गई।

हादसे के वक्त मौके पर मौजूद पत्रकार चंद्रभान सिंह यादव और शिवनंदन सिंह ने तत्परता दिखाते हुए घायल अमित को तत्काल लोकबंधु अस्पताल पहुँचाया। चिकित्सकों के अनुसार, अमित के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं, जिसके कारण उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुँची पुलिस टीम ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

जिला जज सौरभ द्विवेदी की सुरक्षा बढ़ाई जाए : शाहनवाज़

- योगी आदित्यनाथ खुद मॉब लिंचिंग करने वाले के प्रेरणास्रोत : राष्ट्रीय सचिव

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव शाहनवाज आलम ने गौतमबुद्ध जिला अदालत के अख्लाक हत्याकाण्ड के आरोपियों के खिलाफ मुकदमा वापस लेने की अर्जी को खारिज किये जाने का स्वागत किया है। उन्होंने फैसला सुनाने वाले जज सौरभ द्विवेदी की सुरक्षा बढ़ाने की भी मांग की। श्री आलम ने कहा कि योगी आदित्यनाथ खुद मॉब लिंचिंग करने वाले आतंकियों के प्रेरणास्रोत हैं। इसीलिए उन्होंने अपने लोगों पर से अख्लाक की हत्या का मुकदमा हटाने का प्रयास किया था, लेकिन जिला अदालत सरकार के दबाव में नहीं आई। श्री आलम ने कहा कि सरकार ने जिस तरह के तर्क दिये थे वह एक तरह से अल्पसंख्क समाज को धमकी थी कि अगर मुकदमा खत्म नहीं किया तो इससे वो साम्प्रदायिक सद्भाव बिगाड़ देगी। श्री आलम ने कहा कि जस्टिस लोया का उदाहरण देखते हुए सरकार के खिलाफ फैसला देने वाले सूरजपुर कोर्ट के अतिरिक्त जिला जज सौरभ द्विवेदी की सुरक्षा बढ़ाई जाना चाहिए। साथ ही जमानत पर चल रहे सभी अभियुक्तों को दोबारा जेल भेजा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस फैसले ने उच्चतम न्यायालय के 2018 में भीड़ हिंसा की रोकथाम के लिए जारी गाइडलाइन के लिए अब तक लागू न करने को भी उजागर कर दिया है। गाइडलाइन में हर जिले में एसपी या ऊपर के अधिकारी को भीड़ हिंसा और हेट स्पीच रोकने को तैनात करने, भीड़ हिंसा के संभावित स्थानों को चिन्हित कर वहां पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने का निर्देश दिया था। लेकिन योगी सरकार ने न तो किसी जिले में अधिकारी तैनात किये न ही ऐसे इलाकों को चिन्हित किया, क्योंकि वहां बजरंग दल और कथित गौरक्षक गैंग अधिक सक्रिय हैं, जो लूटपाट और हत्याएं करते हैं।

नशामुक्ति जागरुकता अभियान को प्रभावी बनाया जाए : गोयल

- जहां हॉटस्पॉट बनाने की आशंका हो वहां विशेष निगरानी की जाए

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। मुख्य सचिव एस.पी. गोयल ने सभी जनपदों में हर महीने कम से कम एक बार मादक पदार्थो की तस्करी, सेवन और विक्रय पर अंकुश लगाने और नशामुक्ति जागरुकता अभियान को प्रभावी बनाने के लिए बैठक करने के निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि जिन जनपदों में कम बैठकें हुई हैं उन्हें इस संबंध में कड़े निर्देश जारी किये जाएं। मुख्य सचिव ने अवैध मादक पदार्थो का सेवन और क्रय-विक्रय करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित के निर्देश दिये। श्री गोयल मंगलवार को नार्को कोआर्डिनेशन सेंटर एनकॉर्ड की राज्य स्तरीय समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। श्री गोयल ने कहा कि प्रदेश के स्कूलों, कॉलेजों, हॉस्टलों और अन्य संवेदनशील क्षेत्रों के आस-पास चिन्हित हॉटस्पॉट पर प्राथमिकता के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। जहां हॉटस्पॉट बनाने की आशंका हो वहां विशेष निगरानी की जाए और नियमित रूप से नशा मुक्ति जागरुकता अभियान चलाया जाए। बैठक में उन्होंने कोडीनयुक्त कफ सीरप की सप्लाई और बिक्री पर लगातार निगरानी की जाए और फर्जी फर्मो, अवैध भण्डारण या बिक्री मिलने पर उचित वैधानिक कार्रवाई की जाए। बैठक में पुलिस महानिरीक्षक एएनटीएफ अब्दुल हमीद ने बताया कि 2025 में अब तक एनकॉर्ड के तहत कुल 774 जिला स्तरीय गोष्ठियां आयोजित की जा चुकी हैं। मादक पदार्थो के सेवन के खिलाफ साइकिल रैली, नुक्कड़ नाटक, योग और स्कूली बच्चों के साथ पैदल मार्च का आयोजन किया गया। पैम्फलेट और बैज वितरण के साथ ही शपथ दिलाई गयी और लघु फिल्मों का प्रदर्शन करने के साथ धर्माचार्यो के जरिए प्रचार-प्रसार के अलावा सिनेमाघरों, ट्रैफिक कंट्रोल रूम और रेडियो चैनलों के जरिए भी जागरुकता अभियान चलाया गया।

लखनऊ में बढ़ रहा ऑनलाइन खरीद और डिजिटल क्रेडिट

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। लखनऊ में अब नौजवान खरीददारी और कर्ज लेने में ऑनलाइन माध्यमों का अधिक उपयोग करते हैं। शहर के युवा मोबाइल बैंकिग का उपयोग अपने वित्तीय कार्यो के लिए अधिक से अधिक कर रहे हैं। हाल ही में कनज्यूमर फाइनेंस कंपनी होम क्रेडिट इंडिया की ओर से उपभोक्ता व्यवहार पर की जाने वाली स्टडी हाउ इंडिया बारोज के 7 वें संस्करण में खुलासा हुआ है कि लखनऊ के 64 प्रतिशत ऋण लेने वाले ऑनलाइन शॉपिंग करते हैं और मोबाइल बैंकिंग का उपयोग करते हैं। यह लखनऊ के लोगों के तेजी से डिजिटल अपनाने को दर्शाता है। स्टडी में सामने आया है कि 55 प्रतिशत लोग ऑनलाइन ऋण चैनलों को पसंद करते हैं, जो डिजिटल ऋण के साथ बढ़ती सहजता का संकेत है वहीं 54 प्रतिशत लोग ऋण लेने से पहले ईएमआई की सामर्थ्य की जाँच करते हैं, जो समझदार वित्तीय व्यवहार को दर्शाता है। स्टडी के नतीजों के मुताबिक 37 प्रतिशत ऋण लेने वाले ऋणदाता की प्रतिष्ठा को महत्व देते हैं, जो शहर की विश्वास-आधारित क्रेडिट मानसिकता को दर्शाता है। साथ ही 51 प्रतिशत लोग ऑनलाइन ऋणदाताओं के माध्यम से तेज, तनाव-मुक्त ऋण प्रक्रियाओं को प्राथमिकता देते हैं। लखनऊ में ऋण लेने वालों का युवा आधार शहर के डिजिटल-फर्स्ट वित्तीय आदतों की ओर रुझान को इंगित करता है। लखनऊ में, हाउ इंडिया बॉरोज़ 7.0 एक युवा और डिजिटल रूप से जानकार ऋण लेने वाले समूह की तस्वीर पेश करती है जो महत्वाकांक्षा को वित्तीय विवेक के साथ संतुलित करता है।

डॉ. सोनेलाल की हत्या की सीबीआई जांच हो: पल्लवी

- प्रदेश की कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर भी राज्यपाल से की चर्चा

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। सिराथू विधान सभा क्षेत्र से विधायक और अपना दल कमेरावादी की नेता विधायक पल्लवी पटेल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मुलाकात की है। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपकर अपना दल के संस्थापक डॉ. सोनेलाल पटेल की कथित हत्या की सीबीआई जांच कराए जाने की मांग की है। इसके साथ ही प्रदेश की कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर भी राज्यपाल से चर्चा की है। डॉ. सोनेलाल पटेल का निधन 17 अक्टूबर 2009 को एक हादसे में हो गया था, लेकिन अपना दल कमेरावादी का आरोप है कि उनकी हत्या एक साजिश के तहत की गई है। इस मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग पार्टी लंबे समय से उठाती रही है। लेकिन अबतक निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच नहीं कराई गई। जिससे उनके समर्थकों और परिवार में गहरा असंतोष है। इसी को लेकर पल्लवी पटेल के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से मुलाकात की है। मुलाकात के दौरान इस मामले में सीबीआई जांच कराने की मांग एक बार फिर की है। प्रतिनिधिमंडल में सिराथू विधायक डॉ. पल्लवी पटेल के अलावा अपना दल कमेरावादी के राष्ट्रीय महासचिव मो. हाफिज मोबिन, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य इंजीनियर पारुल पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद कसेरा और प्रदेश महासचिव गगन प्रकाश यादव शामिल रहे। वहीं बीते दिनों सिराथू विधायक पल्लवी पटेल ने कहा था कि वो डॉ. सोनेलाल पटेल के निधन के बाद से लगातार सरकारों के सामने सीबीआई जांच की मांग रखी जाती रही है, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब सरकार डॉ. सोनेलाल पटेल के नाम पर जयंती मनाती है और उनकी राजनीतिक विरासत की बात करती है, तो उनकी मौत की सीबीआई जांच से पीछे क्यों हट रही है।